सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-18 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 05 जुलाई 2025
09 मोहर्रम 1447 हिजरी


हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# विवादित ढांचा घोषित करने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

■ मथुरा के कटरा केशव देव क्षेत्र की 13.37 एकड़ जमीन पर विवाद

**श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद पर बड़ा फैसला**



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में 4 जुलाई 2025 को महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित करने से इंकार कर दिया है।

दरअसल, मथुरा के कटरा केशव देव क्षेत्र की 13.37 एकड़ जमीन है, जिसमें मंदिर और मस्जिद दोनों शामिल हैं, यही विवाद का केंद्र है। 13.37 एकड़ जमीन में 11 एकड़ जमीन पर श्रीकृष्ण जन्मभूमि है, जबकि बाकी बची जमीन पर ईदगाह होने का दावा किया जा रहा है। हिन्दू पक्ष पूरी जमीन को श्रीकृष्ण जन्मभूमि का होने का दावा करता है, जबकि मुस्लिम पक्ष इससे इंकार करता रहा है।

हिंदू पक्ष का दावा है कि सन 1670 में मुगल शासक औरंगजेब ने श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर बने मंदिर को तोड़कर मस्जिद बनवाई थी, जबकि मुस्लिम पक्ष इस दावे को खारिज करता रहा है। हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा हम इसे विवादित ढांचा नहीं घोषित कर सकते। न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की अदालत ने वादी महेंद्र प्रताप सिंह की ओर से दाखिल अर्जी खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने कहा कि मौजूद तथ्यों और याचिका के आधार पर ईदगाह को फिलहाल विवादित ढांचा घोषित नहीं किया जा सकता। हिंदू पक्ष की तरफ से महेंद्र प्रताप सिंह ने हाईकोर्ट में 5 मार्च 2025 को मथुरा स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को विवादित ढांचा घोषित किए जाने की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। इस पर 23 मई को हाईकोर्ट में बहस पूरी हो गई थी।

# सीएम योगी ने किया आम महोत्सव 2025 का शुभारंभ

■ आम की 800 प्रजातियों को देखने और चखने का मिलेगा मौका



**लखनऊ।** अवध शिल्प ग्राम में तीन दिवसीय आम महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महोत्सव का शुभारंभ किया। इस महोत्सव में आम की 800 प्रजातियों को देखने और चखने का अवसर लोगों को मिलेगा। इस मौके पर सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर आम के कंटेनर लंदन और दुबई के लिए रवाना किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विजन के अनुरूप हमारा किसान आज कृषि की उन्नत तकनीकों को अपना कर लाभ कमा रहा है। आम महोत्सव सिर्फ महोत्सव नहीं है। यह तकनीक के विकास का माध्यम बन रहा है। डबल इंजन की सरकार ने चार पैक हाउस बनाए हैं। इससे निर्यात बढ़ रहा है। औद्यानिक फसलों से जुड़े बागवान को एक्सपोर्ट के लिए प्रशिक्षित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश का आम विदेश भेजा जा रहा है। भविष्य में इसकी संख्या बढ़ाई जाएगी। उत्तर प्रदेश में 25 से 30 फीसदी जीडीपी कृषि की है। इसे बढ़ा रहे हैं। विकसित भारत की संकल्पना आगे बढ़ रही है। बुंदेलखंड में जल परियोजनाएं आईं। जल की समस्या का समाधान हुआ है। वहां पैदावार बढ़ी है। बहुफसली खेती हो रही है। आलू के बाद मक्का की खेती हो रही है। एक एकड़ मक्का में एक लाख का मुनाफा हो रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित कर रहे हैं। सभी मिलकर खेती और अन्नदाता को आगे बढ़ा रहे हैं। मेडिसिन प्लांट भी लग रहे हैं। इससे आर्थिक समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि हमें ग्लोबल वार्मिंग की चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहना होगा।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि हमें आम प्रसंस्करण की यूनिट बढ़ाने की जरूरत है जिससे कि पूरे साल प्रदेश के लोगों को आम मिल सके।आज प्रदेश में 61 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन हो रहा है। प्रदेश के सभी जिलों की जलवायु के अनुसार वहां आम की पौध उपलब्ध कराई जा रही है जिससे हर जिले में उत्पादक बनें। इसके लिए 28 करोड़ पौधे नर्सरी से बंटवाए गए हैं। प्रदेश में कृषि और उद्यान के लिए क्षेत्रफल घट रहा है इसलिए उद्यान विभाग की कोशिश है कि ऐसी फसल उपजाई जाए, जिसमें कम क्षेत्रफल में अधिक मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि जितने क्षेत्रफल में गेहूं 38000 का होता है उतने क्षेत्रफल में 15 लाख की शिमला मिर्च तैयार होती है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि किसानों के उत्पादों को दुनिया के बाजार में कम लागत में पहुंचाने के लिए जेवर एयरपोर्ट तैयार किया जा रहा है। जेवर एयरपोर्ट के पास इंटीग्रेडेट टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट पार्क का भी निर्माण किया जा रहा है, जिसके माध्यम से दुनिया के बाजार के अनुरूप प्रदेश के किसानों के उत्पादों को तैयार किया जाएगा।

# मराठी पर गर्व करना गलत नहीं लेकिन गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं

■ भाषा विवाद खड़ा किया तो कड़ी कानूनी कार्रवाई करेंगे : फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में मराठी भाषा पर गर्व करना गलत नहीं है। लेकिन अगर कोई भाषा के नाम पर गुंडागर्दी करता है, तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर किसी के साथ भाषा के आधार पर कोई मारपीट करता है, तो इसे भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

फडणवीस की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब राज्य में मराठी भाषा न बोलने को लेकर विवाद बढ़ रहा है। यह विवाद उस समय और बढ़ गया, जब महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर एक गुजराती व्यक्ति को मराठी न बोलने को लेकर पीट दिया और घटना का वीडियो वायरल हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा, पुलिस ने इस घटना पर प्राथमिकी दर्ज की है और कार्रवाई भी की है। अगर भविष्य में कोई इस तरह का भाषा विवाद खड़ा करता है, तो उस पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हमें अपनी मराठी भाषा पर गर्व है, लेकिन भारत की किसी भी भाषा के साथ इस तरह का अन्याय नहीं किया जा सकता, यह बात हमें ध्यान में रखनी होगी।

फडणवीस ने आगे कहा, कभी-कभी मुझे आश्चर्य होता है कि ये लोग अंग्रेजी को तो गले लगाते हैं, लेकिन हिंदी को लेकर विवाद खड़ा करते हैं। यह किस तरह की सोच है और यह किस तरह का व्यवहार है? इसलिए जो लोग कानून अपने हाथ में लेते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

फडणवीस ने आगे कहा, मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जिस समय छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का अनावरण हो रहा था, उस समय शरद पवार ने जय महाराष्ट्र-जय कर्नाटक कहा था। इसका मतलब यह होता है कि शरद पवार को कर्नाटक ज्यादा प्यारा है और महाराष्ट्र प्यारा नहीं है? हम लोग जहां जाते हैं, वहां के लोगों को जो अच्छा लगता है, हम बात करते हैं, सभी नेता करते हैं। अब गुजराती समाज में जाने के बाद जय महाराष्ट्र-जय गुजरात कहा गया, तो मुझे लगता है कि इसमें इतना बवाल करने की जरूरत नहीं है।

**मराठी बोलने के लिए नहीं कर सकते जबरदस्ती**

फडणवीस ने कहा कि अगर कोई मराठी व्यक्ति असम जाकर कारोबार करता है और उसे असम की भाषा नहीं आती, तो क्या उसकी पिटाई होनी चाहिए? उन्होंने कहा, अगर मराठी को लेकर अभिमान है, तो मराठी सिखाओ, क्लास शुरू करो। मराठी पर अभिमान है तो लोगों को मराठी बोलने के लिए प्रेरित करो। मराठी पर अभिमान है तो अपने बच्चों को मराठी पढ़ाओ, उन्हें ऐसे स्थानों पर क्यों पढाते हैं, जहां मराठी तीसरी भाषा है? हम लोगों से मराठी बोलने की अपील कर सकते हैं, लेकिन जबरदस्ती नहीं कर सकते। मुझे मराठी बोलना है तो बोलूंगा लेकिन अगर नहीं आती, तो क्या मारपीट करना ठीक है।

# त्रिनिदाद व टोबैगो में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भोजपुरी में संबोधन

■ बोले- आपके पूर्वज बिहार से यहां आकर बसे, सरयू का जल लेकर गए



**नई दिल्ली।** 180 वर्षों से सात समुंदर पार कैरिबियन समुद्र में स्थित द्वीप खंड त्रिनिदाद व टोबैगो में रहने वाले भारतवंशियों के समक्ष एक तरफ पीएम नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारतीय इकोनमी की बढ़ती ताकत के बारे में विस्तार से बताया तो दूसरी तरफ भारत के साथ उनके सांस्कृतिक व धार्मिक संबंधों को लेकर अपनी संवेदनशीलता को प्रकट किया।

सदियों बीत जाने के बावजूद जिस तरह इस द्वीप में रहने वाले भारतवंशी भगवान राम और रामचरितमानस से जुड़े हुए हैं उस बारे में पीएम मोदी ने कहा कि, एक सौ अस्सी साल बीतल हो, मन न भुलल हो, भजन राम के, हर दिल में गूंजल हो। पीएम मोदी अपने साथ सरयू नदी का जल, राम मंदिर की कलाकृति ले कर गये हैं, जिसे पीएम विसेसर को भेंट किया और कहा कि, सरयू जी और पवित्र संगम का ये जल, आस्था का अमृत है। ये वो प्रवाहमान धारा है, जो हमारे मूल्यों को..हमारे संस्कारों को हमेशा जीवंत रखती है।

पांच देशों की यात्रा पर निकले पीएम मोदी गुरुवार को देर रात पीयारको अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (पोर्ट ऑफ स्पेन) पहुंचे। 42 फीसद भारतवंशियों की आबादी वाले इस देश में यह वर्ष 1999 के बाद किसी भारतीय पीएम की यात्रा है। वहां पहुंचने के कुछ ही देर बाद मोदी ने एक सार्वजनिक समारोह में भारतवंशियों को संबोधित किया।

**अयोध्या व राम मंदिर का किया जिक्र**

पीएम मोदी ने यहां के लोगों को अयोध्या व नवनिर्मित राम मंदिर के बारे में यह कह कर संदेश दिया कि राम धामदा पुरी सुहावनि। लोक समस्त बिदित अति पावनि।। मोदी ने कहा कि भारत की प्रगति की कोई सीमा नहीं है। जल्द ही दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

### नीट-यूजी 2025 के नतीजों को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को एक प्रश्न में कथित त्रुटि के कारण नीट-यूजी 2025 के परिणाम को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि उसने दो दिन पहले इसी तरह की एक अन्य याचिका खारिज कर दी थी और वह व्यक्तिगत परीक्षाओं पर विचार नहीं कर सकती।

पीठ ने कहा, ''हमने समान मामलों को खारिज कर दिया है। हम सहमत हैं कि कई सही उत्तर हो सकते हैं। लेकिन हम उस परीक्षा में हस्तक्षेप नहीं कर सकते जिसमें लाखों अभ्यर्थी बैठते हैं। यह एक व्यक्ति का मामला नहीं है। हजारों छात्र प्रभावित होंगे।'' अदालत एक अभ्यर्थी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें कथित गलती को सुधारने और परिणामों में संशोधन का आग्रह किया गया था।

# कॉलेजियम प्रणाली में रखेंगे पूर्ण पारदर्शिता : सीजेआई गवई

■ योग्यता से समझौता नहीं किया जाएगा और सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा



**मुंबई।** सीजेआई जस्टिस बीआर गवई ने जजों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता लाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि योग्यता से कभी समझौता नहीं किया जाएगा और समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलेगा। सीजेआई गवई उनकी पदोन्नति के सम्मान में बॉम्बे बार एसोसिएशन के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सीजेआई गवई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता ने पिछले सप्ताह नागपुर में एक कार्यक्रम में कॉलेजियम के कामकाज में हस्तक्षेप के बारे में बात की थी। मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि हम पूरी पारदर्शिता की प्रक्रिया अपनाएंगे। योग्यता से कभी समझौता नहीं किया जाएगा। हमारे पास समाज के सभी वर्गों के प्रतिनिधि होंगे। सभी अनुशंसित नामों का अनुसरण किया जाएगा।

उन्होंने आगे कहा कि जब 2019 में सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नति के लिए उनके नाम की सिफारिश की गई थी, तो कॉलेजियम के एक जज इसके पक्ष में नहीं थे। पिछले छह वर्षों से जब मेरा नाम सुप्रीम कोर्ट के लिए चर्चा में था, तब मैंने इसे गुप्त रखा था, कॉलेजियम के एक जज को कुछ आपत्ति थी।

# दिल्ली में आयोजित हुआ यूपीआईटीएस 2025 रोड शो


■ निर्यात-आधारित व्यापार को वैश्विक मंच देने की दिशा में अहम कदम

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 के तीसरे संस्करण के लिए एक भव्य रोड शो का आयोजन किया। यह आयोजन इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड के सहयोग से हुआ और इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वैश्विक व्यापार मानचित्र पर एक सशक्त पहचान दिलाना है।

यह रोड शो 27 जून को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा आयोजित कर्टन रेजर कार्यक्रम के बाद आयोजित हुआ। आगामी यूपीआईटीएस 2025 का आयोजन 25 से 29 सितंबर 2025 तक इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट, ग्रेटर नोएडा में किया जाएगा। अल्टीमेट सोर्सिंग बिगन्स हेयर की थीम पर आधारित यह शो प्रदेश के प्रमुख क्षेत्रों जैसे एमएसएमई, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, हथकरघा और वस्त्र, ओडीओपी, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, ऑटोमोबाइल, ईवी, नवीकरणीय ऊर्जा और पारंपरिक हस्तशिल्प को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। दिल्ली रोड शो की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने की, जो एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्र विभाग के प्रभारी हैं।

# हिमाचल में मौसम से 5,000 करोड़ का नुकसान

■ बादल फटने से अब तक 43 लोगों की मौत, 37 लापता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले महीने मानसून की शुरुआत के बाद से बादल फटने, अचानक बाढ़ आने, भूस्खलन के कारण 43 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग लापता बताये जा रहे हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मानसून ने 20 जून को राज्य में दस्तक दी थी और तब से अब तक मौसम की मार से 5,000 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है।

अधिकारियों ने बताया कि 43 में से 14 लोगों की मौत बादल फटने, आठ लोगों की मौत अचानक बाढ़ में बह जाने और एक व्यक्ति की मौत भूस्खलन में हुई जबकि सात लोग डूब गए। उन्होंने बताया कि सबसे अधिक मौतें, मंडी (17) जिले में हुई, जहां मंगलवार को बादल फटने, अचानक बाढ़ आने और भूस्खलन की दस घटनाओं ने कहर बरपाया। अधिकारियों ने बताया कि अकेले मंडी जिले से लापता 31 लोगों की तलाश अब भी जारी है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के जवानों ने शुक्रवार को भारी बारिश के बाद भारद, देजी, पयाला और रुकचुई गांवों में फंसे 65 लोगों को बचाया। भारी बारिश के बाद भूस्खलन से सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई और नदियां उफान पर हैं, जिससे कई गांवों का संपर्क टूट गया तथा लोगों के घरों व खेतों में मलबा जमा हो गया।


अधिकारियों ने बताया कि 150 से अधिक घर, 106 मवेशी शेड, 31 वाहन, 14 पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जबकि विभिन्न घटनाओं में 164 मवेशियों की मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि सुरक्षित बाहर निकाले गए 402 लोगों के लिए पांच राहत शिविर बनाए गए हैं, जिनमें से 348 लोग अकेले मंडी जिले से हैं।

इस बीच, राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) ने बताया कि मंडी में 156, सिरमौर में 49 और कुल्लू जिलों में 36 सहित 280 सड़कें वाहनों के आवागमन के लिए बंद कर दी गई हैं। राज्य में कुल 332 ट्रांसफार्मर और 784 जलापूर्ति योजनाएं बाधित हैं। मौसम विभाग ने 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है, जिसमें राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है।

**विवाद** कहा- भारत आस्था से संबंधित मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाता

# दलाई लामा पर रिजिजू के बयान से सरकार की दूरी

■ सरकार ने हमेशा भारत में धर्म की स्वतंत्रता को बरकरार रखा



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा के उत्तराधिकारी को लेकर दिए गए हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि सरकार धर्म और आस्था से जुड़े मामलों पर कोई रुख नहीं अपनाती है। वहीं सरकार ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की तरफ से दिए गए बयानों से भी खुद को अलग कर लिया है। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने परम पूज्य दलाई लामा द्वारा दिए गए बयान की खबरें देखी हैं। भारत सरकार आस्था और धार्मिक परंपराओं से जुड़े मामलों पर कोई टिप्पणी नहीं करती और न ही कोई स्थिति अपनाती है। सरकार ने हमेशा भारत में धर्म की स्वतंत्रता को बरकरार रखा है और ऐसा करना जारी रखेगी।

शुक्रवार को जारी बयान में दलाई लामा ने दो टूक कहा, मैं यह दोहराना चाहता हूं कि केवल गदेन फोडरंग ट्रस्ट को मेरे भविष्य के पुनर्जन्म को मान्यता देने का अधिकार है। किसी अन्य को इसमें हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

दलाई लामा के बयान पर चीन ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा, दलाई लामा, पंचेन लामा और अन्य बड़े बौद्ध गुरुओं का पुनर्जन्म स्वर्ण कलश की प्रणाली से होना चाहिए और इसके लिए केंद्रीय सरकार की मंजूरी जरूरी है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चीन धार्मिक स्वतंत्रता की नीति अपनाता है, लेकिन धार्मिक मामलों और तिब्बती लिविंग बुद्धा के पुनर्जन्म को लेकर नियम और प्रबंधन की विधियां भी लागू हैं।

यह बयान ऐसे समय आया है जब दलाई लामा ने अपने 90वें जन्मदिवस से पहले यह घोषणा की कि उनके भविष्य के पुनर्जन्म को मान्यता देने का अधिकार केवल गदेन फोडरंग ट्रस्ट को है। दलाई लामा ने बुधवार को एक बयान में कहा था, मैं पुनः स्पष्ट करता हूं कि गदेन फोडरंग ट्रस्ट को ही मेरे भविष्य के पुनर्जन्म की मान्यता देने का विशेषाधिकार है। किसी और को इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है।

किरेन रिजिजू ने कहा, दलाई लामा मुद्दे पर किसी तरह के भ्रम की कोई जरूरत नहीं है। दुनिया भर में बौद्ध धर्म में आस्था रखने वाले और दलाई लामा को मानने वाले सभी लोग चाहते हैं कि दलाई लामा ही (अपने उत्तराधिकार पर) फैसला करें। मुझे या सरकार को कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है। अगला दलाई लामा कौन होगा, यह वही तय करेंगे। इस मुद्दे पर चीन के बयान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं चीन के बयान पर प्रतिक्रिया नहीं देना चाहता। मैं एक भक्त के रूप में बोल रहा हूं। दलाई लामा का 90वां जन्मदिन (छह जुलाई) जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, गहरे लाल और भगवा वस्त्र पहने भिक्षु मैक्लॉडगंज में मुख्य दलाई लामा मंदिर की ओर बढ़ रहे हैं।

**किरेन रिजिजू ने क्या दिया था बयान**

वहीं केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने दोहराया कि दलाई लामा के भक्त और अनुयायी चाहते हैं तिब्बती नेता खुद उत्तराधिकारी पर फैसला करें। हालांकि रिजिजू ने स्पष्ट किया कि वह भारत सरकार की ओर से यह टिप्पणी नहीं कर रहे हैं और न ही वह चीन द्वारा दिए गए उस बयान पर टिप्पणी कर रहे हैं, जिसमें दलाई लामा की उत्तराधिकार योजना को खारिज किया गया है।

# भारत ने पाकिस्तान सहित तीन देशों को हराया उप सेना प्रमुख राहुल आर सिंह का खुलासा



■ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को चीन पूरी मदद कर रहा था

**नई दिल्ली।** एक कार्यक्रम में भारतीय सेना के डिप्टी चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आई चुनौतियों का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में भारत को न केवल पाकिस्तान, बल्कि चीन और तुर्की के हस्तक्षेप का भी सामना करना पड़ा। इसने भारत को अपनी हवाई रक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को चीन पूरी मदद कर रहा था। पाकिस्तान को रियल-टाइम खुफिया जानकारी लगातार प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच डीजीएमओ स्तर की वार्ता हो रही थी, तब पाकिस्तान को हमारी सैन्य गतिविधियों की तुरंत जानकारी मिल रही थी, जिसका स्रोत चीन था। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि पाकिस्तान के पास मौजूद सैन्य उपकरण चीनी मूल के हैं, और इस ऑपरेशन ने चीन को अपने हथियारों के परीक्षण के लिए एक लाइव टेस्टिंग ग्राउंड प्रदान किया। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने बताया कि तुर्की ने भी इस ऑपरेशन में पाकिस्तान का साथ दिया। उन्होंने कहा, तुर्की ने बायक्तर जैसे उन्नत ड्रोन्स और प्रशिक्षित कर्मियों को युद्ध के दौरान उपलब्ध कराया।

**पाकिस्तान को मांगना पड़ा सीजफायर**

लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने खुलासा किया कि ऑपरेशन सिंदूर में सेना की कार्रवाई ने पाकिस्तान को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा, हम एक और हमला करने की तैयारी में थे। पाकिस्तान को अहसास हो गया कि अगर हमला हुआ, तो उनकी स्थिति और बिगड़ जाएगी, इसलिए उन्होंने सीजफायर की मांग की।

# डीएम-सीडीओ-डीएफओ ने बांटे पौधे, डीएम बोली, हर बच्चा बने पर्यावरण का प्रहरी

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** वृक्षारोपण जन आंदोलन 2025 के तहत मनाए जा रहे वन महोत्सव सप्ताह (01 से 07 जुलाई) के अंतर्गत शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम थीम पर राजकीय इंटर कॉलेज में भव्य वृक्ष भंडारा कार्यक्रम हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम ने न केवल हरियाली का संदेश दिया, बल्कि पर्यावरण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव भी पैदा किया डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार व डीएफओ संजय विश्वाल ने बच्चों कोछायादार, फलदार, औषधि पौध वृक्ष भन्डारा के प्रसाद के रूप मे भेट की उन्हें पर्यावरण रक्षक बनने का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में अधिकारियों व बच्चों ने सामूहिक रूप से पौधारोपण कर धरती मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में जीआईसी व जीजीआईसी के छात्र-छात्राओं सहित स्काउट-गाइड कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता



की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत आगामी 9 जुलाई को जनपद में आबादी से दोगुनी संख्या में पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने आमजन से इस महाअभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। कहा कि अगर हर बच्चा एक पौधा लगाए और उसे ऐसे सहेजे जैसे कोई सपना, तो यही उसके राष्ट्र के प्रति सबसे बड़ा योगदान होगा। पौधा सिर्फ हरियाली नहीं, एक उम्मीद है, एक सांस है, जो हमारे और देश के भविष्य को सुरक्षित रखती है। बच्चों को पेड़ को अपना साथी बनाना चाहिए। जब यह सोच समाज में विकसित होगी, तभी पर्यावरण रक्षा एक जन आंदोलन का रूप ले सकेगी सीडीओ अभिषेक कुमार ने वृक्ष भंडारा कार्यक्रम में बच्चों से कहा कि जन्मदिन पर केक काटने के साथ एक पौधा जरूर लगाएं, यही सच्चा उत्सव है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान हर दिन एक पौधा लगाकर प्रेरणा दे रहे हैं। सीडीओ ने छात्रों से अपील की कि वे भी हर खास दिन को हरियाली से जोड़कर पर्यावरण रक्षा में योगदान दें। डीएफओ संजय विश्वाल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए सभी से कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाने की अपील की डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वन महोत्सव सप्ताह के तहत जीआईसी में आयोजित वृक्ष भंडारा कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे कपड़े या जूट के थैले का उपयोग करेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही, शहर को स्वच्छ रखने और पर्यावरण को बचाने में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी वादा किया कार्यक्रम में डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, एसडीओ लखीमपुर अभय प्रताप सिंह, जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) एवं शिक्षक जीआईसी विष्णु दत्त भार्गव, जीआईसी, जीके 200से अधिक छात्र -छात्राओं तथा समस्त स्टाफ एवं वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शादी का झांसा देकर युवक ने किया युवती का शोषण

**लखीमपुर-खीरी,संवाददाता।** फेसबुक मैसेंजर से हुई बातचीत प्यार में बदल गई। युवक तीन बच्चों की मां को शादी का झांसा देकर आरोपी अपने घर ले गया। उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। अब अपने परिवार वालों के दबाव में आकर आरोपी ने शादी करने से इंकार कर दिया और उसे घर से भगा दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है थाना निघासन क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। फेसबुक मैसेंजर थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव सिंगहा के रहने वाले जावेद नाम के युवक से उसकी बातचीत होने लगी। जावेद ने उसे शादी करने का भरोसा दिलाया। जिस पर वह अपने तीन बच्चों को छोड़कर 29 जून को उसके घर चली गई। इस बीच आरोपी ने उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बुधवार को उसने जब शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने अपने परिवार वालों के दबाव में आकर शादी करने से इंकार कर दिया और उसे घर से भगा दिया।

# स्कूल चलो अभियान के तहत जिलेभर में नव-प्रवेशित बच्चों का हुआ जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी ।जनपद में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान एक प्रेरणादायक उत्सव बनकर सामने आया। रमुआपुर सत्ती के प्राथमिक विद्यालय में यह अभियान बच्चों की मुस्कुराहट, पौधों की हरियाली और कक्षा में जिज्ञासा से जीवंत हो उठा, जब सीडीओ अभिषेक कुमार खुद स्कूल पहुंचे सीडीओ ने नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर, पुष्पमाला पहनाकर और तालियों की गूंज के साथ किया। उन्होंने कहा कि हर बच्चा जो स्कूल आता है, वह सिर्फ पढ़ने नहीं आतावह सपना देखने आता है। हमें उसका सपना सहेजना है विद्यालय परिसर में सीडीओ ने खुद बच्चों के साथ पौधारोपण किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि एक पौधा, एक सांस, और एक जीवन के बराबर होता है। जब हर बच्चा एक पौधा लगाएगा और उसकी देखरेख करेगा, तभी हम



पर्यावरण को बचा सकेंगे। विद्यालय की साफ-सफाई, शिक्षकों की सजगता और डिजिटल बोर्ड सहित अन्य व्यवस्थाओं की सराहना की। कहा कि सरकारी स्कूलों में जो सकारात्मक परिवर्तन दिख रहा है, वह सामूहिक प्रयास का परिणाम है डिजिटल बोर्ड के सामने खड़े होकर सीडीओ अभिषेक कुमार ने बच्चों को विज्ञान के बेहद दिलचस्प प्रयोग से जोड़ा। उन्होंने प्रिज्म के माध्यम से सूर्य की किरणों को सात रंगों में विभाजित कर दिखाया, जिससे कक्षा में बैठे नन्हें छात्र-छात्राएं विज्ञान को खेल की तरह समझते दिखे। इसके बाद उन्होंने डिजिटल बोर्ड पर बच्चों को काफी रोचक ढंग से पढ़ाया।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर शुक्रवार को जनपद के 129 परिषदीय विद्यालयों में जिला, तहसील व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी खुद पहुंचे और स्कूल चलो अभियान को गति दी। अभियान के तहत प्रत्येक एसआरजी अपने मूल विद्यालय, एआरपी अपने गोद लिए स्कूल और ग्राम सचिव अपने जिम्मेदार ग्रामों के विद्यालयों में उपस्थित रहे। अधिकारियों की भागीदारी से बच्चों और अभिभावकों में भरोसा बढ़ा।

# सातवीं का जुलूस देखने के लिए गये आठ साल के बच्चे की हत्या

■ केले के खेत में लगे बबूल के पेड़ से लटका हुआ शव बरामद

**लखीमपुर-खीरी,संवाददाता।** कोतवाली निघासन क्षेत्र की पुलिस चौकी झंडी के गांव रघुवर नगर में गुरुवार को एक आठ साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। वह घर से सातवीं का जुलूस देखने के लिए गया था। देर शाम उसका केले के खेत में लगे बबूल के पेड़ से लटका शव बरामद हुआ है। घरवालों ने गांव के एक व्यक्ति पर जमीनी विवाद में बेटे की हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस पर विवाद में शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने की बात भी कही है। मौके पर पहुंचीं सीओ और कोतवाल के काफी समझाने के बावजूद घरवाले डीएम और एसपी के आए बिना शव पेड़ से उतारने देने को राजी नहीं थे। हालांकि बाद में सीओ ने परिजनों को किसी तरह से समझा बुझाकर शांत कराया और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब परिजन माने और पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है कोतवाली की झंडी पुलिस चौकी क्षेत्र के जुम्मनपुरवा गांव के अनुसूचित जाति के जमुना का आठ साल का इकलौता बेटा पप्पू गुरुवार शाम करीब छह बजे ताजियों की सातवीं देखने गांव में ही गया था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। घरवालों ने उसको काफी तलाश किया तो घर से करीब एक फर्लांग दूर नसीउल्ला के केले के खेत के बीच में लगे बबूल के पेड़ से एक दुपट्टे के फंदे से लटकता उसका शव मिला। घरवालों का कहना है कि शव इतनी पतली टहनी से दुपट्टे के फंदे से लटक रहा था। पिता जमुना ने गांव के ही कय्यूम पर जमीनी विवाद के चलते बच्चे की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।आरोप है कि उसका आबादी की जमीन पर काफी समय से कब्जा चला आ रहा है। इसके पास में कय्यूम का खेत है। कय्यूम ने अपनी जमीन कम बताते हुए इसकी पैमाइश का मुकदमा दायर किया था। वह उसकी आबादी की जमीन को अपने खेत में मिला लेना चाहता है। जमुना ने कय्यूम पर हत्या करके शव लटकाने का आरोप लगाया। उसने यह भी कहा कि उसने कई बार पुलिस को शिकायत दी, लेकिन इस पर कार्रवाई नहीं की गई। सूचना पर सीओ महक शर्मा और कोतवाल महेश चंद्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजने के लिए इसे पेड़ से उतारने की कोशिश की लेकिन घरवालों ने इसका विरोध करते हुए शव उतारने नहीं दिया। वे डीएम और एसपी के मौके पर आए बिना शव उतारने पर राजी नहीं थे। रात साढ़े नौ बजे तक इसी पर जद्दोजहद चल रही थी। सीओ के आश्वासन पर परिजन माने। तब पुलिस ने शव नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## संदिग्ध हालात में हुई किसान की मौत

**लखीमपुर खीरी,संवाददाता।** थाना नीमगांव क्षेत्र में शुक्रवार को एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव गांव के बाहर खेत के पास पड़ा मिला। मृतक की पुत्री ने कार से टक्कर मारने और पीटकर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस अभी इस घटना को हादसा मान रही है तिगोड़वा निवासी राजेंद्र प्रसाद (50 वर्ष) शुक्रवार सुबह अपने खेत पर जाने की बात कह कर घर से निकले थे। उसके बाद उनका शव संदिग्ध हालात में गन्ने के खेत के पास से बरामद हुआ। उनके शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं मृतक की पुत्री सोनी का कहना है कि पिता खेत में कीटनाशक दवा डालने गए थे। वहां से वह दाढ़ी बनवाने जा रहे थे, तभी गांव के ही विपक्षियों ने उन्हें बोलेरो गाड़ी से टक्कर मार कर गिरा दिया और खींचकर गन्ने के खेत में ले गए। जहां पीटकर उनकी हत्या कर दी। घटना के पीछे जमीन के विवाद को कारण बताया जा रहा है। सूचना पाकर थाना नीमगांव पुलिस के साथ ही सीओ मितौली भी मौके पर पहुंच गए और गांव के लोगों से पूछताछ की।

# साइबर अपराधी ठगी करने के लिए अपना रहे हैं नए नए तरीके

**लखीमपुर-खीरी,संवाददाता।** साइबर अपराधी ठगी करने के लिए अब नए तरीके अपना रहे हैं। साइबर जालसाज ने पहले इंस्टाग्राम आईडी से थाना फूलबेहड की एक महिला से दोस्ती की। कई दिनों तक बातचीत कर उसे अपने पास बुलाने लगा। महिला ने जब इंकार किया तो उसके सामने रुपये की मांग रख दी। रुपये की मांग पूरी न होने पर उसका मोबाइल हैक कर लिया और फोटो एडिट कर न्यूड फोटो बनाकर उसे जान पहचान के लोगों को भेज दिया। इतना ही नहीं महिला की बुआ की अश्लील वीडियो एडिट कर भी भेज दिए। इससे महिला और उसके परिजन काफी परेशान हैं। थाना साइबर सेल ने पीड़ित महिला के पति की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि उसके मोबाइल पर एक अंजान युवक ने कई बार अलग-अलग नंबरों से कॉल की। अपनी इंस्टाग्राम आईडी बताते हुए उसकी पत्नी से बात की। खुद को नारकोटिक्स विभाग का कर्मचारी बताया। कई दिनों तक बातचीत कर आरोपी ने उसकी पत्नी को धीरे-धीरे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। काफी समय तक बातचीत करने के बाद वह उसकी पत्नी को अपने पास बुलाने की कोशिश करने लगा और डराने-धमकाने लगा। पत्नी ने जब उसकी बात मानने से इंकार किया तो उसने पत्नी से रुपये की मांग की। रुपये की मांग पूरी न होने पर आरोपी ने पत्नी की कुछ फोटो इंस्टाग्राम आईडी से उठा लीं और न्यूड फोटो में तब्दील कर उसके और पत्नी के कुछ रिश्तेदारों को भेज दिया। इसकी जानकारी जब परिवार वालों को हुई तो हड़कंप मच गया। इतना ही नहीं उसकी पत्नी के मोबाइल को हैक कर लिया और पत्नी की बुआ के कुछ वीडियो और फोटो एडिट कर अश्लील बनाकर उसे भी रिश्तेदारों को भेज रहा है। इसके साथ ही आरोपी ने हैक करने के बाद मोबाइल को पूरी तरह से फॉर्मेट कर दिया है। इस घटना के बाद से महिला, उसके परिजन और नजदीकी रिश्तेदार काफी परेशान हैं। उनकी सामाजिक छवि धूमिल हो रही हैं। पीड़ित महिला के पति ने आरोपी के खिलाफ थाना साइबर सेल पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी,संवाददाता।** थाना फरधान पुलिस द्वारा, मु0अ0 सं0 209/2025 धारा 69/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सुधीर कुमार पुत्र नन्दू यादव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार, मोबाइल बरामद

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने शातिर लुटेरो को दबोचकर झपटमारी की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपियों के कब्जे से एक मोबाईल फोन व एक बाईक बरामद कर उनका चालान काटकर जेल भेज दिया। कोतवाली सदर बाजार प्रभारी रोजन्त त्यागी ने बताया कि विगत् 1 जुलाई को वादिया श्रीमती सोनिया पत्नी राधेश्याम निवासी विजय कालोनी थाना कोतवाली सदर बाजार की तहरीर पर दो बाईक सवार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वादिया के हाथ से मोबाईल पर झपट्टा मारकर छीनने के सम्बन्ध में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक रणवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर हसनपुर चौराहे से दो शातिर लुटेरो करन सिह उर्फ चीकू पुत्र कंवरपाल सिंह निवासी नसतरपुर सढौली थाना कोतवाली देहात व दीपक कुमार उर्फ कालू पुत्र अरविन्द कुमार निवासी ग्राम पिंजौरा थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार कर लिया।

# निगम ने हलालपुर में कब्जा मुक्त करायी एक करोड़ की भूमि

■ जेसीबी की मदद से पिलरों सहित अवैध निर्माण किया ध्वस्त

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम ने आज हलालपुर में कुछ लोगों द्वारा अवैध रुप से जोहड़ की भूमि पर किये जा रहे कब्जे को जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर दिया। कब्जा मुक्त करायी गयी भूमि का बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपये बताया गया है।

सहारनपुर-चिलकाना रोड पर हलालपुर में सड़क किनारे स्थित सबसे बड़ा जोहड़ आकर्षण का केंद्र हैं। यह जोहड़ खसरा नंबर 240, 241 और 228 में करीब तीन हेक्टेयर भूमि पर फैला है। इस जोहड़ का महत्व इस बात से आंका जा सकता है कि प्रवासी पक्षी भी यहां आकर अपना डेरा डालते हैं और जल विहार करते है। इस जोहड़ का एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत नगर



निगम सौंदर्यीकरण कर रहा है। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि इसी बीच कुछ लोगों ने जोहड़ में पिलर बनाकर जोहड़ की लगभग डेढ़ सौ वर्ग गज भूमि पर अवैध निर्माण करते हुए कब्जा शुरु कर दिया था।

इसकी जानकारी मिलने पर आज अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा अतिक्रमणरोधी दस्ते के साथ हलालपुर स्थित उक्त स्थल पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से जोहड़ में खड़े किये गए पिलरों सहित अवैध निर्माण ध्वस्त कर जोहड़ की भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि कब्जा मुक्त करायी गयी भूमि का बाजार मूल्य करीब एक करोड़ रुपये बताया गया है। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व राजस्व विभाग के कर्मचारी भी शामिल रहे।

# बाघ के आतंक से 12 से अधिक गांव के लोग परेशान

**लखीमपुर खीरी,संवाददाता।** मैलानी और गोला रेंज सीमा से गुजरे बांकेगंज-कुकरा मार्ग पर शुक्रवार सुबह करीब सात बजे कलिंजरपुर जंगल से निकला बाघ सड़क पार करता दिखाई दिया। यह देख सड़क के दोनों और वाहनों के पहिए थम गए। दहशत के कारण कई लोग अपनी बाइकें छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भाग गए दक्षिण खीरी वन प्रभाग और दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन की सीमा पर स्थिति बरौंछा नाला क्षेत्र में एक बाघ पिछले तीन माह से देखा जा रहा है। इस दौरान यह बाघ एक बालक को मारने के साथ ही 30 से अधिक पालतू पशुओं का शिकार कर चुका है। बाघ के आतंक से 12 से अधिक गांव के लोग काफी परेशान हैं। इससे वन विभाग के प्रति लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है हरकत में आए वन विभाग ने बाघ को पकड़ने और उसकी गतिविधियों का पता लगाने के लिए प्रभावित क्षेत्र में तीन पिंजरे और 14 कैमरे लगाए हैं। वनकर्मियों और पशु चिकित्सकों की टीम गठित कर अभियान चलाया गया। बीते दिनों बारिश से क्षेत्र के खेतों में लबालब पानी भर गया। बारिश के दौरान बाघ खेतों से निकलकर बरौंछा नाला के पास गोला रेंज के कलिंजरपुर जंगल में पहुंच गया।

***जंगल से निकलकर सड़क पर पहुंचा बाघ***

शुक्रवार सुबह सात बजे करीब कलिंजरपुर जंगल से निकला बाघ बांकेगंज-कुकरा मार्ग पर लोहिया पुल के पास बीच सड़क पर पहुंच गया। सड़क पर काफी देर चहलकदमी करने के बाद वह मैलानी रेंज जंगल की ओर चला गया। यह देख उधर से गुजर रहे राहगीरों और स्कूली बच्चों के होश उड़ गए सामने खड़े बाघ को देखकर लोग अपनी बाइकें सड़क पर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर भाग खड़े हुए। सड़क पर दोनों ओर वाहनों के पहिए थम गए। आधा घंटा से अधिक समय तक आवागमन बाधित रहा। इस बीच कार सवारों ने उसका वीडियो बनाया और सोशल माडिया पर पोस्ट कर दिया।

# जीआईएस सर्वे का विरोध जता सांसद इमरान मसूद को सौंपा पत्र



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम के जीआईएस सर्वे को रद्द कराने के लिए मुहिम में जुटे पार्षदों ने कार्यकारिणी सदस्य मंसूर बदर के नेतृत्व में निर्वाचित प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस दौरान सांसद इमरान मसूद ने नगर विकास विभाग को पत्र लिखने व एमएलसी शाहनवाज ने इस मामले को विधान सभा में उठाने का आश्वासन दिया।

गौरतलब है कि जीआईएस सर्वे के विरोध में नगर निगम के दर्जनों पार्षदों ने कार्यकारिणी सदस्य मंसूर बदर के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पर नारेबाजी कर धरना दिया था। इसी कड़ी में आज पार्षद मंसूर बदर के नेतृत्व में पार्षदों ने सांसद इमरान मसूद व एमएलसी शाहनवाज खान से मुलाकात की। इस दौरान जनता पर नाजायज टैक्स थोपने का काम होने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में प्रमुख सचिव नगर विकास और नगर विकास मंत्री को पत्र लिखा जाएगा। विधान परिषद सदस्य शाहनवाज खान ने पार्षद दल को आश्वासन दिया कि विधान परिषद में इस मुद्दे को बड़ी मजबूती के साथ उठाया जाएगा। इस मौके पर समीर अंसारी, सईद सिद्दीकी, इजहार मंसूरी, गुलजेब खान, आसिफ अंसारी, जफर अंसारी, मैनपाल, महमूद हसन, डॉक्टर मंसूर, जावेद, हाजी मोहर्रम अली पप्पू, हाजी नूर आलम, संदीप वर्मा, गुलबहार अब्बासी, नैय्यर जुबैरी, बिलाल अंसारी, इमरान आदि लोग मौजूद रहे।

# गांव अनंगपुर में की गई तोड़फोड़ का गुर्जर समाज ने किया विरोध

## जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** गुर्जर समाज ने फरीदाबाद के ऐतिहासिक गांव अनंगपुर में प्रशासनिक तोड़फेड़ के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया तथा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों की विधिवत् सुनवाई कराये जाने की मांग की।

स्थानीय दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन में एकत्र होकर गुर्जर समाज के युवा 'फरीदाबाद प्रशासन होश में आओ', 'गरीबों पर बुलडोजर बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि 700 साल पुराना अनंगपुर गांव



सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, फिर भी वन विभाग और प्रशासन सुप्रीम कोर्ट के अस्पष्ट आदेशों का हवाला देकर मकान, मंदिर और बस्तियां तोड़ रहे हैं। उन्होंने ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं, लेकिन आदेशों का दुरुपयोग हो रहा है। वन विभाग ने 1500 एकड़ चिन्हित किया, परन्तु 4400 एकड़ में कार्रवाई हो रही है, जिसमें पीढ़ियों से बसे लोग प्रभावित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कमिर्शियल बिल्डिंग और हाईराइज टावरों को छोड़कर केवल गरीबों को निशाना बनाया जा रहा है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है। उनका कहना था कि ग्रामीणों को सुनवाई का मौका नहीं दिया गया, जो प्राकृतिक न्याय और वन अधिनियम के खिलाफहै। प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों की विधिवत् सुनवाई कराने और कमर्शियल निर्माणों पर भी समान कार्रवाई कराने की भी मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं रुकी तो आंदोलन तेज होगा। इस दौरान प्रवेश गुर्जर, उपवन मंगला, निहाल प्रधान, उदुल चौधरी, पारक्षित वर्मा, घसीटा सिंह मेहंदा, विजयपाल टाइगर, अरविंद खरसोरा, दीपक टाइगर, राजीव मंगला, उमेश प्रधान, बलवीर सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे।

## मौ.फारूक बने मिरासियान एकता कमेटी के अध्यक्ष

**सहारनपुर।** मिरासियान एकता कमेटी की बैठक में मौहम्मद फारूक को निर्विरोध अध्यक्ष व गुलजार साबरी को महासचिव व मौ.अख्तर को कोषाध्यक्ष चुना गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। मिरासी बिरादरी के चौधरी हाजी असगर के निवास पर आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से मौ.फारूक को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। निर्वाचित अध्यक्ष मौ.फारूक ने कमेटी का गठन करते हुए गुलजार साबरी को महासचिव, शफत सोनू को उपाध्यक्ष, जीशान अली को सचिव, मौहम्मद असलम को प्रवक्ता, मौहम्मद अकरम को मीडिया प्रभारी, सद्दाम जिलानी व मौहम्मद अख्तर को कोषाध्यक्ष, दिलदार व मौहम्मद आदिल को संगठन मंत्री, नवाब अली व अली अहमद को प्रचार मंत्री नियुक्त करने की घोषणा की। बैठक में मौ.फारूक समेत सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# संयुक्त वार्षिक शिविर के तीसरे दिन सर्वश्रेष्ठ कैडेटों का चयन

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** 83 उप्र वाहिनी एनसीसी के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक शिविर में तीसरे दिन नामित कैडेटो की प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ कैडेटों का चयन किया गया।

रामपुर मनिहारान के गोचर कृषि इंटर कॉलेज में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक शिविर के तीसरे दिन ग्रुप कमाण्डर ब्रिग्रेडियर नवीन राठी ने कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न वाहिनियों से थल सैनिक कैम्प चयन हेतु प्रतिभागी कैडेटो को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की आवश्यकता पर बल दिया। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल एनएस मान ने आज इण्टर ग्रुप थल सैनिक कैम्प में नामित कैडेटो की मैप रीड़िग प्रतियोगिता ली। जिसमें चयनित कैडेट आगामी थल सैनिक कैम्प में प्रतिभाग करेगें। शिविर में 73 वाहिनी, मवाना के कमान



अधिकारी कर्नल मृदुल मित्तल ने इण्टर ग्रुप थल सैनिक कैम्प में नामित कैडेटो की फायरिंग प्रतियोगिता ली, जिसमें से सर्वश्रेष्ठ कैडेटो का चयन किया गया। डिप्टी कैम्प कमाण्डेंट ले.कर्नल तनय कोठियाल ने एनसीसी कैडेटो के अनुशसित तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने की सराहना की। 26 उप्र वाहिनी की ले.मुक्ता शर्मा एवं तृतीय अधिकारी गोनिका सैनी ने बालिका कैडेटो को थल सैनिक कैम्प में होने वाली प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण के विषय में जानकरी दी।

कैम्प एडजुटैण्ट मेजर गया प्रसाद ने एनसीसी कैडेटो को विभिन्न कैम्प की विषय में जानकारी प्रदान की। ले.आशीष यादव ने कैडेटों को साफ सफाई के विषय एवं मौसमी बिगारियों की जानकारी देते हुये बचाव के उपाय भी बताये। हवलदार जसबीर सिंह ने कैडेटों को हथियारों के विषय में जानकारी दी। हवलदार गोविन्द थापा ने मैप तथा जी. पी.एस के विषय में जानकारी दी। इस दौरान ट्रेनिंग जे.सी.ओ.यू.बहादूर, सूबेदार विकास राणा, नछत्तर सिंह, विक्रम सिंह, हवलदार सोहन लाल, नरेन्द्र कुमार, गोविन्द थापा, जसबीर सिंह, धर्मराज तमांग आदि मौजूद रहे।

# अवधनामा की खबर का असर, भ्रष्ट अफसरों का ट्रांसफर, फिर भी अवैध निर्माण जारी

**नक्शे से विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा था**

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** आवास एवं विकास परिषद अलीगढ़ के भ्रष्ट अधिकारियों से संबंधित समाचार गंभीरता से प्रकाशित किया था। जिसके आधार पर प्रदेश सरकार ने भ्रष्ट अधिकारियों का तबादला किया गया था। क्योंकि इन अधिकारियों द्वारा आवास विकास की चिरंजीलाल आवासीय योजना अंतर्गत नक्शे से विपरीत निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसकी गाज गिरते हुए अधिशाषी अभियन्ता सस्मित कटियार , अवर अभियंता मुकेश पाल सिंह और संपति अधिकारी का तबादला गैर जनपद हुआ।

इनकी जगह अधिशाषी अभियन्ता नवजोत सिंह, संपति अधिकारी देशराज सिंह ने आकर अपना कार्यभार ग्रहण किया परंतु मुकेश पाल सिंह अवर अभियंता ने अलीगढ़ से विदाई तो ली परंतु उनकी जगह अभी



किसी की तैनाती नहीं हुई और वही दोबारा वापस आने की जुगाड में लगे हैं। वही अधिशाषी अभियन्ता नवजोत सिंह जो की आगरा से आए हैं। सूत्रों की माने तो इनके द्वारा आगरा में भी कमला नगर योजना , सिकंदरा आवासीय योजना में आवासीय भूखंड पर व्यवसायिक निर्माण कराया गया। जिसमें की निर्माण कर्ताओं को पूर्ण सहयोग रहा।

वही जब अधिशाषी अभियन्ता नवजोत सिंह अलीगढ़ आए तो हमारे संवाददाता ने चिरंजीलाल आवासीय योजना में नक्शे से विपरीत निर्माण कार्यों पर कार्यवाही की पूछा तो उनका कहना था कि उनको नोटिस भेजा जाएगा पर अवैध निर्माण तोड़ा नहीं जा सकता और कंपाउंड करूंगा। तब संवाददाता ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश अनुसार और सीएम योगी के आदेश के अनुसार अवैध निर्माण को पहले तोड़ा जायेगा उसके बाद कंपाउंड किया जायेगा। लेकिन ऐसा लगता है कि अधिशाषी अभियन्ता नवजोत सिंह हाईकोर्ट और प्रदेश सरकार से खुद को उपर समझ बैठे हैं।

वही एक अन्य शिकायत कर्ता व पत्रकार ने अपनी शिकायत पर कार्यवाही के बारे में जानना चाहा तो उल्टा पत्रकार से ही सवाल करते हुए भ्रष्टाचार की परिभाषा अधिशाषी अभियन्ता नवजोत सिंह पूछ बैठे। सिंह का कहना था कि अवैध निर्माण और नक्शे के विपरीत निर्माण भ्रष्टाचार नहीं। वही जब पत्रकार ने पूछा की कार्यवाही होगी या नहीं तो सिंह का कहना था कि आप सबूत दो, आपको हमसे आकार मिलना होगा वगैरा कह कर हस कर सारी बात टाल दी गई। इससे साफ लगता है कि अवैध निर्माणों पर जनपद में कार्यवाही तो दूर अब अवैध निर्माण और जोरों पर होंगे।

# लॉजिस्टिक का प्रमुख केंद्र बनेगा धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप

**ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर धुरियापार को ग्रेटर गीडा के रूप में संवारेगी सरकार**

**रेल कनेक्टिविटी बनाएगी नई औद्योगिक टाउनशिप को खास**

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** शानदार रोड कनेक्टिविटी के साथ आगामी समय में रेल कनेक्टिविटी होने से धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप लॉजिस्टिक का प्रमुख केंद्र बनेगा। लॉजिस्टिक सेंटर बनने की पूरी संभावना को देखते हुए योगी सरकार की मंशा इस टाउनशिप को ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर ग्रेटर गीडा बनाने की है। इसे लेकर तैयारियां भी उसी के अनुरूप की जा रही हैं।

किसी भी औद्योगिक क्षेत्र की प्रगति के लिए लॉजिस्टिक (कच्चे और तैयार उत्पाद का ट्रांसपोर्टेशन, भंडारण) सेवा का बेहतर होना जरूरी है। बेहतर लॉजिस्टिक के लिए कनेक्टिविटी अनिवार्य शर्त है। इस लिहाज से गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) की महत्वाकांक्षी परियोजना धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप बेहद खास है। इस टाउनशिप को रोड और रेल दोनों की कनेक्टिविटी का फायदा मिलेगा। धुरियापार का क्षेत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा हालिया लोकार्पित गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के नजदीक है। यही नहीं, धुरियापार चीनी मिल से खजनी तक की सड़क को फोरलेन बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

धुरियापार चीनी मिल से खजनी तक सड़क को फोरलेन करने का सुझाव शासन ने धुरियापार इंडस्ट्रियल टाउनशिप के मास्टर प्लान को अनुमोदित करते हुए दिया था। अनुमोदन पत्र में गीडा को यह निर्देश भी दिया गया है कि मास्टर प्लान के अंतर्गत प्रस्तावित क्षेत्र को बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़े जाने की कार्यवाही की जाए। महत्वपूर्ण बात यह है कि धुरियापार क्षेत्र के मास्टर प्लान में प्रस्तावित रेलवे लाइन के निकट के गांवों को अधिसूचित करते हुए मास्टर प्लान में शामिल किया जाएगा।

# मंडलायुक्त ने कावड़ यात्रा के रूट का किया निरीक्षण, व्यवस्था कराने के दिये निर्देश

**नगर निगम व पीडब्ल्यूडी को गड्ढा मुक्ति, सफाई व जल निकासी के निर्देश**

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** 14 जुलाई को श्रावण मास के पहले सोमवार पर कावड़ियों के आवागमन के मार्ग और श्रद्धालुओं के खेरेश्वर मंदिर और शिव मंदिर जाने वाले मार्गों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से अलीगढ़ कमिश्नर संगीता सिंह ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ कावड़ यात्रा के रूट का निरीक्षण।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त को कावड़ यात्रा के रोड पर कई जगह गड्ढे जल भराव अतिक्रमण दिखाई दिया मौके पर मंडलायुक्त ने नगर निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अगले 48 घंटे में कावड़ यात्रा के रूट पर पैच वर्क करने के साथ-साथ जहां-जहां जल भराव की स्थिति है वहां अतिरिक्त पंपसेट लगाकर जल निकासी करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने खेरेश्वर धाम पर पहुंच कर साफ सफाई और लाइट व्यवस्था का भी निरीक्षण किया

मौके पर नगर निगम की ओर से अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया नगर निगम द्वारा कावड़ियों के आवागमन के मार्ग को 5 सेक्टर में नगर निगम द्वारा बनाया गया है।अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने कावड़ियों के रूट पर नगर निगम संबधी व्यवस्थाओं को समय से कराने का आश्वासन दिया। अपर नगर आयुक्त ने खैर रोड पर सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत निर्माणधीन कार्य को देखते हुए कमिश्नर मैडम से देहली गेट की ओर से खैर बाईपास होते हुए नादा पुल से खेरेश्वर जाने वाले रूट पर कांवड़ियों के आवागमन को डाइवर्ट करने का अनुरोध किया।

# जलरोधक बांध के कार्य में कमी पर डीएम सख्त हरदोई राजा व बीरपुरा में किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण, मिट्टी कटाव रोकथाम एवं स्थानीय जल संचयन को बढ़ावा देने हेतु बनाए जा रहे जल रोधक बांधों की गुणवत्ता पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ा रुख अपनाया है।

जिलाधिकारी ने ग्राम हरदोई राजा व बीरपुरा में हो रही वर्षा के बीच स्थल पर पहुंचकर ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत द्वारा निर्मित बांधों का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने बारिश में कीचड़ भरे खेतों के बीच स्वयं पैदल चलकर निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति देखी, जो उनकी कार्यप्रणाली की संवेदनशीलता और सजगता को दर्शाता है। निरीक्षण में पाया गया कि बांध निर्माण कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है। यह बांध वर्षा जल को निचले इलाकों में बहने से रोकने, मिट्टी के कटाव को कम करने एवं जल संचयन के लिए निर्मित किया गया था, किंतु इसकी गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही रिकवरी की कार्रवाई के निर्देश दिए और स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार के जल प्रबंधन व आपदा सुरक्षा मिशन में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने भविष्य में सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता व पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, डीसी मनरेगा रामेन्द्र सिंह, खण्ड विकास अधिकारी प्रशांत आदि सिहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मोबाइल छीनैती के तीन बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोरखपुर ।** गीडा पुलिस मोबाइल की छीनैती कर फरार चल रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मिली जानकारी से गीडा सेक्टर 13 पारले जी फैक्ट्री के पास बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति की मोबाइल छीन कर फरार हो गए थे। जिनकी गीडा पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रोहित वर्मा,महिला उपनिरीक्षक दीपा यादव,अंजली मिश्रा, कास्टेबिल पंकज कन्नौजिया,विकास यादव,शिवम वर्मा,भानु मौर्या संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले थे। तभी जज़्नकारी मिली कि गीडा द्वस्र मोबाइल की छीनैती केंद वाले तीन बदमाश अमर उजाला रोड पर खड़े है। जो कोई वारदात करने वाले है। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

# डीएम व एसपी द्वारा श्रंगीरामपुर घाट पर तैयारियो का निरीक्षण किया



समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा संयुक्त रूप से श्रंगीरामपुर घाट पर काँवड़ यात्रा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा घाट पर बेरिकेडिंग कराने, प्रकाश की व्यवस्था करने व चेतावनी बोर्ड लगाने व पीने के पानी की व्यवस्था के लिये टैंकर लगाने के निर्देश दिये गये, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को यात्रा मार्ग की सड़कों के गड्ढे भरवाने के लिये निर्देशित किया गया।

जिला पंचायतराज अधिकारी व खंड विकास अधिकारी कमालगंज को रोड से गंगा किनारे तक के कच्चे मार्ग का समतलीकरण कराने के लिये निर्देशित किया गया,थानाध्यक्ष कमालगंज को सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर व संवंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# एडीएम प्रशासन किया पदभार ग्रहण

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** 2012 बैच के पीसीएस अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र एडीएम प्रशासन का पदभार संभाला। बृहस्पतिवार को देर शाम जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने श्री मिश्र को एडीएम प्रशासन का पदभार ग्रहण कराया कार्यभार संभालते ही एडीएम प्रशासन कार्यालय में लम्बित फाइलों पर हस्ताक्षर कर निस्तारण करने का कार्य किया आज शुक्रवार को अपने कार्यालय में बैठकर आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना सम्बंधित प्रार्थना पत्रों के संबंधित को निस्तारण करने का निर्देश दिया।

श्री मिश्र ने बताया कि शासन और जिलाधिकारी द्वारा दिए गए पटलों के दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते हुए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए कलेक्ट्रेट के अंतर्गत हमे दिए गए दायित्वों का निर्वहन करते हुए चौमुखी विकास करने में अपना अहम योगदान



देंगे। श्री मिश्र ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय ने जिन जिन पटलों का दायित्व हमें सौंपा है उसे ईमानदारी के साथ निर्वहन करते हुए आम जनता की समस्याओं का समाधान करने का कार्य करेंगे एडीएम प्रशासन कार्यालय में आने वाले फरियादियों के समस्याओं का समाधान बिना किसी भेद भाव के निस्तारण करने का कार्य करेंगे।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं का शत-प्रतिशत पालन कराना ही पहला कर्तव्य होगा। आम आदमी की समस्याओं का निस्तारण कराना व त्वरित न्याय पर ध्यान दिया जाएगा शासन की योजनाओं का प्राथमिकता से क्रियान्वित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य होगा।



**अलीगढ़। अलीगढ़ शहर के प्रसिद्ध वरिष्ट चिकित्सक चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ चितरंजन सिंह ने आज डॉ डे के अवसर पर सभी जनमानस से अपील करते कहा है स्वास्थ के प्रति ध्यान रखें। जरा से लापरवाही बड़ा नुकसान कर देती हैं। मैं शहर के नागरिकों से कहूंगा कि छोटी से बीमारी पर भी डॉक्टर की सलाह ले। छोटी बीमारी भी बड़ा रूप लेती हैं। आज शहर के सभी डॉक्टर व जनमानस को डॉक्टर डे की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। सभी के स्वास्थ रहने की कामना करता हूं।**

**डॉ चितरंजन सिंह**
**वरिष्ठ चिकित्सक**
**मैक्स फोर्ड हॉस्पिटल,**
**रामघाट रोड, अलीगढ़**

# हदरूख के कंपोजिट विद्यालय में एसडीएम ने संचारी रोगों के रोकथाम के लिए जागरुकता रैली

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत हदरूख के कंपोजिट विद्यालय में जालौन उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य ने संचारी रोगों की रोकथाम के लिए कंपोजिट विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं तथा स्टाफ के साथ जागरूकता रैली ग्राम में भ्रमण कर निकाली।



रैली में उप जिला अधिकारी विनय कुमार मौर्य के साथ दिग्विजय सिंह खंड शिक्षा अधिकारी, शिवदीन चौधरी डीसी, तेज बहादुर सिंह चौधरी नोडल अधिकारी,मुकेश कुमार द्विवेदी संकुल शिक्षक,श्रीमती शशि कला पांडे प्रधानाध्यापक, श्रीमती किरण यादव सहायक अध्यापक,श्रीमती अर्चना निगम सहायक अध्यापक,श्रीमती कमला देवी सहायक अध्यापक, श्री मंगल सिंह प्रजापति सहायक अध्यापक, श्री राजकुमार शर्मा सहायक अध्यापक, श्री अवधेश यादव सहायक अध्यापक,श्री शिवेंद्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक,श्रीमती रितु दुबे सहायक अध्यापक,श्रीमती प्रियंका सडिल सहायक अध्यापक तथा अभिलाष शिक्षामित्र धर्मवीर सिंह शिक्षा मित्र जगदीश सिंह शिक्षामित्र श्रीमती नीलम गुप्ता एएनएम कुमारी वीर वाला सी एच ओ, अवधेश कुमार ग्राम प्रधान श्रीमती श्यामवती आंगनबाड़ी कार्यकत्री श्रीमती यीशु पांडे आंगनबाड़ी कार्यकत्रीश्री मती माया देवी,श्रीमती कमला देवी तथा आशा कार्यकत्रियों राजकुमारी, रूबी, सारिका आदि ने रैली में भाग लिया।

## तिलौरा गांव में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की भव्य धूम, भक्ति में डूबे श्रद्धालु

**गोरखपुर ।** पाली ब्लॉक अंतर्गत तिलौरा गांव में उमेश दुबे के आवास पर आज शुक्रवार कोचल रही श्रीमत भागवत कथा के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण छा गया और आयोजन स्थल नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गूंज उठा।

ब्यास पीठ पर विराजमान पंडित घनश्याम मिश्र ने भगवान श्रीकृष्ण की जन्म लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर पाप और अत्याचार बढ़ते हैं, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। श्रीकृष्ण का जन्म अधर्म के विनाश और धर्म की पुनर्स्थापना के लिए हुआ। कथा का संचालन पंकज मिश्र ने किया।

# 6 स्कूली वाहन सीज, 10 का चालान लगाया 2.49 लाख का जुर्माना

अल्ताफ उल्लाह खान संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** आशुतोष कुमार द्विवेदी, जिलाधिकारी के निर्देशन में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत के द्वारा कायमगंज व मोहम्मदाबाद क्षेत्र में स्कूली वाहनों के विरूद्ध कठोर प्रवर्तन अभियान चलाया गया।

अभियान के अन्तर्गत बिना परमिट संचालित पाये गये 6 स्कूली वाहन सीज किये गये तथा 10 स्कूली वाहनों का चालान किया गया। मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र में सेन्ट पीटर्स स्कूल तथा सीपी ग्लोबल एकेडमी आदि स्कूलों के 2 स्कूली वाहन सीज किये गये तथा 4 स्कूली वाहनों का चालान किया गया। कायमगंज थाना क्षेत्र में सीपी विद्या निकेतन, श्री राम सिंह इ0कालेज व प्रेम चन्द्र विद्या निकेतन आदि स्कूलों के 4 वाहन सीज किये



गये तथा 6 वाहनों का चालान किया गया।

यह अभियान निरन्तर जारी रहेगा तथा जनपद फर्रूखाबाद के समस्त स्कूली प्रबन्धक/प्रधानाचार्यो से अपील है कि राष्ट्र हित में छात्रों की सुरक्षा के दृष्टिगत अपने वाहनों के प्रपत्र तत्काल पूर्ण करा लें, अन्यथा कि स्थिति में सभी सम्बन्धित विभागों के द्वारा कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# मिशन शक्ति अभियान-5 के अन्तर्गत महिलाओं को किया गया जागरूक



**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ संजीव सुमन के निर्देशन में जनपद में गठित मिशन शक्ति टीमों के द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे ÷मिशन शक्ति अभियान-5÷ के अंतर्गत समस्त थाना क्षेत्रों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु ÷शक्ति दीदी÷ के माध्यम से महिला सम्मान, सुरक्षा व जागरूकता हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

मिशन शक्ति फेज-05 के विशेष अभियान (शक्ति दीदी) के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा *गाँवों/कस्बों/मोहल्लें में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/ कालेज/कोचिंग सेंटर इत्यादि सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों* पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए शक्ति दीदी के रुप में महिलाओं/ बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है । शक्ति दीदी अभियान के तहत महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/ यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे *वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एवं सीयूजी नम्बरों* के बारे में जिनकारी देकर जागरुक किया जा रहा है।

## मेड बांधने को लेकर दो पक्ष भिड़े आठ पर केस दर्ज

**गोरखपुर ।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के कुरसा में वृहस्पतिवार को खेत में मेड बांधने को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनो पक्षों की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी से थाना क्षेत्र के कुरसा निवासी लीलावती पत्नी राजन को खेत में मेड बांधने को लेकर वृहस्पतिवार को सुबह 8 बजे के करीब चार की संख्या में मनबढ़ो ने पीड़िता इसके लड़के रामभारत, विपिन, पुत्री नीलू को मारपीट कर घायल कर दिए पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर सुजीत, सुनील,र ाममूरत, शिववचन के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष सुजीत कुमार पुत्र शिववचन ने भी आरोप लगाया है कि वृहस्पतिवार को सुबह 7 बजे खेत में मेड बांधने को लेकर चार की संख्या में मनबढ़ो ने पीड़ित,इसके पिता शिववचन,माता आशा देवी को मारपीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजन की पत्नी, रामभरत, विपिन, नीलू के खिलाफ गाली गलौज, जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# बड़ी कार्रवाई : उरई में 700 बोरी संदिग्ध उर्वरक जब्त, दुकान सील



**उरई (जालौन)।** नकली उर्वरक की अवैध बिक्री की सूचना पर जिलाधिकारी द्वारा जॉइंट मजिस्ट्रेट सदर और जिला कृषि अधिकारी को तत्काल जाँच कर कार्यवाही के निदेश दिए गए । जिलाधिकारी के निर्देश पर दोनों अधिकारियों द्वारा सघन छापेमारी कर 700 बोरी फर्जी / संदिग्ध उर्वरक बरामद की और दुकान को मौके पर ही सील कर दिया।

उप जिलाधिकारी सदर नेहा ब्याडबाल के नेतृत्व में की गई, जिसमें जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (ग्रुप-बी) गिरेन्द्र कुमार शर्मा, अमित पिण्डारी, लोकेश दीक्षित, चौकी इंचार्ज मण्डी रणधीर एवं कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार राय सहित प्रशासन की संयुक्त टीम शामिल रही।जांच में यह स्पष्ट हुआ कि उक्त दुकान में उर्वरक फर्जी ब्रांड नाम से तथा बिना वैध लाइसेंस के विक्रय किया जा रहा था। यह नकली उर्वरक किसानों की फसलों की उत्पादकता और भूमि की उर्वरता दोनों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता था। उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडबाल ने कहा कि कृषि इनपुट की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। जो भी व्यक्ति किसानों की मेहनत, भूमि की उर्वरता और खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ करेगा, उसके विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

यह पूरी कार्रवाई जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार, जनपद में चलाए जा रहे नकली उर्वरक विरोधी सतत अभियान के अंतर्गत की गई है।

# गौशालाओं के निरीक्षण में नोडल अधिकारियों की लापरवाही पर डीएम ने किया सख्त रुख

**13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध, 5 को प्रतिकूल प्रविष्टि, 3 से स्पष्टीकरण**

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** गौवंश संरक्षण और भरण-पोषण में नोडल अधिकारीओं के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर और रिपोर्ट न करने पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा करते हुए बड़ी कार्यवाही करते हुए 13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध, 5 को प्रतिकूल प्रविष्टि तथा 3 अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि बरसात के मद्देनज़र गौशालाओं में हरे चारे, शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था अनिवार्य है। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी माने जाएंगे और उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी गौवंश सड़कों पर न दिखे, और यदि कोई पशुपालक गौवंश पर दावा करता है, तो उससे जुर्माना वसूल कर चेतावनी दी जाए। बताते चलें कि जनपद की 82 गौशालाओं में नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो नियमित गौशालाओं की निरीक्षण करते हैं और रिपोर्टिंग करते हैं।नोडल अधिकारियों ने गौशालाओं के निरीक्षण में रुचि नहीं दिखाई है। जिनकी मासिक समीक्षा जिलाधिकारी करते हैं। जबकि मुख्य विकास अधिकारी द्वारा साप्ताहिक एवं पाक्षिक समीक्षा के माध्यम से व्यवस्थाओं की निगरानी की जाती है। 13 अधिकारियों का वेतन अवरुद्ध अंजली, अजय कुमार, रामवीर सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, हेमंत कुमार नामदेव, नवीन तिवारी, साजिद खान, मधुवेश पाठक, हरपाल सिंह, पुष्कर दीक्षित, हृदयेश गौतम, सत्येन्द्र गंगवार, देवेंद्र सिंह निरंजन। 5 अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि संदीप गुप्ता, विजय कुमार, रामवीर सिंह यादव, मोहन सिंह यादव, मधुवेश पाठक। 3 अधिकारियों से स्पष्टीकरण भरत प्रताप, पुष्कर दीक्षित, साजिद खान। 1 अधिकारी को कारण बताओ नोटिस देवेंद्र सिंह निरंजन।जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशालाओं की समय-समय पर औचक निरीक्षण करें तथा स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारियों को और अधिक सक्रिय बनाएं ताकि गौवंश को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, जिला विकास अधिकारी निशांत पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अवस्थी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने तिलोदकी नदी के उद्गम स्थल और निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण, दिए साफ-सफाई और सुदृढ़ीकरण के निर्देश



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने एसएसपी गौरव ग्रोवर के साथ शुक्रवार को विकासखंड सोहावल में स्थित रमणक ऋषि की तपस्थली तिलोदकी नदी के उद्गम स्थल पंडितपुर समदा पक्षी अभ्यारण्य का स्थलीय निरीक्षण किया। यह स्थल प्राकृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायज़ा लेते हुए मौके पर ही साफ-सफाई सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्ग के दोनों ओर पौधरोपण कराने पर भी ज़ोर दिया, जिससे पर्यावरणीय संतुलन बना रहे और क्षेत्र का सौंदर्य भी बढ़े।

इसके उपरांत उन्होंने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन अयोध्या-बिल्वहारी घाट बंधा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य शीघ्रता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, संभागीय वनाधिकारी प्रखर गुप्ता, उपजिलाधिकारी सोहावल अभिषेक सिंह, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्य सेविका में चयनित दो सगी बहनों प्रतीक्षा सिंह व प्रतिमा सिंह का हुआ सम्मान

**अयोध्या।** मुख्य सेविका में चयनित दो सगी बहनों प्रतीक्षा सिंह व प्रतिमा सिंह का हुआ स्वागत सम्मान। राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने राष्ट्रीय लोकदल अयोध्या के पदाधिकारियों के साथ जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा के नेतृत्व में रालोद शिक्षक नेता मनोज सिंह की भतीजियों को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। शांतीपुर स्थित उनके आवास पर यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस मौके पर चौधरी रामसिंह पटेल ने बेटियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज देश बेटियां सशक्त व आत्मनिर्भर हो रहीं हैं सभी क्षेत्रों में बेटियां बढ़-चढ़कर कर हिस्सा ले रही है मुख्य सेविका बन कर नौनिहालों का भविष्य सुधारने में ये महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी ।

## अमरनाथ यात्रा पर पहला जत्था रवाना, भक्तों में उत्साह

**अयोध्या।** क्षेत्र के प्रमुख बाजार हैरिंग्टनगंज से आज दोपहर करीब 11:00 बजे अमरनाथ यात्रा के लिए भक्तों का पहला जत्था रवाना हुआ। लगभग एक दर्जन श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में शामिल हुए। यात्रा से पूर्व सभी भक्तों ने मुख्य बाजार स्थित प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। मंदिर के पुजारी जगदम्बा प्रसाद उपाध्याय ने यात्रियों को विधिवत पूजा-अर्चना के बाद मंगलमयी यात्रा के लिए आशीर्वाद दिया। यात्रा में शामिल भक्तों ने बम-बम भोले और बाबा बर्फानी की जय के जयघोष करते हुए भक्ति भाव के साथ यात्रा की शुरुआत की। श्रद्धालुओं में गहरी आस्था और उल्लास देखने को मिला। प्रस्थान करने वाले भक्तों में रमेश कुमार अग्रहरि, विकास कुमार अग्रहरि, सुमित कुमार कशौधन, दुर्गेश कशौधन, विकास मोदनवाल, शुभम अग्रहरि, जयराम कौशल, हिमांशु गुप्ता, श्यामलाल गुप्ता, मनोज मोदनवाल, अंकित अग्रहरि सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। विकास कुमार अग्रहरि ने जानकारी दी कि जत्था जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के लिए प्रस्थान कर रहा है, जहां से 8 जुलाई को पवित्र अमरनाथ गुफा की यात्रा आरंभ होगी।

# विधायक रामचंद्र यादव ने किया पौधरोपण अभियान का आगाज

■ मां के नाम एक पेड़ का आह्वान किया और सैकड़ों लोगों को पौधे वितरित किए

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़ा पौधरोपण अभियान शुरू हो गया है। रूदौली के माँ कामाख्या धाम परिसर में विधायक रामचंद्र यादव ने पौधा लगाकर इस अभियान की शुरुआत की। नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ल और वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी ने भी पौधे लगाए।

विधायक यादव ने बताया कि अयोध्या जनपद में रूदौली में सबसे ज्यादा वन क्षेत्र है। वन विभाग ने सभी विभागों को अलग-अलग लक्ष्य दिए हैं।जिसमें नगर पंचायत, तहसील, ब्लाक, बिजली विभाग सहित सभी विभागों को अलग-अलग लक्ष्य मिला है। भाजपा कार्यकर्ता श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से जयंती तक बूथ और मंडल स्तर पर वृक्षारोपण करेंगे। विधायक ने मां के नाम एक पेड़ का आह्वान किया और सैकड़ों लोगों को पौधे वितरित किए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक से सात जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। वन विभाग के साथ अन्य सरकारी विभाग, गैर-सरकारी संगठन और सामाजिक संस्थाएं भी इसमें भाग ले रहे हैं। वन विभाग हर ग्राम पंचायत में वन विकसित करेगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली और जैव विविधता बढ़ेगी।

वन विभाग के अधिकारियों ने पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी ली है। इससे पौधे पूरी तरह विकसित होकर पर्यावरण को लाभान्वित कर सकेंगे।

इस मौके पर रुदौली वन रेंजर जेपी गुप्ता,वन दरोगा नरेंद्र राव, बाबा बाजार मंडल अध्यक्ष राकेश तिवारी ,सभासद राकेश यादव,सत्य प्रकाश यादव, पंकज जायसवाल,विकास मिश्र सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## गोसाईगंज थाने में दलाल की भूमिका पर गंभीर आरोप

**अयोध्या-गोसाईगंज।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के हल्का नंबर दो में एक कथित दलाल द्वारा पुलिस अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर न्याय प्रक्रिया में बाधा डालने और सही फरियादियों को गलत ठहराने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, यह दलाल थाने पर अक्सर देखा जा सकता है और खुद को भाजपा का नेता बताता है, जबकि वह अमसिन क्षेत्र का निवासी है।आरोपों के मुताबिक, यह व्यक्ति पुलिसकर्मियों को सुविधा शुल्क देकर गलत को सही और सही को गलत साबित करने में मदद करता है, जिससे वास्तविक फरियादियों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति से क्षेत्र में पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

## समाजसेवी चांद बाबू राईन ने शिक्षा के लिए बढ़ाया हाथ : बच्चों को बांटीं किताबें और स्टेशनरी

**अयोध्या।** शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए, युवा समाजसेवी चांद बाबू राईन ने गरीब और जरूरतमंद बच्चों के भविष्य को संवारने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाया है। उन्होंने गोशाईगंज विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी समाज (वनराजा बस्ती) में बच्चों को किताबें, पेंसिल, रजिस्टर और अन्य आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित कीं। इस कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया, जिनके चेहरों पर मुफ्त में मिली पढ़ाई की सामग्री पाकर खुशी साफ झलक रही थी। बच्चों ने बताया कि यह पहली बार है जब उन्हें पढ़ाई के लिए पूरी किट मिली है, जिससे उन्हें अपनी शिक्षा जारी रखने में काफी मदद मिलेगी। इस अवसर पर समाजसेवी चांद बाबू राईन ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। अगर हम आज उनकी पढ़ाई में मदद करेंगे, तो कल वे एक बेहतर और मजबूत भारत का निर्माण करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि यह पहल केवल एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि वह ग्रामीण और कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए लगातार ऐसे छोटे-छोटे प्रयास करते रहेंगे।

# सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य पूरा, छतरी के फाउंडेशन का कार्य प्रगति पर

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की पावन नगरी अयोध्या में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के नेतृत्व में न केवल धार्मिक महत्व की प्रतीक बनी हुई है, बल्कि एक आकर्षक पर्यटन स्थल के रूप में भी उभर रही है। श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य राम मंदिर के निर्माण के साथ ही अयोध्या को विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। इसी कड़ी में सरयू नदी के तट पर बन रहा सरयू रिवर फ्रंट अयोध्या की खूबसूरती और सुविधाओं को और बढ़ाने जा रहा है। यह रिवरफ्रंट श्रीराम मंदिर से जुड़कर पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करेगा। पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 23.46 करोड़ रुपये की लागत से सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य अयोध्या को एक ऐसी नगरी के रूप में स्थापित करना है, जहां श्रद्धालु और पर्यटक दोनों ही आध्यात्मिक और सौंदर्यपूर्ण अनुभव प्राप्त कर सकें। रिवरफ्रंट के निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है, जिसमें सीढ़ियों पर पत्थर लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त, छतरियों के फाउंडेशन का कार्य भी प्रगति पर है, जो इस परियोजना को और भव्यता प्रदान करेगा। सरयू रिवरफ्रंट का निर्माण न केवल सरयू नदी के तट को सुंदर बनाने के लिए है, बल्कि यह पर्यटकों के लिए एक आधुनिक और सुविधाजनक स्थल के रूप में भी उभरेगा। इस रिवरफ्रंट पर श्रद्धालु सरयू नदी में स्नान के साथ-साथ ध्यान, योग और अन्य आध्यात्मिक गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। इसके अलावा, पर्यटकों के लिए आधुनिक सुविधाएं जैसे बैठने की व्यवस्था, छायादार स्थल और सैर-सपाटे के लिए सुंदर पथ भी उपलब्ध होंगे। रिवरफ्रंट का डिज़ाइन इस तरह तैयार किया गया है कि यह प्राकृतिक सौंदर्य के साथ-साथ आध्यात्मिकता को भी संजोए रखे।

# बरसात ने खोली नगर निगम की पोल, अयोध्या नगरवासी बेहाल : सरोज यादव



■ जनहित की अनदेखी पर महिला जिलाध्यक्ष ने उठाए सवाल

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** बारिश ने एक ओर जहां मौसम सुहाना बना दिया है, वहीं दूसरी ओर अयोध्या नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। भारी बारिश के चलते नालों के चोक होने, जलभराव, टूटी सड़कों और बिजली व्यवस्था के अभाव से नगरवासी बेहद परेशान हैं। इस बदहाल व्यवस्था को लेकर समाजवादी पार्टी की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने नगर निगम पर जमकर निशाना साधा।

सरोज यादव ने कहा कि बरसात आते ही नगर निगम की तैयारियों की सच्चाई सामने आ गई है। शहर के विभिन्न वार्डों में नालियां बजबजा रही हैं, जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, सड़कों की हालत जर्जर है और कई इलाकों में बिजली तक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधि सिर्फ चुनावों के समय जनता की समस्याओं को याद करते हैं, लेकिन जीतने के बाद सब कुछ भूल जाते हैं।

***41 गांव विकास से कोसों दूर***

सरोज यादव ने विशेष रूप से अयोध्या नगर निगम में हाल ही में समाहित किए गए 41 गांवों की बदहाली का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इन गांवों में न तो जलनिकासी की कोई व्यवस्था है, न ही सड़कें बनी हैं। बिजली की हालत भी चिंताजनक है। आश्चर्य की बात यह है कि इन इलाकों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, फिर भी नगर निगम टैक्स वसूल रहा है।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश सरकार अयोध्या के विकास का चाहे जितना ढिंढोरा पीट ले, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। राजश्री वाल्मीकि एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कई बार उतर चुके हैं, लेकिन एयरपोर्ट के नजदीकी इलाकों की दुर्दशा देखकर भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।


***महापौर के दौरे को बताया दिखावा***

सरोज यादव ने नगर निगम महापौर के वार्डों के निरीक्षण को दिखावा करार देते हुए कहा कि दौरे सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गए हैं। जमीनी स्तर पर कोई समाधान नहीं हो रहा। नगर निगम के पास समस्याओं का समाधान करने की इच्छाशक्ति नहीं है।

***जनता त्रस्त, प्रशासन मौन***

बारिश के चलते नालियों में गंदा पानी बह रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। कई मोहल्लों में बिजली और जलापूर्ति की व्यवस्था चरमरा गई है। सरोज यादव ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि वह तत्काल इस दिशा में ठोस कदम उठाए और नगर निगम की कार्यप्रणाली की जांच कर जनता को राहत पहुंचाए।

# जी.एस. कॉलेज ऑफ लॉ एक बार फिर विवादों में घिरा, प्रबंधक ए.के. तिवारी ने छात्रों को चेताया




अवधनामा संवाददाता

**बीकापुर-अयोध्या।** जी.एस. कॉलेज ऑफ लॉ एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। कॉलेज के प्रबंधक श्री ए.के. तिवारी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए छात्रों और अभिभावकों को आगाह किया है कि वर्तमान समय में कॉलेज के प्रबंधतंत्र को लेकर विभिन्न न्यायालयों में वाद विचाराधीन हैं।उन्होंने बताया कि प्रबंधतंत्र और ट्रस्ट के दस्तावेजों में भारी हेराफेरी और जालसाजी के गंभीर आरोप हैं, जिन पर आपराधिक मुकदमा दर्ज है और फिलहाल पुलिस जांच जारी है। तिवारी ने यह भी कहा कि मौजूदा प्रबंधन द्वारा बार काउंसिल ऑफ इंडिया (क्चष्टढ्ढ) के मानकों की घोर अवहेलना की जा रही है, जिससे कॉलेज की वैधानिकता और छात्रों का भविष्य दोनों ही संकट में हैं।प्रबंधक ने कॉलेज में कार्यरत शिक्षकों और प्राचार्य की योग्यता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाए हैं कि छात्रों को भ्रमित कर धोखे में रखा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में यदि किसी छात्र को किसी भी प्रकार की शैक्षणिक, विधिक या करियर संबंधी हानि होती है तो इसकी जिम्मेदारी कॉलेज नहीं लेगा, छात्र स्वयं ही इसके लिए उत्तरदायी होंगे।

# सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के परिसर में स्थित दुकानदारों के पुनर्वास की हो व्यवस्था : मनीष पांडेय

■ नोटिस जारी किए जाने की घटना से हिंदू महासभा हुई आक्रोशित जताया दुख

■ कहा कि दुकानदारों को पुनर्वास की हो व्यवस्था, हिंदूवादी नेता मनीष पांडेय ने मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**अयोध्या।** जिला प्रशासन द्वारा सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के परिसर में स्थित 26 दुकानों को नोटिस देकर तत्काल प्रभाव से खाली कराए जाने की घटना पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने गहरा दुख एवं आक्रोश व्यक्त किया है, हिंदूवादी नेता मनीष पांडेय द्वारा आज सीतापुर आई हॉस्पिटल के दुकानदारों से भेंट कर उन्हें पूरी तरह से आश्वस्त किया गया कि उनकी लड़ाई शासन और प्रशासन स्तर तक लड़ी जाएगी, हिंदूवादी नेता मनीष पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा एक पत्र तत्काल प्रभाव से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को प्रेषित किया गया है ,जिसमें उन्होंने कहा है कि जनपद अयोध्या में स्थित सीतापुर आई हॉस्पिटल परिसर में 26 दुकानों को जिला प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर दुकानों को तत्काल प्रभाव से खाली करने के लिए कहा गया है, नोटिस में कहा गया है की चुंकि नेत्र चिकित्सालय परिसर में 300 शय्याओं का हॉस्पिटल बनना है, इसीलिए चिकित्सालय को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है, इसलिए सभी दुकानदारों को तत्काल प्रभाव से दुकान खाली करवाने का नोटिस जारी हुआ है मुख्यमंत्री महोदय को प्रवेश प्रेषित पत्र में हिंदूवादी नेता मनीष पांडेय ने यह भी कहा है कि दुकान सभी आवंटियों को वर्ष 2000 से आमंत्रित की गई थी नोटिस में कहीं भी यह नहीं दर्शाया गया है कि दुकानदारों के पुनर्वास अथवा मुआवजे हेतु शान अथवा प्रशासन स्तर पर क्या किया जा रहा है, हिंदूवादी नेता मनीष पांडेय द्वारा यह भी कहा गया है कि सभी दुकान दार अपनी आजीविका को चलाने के लिए इन्हीं दुकानों पर निर्भर हैं ऐसे में अगर उनके पुनर्वास की व्यवस्था कराए बिना जबरदस्ती दुकानों को खाली कराया जाता है तो सभी परिवारों को भुखमरी के स्तर पर पहुंचने से कोई रोक, नहीं सकता है सभी दुकान के जीवन यापन का एकमात्र सहारा यही उक्त दुकानें हैं पत्र में उन्होंने यह भी कहा है कि सीतापुर नेत्र चिकित्सालय द्वारा सभी दुकानदारों को वर्ष 2000 में पत्र जारी कर सभी दुकानदारों को ?80000 लेकर दुकान का कब्जा प्रदान गया था, जिसका किराया प्रत्येक पांच माह की तारीख को दुकानदार डिमांड ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चेक के माध्यम से फैजाबाद जिला आई रिलीफ सोसायटी फैजाबाद की पक्ष में देते आए हैं, इसी के साथ-सा द सभी दुकानदारों से 30 साल का पत्ता इस स्तर पर हुआ है कि वह 30 साल बाद रिन्यूवल भी होगा।

## बारिश की बेरुखी से किसान परेशान : धान की रोपाई पर संकट

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईगंज तथा ग्रामीण क्षेत्र में इस समय बारिश की बेरुखी किसानों के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। मॉनसून का मौसम चल रहा है, लेकिन रुक-रुक कर और असंतुलित हो रही बारिश से खेतों में धान की रोपाई के लिए पर्याप्त पानी जमा नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर किसानों की मेहनत और उनकी आने वाली फसल पर पड़ रहा है।बारिश की कमी के कारण किसान अब पंपिंग सेट का सहारा लेने को मजबूर हैं। खेतों में पानी भरने के लिए डीजल और बिजली पर निर्भरता ने उनके खर्चों में भारी बढ़ोतरी कर दी है।

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत भाजपा लगाएगी 52 हजार पौधे

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान के तहत जिलेभर में लगभग 52 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। प्रत्येक पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी एक-एक कार्यकर्ता को दी जाएगी। इस अभियान की कार्ययोजना तैयार कर ली गई है। जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू को इसका प्रभारी बनाया गया है। अभियान प्रभारी कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू ने बताया कि जिले के 1653 बूथों पर प्रत्येक बूथ में 10 पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा बूथ समिति के प्रत्येक पदाधिकारी को एक पौधा सौंपा गया है, जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी उन्हीं को दी गई है। साथ ही शक्ति केंद्रों, मंडल एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों को भी पौधे प्रदान किए गए हैं, जिन्हें वे सार्वजनिक स्थलों जैसे विद्यालय, मंदिर, पंचायत भवन आदि पर रोपित करेंगे। यह अभियान 5 अगस्त तक चलाया जाएगा। अभियान के तहत सभी बूथों व अन्य पदाधिकारियों को पौधे उपलब्ध करा दिए गए हैं और रोपण का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

# दबंगों के अवैध निर्माण पर जिलाधिकारी की सख्ती, पीड़िता को मिला न्याय



अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** थाना हैदरगंज क्षेत्र के ग्राम बैंतीकला निवासी पीड़िता वेवा महिला कुसुम सिंह की वर्षों की न्याय की गुहार आखिरकार रंग लाई। जब कुसुम सिंह जिलाधिकारी निखिल फुंडे के समक्ष धरने पर बैठीं, तब जिलाधिकारी ने सिविल कोर्ट के स्थगन आदेश की अनदेखी कर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल बीकापुर के उपजिलाधिकारी विकासधर दुबे को फोन पर निर्देशित किया कि निर्माण कार्य तुरंत रोका जाए। सख्त लहजे में उन्होंने कहा, यदि कार्य नहीं रुका तो मुझे स्वयं मौके पर आना पड़ेगा।जिलाधिकारी के इस सख्त निर्देश के बाद एसडीएम बीकापुर ने थाना हैदरगंज पुलिस को फौरन अवगत कराते हुए निर्माण कार्य को रुकवाया। इसी के चलते, महिला के घर पहुंचने से पहले ही दबंग विपक्षी ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य ने मजदूरों को हटवा दिया और निर्माण रुकवा दिया।ज्ञात हो कि, कुसुम सिंह पिछले एक महीने से अधिक समय से अपने दो छोटे बच्चों के साथ कचहरी और अधिकारियों के चक्कर लगा रही थीं। उनके मकान के सामने दबंग विपक्षियों द्वारा सिविल कोर्ट के स्थगन आदेश की अवहेलना कर दिन-रात 100 से अधिक मजदूरों से निर्माण कार्य कराया जा रहा था।जिलाधिकारी की तत्परता से कुसुम सिंह को राहत मिली, उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह अब न्याय के लिए किए गए संघर्ष को सफल मानती हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर पांडे, विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार अशोक तिवारी ने भी जिलाधिकारी के इस संवेदनशील और साहसिक निर्णय की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

# वालंटियर रखेंगे भीड़ पर पैनी नजर, सीसीटीवी व ड्रोन से निगरानी

## पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने घुघली थाने का किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** आगामी मोहर्रम व सावन मास में निकलने वाले जुलूसों व धार्मिक आयोजनों को लेकर पुलिस प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा और निरीक्षण किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने थाना घुघली का आकस्मिक निरीक्षण किया।

श्री मीना ने निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, हवालात, भोजनालय, बैरक आदि का गहन अवलोकन किया गया। सभी त्यौहार व सुरक्षा संबंधी रजिस्टरों को भी जांचा गया और संबंधित पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निर्देश दिए कि मोहर्रम के प्रत्येक ताजिए की सुरक्षा व्यवस्था 24 घंटे के भीतर पुख्ता कर ली जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। भ्रम फैलाने वालों पर रहेगी नजर, अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। थाना व बीट स्तर पर वालंटियरों की तैनाती कराई जाएगी, जो जुलूस में शामिल लोगों पर नजर रखेंगे। जनपद में महत्वपूर्ण स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे सक्रिय किए गए हैं और जरूरत पड़ने पर ड्रोन कैमरों से भी निगरानी रखी जाएगी। बीट आरक्षियों को सतर्क रहने के निर्देश थाना स्तर पर बीट आरक्षियों व मुख्य आरक्षियों को अपने क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहने और संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों से संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## सड़क हादसे में दो की मौत दो घायल

**नौतनवा (महराजगंज)।** बृजमनगंज के हडियाकोट में एक ट्रक और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक पर सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोगों को गंभीर रूप से घायल अवस्था में सीएचसी बृजमनगंज में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिसवनिया विशुन पुर निवासी गणेश चौरसिया उम्र 26 वर्ष पत्नी खुशबू उम्र 25 वर्ष बेटी पायल उम्र 10 वर्ष व पड़ोसी रीना 35 वर्ष के साथ सुबह लगभग 11 बजे मोटरसाइकिल से फरेंदा की तरफ जा रहे थे। तभी हडियाकोट गांव के पास एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो जाने के कारण मोटर साइकिल दुर्घटना ग्रस्त हो गई तथा उसपर सवार दो महिलाओं की मौके पर ही मृत्यु हो गई। जबकि चालक गणेश व बेटी पायल गंभीर अवस्था में सीएचसी बृजमनगंज में भर्ती हैं। उक्त संदर्भ में थाना ध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है तथा विधिक कार्रवाई जारी है।

# विद्यालयों को मर्ज किए जाने के निर्णय को लेकर कांग्रेसियों ने जोरदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग 5000 (प्राइमरी एवं जूनियर) विद्यालयों को मर्ज किए जाने के निर्णय के विरोध में कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेसजनों ने जोरदार प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। प्रदर्शन में शामिल जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि जिस तरह से उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लगातार जन विरोधी कार्य कर रही है उससे प्रदेश का आम जनमानस पूरी तरह से त्रस्त हो चुका है। शिक्षा के साथ खिलवाड़ कर सरकार छोटे-छोटे बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल रही है। यह सरकार विद्यालयों को बंद कर बच्च्चों को शिक्षा से वंचित रखना चाहती है।महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा की जिन विद्यालयों में गरीबों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं उन्हें यह सरकार बंद कर ही है और वहीं दूसरी तरफ शराब की दुकानें खुलवाकर पूंजीपतियों की जेब की भरने का काम रही है। इससे स्पष्ट ही चुका है कि योगी सरकार की मंशा देश को किस दिशा में ले जाना चाहती है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह तथा रामदास वर्मा ने कहा कि सरकार के इस निर्णय के विरोध में आज जिला तथा महानगर कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शन किया गया है और अगर प्रदेश की इस तानाशाह सरकार ने अपना निर्णय नहीं बदत्ता ती कांग्रेस का यह आंदोलन भविष्य में एकवृहद रूप लेगा। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता सरकार की तानाशाही से डरने वाला नहीं है, जनता के हक की लड़ाई लड़ने के लिए एक-एक कार्यकर्ता संकल्पबद्ध है। जिला प्रवक्ता शीतला पाठक ने बताया कि ज्ञापन देने वालों में पूर्व विधायक माधव प्रसाद, शैलेंद्र मणि पांडेय , सुरेंद्र प्रताप सिंह सैनिक, राजकुमार पांडे,रुद्र प्रताप सिंह रिशु, प्रदीप निषाद, राम अवध पासी, दिनेश शुक्ला, विकास सिंह विक्की, रामकरण कोरी, बसंत मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, मोहम्मद आरिफ, धीरेंद्र प्रताप सिंह, राम बक्श रावत, संतोष तिवारी राज प्रताप सिंह ,प्रवीण श्रीवास्तव, बलराम मौर्य, राम उजागर कोरी, रामप्रताप आदि सम्मिलित रहे।

# वन राज्यमंत्री ने जूम मीटिंग के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों व स्वयंसेवियों से किया संवाद

**मंत्री ने सभी से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का किया आह्वान**

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश के वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को जूम मीटिंग के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों समेत स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से संवाद किया। उन्होंने सभी अधिकाधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर इस वर्ष प्रदेश में 35 करोड़ पौधों को रोपने का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान में राज्य सरकार के 27 विभागों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की गई है।

वन विभाग के कार्यालय में शुक्रवार को वन विभाग की एसडीओ वीना तिवारी की मौजूदगी में संपन्न जूम मीटिंग में प्रदेश के वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि यह सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का कार्य नहीं, बल्कि जनभागीदारी का उत्सव होगा, जिसमें ÷हर बच्चा, हर महिला, हर पुरुष और सभी सरकारी कर्मचारी÷ भाग लेगा। वन मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी 27 सहयोगी विभागों को वन विभाग की ओर से पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अभियान पूरी तरह व्यवस्थित हो और पौधारोपण के बाद उनकी सुरक्षा और सिंचाई की व्यवस्था भी बनी रहे। बताया कि 'एक पेड़ मां के नाम' और 'हर जन्म पर एक पौधा' की मुहिम चलाई गई है।

सरकारी अस्पतालों में जन्मे बच्चों के परिवारों को वन विभाग के अधिकारी एक पौधा और 'ग्रीन सर्टिफिकेट' देंगे। यह प्रमाणपत्र इस बात का प्रतीक होगा कि जिस दिन बच्चे का जन्म हुआ, उसी दिन पर्यावरण में एक हरियाली का योगदान भी हुआ। इस पहल के जरिए शुरू से ही बच्चों को प्रकृति से जोड़ने की कोशिश की जाएगी। परिजनों को एक पौधा सौंपा जाएगा जिसे वे अपने नवजात के नाम पर रोपें और उसका पालन-पोषण करें। यह विचार ÷हर जन्म के साथ हरियाली÷ को बढ़ावा देगा। इस मौके पर क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं युनानी अधिकारी डॉ. लक्ष्मण प्रसाद समेत अशोक त्रिपाठी, राणा प्रताप सिंह, अवधेश यादव, ओंकार नाथ मिश्रा, अभय शंकर, मो. अरमान, आकांक्षा पाठक, प्रीती उपाध्याय, प्रतिभा उपाध्याय की उपस्थिति रही।

# अंतर्राष्ट्रीय उड़ान अभी सपना, लाइसेंस की दरकार

**हवाई अड्डा कुशीनगर**

**बादल, बारिश या रात में उड़ान के लिए आईएफआर लाइसेंस आवश्यक**

शकील अहमद




**कुशीनगर।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे को उड़ान के लिए अभी एक और अत्याधुनिक सुविधा की दरकार रह गई है। वह है इस एयरपोर्ट के लिए आईएफआर (इंस्ट्रूमेंट फ्लाइट रूल्स) का लाइसेंस, जो अभी नहीं मिल पाया है। बादल, धुंध, बारिश या रात में सुरक्षित उड़ान के लिए इसका लाइसेंस होना अत्यावश्यक है। क्योंकि आईएफआर वे नियम हैं, जिनमें पायलट विमान को केवल कॉकपिट के इंस्ट्रूमेंट्स के आधार पर उड़ाता है। इसकी जरुरत तब पड़ती है, जब दृश्यता बहुत कम हो या मौसम खराब हो। स्पाइस जेट के विमानों की उड़ान के दौरान भी यह सुविधा इस एयरपोर्ट पर उपलब्ध नहीं थी।

20, अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन तो हो गया, दिल्ली से कुशीनगर और कुशीनगर से दिल्ली के लिए स्पाइसजेट की घरेलू उड़ान भी कुछ महीने हुई। आईएफआर की सुविधा न होने की वजह से स्पाइसजेट की उड़ान भी खराब मौसम या धुंध में रद्द करनी पड़ती थी। डेढ़ साल से अधिक समय इस एयरपोर्ट से उड़ान बंद हुए हो गया। वर्तमान जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर, जिला प्रशासन और एयरपोर्ट प्रयास से उड़ान पथ में आने वाले पेड़, सेलफोन टॉवर एवं प्रचालन क्षेत्र में बिजली के खंभों को हटाकर विमानों के सुरक्षित उड़ान में आ रही बाधा को दूर कर दिया गया है। इसके अलावा उड़ान पथ में आने वाले मकानों के संबंध में उच्च न्यायालय की तरफ से लगे स्थगनादेश को भी काफी हद तक हटा लिए जाने की जानकारी जिला प्रशासन की तरफ से दी गई है। इसी तरह हवाईअड्डे के आस-पास स्लॉटरिंग पर रोक, हवाईअड्डे और आस-पास के क्षेत्रों में कचरे का उचित निस्तारण, मांस-मछली की दुकानों से निकले अपशिष्ट के उचित निस्तारण, फ्लाइंग जोन में पक्षियों को आकर्षित करने वाले पदार्थों की रोकथाम और भवनों की ऊंचाई की स्थिति में कलर कोडिंग एवं जोनल मैपिंग का पालन कराया जा रहा है। डीजीसीए एवं एएआई अर्थात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण भी बीते जून महीने में सभी मानकों की जांच की जा चुकी है। यही नहीं बीते 30 जून को एयरपोर्ट एवं अन्य संबंधित विभागों के अफसरों के साथ बैठक के बाद इस एयरपोर्ट पर मॉकड्रिल करके सुरक्षा प्रबंधों को परखा जा चुका है। एयरपोर्ट फ्लाइट के लिए पूरी तरह तैयार है। लेकिन, इस एयरपोर्ट से सुरक्षित उड़ान के लिए अभी एक महत्वपूर्ण काम बाकी है। वह है इस अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सुरक्षित और सुगम उड़ान के लिए एफआईआर का लाइसेंस जो डीआईजीसीए की तरफ से जारी किया जाता है।

> एयरपोर्ट से सुरक्षित उड़ान के लिए आईएफआर का लाइसेंस जरुरी होता है, जो डीजीसीए की तरफ से जारी होता है। इसके लिए अप्लाई कर दिया गया है। क्योंकि इसके बिना खराब मौसम, धुंध या रात में कम दृश्यता की स्थिति में उड़ान संभव नहीं है। बाकी एयरपोर्ट विमानों की उड़ान के लिए पूरी तरह तैयार है। विमान पथ में आने वाले पेड़ों और सेलफोन टॉवरों को हटा दिया गया है। कोर्ट के सारे विवाद हल कर लिए हैं। विमान पथ में पड़ने वाला एक मकान का मसला कोर्ट में रह गया है, वह भी एक हफ्ते में सुलझ जाएगा।
>
> **महेंद्र सिंह तंवर, डीएम, कुशीनगर**

# इंसाफ के लिए लड़ी गई कर्बला की जंग

अवधनामा ब्यूरो

**मक्का ऐसा पवित्र स्थान है जहां किसी की भी हत्या करना हराम है**

**कुशीनगर।** मुहर्रम को शहादत और मातम का महीना कहा जाता है। एक तरफ इमामे हुसैन के शहीद होने पर गर्व का अनुभव कर उन्हें शहादत दी जाती है, तो वहीं धर्म के सच्चे अनुयायियों की हत्या किए जाने का मातम मनाया जाता है।

तारीखे -ए- इस्लाम में कर्बला की जंग हुई थी। इस जंग में इंसानियत और जुर्म के खिलाफ लड़ाई हुई थी। इस जंग में पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे ईमाम हुसैन और उनके 72 साथियों को शहीद कर दिया गया था। उस वक्त जब घोर अत्याचार का दौर आया, व मक्का से दूर जब सीरिया के गवर्नर यजीद ने खुद को खलीफा घोषित कर दिया। उसके काम करने का तरीका बादशाहों जैसा था। जो उस समय इस्लाम के खिलाफ था। लेकिन इमाम हुसैन उसे खलीफा मानने से इनकार कर दिए थे। इससे नाराज यजीद ने अपने राज्यपाल वलीद को एक फरमान लिखा कि तुम हुसैन को बुलाकर मेरे आदेश का पालन करने को कहो और वो नहीं माने तो उसका सर काटकर मेरे सामने पेश करो। यह खबर जब इमामे हुसैन को मिली तो इस पर हुसैन ने कहा कि मैं एक व्यभिचारी, भ्रष्टाचारी और खुदा रसूल को न मानने वाले यजीद का आदेश नहीं मान सकता। इसके बाद इमाम हुसैन मक्का शरीफ पहुंचे ताकि हज पूरा कर सकें। वहीं यजीद ने अपने सैनिकों को इमाम हुसैन के कत्ल करने के लिए भेज दिया। इस बात का पता इमाम हुसैन को चल गया। लेकिन मक्का ऐसा पवित्र स्थान है। जहां किसी की भी हत्या करना हराम है। इसलिए वो खून खराबे से बचने के लिए हज के बजाय उसकी छोटी प्रथा उमरा करके परिवार सहित इराक चले गए। मोहर्रम महीना की दो तारीख 61 हिजरी को हुसैन अपने परिवार के साथ करबला में थे। नौ तारीख तक यजीद की सेना को सही रास्ते पर लाने के लिए जोर आजमाइस करते रहे। लेकिन वो नहीं माने। इसके बाद हुसैन ने कहा कि तुम मुझे एक रात की मोहलत दो। ताकि मैं अल्लाह की इबादत कर सकूं। उस रात को आशूर की रात कहा जाता है। अगले दिन जंग में हुसैन के 72 अनुयाई शहीद हो गए और उनकी शहादत की याद में दुनिया भर में मुसलमान मोहर्रम मनाते हैं। मुहर्रम जिसे एक शहादत का पर्व भी कहा जाता है। इसका महत्व इस्लामिक धर्म में बहुत अधिक माना जाता है।

इस्लामिक कलेंडर के अनुसार यह साल का पहला महीना होता है। पैगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन और उनके अनुयायियों की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। मुहर्रम एक महीना है जिसमें इमाम हुसैन की याद में दस दिन शोक मनाया जाता है। इसी महीने में पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब मुस्तफा ने पवित्र मक्का से पवित्र नगर मदीना में हिजरत किया था। मुहर्रम के दिन कुछ मुस्लिम श्रद्धालु रोजा रखते हैं और अल्लाह से खुशी और परिवार सहित देश व दुनिया में सलामती की दुआ करते हैं।

# गरीब बच्चों के शिक्षा से दूर करना चाहती है भाजपा सरकार : शमीम अहमद



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रथामिक विद्यालय को युग्मन के नाम पर बन्द करके गरीबों मजदूरों दलितों पिछड़ों के बच्चों को शिक्षा से दूर करना चाहती है भाजपा सरकार को अपना फैसला वापस लेना चाहिए ।

उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने बांसी विधानसभा के गेराम मुकुनजोत में चौपाल दौरान कहा कि भाजपा सरकार के इस फैसले पर बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती जी ने अपने ट्विटर अकाउंट पर अपना विरोध दर्ज कराया और कहा कि बसपा सरकार बनने पर सभी विद्यालयों को फिर से चालू किया जाएगा जिससे बच्चों को शिक्षा प्रदान किया करने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।

इस दौरान बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय पर काम करने वाली बसपा सरकार जरूरी है आने वाले दिनों में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनने के लिए कार्यकर्ता संगठित होकर गांव-गांव जाकर बसपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों को बतायें। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी विनोद कुमार राव मोहम्मद कैफ ने अपने विचार व्यक्त किया इस दौरान गांव के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# टांडा में करोड़ों की लागत से बने अस्पताल से डॉक्टर ग़ायब

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर ।** टांडा में 90 करोड़ रुपये खर्च कर बना मातृ एवं शिशु चिकित्सालय आज 'कागजों में सुपरस्पेशलिटी, हकीकत में सिर्फ दीवारें' बनकर रह गया है। 2018 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरी झंडी दिखाई थी, उम्मीद थी कि टांडा के लोग बड़े शहरों जैसा इलाज पाएंगे – लेकिन हकीकत यह है कि महिला और बाल रोग के लिए एक भी विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है।

गर्भवती महिलाओं का इलाज सीएचसी के डॉ. रंजीत वर्मा के भरोसे, बच्चों की सेहत सीएचसी के डॉ. चंद्रमणि के जिम्मे – बाकी करोड़ों की बिल्डिंग में मरीज खुद ही उम्मीद का इलाज कर रहे हैं। हालात इतने कड़वे हैं कि रेडियोलॉजिस्ट से लेकर पैथोलॉजिस्ट तक का पद खाली पड़ा है। अस्पताल के अंदर एसी तो हैं, लेकिन डॉक्टर नहीं !

करीब दो लाख की आबादी वाला टांडा आज भी इसी अस्पताल से आस लगाए बैठा है। रोज 200 से 300 मरीज ओपीडी में लाइन लगाते हैं, चार से पांच प्रसव भी होते हैं – मगर डॉक्टरों की तैनाती 'जीरो'। स्टाफ नर्सों के 54 पदों में आधे खाली, नियोनेटोलॉजी नर्स एक भी नहीं।कहीं बजट खा गई फाइलें !

कहने को तो अस्पताल में सभी आधुनिक सुविधाएं हैं – पर चलाए कौन? जिन डॉक्टरों की तैनाती हुई थी, वे जॉइन ही नहीं कर पाए। नतीजा – करोड़ों खर्च कर भी सरकार अब सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। सीएमएस डॉ. अरविंद कुमार राय भी साफ कह चुके हैं कि अफसरों को कई बार हाल बताया, लेकिन शायद फाइलों ने ही सब चुप करा दिया।'अस्पताल में मशीनें हैं, डॉक्टर नहीं।

# आठवीं मोहर्रम पर निकला मातमी जुलूस

**बारिश की परवाह न करते हुए शिया समुदाय ने किया मातम**

**क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में रहा सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम**

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को क्षेत्र के हल्लौर में दरगाह हजरत अब्बास अस से सुबह कस्बे की दोनों कदीमी अंजुमन क्रमशः अंजुमन गुलदस्ता मातम रजि0 व अंजुमन फरोग मातम रजि0 के बैनर तले अलम का मातमी जुलूस निकाला गया। जुलूस कस्बे में भ्रमण करते हुए शाम 5ः00 डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर पहुँचा। यहाँ मातमदार नंगे पैर या हुसैन या अली व या अब्बास या सकीना की सदाए बुलंद करते हुए मातम करते रहे। मुख्य मार्ग पर मातम के बाद जुलूस कस्बे के अन्य हिस्सों से होता हुआ रात को दरगाह हज़रत अब्बास में पहुँचकर सपन्न हुआ।

**बारिश की परवाह न करते हुए शिया समुदाय ने किया मातम :** एक तरफ जहां लोग बारिश से बचने के लिए किसी सुरक्षित स्थान की खोज में लग जाते है वहीं मुख्य मार्ग पर मातमी दस्ते के पहुँचते ही लोग कतार बनाकर बारिश की परवाह न करते हुए करीब दो घंटे तक मातम कर अपने गम का इज़हार करते रहे।

**मातमदारों के लिए सबील हुसैन का व्यापक इंतज़ाम :** मुख्य मार्ग डुमरियागंज बस्ती मार्ग पर जगह जगह मातमदारों और बाहर से आये मातमी जुलूस देखने वालों के लिए सबीले हुसैन के नाम पर विभिन्न प्रकार के पेय पदार्थ के साथ पानी की बोतलें वितरित की गई।

**क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में रहा सुरक्षा का पुख्ता इंतज़ाम :** जुलूस में किसी प्रकार का व्यवधान न उत्पन्न हो इसके लिए क्षेत्राधिकारी वृजेश वर्मा के दिशा निर्देश पर मुख्य मार्ग का आवागमन बन्द कर दिया गया था साथ ही मुख्य मुख्य जगहों पर पुलिस की टुकड़ी की तैनाती की गई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत न आये इसका विशेष ध्यान रखा गया था।

**रात आठ बजे आयोजित हुई मजलिस :** कस्बा हल्लौर के दोनों कदीमी अंजुमनों के मातमदार नौहा पढ़ते मातम करते हुए रातकरीब आठ बजे दरगाह हज़रत अब्बास अस. में पहुँचा। जहाँ कदीमी मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत शजर हैदर ने अपने मख़सूस अंदाज़ में मीर अनीस का मर्सिया पेश किया। जिसे सुनकर लोग रो पड़े।

# हवाई पट्टी के पास अवैध निर्माण का खुलासा उडडयन विभाग की अनुमति के जारी एनओसी

अवधनामा संवाददाता

**जिम्मेदार अधिकारी जांच के घेरे में, प्रशासनिक चुप्पी पर उठे सवाल**

**अम्बेडकरनगर।** जनपद मुख्यालय अकबरपुर स्थित राजकीय हवाई पट्टी के निकट तेजी से हो रहे भवन निर्माण को लेकर एक बड़ा खुलासा सामने आया है। उड्डयन विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से न तो इन निर्माण कार्यों के लिए कोई एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) जारी किया गया है और न ही उनके पास इन निर्माणों से जुड़ी कोई आधिकारिक सूचना मौजूद है। ऐसे में यह बड़ा सवाल उठता है कि बिना विभागीय अनुमति के ये निर्माण किसके आदेश पर हो रहे हैं?

सूत्रों की मानें तो नगर पालिका परिषद अकबरपुर के अधिशासी अधिकारी द्वारा मनमाने तरीके से एनओसी जारी की जा रही है, और इसके बदले में भारी भरकम अवैध वसूली की भी चर्चाएं जोरों पर हैं। इस पूरे मामले में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता को भी नकारा नहीं जा रहा है। हवाई पट्टी के 500 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पहले उड्डयन विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति निर्माण कार्य न केवल अवैध है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और हवाई यातायात के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। उड्डयन विभाग के प्रभारी अधिकारी सुशील प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया है कि राजकीय हवाई पट्टी की परिसीमा में किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति नहीं दी जा सकती। बावजूद इसके निर्माण कार्य जारी हैं। विभाग द्वारा सूचना देने के बाद भी स्थानीय प्रशासन की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

> **गंभीर आरोप, फिर भी चुप्पी**
>
> खबर है कि उड्डयन विभाग की संपत्ति को बेचे जाने की सूचना भी सामने आई है, जो प्रशासनिक तंत्र की मिली भगत की ओर इशारा करती है। यह चर्चा जोरों पर है कि यह कार्य किसी दबंग व्यक्ति द्वारा जिला प्रशासन के संरक्षण में किया जा रहा है। सवाल यह भी उठता है कि जब यह खबर मीडिया में प्रकाशित हो चुकी है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई?

# शिया समुदाय के क्षेत्रों में या हुसैन की गूँज रही है सदा निकला मन्नती जुलूस दिलायी गयी नज़र ए गाज़ी अब्बास

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** आठवीं मुहर्रम को लश्कर -ए -हुसैनी हज़रत अब्बास की याद में मन्नती अलम व जगह-जगह मजलिसों व परम्परागत मातमी जुलूसों का सिलसिला जारी रहा।शिया समुदाय ने अपने घरों में हज़रत अब्बास अलमदार की नज्र दिलाई।

जाफराबाद स्थित बड़े इमामबाड़ा में सामूहिक नज्र नियाज़ का आयोजन किया गया।भाऊंकुआ में गुलाम अब्बास के नेतृत्व में निकले जुलूस में दर्जनों अंजुमनो ने नौहा ख्वानी पेश कर कर्बला के शहीदो को याद किया। जुलूस से पूर्व मौलाना रईस हैदर ने मजलिस को खिताब किया। जुलूस में अंजुमन हुसैनिया जाफराबाद, अंजुमन जीनत -ए- इस्लाम मुस्तफा बाद,जाफरिया कदीम, गुलशन- ए- इस्लाम मित्तूपुर ,जाफरिया मित्तूपुर ने नौहा मातम कर माहौल को गमगीन किया। सोनगांव में कदीर हसन के अजाखाने से मातमी जुलूस का आगाज़ मौलाना कर्रार हुसैन की मजलिस से हुआ। जुलूस में अंजुमन गुलशन -ए-इस्लाम,अंजुमन शमशीर -ए-हैदरी, अंजुमन तब्लीग -ए- अजा ने नौहा ख्वानी पेश किया। जुलूस में महमूदुल हसन,तहजीबुल हसन, आरिफ हुसैन, इब्ने हसन, मोहम्मद हाशिम आदि मौजूद रहे। ग्राम पंचायत उफरौली में सैय्यद अबुल हसन की ओर से 8 वीं मुहर्रम का जुलूस नमाज - ए -जुमा के बाद बरामद हुआ। मौलाना फरमान आब्दी बरेली ने मजलिस को खिताब किया।अलम व दुलदुल के साथ निकले जुलूस में अंजुमन लश्कर-ए-हुसैनी , रौनक ए इस्लाम मुस्तफा बाद, अंजुमन हैदरिया बसखारी ने देर रात तक नौहा मातम किया।आठवी मुहर्रम को नगर के जाफराबाद स्थित डॉ रमज़ान अली,इब्ने अब्बास गुलशन,हाजी गम्ख्वार हुसैन, डॉ सरदार मेंहदी, मोहम्मद रज़ा,हाजी लाडले गुड्डू टेंट हाउस के अजाखान पर मजलिसों में अजादारो का हुजूम रहा। अंजुमन जाफरिया,अंजुमन जुलफेकारिया, हुसैनिया आदि ने नौहा मातम पेश किया।

# गांव नडौरा में तालाब में डूबने से बच्चे की हुई मौत परिवार में मचा कोहराम

ग्राम्यवार्ता संवाददाता



**शोहरतगढ सिद्धार्थनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गांव नडौरा में एक दिन पहले गुरुवार को गायब हुए सात साल बच्चे की लाश शुक्रवार को गांव के ही तालाब में गोताखोर व ग्रामीणो के मदद से मिली। जिससे परिजनों मे कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नडौरा गांव के निवासी सूर्य प्रकाश शर्मा उर्फ छेदी की बड़ी लड़की ममता की शादी नौगढ़ तहसील के मधुकरपुर गांव में हुई थी। गर्मी के छुट्टी में अपनें बच्चों के साथ ममता अपनें मयका नडौरा गांव में आयी थी। गुरुवार को शाम 5 बजें के करीब अचानक ममता का सात वर्षीय लड़का पियुष शर्मा घर से गायब हो गया। जिस पर बच्चे के परिजनों व गांव के लोगों ने आस पास और रिस्तेदारो में बहुत खोजबीन की लेकिन बच्चा कही नहीं मिला। जिस पर बच्चे के नाना सूर्य प्रकाश शर्मा उर्फ छेदी ने शुक्रवार को शोहरतगढ थाने पर बच्चे के गुमशुदगी होने का तहरीर दिये। पुलिस भी खोजबीन में जुटी रही।जिस पर ग्रामीणों ने बताया कि गांव के उत्तर स्थित तालाब पर बच्चा अक्सर खेलने जाता था।शक के आधार पर बच्चे की नानी गांव के बीडीसी प्रतिनिधि संजय मिश्रा व प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्र से कही की गोताखोर आ जाये तो एक बार तालाब को देख लेते। जिस पर प्रधान संघ जिलाध्यक्ष डा0 पवन मिश्र व संजय मिश्रा ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ राहुल सिंह से गोताखोर द्वारा तालाब की तलाशी का आग्रह किये। एसडीएम के निर्देश पर फायर ब्रिगेड के साथ गोताखोर गांव में पहुंच कर गांव वालों के मदद से तालाब की जलकुंभी निकाल कर तालाब में बच्चा कों खोजनें लगें जिस पर तालाब के उत्तर किनारे से बच्चा का लाश मिल गया।

बच्चे का लाश मिलते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया।इस दौरान शोहरतगढ थानाध्यक्ष विन्देश्वरी मणि त्रिपाठी मय फोर्स, हल्का लेखपाल सुरेन्द्र भारती व फोरन्सिक टीम मौके पर मौजूद रही। पुलिस ने बच्चे के लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।मृत बच्चे का नाम पियुष शर्मा पिता का नाम रिंकू शर्मा निवासी नौगढ़ तहसील का गांव मधुकरपुर है। बच्चे के मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

# दबँगो ने युवक की पिटाई कर गाड़ी से कुचला अस्पताल मे भर्ती

**अम्बेडकरनगर।** भीटी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेनीपुर गांव में बुधवार को दबंगों की हैवानियत का खौफनाक चेहरा सामने आया। मामूली कहासुनी के बाद चार हमलावरों ने युवक को न सिर्फ बेरहमी से पीटा, बल्कि जान से मारने की नीयत से उसे गाड़ी से कुचल डाला। गंभीर रूप से घायल युवक का पैर टूटकर अलग हो गया और वह बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती है।

घटना को लेकर पीड़ित के भाई कक्कू निवासी खरगपुर ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई अमर सिंह (पुत्र नरेंद्र सिंह) 3 जून को किसी कार्य से बेनीपुर गांव गया था। वहां पहले से मौजूद हीडी पकड़िया के राजा पांडेय, विवेक सिंह, अवधेश और अनुराग तिवारी ने उसे घेर लिया और लाठी-डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अमर किसी तरह जान बचाकर भागा, लेकिन दबंगों ने पीछा करते हुए उसे सड़क पर गिरा दिया और गाड़ी से कुचल डाला।

# पूर्व मंत्री व अकबरपुर विधायक का पीके ट्रस्ट के अध्यक्ष ने जताया आभार

अवधनामा संवाददाता



**बसखारी अंबेडकरनगर।** पूर्व मंत्री विधायक अकबरपुर राम अचल राजभर एवं प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से 15 दिनों से गायब महिला सकुशल पूर्वक मिलने से परिजनों ने पूर्व मंत्री विधायक राम अचल राजभर एवं पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शरद यादव का आभार व्यक्त किया।

बताया जाता है कि यशोदा देवी पत्नी बाबूलाल यादव निवासी बेला मरकच्चो कोडरमा झारखंड को लेकर उनके परिजन नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा में स्थित मखदूम अशरफ के आस्ताने पर रूहानी इलाज के लिए लाए थे। महिला की दिमागी हालत भी ठीक न होने के कारण बीते 20 जून को महिला दरगाह परिसर से गायब हो गई।जिसकी सोशल मीडिया पर गुमशुदा की तलाश के नाम से परिजनों ने एक पोस्ट वायरल करवा कर अकबरपुर विधायक राम अचल राजभर से मदद मांगी थी जिस पर राम अचल राजभर ने प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष शरद यादव से पीड़ित परिजनों की मदद करने को कहा। विधायक के निर्देश पर सक्रिय हुई पीके चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम ने परिजनों से मुलाकात कर आसपास के क्षेत्र में महिला को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन महिला का पता नहीं चला। इसी बीच बीते गुरुवार को महिला के जौनपुर जनपद में होने की खबर मिली। जिस पर पीके चैरिटेबल ट्रस्ट के सदस्य राकेश सिंह ,मुकेश सिंह, दिनेश यादव, पवन कुमार,बाबूलाल यादव व परिजनों ने जौनपुर जनपद में गए तो पता चला कि महिला रेलवे स्टेशन के करीब बेहोशी की हालत में मिली थी।जिसको इलाज के लिए अस्पताल में ले जाया गया था। जौनपुर में स्थित पुलिस चौकी में लिखा पढ़ी के बाद महिला को परिजनों को सौप दिया गया। इसके बाद शनिवार की सुबह शरद यादव के आवास पूर्व मंत्री राम अचल राजभर भी पहुंचे। और परिजन और महिला से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। विधायक व ट्रस्ट के द्वारा महिला व महिला के परिजनों को खाने-पीने की व्यवस्था के साथ उनकी जरूरी मदद भी की गई।


## कांवड़ यात्रा में 'पहलगाम'

कांवड़-यात्रा 11 जुलाई से आरंभ हो रही है। इन सालों में जो सांप्रदायिक तनाव दिखा है, नफरत महसूस की है, कमोबेश 10 साल पहले ऐसा माहौल नहीं था। हालांकि हिंदू-मुसलमान भारतीय राजनीति का शाश्वत भाव रहा है, लेकिन कांवड़-यात्रा के दौरान मुसलमान भी शिव-भक्तों की खूब सेवा करते दिखाई दिए हैं। शिविर लगाए जाते रहे हैं, भोजन परोसा जाता है, मीठा पानी पिलाया जाता है, शिव-भक्तों के जख्मों की प्राथमिक चिकित्सा भी की जाती रही है। फिर ऐसा क्या हो गया कि हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं की तुलना पहलगाम के हत्यारे आतंकियों से करने की नौबत आ गई? उप्र और उत्तराखंड सरकारों ने आदेश जारी किए हैं कि कांवड़-यात्रा के मार्ग के ढाबे, होटल, रेस्तरां, दुकानदार, खोमचेवाले स्पष्ट नामपट्टिका लगाएंगे। लाइसेंस नंबर भी दिखाएं और पहचान-पत्र रखें। यानी स्पष्ट होना चाहिए कि ढाबे, होटल का मालिक हिंदू है अथवा मुस्लिम है! यह व्यवस्था बीते साल भी लागू की गई थी, ताकि कांवड़ियों की आस्था और श्रद्धा खंडित न हो। हरिद्वार और ऋषिकेश तक की अक्सर नंगे पांव की यह यात्रा हिंदुओं का बड़ा धार्मिक आयोजन है। जुलाई, 2024 में सर्वोच्च अदालत ने अंतरिम आदेश के साथ सरकार के निर्देशों पर रोक लगा दी थी। शीर्ष अदालत का फैसला था कि नामपट्टिका लगाना जरूरी नहीं है। अलबत्ता यह साफ-साफ लिखा जाना चाहिए कि ढाबे में शाकाहार या मांसाहार क्या उपलब्ध है? कांवड़-यात्री अपने पर्व के अनुसार, शाकाहार वाला ढाबा चुन सकेगा। लेकिन अदालत के फैसले को ठेंगा दिखाते हुए उप्र और उत्तराखंड की भाजपा सरकारों ने इस साल फिर आदेश जारी कर दिए। उसकी आड़ में हिंदू संगठनों के कुछ स्वयंभू हुड़दंगी राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित एक ढाबे की जांच के लिए आ धमके। दलीलें दी गई कि वह ढाबा मुस्लिम का था, लेकिन बोर्ड पर लिखा था-'पंडित का शुद्ध वैष्णो ढाबा।' यानी पहचान छिपाने का अपराध किया गया था। आरोप हैं कि हुड़दंगियों ने ढाबे के कर्मचारियों की पैंट उतरवा कर यह जांचने की कोशिश की कि वे हिंदू हैं या मुस्लिम हैं! विवाद यहीं से भड़का। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद एसटी हसन ने कहा कि इन और पहलगाम के आतंकियों में क्या फर्क है? दोनों तरह के आतंकियों ने धर्म की आड़ में कुकर्म किया।

फर्क सिर्फ इतना है कि पहलगाम के आतंकियों ने धर्म पूछ कर गोली मार दी और हिंदू पर्यटकों की हत्याएं कीं। कांवड़ियों के पैरोकारों ने पैंट ही उतरवाई थी। उस ढाबे पर यह घटना हुई अथवा उसे 'सांप्रदायिक मोड़' दे दिया गया, यह जांच पुलिस कर रही है। प्राथमिकी में 6 आरोपितों के नाम हैं। सभी हिंदूवादी संगठनों के बताए जा रहे हैं। इस घटना में एक स्वयंभू बाबा भी कूद पड़े हैं, जो उसी इलाके में योग-साधना सिखाते हैं। उन्होंने धमकी दी है कि यदि कोई केस बनाया गया, तो देश भर में आंदोलन छेड़ दिया जाएगा। बाबा ने पैंट उतारने की घटना को फर्जी करार दिया है। यहां बेहद गंभीर सवाल यह है कि क्या राज्य सरकारों की कानून-व्यवस्था बेलगाम और हिंदू दबंगइयों के हाथ है? उप्र देश का सबसे बड़ा राज्य है और राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी झटका लगा था। उसके बाद भाजपा नेता ऑफ दि रिकॉर्ड कहते रहे हैं कि हम ऐसा हिंदू-मुसलमान करेंगे कि सब देखते रह जाएंगे। क्या वही राजनीति सामने आ रही है? बहरहाल पुलिस विशेषज्ञों का मानना है कि इलाके के ढाबों, होटलों और खोमचेवालों के नाम, पिता का नाम, मोबाइल, पता आदि का संपूर्ण डाटा 'बीट कांस्टेबल' के पास होता है। तो फिर जांच के लिए छापामारी करने को हिंदू दबंगइयों को किसने निर्देश दिए थे? हरी झंडी दिखाई थी? यह हरकत आपराधिक और दंडनीय है, लेकिन माना जाता है कि ये कथित हिंदू हुड़दंगी एक निश्चित राजनीतिक संरक्षण में पलते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ऐसे असामाजिक तत्त्वों को 'आस्तीन के सांप' करार दिया था।

## महिलाओं के लिए गठित आंतरिक शिकायत समिति कितनी सफल और कितनी असफल

आज के युग में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर हर क्षेत्र में काम कर रही हैं। चाहे वह कॉर्पोरेट जगत हो, शिक्षा, चिकित्सा, या कोई अन्य पेशा, महिलाएं अपनी योग्यता और मेहनत से अपनी पहचान बना रही हैं। लेकिन कार्यस्थल पर उनकी सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना अभी भी एक चुनौती बना हुआ है।



चंद्रकांत सी. पूजारी

महिलाएं न केवल घर की जिम्मेदारियों को निभाती हैं, बल्कि कार्यस्थल पर भी कई तरह के शोषण और असुरक्षा का सामना करती हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा का सबसे बड़ा हिस्सा घरेलू हिंसा का है, लेकिन कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न भी एक गंभीर समस्या है। इसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (POSH Act) के तहत आंतरिक शिकायत समिति (Internal Complaints Committee - ICC) का गठन अनिवार्य किया है। यह समिति कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न को रोकने, शिकायतों की जांच करने और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए बनाई गई है। लेकिन सवाल यह है कि क्या यह समिति अपने उद्देश्यों में पूरी तरह सफल हो पाई है, या इसमें कुछ कमियां अभी भी बाकी हैं?

**आईसीसी का उद्देश्य और महत्व** : आंतरिक शिकायत समिति का गठन कार्यस्थल पर महिलाओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल प्रदान करने के लिए किया गया है। यह समिति न केवल यौन उत्पीड़न की शिकायतों की जांच करती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि कार्यस्थल पर महिलाएं बिना डर के अपनी जिम्मेदारियां निभा सकें। 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक संगठन में आईसीसी का गठन अनिवार्य है। यह समिति स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से कार्य करती है, ताकि शिकायतकर्ता को न्याय मिले और कार्यस्थल पर एक ऐसा वातावरण बने जहां महिलाएं बराबरी और सम्मान के साथ काम कर सकें। इसके अलावा, आईसीसी की मौजूदगी से कर्मचारियों में यौन उत्पीड़न के प्रति जागरूकता बढ़ती है, जिससे ऐसी घटनाओं में कमी आने की संभावना रहती है। आईसीसी की सफलता : कुछ वास्तविक उदाहरण- आईसीसी की सफलता के कई उदाहरण हैं, जो यह दर्शाते हैं कि यह समिति महिलाओं के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा बन सकती है।

उदाहरण -1 : कॉर्पोरेट कार्यस्थल में यौन उत्पीड़न का मामला- 2018 में, मुंबई की एक प्रमुख आईटी कंपनी में एक महिला कर्मचारी ने अपने वरिष्ठ सहकर्मी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया। उसने कंपनी की आईसीसी में शिकायत दर्ज की। समिति ने त्वरित और निष्पक्ष जांच की, जिसमें साक्ष्य एकत्र किए गए और दोनों पक्षों की बात सुनी गई। जांच के बाद, आरोपी को दोषी पाया गया और उसे नौकरी से निकाल दिया गया। साथ ही, पीड़िता को गोपनीयता और सहायता प्रदान की गई। इस मामले ने कंपनी में अन्य कर्मचारियों को भी यह विश्वास दिलाया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाएगा।

उदाहरण 2 : शैक्षणिक संस्थान में कार्रवाई- 2020 में, दिल्ली के एक विश्वविद्यालय में एक छात्रा ने अपने प्रोफेसर पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। विश्वविद्यालय की आईसीसी ने मामले की गहन जांच की और प्रोफेसर को निलंबित कर दिया गया। इस घटना ने अन्य छात्राओं को भी अपनी आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया और संस्थान में यौन उत्पीड़न के खिलाफ जागरूकता अभियान शुरू किया गया।इन उदाहरणों से स्पष्ट है कि जब आईसीसी निष्पक्ष और सक्रिय रूप से काम करती है, तो यह महिलाओं को न्याय दिलाने और कार्यस्थल पर सुरक्षित माहौल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। आईसीसी की असफलताएं : चुनौतियां और कमियां हालांकि, आईसीसी की राह में कई बाधाएं भी हैं, जो इसे पूरी तरह प्रभावी होने से रोकती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन को सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था।**

# पर्यावरण के रचनात्मक प्रशासन के जरिए सतत् हरित बदलाव

पर्यावरण कुजनेट्स वक्र (एनवायरनमेंट कुजनेट्स कर्व) से हासिल पर्यावरण के प्रशासन से जुड़ा पारंपरिक ज्ञान यह मानता है कि देश पहले विकास करते हैं और बाद में सफाई में जुटते हैं। यह अनुभवजन्य अंतर्दृष्टि अब विकसित हो चुके उन देशों के अनुभवों से प्रेरित है, जिन्होंने विकास की प्रक्रिया में संसाधन संबंधी जरूरतों को पूरा करने हेतु देश और विदेश में प्राकृतिक पर्यावरण का दोहन किया। लेकिन ऐसी सुविधा भारत जैसे देशों को नसीब नहीं है, जिन्हें अपनी विशाल आबादी की विकास संबंधी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अभी भी तेज गति से विकास करने की जरूरत है।



भूपेंद्र यादव

जब 2014 में एनडीए सत्ता में आई, तो चुनौती हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मूल सिद्धांतों 'सुधार, प्रदर्शन और बदलाव' - पर आधारित विकास एवं प्रगति को गति देने की थी। इन सिद्धांतों में जरूरत के हिसाब से पर्यावरण की सुरक्षा के सख्त उपायों से समझौता किए बिना 'व्यवसाय करने में आसानी' की सुविधा प्रदान करते हुए तेजी गति से विकास करना शामिल था। आज 2025 में, हम न सिर्फ इस चुनौती से निपट पाने में सफल रहे हैं बल्कि हमने शासन का एक ऐसा मॉडल तैयार किया है जिसे सारी दुनिया ने माना है। प्रधानमंत्री मोदी का दृष्टिकोण बिल्कुल साफ था इस प्रणाली को एक ऐसी प्रणाली में बदला जाए जो इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए फायदेमंद हो।

वर्ष 2014 में 'स्वच्छ भारत मिशन' की शुरुआत हमारी पहली बड़ी पहल थी। यह पहल स्वच्छता से आगे बढ़कर कचरे के प्रबंधन व पर्यावरण के संरक्षण के लिए एक व्यापक ढांचा स्थापित करने तक जा पहुंची। इस मिशन ने पर्यावरण से जुड़ी चिंताओं को सामाजिक विकास के साथ जोड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाया। इस मिशन को सभी नागरिकों को शामिल करते हुए एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया गया था और एक स्वच्छ एवं संसाधन के मामले में अपेक्षाकृत अधिक कुशल भारत की चाहत को आगे बढ़ाया गया था। विभिन्न शहरों में नागरिकों को पारदर्शी तरीके से वास्तविक समय में वायु की गुणवत्ता की निगरानी से जुड़ी सुविधा प्रदान करने के तुरंत बाद राष्ट्रीय वायु गुणवत्ता सूचकांक का शुभारंभ किया गया। वर्ष 2014 में शुरू की गई 'मेक इन इंडिया' पहल में भी कड़े पर्यावरण अनुपालन मानकों को शामिल किया गया। इससे यह साबित हुआ कि हम इकोलॉजी की स्थिरता को बनाए रखते हुए मैन्यूफैक्चरिंग को अपेक्षाकृत बड़े पैमाने पर और तेज गति से बढ़ावा दे सकते हैं। ऊर्जा संबंधी दक्षता को बढ़ावा देने और ऊर्जा पर आधारित अधिक संख्या में उद्योगों को शामिल करने के उद्देश्य से 2015 में प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (पीएटी) योजना का विस्तार किया गया। इससे



ऊर्जा संबंधी दक्षता के लिए एक बाजार-आधारित तंत्र का निर्माण हुआ।

कचरे के कारगर प्रबंधन, संसाधन संबंधी दक्षता में बढ़ोतरी और चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 2016 से कचरे के प्रबंधन के सभी प्रमुख नियमों को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण का बुनियादी सिद्धांत बाजार आधारित तंत्र और प्रदूषक द्वारा भुगतान के सिद्धांत पर आधारित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व से जुड़े ढांचे पर निर्भरता में निहित है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियम, ई-कचरा प्रबंधन नियम तथा टायर, बैटरी एवं प्रयुक्त तेल अपशिष्ट प्रबंधन नियम आदि इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर तैयार किए गए थे। इससे एक ऐसे इकोसिस्टम का निर्माण हुआ, जिसके तहत विभिन्न सामग्रियों के लगभग 4,000 पुनर्चक्रणकर्ताओं को पंजीकृत पुनर्चक्रणकर्ताओं के रूप में अनौपचारिक क्षेत्र से हटाकर औपचारिक क्षेत्र में लाया गया है। इस कदम से वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 1600 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में शुरू किए गए विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) पोर्टल चक्रीय अर्थव्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, कुल 61,055 उत्पादकों ने प्लास्टिक पैकेजिंग, ई-कचरा, बेकार टायर, बैटरी के कचरे और प्रयुक्त तेल के क्षेत्र में काम करने हेतु ईपीआर पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। अपशिष्ट नियम, 2022 के प्रकाशन और ईपीआर पोर्टल की शुरूआत के बाद, शोधित अपशिष्ट की मात्रा वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन नियमों के प्रकाशन से पहले 3.6 एमएमटी प्रति वर्ष की तुलना में बढ़कर 127.48 एमएमटी प्रति वर्ष हो गई है। यह सभी हितधारकों के सहयोग एवं समर्थन से संभव हुआ है।

प्रक्रियागत देरी में कमी लाने और एक व्यापक पर्यावरणीय मूल्यांकन करने के उद्देश्य से 2018 में 'परिवेश' (प्रो-एक्टिव एंड रिस्पॉन्सिव फैसिलिटेशन बाई इंटरएक्टिव, वर्चुअस एंड एनवायरनमेंटल सिंगल-विंडो हब) नाम के एक ऑनलाइन आईटी टूल का शुभारंभ किया गया। प्रधानमंत्री मोदी के 'डिजिटल इंडिया' के विजन को साकार करते हुए, इस डिजिटल प्लेटफॉर्म ने व्यवसाय जगत और पर्यावरण नियामकों के बीच के संवाद में क्रांतिकारी बदलाव ला दिया है। 'परिवेश' ने पर्यावरण संबंधी मंजूरी की बोझिल एवं कागज-आधारित प्रक्रिया को एक सुव्यवस्थित एवं मजबूत डिजिटल अनुभव में बदल दिया है। इस दृष्टिकोण ने जहां पर्यावरण से जुड़े सख्त मूल्यांकन को बनाए रखा है, वहीं इस प्रक्रिया में लगने वाले समय में काफी कमी ला दी है और पारदर्शिता को बढ़ाया है।

वर्ष 2019 में शहरों पर केन्द्रित कार्य योजनाओं से लैस 'राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम' (एनसीएपी) के आधिकारिक शुभारंभ ने हमें नीति निर्माता एवं नियामक से बदलकर अमल करने वाला बना दिया है। एनसीएपी का लक्ष्य 2025-26 तक पीएम10 सांद्रता में 40 प्रतिशत की कमी लाना या आधार वर्ष 2017-18 की तुलना में 60 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर के राष्ट्रीय मानक को हासिल करना है। एनसीएपी के साथ-साथ सीपीसीबी ने एनसीएपी के तहत आने वाले 131 शहरों में वायु की गुणवत्ता के रुझान की बारीकी से निगरानी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे वायु की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हुई है। वर्ष 2021 में, गैर-प्राप्ति वाले शहरों में वायु गुणवत्ता के नियमन हेतु पोर्टल (पीआरएएनए) को कागज रहित परियोजना प्रबंधन के एकल बिंदु वाले वेब-आधारित उपकरण के रूप में शुरू किया गया। इससे स्वच्छ वायु से जुड़े उपायों के कार्यान्वयन की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर नजर रखना संभव हो सकेगा। 1 जुलाई, 2022 से एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध और 31 दिसंबर 2022 से 120 माइक्रोन से अधिक मोटाई वाली प्लास्टिक शीट पर प्रतिबंध ने जहां पर्यावरण के क्षेत्र में साहसिक नेतृत्व का परिचय दिया।

# दलाई लामा के चयन पर चीन का साजिशपूर्ण हस्तक्षेप

**वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है।**

तिब्बत के आध्यात्मिक नेता एवं वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो की उत्तराधिकार प्रक्रिया न केवल बौद्ध धर्म और तिब्बत की संस्कृति से जुड़ा विषय है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय राजनीति, मानवाधिकार और भारत-चीन संबंधों के संदर्भ में भी अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। चीन द्वारा इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का प्रयास न केवल धार्मिक स्वतंत्रता का हनन है, बल्कि यह वैश्विक जनमत की भी अवहेलना है। इन स्थितियों में उत्तराधिकार के मसले पर भारत की भूमिका एक निर्णायक मार्गदर्शक के रूप में उभरती है और इसे दृष्टि में रखते हुए भारत ने दलाई लामा का पक्ष लिया है। ऐसा करने में कुछ भी अप्रत्याशित नहीं हैं। भारत शुरू से तिब्बतियों के अधिकार, उनके हितों और उनकी परंपराओं व मूल्यों के समर्थन में खड़ा रहा है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का बयान चीन के लिए यह संदेश भी है कि इस संवेदनशील मसले पर उसकी मनमानी नहीं चलेगी। चीन, दलाई लामा के उत्तराधिकारी के चयन में हस्तक्षेप करने की कोशिश कर रहा है, यह दावा करते हुए कि यह धार्मिक और ऐतिहासिक प्रक्रिया का हिस्सा है। हालांकि, दलाई लामा और तिब्बती समुदाय का कहना है कि यह अधिकार केवल उनके पास है और चीन का हस्तक्षेप धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। चीन, 'स्वर्ण कलश' प्रणाली का उपयोग करके अपने पसंदीदा उम्मीदवार को स्थापित करना चाहता है। चीन का कहना है कि



ललित गर्ग

दलाई लामा का उत्तराधिकारी चुनने का अधिकार उसे 'स्वर्ण कलश' प्रणाली के माध्यम से है, जो 1793 में किंग राजवंश के समय से चली आ रही है। इस प्रणाली में, संभावित उत्तराधिकारियों के नाम एक कलश में डाले जाते हैं और फिर एक नाम निकाला जाता है।

दलाई लामा केवल तिब्बत के धार्मिक नेता नहीं हैं, वे तिब्बती अस्मिता, स्वतंत्रता और आत्म-सम्मान के प्रतीक हैं। वर्तमान 14वें दलाई लामा, तेनजिन ग्यात्सो, 1959 में चीन की दमनकारी नीतियों के कारण तिब्बत छोड़कर भारत आए और धर्मशाला में निर्वासित तिब्बती सरकार की स्थापना हुई। भारत ने न केवल उन्हें शरण दी, बल्कि एक शांतिपूर्ण संघर्ष के पथप्रदर्शक के रूप में वैश्विक स्तर पर उनके विचारों को मंच भी प्रदान किया। वर्तमान दलाई लामा ने इस पद के लिए अगले शख्स को चुनने की सारी जिम्मेदारी गाडेन फोडरंग ट्रस्ट को दे दी है। उन्होंने कहा है कि इस मामले में किसी और को हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है। उनका इशारा चीन की ओर था। रिजिजू ने भी इस बात का समर्थन किया है। वहीं, चीन ने इस मसले में साजिशपूर्ण हस्तक्षेप करते हुए कहा है कि उत्तराधिकारी का चयन चीनी मान्यताओं के अनुसार और पेइचिंग की मंजूरी से होना चाहिए। चीन दलाई लामा की उत्तराधिकार प्रक्रिया पर नियंत्रण चाहता है ताकि तिब्बती जनता को अपने ही धार्मिक नेता से अलग किया जा



सके। 2007 में चीनी सरकार ने एक 'धार्मिक मामलों पर नियंत्रण कानून' लागू किया जिसके अंतर्गत दलाई लामा जैसे धार्मिक नेताओं की नियुक्ति भी राज्य की अनुमति से ही संभव बताई गई। यह न केवल बौद्ध धर्म के सिद्धांतों के विरुद्ध है, बल्कि यह तिब्बती जनता की आस्था और पहचान का गला घोंटने जैसा है।

1959 में जब दलाई लामा को कम्युनिस्ट सरकार के दमन के चलते भारत में शरण लेनी पड़ी थी, तब से हालात बिल्कुल बदल गए हैं- चीन बेहद ताकतवर हो चुका है और तिब्बत कमजोर। इसके बाद भी अगर तिब्बत का मसला जिंदा है, तो वजह हैं दलाई लामा। चीन इसे समझता है और इसी वजह से इस पद पर अपने प्रभाव वाले किसी शख्स को बैठाना चाहता है। चीन की योजना यह है कि जब वर्तमान दलाई लामा का देहांत हो, तो वह अपनी पसंद का एक 'दलाई लामा' घोषित करे, जिसे वैश्विक समुदाय भले ही स्वीकार न करे, लेकिन चीन उसकी पहचान को जबरन वैधता प्रदान करे। यह एक राजनीतिक कठपुतली खड़ी करने जैसा है, जिससे तिब्बत पर उसका शासन वैचारिक रूप से मजबूत हो सके। लेकिन भारत, जो दलाई लामा और तिब्बती निर्वासित समुदाय का स्वागत करता रहा है, अब उस नाजुक मोड़ पर है जहाँ केवल नैतिक समर्थन पर्याप्त नहीं होगा। चीन की विस्तारवादी नीति और आक्रामक कूटनीति को देखते हुए भारत को अपनी रणनीतिक स्थिति स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करनी होगी। चीन ने तिब्बत की पहचान को मिटाने की हर मुमकिन कोशिश कर ली है। दलाई लामा के पद पर दावा ऐसी ही एक और कोशिश है। उसकी वजह से यह मामला धर्म से आगे बढ़कर वैश्विक राजनीति का रूप ले चुका है, जिसका असर भारत और उन तमाम जगहों पर पड़ेगा, जहां तिब्बत के लोगों ने शरण ली है। भारत पर तो चीन लंबे समय से दबाव डालता रहा है कि वह दलाई लामा को उसे सौंप दे। चीन और तिब्बत की लड़ाई भारतीय भूमि पर दशकों से चल रही है और नई दिल्ली-पेइचिंग के बीच तनाव का एक बड़ा कारण बनती रही है। दलाई लामा की घोषणा के अनुसार, उनका उत्तराधिकारी तिब्बत के बाहर का भी हो सकता है- अनुमान है कि भारत में मौजूद अनुयायियों में से कोई एक, तो यह तनाव और बढ़ सकता है। लेकिन, इसमें भारत के लिए मौका भी है। वह चीन पर कूटनीतिक दबाव डाल सकता है, जो पहलगाम जैसी घटना में भी पाकिस्तान के साथ खड़ा रहा और बॉर्डर से लेकर व्यापार तक, हर जगह राह में रोड़े अटकाने में लगा है।

धर्मशाला, जहाँ वर्तमान दलाई लामा रहते हैं, अब विश्व स्तर पर तिब्बती संस्कृति एवं बौद्ध परंपराओं का केंद्र बन गया है। भारत को इस केंद्र को आधिकारिक मान्यता देनी चाहिए और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर इस धार्मिक स्वतंत्रता के प्रश्न को उठाना चाहिए। अब जबकि दलाई लामा स्वयं कह चुके हैं कि उनके उत्तराधिकारी का चयन भारत में हो सकता है तो भारत सरकार को इस पर एक स्पष्ट नीति बनानी चाहिए कि वह चीन द्वारा घोषित किसी भी 'नकली' दलाई लामा या अनुचित हस्तक्षेप को मान्यता नहीं देगा। भारत को अमेरिका, जापान, यूरोपीय संघ जैसे लोकतांत्रिक देशों के साथ समन्वय स्थापित करके इस विषय पर वैश्विक समर्थन, कूटनीतिक दबाव और अंतरराष्ट्रीय समन्वय तैयार करना चाहिए। अमेरिका भी पहले ही कह चुका है कि दलाई लामा का उत्तराधिकारी केवल तिब्बती परंपराओं के अनुसार चुना जाएगा। अमेरिका में तिब्बती बौद्धों की धार्मिक स्वायत्तता को लेकर डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी दोनों ही मुखर रही हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी सरकार अगले दलाई लामा के चयन में चीन के दखल को भी अमान्य करार देती आई है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के संस्थापक माओत्से तुंग की कमान में चीनी सेना लंबे समय तक तिब्बत पर कब्जे की कोशिश में जुटी रही। इसके खिलाफ जब दलाई लामा के नेतृत्व में तिब्बती बौद्धों ने आवाज उठाई तो चीनी सेना ने इसे बर्बरता से कुचल दिया। इसके बाद 1959 में चीन के तिब्बत पर कब्जा करने के बाद दलाई लामा तिब्बतियों के एक बड़े समूह के साथ भारत आ गए और यहां से ही तिब्बत की निर्वासित सरकार का संचालन करने लगे।

# बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण से बेचैन हुआ विपक्ष

**भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है।**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इन्टेन्सिव रिवीजन – एस.आई.आर.) का काम शुरू हो गया है। चुनाव आयोग के मुताबिक उसकी इस पहल का मकसद मतदाता सूची को शुद्ध और वास्तविक बनाना है। हालांकि, विपक्षी दलों ने मतदाता सूची में छेड़छाड़ के व्यापक आरोप लगाए हैं। लगभग सभी ने एसआईआर का विरोध किया है और कहा है कि इससे मताधिकार से वंचित होने का गंभीर खतरा है। बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर 7.89 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। राज्य में इसी साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं।



डॉ. आशीष वशिष्ठ

बिहार में इस तरह का आखिरी गहन संशोधन 2003 में किया गया था। चुनाव आयोग ने कहा कि बिहार में 2003 की मतदाता सूची को फिर से वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, जिसमें 4.96 करोड़ लोगों के नाम हैं। इनमें शामिल लोगों को जन्मतिथि या जन्मस्थान साबित करने के लिए दस्तावेज नहीं देने होंगे। बाकी 3 करोड़ मतदाताओं को प्रमाण के लिए दस्तावेज देने होंगे। वोटिंग लिस्ट में ये संशोधन ऐसे वक्त किए जाने हैं जब बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं. ऐसे में विपक्षी पार्टियां इस पर नाराज़गी जता रही हैं। इस मसले पर विपक्ष की ओर से एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई थी, जिसमें बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कई मुद्दे उठाए थे और व्यावहारिक समस्याएं बताई थीं।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस कदम को एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर) से भी ज्यादा खतरनाक बताया और आरोप लगाया कि उनका राज्य, जहां अगले साल चुनाव होने हैं, असली लक्ष्य है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 जून को महाराष्ट्र की मैच फिक्सिंग के बारे में कई बातें लिखी थीं। उन्होंने लिखा था, क्योंकि महाराष्ट्र की यह मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी दोहराई जाएगी और फिर वहां भी, जहां-जहां बीजेपी हार रही होगी। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने 28 जून को कहा कि चुनाव आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पिछले दरवाजे से एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) लाने का एक भयावह कदम है। इससे पहले ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने इसको लेकर सवाल उठाए। उन्होंने 27 जून को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, निर्वाचन आयोग बिहार में गुप्त तरीके से एनआरसी लागू कर रहा है। जबकि सत्तारूढ़ दलों ने इसे पूर्व की चुनावी धांधली पर चुनाव आयोग की सख्ती के साथ पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा



कदम बताया है। महागठबंधन के प्रमुख घटक दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 2003 में जब मतदाता सूची का पुनरीक्षण हुआ था तो उसमें दो साल लगे थे और तब साढ़े चार करोड़ से कुछ ज्यादा मतदाता थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) का मानना है कि विधानसभा चुनाव से एक महीने पहले सघन पुनरीक्षण अभियान संभव नहीं है। राजद नेताओं ने सवाल उठाया कि अगर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की इतनी आवश्यकता है, तो यह केवल बिहार में ही क्यों किया जा रहा है? क्या देश के अन्य राज्यों को इसकी जरूरत नहीं है? नेताओं ने आरोप लगाया कि यह पूरी प्रक्रिया बिहार को निशाना बनाने की एक सोची-समझी रणनीति है। संविधान का अनुच्छेद 324 (1) भारत के निर्वाचन आयोग को संसद और राज्य विधानसभाओं के - चुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने और उनके संचालन के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण की शक्ति देता है। गहन पुनरीक्षण में मतदाता सूची को नए सिरे से तैयार किया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग बिहार के बाद, चुनाव आयोग इस वर्ष के अंत तक 2026 में चुनाव होने वाले पांच राज्यों में मतदाता सूचियों की इसी प्रकार की समीक्षा करेगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले वर्ष मई-जून में समाप्त हो रहा है। ध्यान रहे पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। राजनीतिक हलकों में इस बात की जोरों से चर्चा है कि बिहार के बाद मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की बारी पश्चिम बंगाल की होगी। तभी पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है। तृणमूल कांग्रेस को यह चिंता सता रही है कि अगर चुनाव आयोग ने चुनिंदा विधानसभा क्षेत्रों में टारगेट करके मतदाताओं के नाम काटे तो उसका फायदा भाजपा को होगा। पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है, जिसके बारे में भाजपा आरोप लगाती है कि इनमें बड़ी संख्या बांग्लादेशी और रोहिंग्या की है। इनका वोट एकमुश्त तृणमूल को जाता है। हर क्षेत्र में 10 से 20 हजार नाम अगर कट जाते हैं तो तृणमूल को उसका बड़ा नुकसान होगा। हालांकि बिहार से उलट पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के नेता ज्यादा जागरूक और सक्रिय हैं। वे आसानी से नाम नहीं कटने देंगे। पिछले कई महीनों से वे खुद घर घर जाकर सब चेक कर रहे हैं। बिहार की राजनीति को करीब से जानने वालों के अनुसार, निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

# 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन के लिए होगा सर्वे

अवधनामा संवाददाता



- जुलाई, अगस्त और सितंबर में होगा डोर टू डोर सर्वे
- 151 जर्जर विद्यालयों का होगा ध्वस्तीकरण, कराया जाएगा पुनर्निर्माण

**ललितपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा उ.प्र. लखनऊ के द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में को बेसिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में दिव्यांग बच्चों के प्रमाण पत्र, आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन, नामाकन, पंजीकरण एवं जर्जर भवन, विद्युत संयोजन, हाई टेंशन लाईन से संबंधित विन्दुओं पर चर्चा की गयी, जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा समस्त बिन्दुओं पर प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि 1041 चिन्हित दिव्यांग बच्चों के सापेक्ष 654 दिव्यांग बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ब्लॉक स्तर एवं संकुल स्तर पर सघन कैम्प का आयोजन कर समस्त दिव्यांग बच्चों का प्रमाण पत्र जारी किया जाये, इसके लिए मेडिकल बोर्ड का गठन कर लें, जिसमें ऑर्थोपेडिक ईएनटी, आई सर्जन, मनोचिकित्सक व चाइल्ड स्पेशलिस्ट अनिवार्य रूप से रहें। बैठक में 6 से 14 वर्ष आयुवर्ग के आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन, नामांकन, पंजीकरण हेतु परिवार सर्वेक्षण दो चरणों में किया जायेगा प्रथम चरण 01 से 31 जुलाई 2025 तक एवं दूसरा चरण 16 अगस्त से 15 सितम्बर 2025 तक विद्यालय के प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, बी.टी.सी. प्रशिक्षुओं के द्वारा घर-घर जाकर परिवार सर्वेक्षण का कार्य किया जायेगा, इस पर जिलाधिकारी निर्देश दिए कि माध्यमिक विद्यालयों में किए जा रहे सर्वे की तर्ज पर परिषदीय विद्यालयों हेतु आउट ऑफ स्कूल बच्चों का सर्वे किया जाए उसके लिए उन्होंने अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए निर्देश दिए की वह प्रतिदिन किसी न किसी गांव का सर्वे अवश्य करें। जर्जर विद्यालयों के ध्वस्तीकरण व पुनर्निर्माण के संबंध में बताया गया कि जनपद में तकनीकी टीम द्वारा 218 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया जिनमें से 151 विद्यालय जर्जर घोषित किए गए जिनका पुनर्निर्माण किया जाना है। जनपद में 77 ऐसे विद्यालय हैं जिनके ऊपर से हाई टेंशन विद्युत लाइन गुजर रही है इनमें से 8 विद्यालयों की विद्युत लाइन शिफ्ट की जा चुकी है, 69 विद्यालय शेष हैं, इस पर डीएम ने निर्देश दिए कि अवशेष विद्यालयों में से न्यूनतम धनराशि की आवश्यकता वाले 10 विद्यालयों का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए ताकि फर्स्ट फेज में उनका कार्य कराया जा सके।

## परिषदीय विद्यालय को बंद करने का निर्णय वापस ले सरकार : आप

**मथुरा।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश सरकार के 16 जून के आदेश जिसके तहत प्रदेश में 27000परिषदीय विद्यालयों को बंद करने की साजिश की जा रही है का घोर विरोध करते हुए आदेश को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। इस संबंध में आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश भर में अपना आंदोलन चल रही है तथा जहां-जहां स्कूल बंद हो रहे हैं वहां की जनता के साथ संवाद, संबंध स्थापित करके विरोध को तेज करने का काम कर रही है। मथुरा में 68 विद्यालयों को बंद करने का निर्देश प्रभारी बीएसए द्वारा दिया जा चुका है जो कि बेहद ही चिंतनीय है तथा शिक्षा के अधिकार के विरुद्ध है। भारत में शिक्षा का संवैधानिक अधिकार है जिसे उत्तर प्रदेश सरकार असंवैधानिक रूप से षड्यंत्र करके छीनने का काम कर रही है। जिस देश में 80 करोड लोग 5 किलो राशन पर निर्भर करते हो वहां पर शिक्षा के अधिकार को छीनने का षड्यंत्र करना भी गरीबों के प्रति घोर अन्याय है।

## पशु चिकित्सा विवि ने दो अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप के साथ किया एमओयू

अवधनामा संवाददाता

शिक्षा एवं शोध को मिलेगा बढ़ावा



**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान मथुरा ने दो अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप कंपनियों ओकेमी बायो साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड और एक्यूवेंस इंडिया के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये ।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी प्रो. देश दीपक सिंह ने बताया कि यह समझौता विश्वविद्यालय एवं उद्योग के बीच सहयोग को सशक्त बनाने, उन्नत शोध इंटर्नशिप और विद्यार्थियों के व्यावसायिक कौशल विकास के उद्देश्य से किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार मदान की उपस्थिति में हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कंपनियों की ओर से ओकेमी बायो साइंसेज की सीईओ डॉ. सलोनी गोडबोले तिवारी एवं एकुवेन्स इंडिया के सीईओ डॉ. अरविंद गौतम उपस्थित रहे और उन्होंने कुलपति के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इस सहयोग के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्र उन्नत बायो साइंसेज एवं एनालिटिकल तकनीक के प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे और उन्हें उद्योग से जुड़ी परियोजनाओं एवं इंटर्नशिप में भाग लेने का अवसर मिलेगा। यह साझेदारी विश्वविद्यालय को नवाचार तकनीकी विकास और उद्योगों मुखी अनुसंधान के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। दोनों कंपनी विश्वविद्यालय के साथ मिलकर शोध परियोजनाएं संचालित करेगी। जिससे नवीन उत्पादों एवं प्रक्रियाओं का विकास संभव हो सकेगा।

## मथुरा में बांके बिहारी सेवा समिति ने कराया 21 कन्याओं का सामूहिक विवाह

**मथुरा।** भगवान श्री कृष्ण की जन्मस्थली कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश के जनपद मथुरा में शुक्रवार को भड़रिया नौमी के पर्व पर बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा 21 वर कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन द्वारा संपन्न कराया गया इस दौरान कस्बे का माहौल काफी उत्साहित नजर आया विवाह से पूर्व नगर में 21 दूल्हों की बारात निकाली गई बांके बिहारी सेवा समिति समय समय पर समाज कल्याण के कार्य कराती रहती है शुक्रवार को बांके बिहारी सेवा समिति द्वारा सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कराया गया सामूहिक विवाह समारोह में 21 गरीब परिवारों की बेटियों की शादी अभी सेवा सदन सादाबाद रोड बलदेव मथुरा में कराई गई जिसे लेकर समिति के पदाधिकारी काफी समय से तैयारियों में जुटे हुए थे सामूहिक विवाह समारोह से पूर्व बलदेव में 21 दूल्हों की एक भव्य बारात निकाली गई जो कि नगर के प्रमुख मार्गो से सादाबाद रोड बलदेव अभी सेवा सदन पर जाकर समाप्त हुई।

## सात मोहर्रम को निकाले गए अलम कर्बला के शहीदों को किया याद



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** इस्लामी तारीख सात मोहर्रम को सभी तजियादारों ने निकाले अपने अपने अलम जो दरगाह हजरत बाबा सदनशाह से ईमाम चौक नदीपुरा जलूस के रूप मे काफिला चला। ईमाम चौक पर जहाँ सलाम पेश किया गया और लंगर का एहतमाम किया गया। हजरत ईमाम हुसैन और उनके साथ शहीद हुए उनके तमाम साथियों की याद को ताजा कर गए। वैसे तो इस्लामी तारीख के हिसाब से चाँद की एक तारीख से दस तारीख तक ईमाम हुसैन की याद मे मुस्लिम समुदाय नियाज कर्बला की शहीदी पढ़ कर उनको याद करते रहतें है, लेकिन सात मोहर्रम को कर्बला के मैदान मे हजरत कासिम बिन हजरत हसन 13 बर्ष की आयु मे शहीद हो गए थे, जो अलम लेकर सात मोहर्रम को कर्बला के मैदान मे गए थे। इसलिए चांद की सात तारीख मुस्लिम समुदाय के लिए विशेष मानी जाती है, जिसमे आज के दिन हर घर मे लंगर और सर्बत पर नियाज दिलाकर लोंगो को प्रसाद के रूप मे दिया जाता है।

## निरीक्षण में अनुपस्थित मिले डीआईओएस

**मथुरा।** अचानक संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल आगरा ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय मथुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया, शिक्षक नेता ने अवगत कराया कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा की स्वच्छंद कार्यशैली सम्बन्ध में अवगत कराया जिसको उन्होने अत्यंत गंभीरता पूर्वक सुना और कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। डा मुकेश अग्रवाल संयुक्त शिक्षा निदेशक आगरा मण्डल ने कल मध्यान्ह 12 पर कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसके कारण कार्यालय में अफरातफरी मच गयी। निरीक्षण के समय जिला विद्यालय निरीक्षक तथा सह विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में नहीं थे। इसके बाद राजकीय इण्टर कालेज मथुरा का भी निरीक्षण किया गया। अयोध्या प्रसाद प्रांतीय कोषाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश द्वारा उनसे सम्पर्क कर कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक मथुरा के कार्यालय सहायकों की स्वेच्छाचारी एवं भ्रष्टाचार पूर्ण कार्य प्रणाली से अवगत कराया।

## जन सुनवाई में डीएम ने सुनी 92 शिकायतें

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जन सुनवाई में जिलाधिकारी अनुनय झा ने लोगों की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई के दौरान आज कुल 92 शिकायतें आयीं जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दिए। मौके पर ही पात्रों को वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन व दिव्यांग पेंशन बनवायी गयी। आज कुल 2 बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए।

इस प्रकार जिलाधिकारी अनुनय झा की जन सुनवाई में अब तक 138 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके हैं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि पैमाइश, अंश निर्धारण व नक्शा दुरुस्तीकरण से संबंधित शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। भूमि विवाद के मामले में प्रशासन व पुलिस की टीम मौके पर जाकर त्वरित कार्रवाई करे। जन सुनवाई के दौरान एक वृद्ध व्यक्ति करुणा शंकर और उनकी पत्नी की वृद्धावस्था पेंशन एक साथ बनायी गयी। तरन्नुम नाम की एक परित्यक्त महिला की बच्ची को स्पॉन्सरशिप योजना से आच्छादित कराया गया। डाभा गाँव के एक दिव्यांग कमलेश को ट्राईसाईकिल, आवास व शौचालय दिलवाने के निर्देश जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम को दिए। एक अन्य दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, उप जिलाधिकारी नहने राम व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि पर अर्पित की पुष्पांजलि

**हरदोई।** स्वामी विवेकानंद जी की पुण्य तिथि के अवसर पर जिलाधिकारी अनुनय झा ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन हम सभी को प्रेरणा देता है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। 4 जुलाई 1902 को हालांकि वह गोलोकवासी हो गए थे लेकिन उनके द्वारा दिया गया ज्ञान आज भी विश्व को आलोकित कर रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विरा प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त समाचार

### उर्दू अकादमी में उर्दू कोचिंग के प्रवेश 26 तक करें आवेदन

**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** उर्दू अकादमी कार्यालय विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में स्थित उर्दू कोचिंग स्कूल में प्रवेश हेतु प्रार्थना-पत्र आमंत्रित किये गये हैं। इस स्कूल में उर्दू लिखने, पढ़ने के इच्छु अभ्यर्थियों को उर्दू भाषा की प्रारम्भिक शिक्षा निःशुल्क प्रदान की जाती है। शैक्षिक सत्र एक वर्ष का है तथा प्रतिदनि (अवकाश के दिनों को छोड़कर) एक धन्टा उर्दू पढ़ाई जाती है। स्कूल का समय सांय 5.00 से 6.00 बजे तक है। परीक्षा में सफल होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र भी दिये जायेंगें। प्रवेश हेतु निर्धारित फार्म अकादमी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते है। फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 26 जुलाई है।

### निःशुल्क दिव्यांग सहायता मासिक शिविर छह को

**मथुरा(अवधनामा संवाददाता)।** 428वां नि-शुल्क दिव्यांग सहायता त्रिदिवसीय मासिक चिकित्सा शिविर विकलांग सहायता संस्था के तत्वाधान मे संस्था कार्यालय 26आज़ाद मार्केट डीग गेट, मथुरा (निकट डीग गेट पुलिस चौकी से दरैशी रोड़ )पर दिनांक 06 रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है ,शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों का निःशुल्क परीक्षण भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास सेवा संघ, नई दिल्ली की सफदरजंग, नई दिल्ली शाखा की भौतिक चिकित्सा एवं विशेषज्ञ डॉ सनम जी एवं उनकी टीम द्वारा किया जायेगा! शिविर मे कृतिम पैर, केलीपर, वैशाखी के पंजीकरण होंगे,उपयुक्त पाये गये सभी दिव्यांग भाई बहिनों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किये जाएंगे साथ सभी दिव्यांग जनो से अनुरोध है कि वह आधार कार्ड, विकलांग प्रमाण पत्र की छायाप्रति, विकलांगता दर्शाते हुए पासफोर्ट साइज फोटो की दो -दो छायाप्रति अवश्य साथ लावे।

### सुहेलदेव पार्टी ने मनाई लाखा बंजारे की जयन्ती



**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह के नेतृत्व में मथुरा महानगर के जन्मभूमि लिंक रोड स्थित सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी कार्यालय पर लाखा बंजारा की जयंती मनाई गई राजवीर सिंह ने लाखा बंजारा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि राजवीर सिंह ने कहा लाखा बंजारा एक धनी व्यापारी थे जिनके पास सैकड़ों बैलगाड़ियां घोड़ागाड़ियां और ऊंटगाड़ियां थीं जिनसे वे देश भर में नमक और कपास का व्यापार करते थे। उन्हें 17वीं शताब्दी में भारत के सबसे बड़े व्यापारियों में से एक माना जाता है उनके बारे में कहा जाता है कि उनके चार काफिले थे जिनमें लगभग ढाई लाख मवेशी और दस लाख से अधिक लोग शामिल थे। इस मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम सक्सेना, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष असलम कुरेशी, विधानसभा अध्यक्ष गोवर्धन संजय सैनी, विधानसभा अध्यक्ष मांट दिगम्बर कश्यप, जिला महासचिव बबलू बंजारा, विधानसभा अध्यक्ष छाता सतीश बंजारा, सुरेशचंद वर्मा, सुधीर चौधरी, दीपक चौधरी, आदि मौजूद रहे।

### जनसमस्याओं का होगा समाधान : शैलेन्द्र चौधरी



**मड़ावरा (ललितपुर)।** के मड़ावरा तहसील में नवागंतुक उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र चौधरी ने कार्यभार संभाल लिया है। बता दें कि वह बलिया जिले से यहां आए हैं। उन्होंने मडावरा उपजिलाधिकारी रही रोशनी यादव का स्थान लिया है, जिनका पदोन्नति के बाद अंतर्जनपद स्थानांतरण हुआ है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने शैलेन्द्र चौधरी को मड़ावरा तहसील की जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यभार संभालने के बाद चौधरी ने अधीनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी से परिचय लिया और कार्यों की समीक्षा की।

## हज़रत कासिम इब्ने हसन की याद में मेहंदी का मातमी जुलूस बरामद किया

अवधनामा संवाददाता





**संभल।** नगर के मौहल्ला नूरियो सराय में मेहंदी का परम्परागत मातमी जुलूस निकाला गया सातवी मोहर्रम को परंपरागत श्रद्धा और अकीदत के साथ इमाम बारगाह सगीर हसन से जुलजनाह और अलम बरामद किए गए जुलूस कर्बला के शहीदों की याद में मुख्य रूप से इमाम हसन के बेटे हज़रत कासिम की याद मे निकाला जाता है जो सिर्फ तेहर साल की उम्र में शहीद हुए थे हर साल मोहर्रम की सात तारीख कोमेहंदी यह मातमी जुलूस बरामद किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल होकर अपने ग़म और अकीदत का इजहार करते हैं मातमी जुलूस के दौरान अजादारो ने दहकते अंगारों पर नगें पांव चल कर मातम किया तो कुछ ने जंजीरो में लगी छुरीयो से अपनी पीठ और सर पर मातम करके अपने शरीर को जख्मी कर लिया जिससे माहौल गमगीन हो गया रोने पीटने की आवाजे बुलंद हो ने लगी कर्बला के मैदान में मोहर्रम के दसवें दिन इमाम हुसैन और उनके परिवारजनों समेत बहत्तर लोगों को शहीद कर दिया गया था और इनके शवो पर घोड़े दौड़ाऐ गये थें जिससे इनके शरीर टुकड़े टुकड़े हो गए थे अजादार अपने शरीर को कष्ट दे कर उनके दर्द को महसूस करते हैं हुसैन चोक से मातमी जुलूस मे मातम व नोहा ख्वानी करते हुए इमाम बारगाह फरमान हुसैन में पहुंचा कर मजलिस की बाद मजलिस के मातमी जुलूस समाप्त किया गया जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने पुलिस बल की व्यापक व्यवस्था की थी।

## सरकार पर जमकर बरसे पूर्व सांसद विशम्भर दयाल निषाद

**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद विशम्भर प्रसाद निषाद ने ललितपुर पहुंचकर निषाद समाज के लोगों के बीच पीडीए पंचायत की। जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने की। पूर्व सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विशम्भर दयाल मिश्रा ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सपा सरकार के शासन काल में चलायी गई गरीबों के हित की योजनाओं को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। उन्होंने सरकार की निंदा करते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में सपा को मजबूत किए जाने पर बल दिया गया। कहा कि समाजवादियों का इतिहास शुरू से ही संघर्ष व कमजोर लोगों को अधिकार दिलाने का रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सत्ता के मद में चूर है।

## सीडीओ ने ग्रामीण चौपाल में सुनी समस्याएं



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने ग्रामीण चौपाल गौरा डांडा विकास खण्ड टड़ियावां में प्रतिभाग किया गया तथा जनसामान्य की समस्याओं का मौके पर निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

ग्रामीण चौपाल का आयोजन ग्राम पंचायत सचिवालय परिसर, गौरा डांडा में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों यथा समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, चिकित्सा विभाग, पशु पालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग तथा कृषि विभाग द्वारा विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के पंजीकरण हेतु काउन्टर लगाकर पंजीकरण किए गए तथा ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कम से कम चार बजे तक पंजीकरण काउन्टर चलाकर पात्र ग्रामीणों के पंजीकरण हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र जारी होने के बारे में ग्रामवासियों से पूछा गया तथा सरकारी अस्पताल में जन्म लिए बच्चों के बारे में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, टड़ियावां को निर्देशित किया गया कि दो दिन में जन्म प्रमाण पत्र निर्गत करें। ग्रामवासियों द्वारा हैण्डपम्प खराब होने की शिकायत की गयी।

## 8 मोहर्रम की फज़ीलत हुसैनी सब्र का पैगाम!



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम मजलिस का सिलसला इस तरह रहा पहली मजलिस मरहूम डॉ फरजांद अली के इमाम बाड़े में मौलाना सलमान ताबिश ने पड़ी फिर उसके बाद बड़े इमाम बाड़े मे तीसरी मजलिस शहादत हुसैन शब्बू के माकन पर हुई जिसको मौलना सालमन ताबिश ने ख़िताब किया वही चौथी मजलिस कच्ची हवेली हसान ज़ैदी के यहाँ मौलना हुसैन अब्बास ने ख़िताब क्या वही उसके बाद पांचवी मजलिस अहमद मियां के मिसाम ज़ैदी के यहाँ मौलना इस्तेफा रज़ा ने मजलिस को ख़िताब क्या वही 4 बजे इमाम बड़ा अहमद मुस्तफा रिज़वी मौलना इस्तेफा रज़ा ने ख़िताब क्या अंजुमन आज़य हुसैन हैदरिया ने मैदानपुरा काशिफ रज़ा के यहाँ से जुलुस उठया और नोहा खानी करते हुए अपने कादिमी रास्ते होते हुए दरगाह पर समापन क्या वही अगर 8 मोहर्रम इस्लामी तारीख का एक अहम दिन है, जो खास तौर पर कर्बला के वाक़ियात की याद दिलाता है। ये दिन इमाम हुसैन अ.स. और उनके अहलेबैत की कुर्बानियों का सिलसिला बयान करता है, जो दसवीं मोहर्रम यानि 'आशूरा' पर अपनी बुलंदी को पहुंचता है। 8 मोहर्रम को अक्सर ग़म, सब्र और इबादत का दिन समझा जाता है। इस दिन की खास फज़ीलत ये है कि इस रोज़ इमाम हुसैन अ.स. और उनके साथियों पर यज़ीदी फौज ने पानी पूरी तरह से बंद कर दिया था।कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन अ.स. का काफिला कई दिनों से प्यासा था, लेकिन 7 मोहर्रम को जब यज़ीद की फौज ने फ़रात नदी से पानी लाने पर रोक लगा दी, तो 8 मोहर्रम को हालात और ज़्यादा सख्त हो गए। छोटे-छोटे बच्चों की प्यास, और खेमों में पानी की एक-एक बूँद की क़िल्लत ने काफिले की हालत बहुत मुश्किल बना दी थी। मगर इसके बावजूद इमाम हुसैन अ.स. और उनके जानिसार साथियों ने सब्र और अल्लाह पर भरोसा बनाए रखा।

## केएम में हुआ इंसीजनल हर्निया का सफल ऑपरेशन

अवधनामा संवाददाता

- हर्निया विशेषज्ञ ने 'पेरिटोनियल फ्लैप हर्नियोप्लास्टी' तकनीक के जरिए किया 15x10 सेंटीमीटर के जटिल हर्निया का सफल ऑपरेशन

**मथुरा।** केएम अस्पताल के सर्जरी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक से एक महारथ हासिल की है। केएम मेडीकल एंड हॉस्पिटल के सीनियर प्रोफेसर एवं हर्निया स्पेशियलिस्ट डा. अजय जैन ने इंसीजनल हर्निया (15 ङ्ग10 सेंटीमीटर का जटिल हर्निया) का निःशुल्क सफल ऑपरेशन किया है, हॉस्पिटल से मरीज को 4 दिन में छुट्टी दे दी गई है, मरीज स्वस्थ है। मरीज व तीमारदारों ने प्रशंसा करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी और केएम अस्पताल की सर्जरी टीम का आभार जताया है।

किरावली के गांव जीटोरा में रहने वाले फोरन सिंह के 40 वर्षीय पुत्र सुरेन्द्र सिंह के पूर्व दो ऑपरेशन हुए थे जिसके कारण उसे जटिल हर्निया हो गया था कई सालों से परेशान मरीज ने कई डाक्टर, अस्पतालां में दिखाया लेकिन चिकित्सकों उसका इलाज करने से मना कर दिया था, क्योंकि हर्निया बड़ा साइज का था। सुरेन्द्र सिंह अपने परिजनों के साथ केएम अस्पताल में पहुंचा जहां सर्जरी के हर्निया विशेषज्ञ डा. अजय जैन ने मरीज की सभी जांचे करवाने के बाद इंसीजनल हर्निया की पुष्टि की और मरीज को ऑपरेशन की सलाह दी और स्वीकृति मिलने के बाद सफल ऑपरेशन किया। सर्जरी विभाग के सीनियर प्रोफेसर डा. अजय जैन ने बताया कि मरीज सतेन्द्र सिंह लम्बे समय से जटिल हर्निया से परेशान था, इंसीजनल हर्निया जिसे चीरा हर्निया भी कहा जाता है, यह तब होता है जब पेट की सर्जरी के बाद, चीरे के स्थान पर पेट की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इसके कारण, पेट के अंदर के अंग (जैसे आंत) पेट की दीवार से बाहर निकलकर एक उभार बना देता है।

## कारवां टॉकीज अभियान ने ललितपुर के ग्रामीण अंचलों में भरी देशसेवा की प्रेरणा

अवधनामा संवाददाता

- भारतीय सेना के रिक्रूटिंग निदेशालय और मुख्यालय भर्ती जोन लखनऊ के तत्वावधान में
- एआरओ आगरा के समन्वय से चार दिवसीय जनजागरूकता अभियान शुरू

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अंकुर श्रीवास्तव ने बताया है कि भारतीय सेना द्वारा उत्तर प्रदेश के सुदूर और पिछड़े इलाकों तक पहुँचने तथा ग्रामीण युवाओं को सेना में करियर के लिए प्रेरित करने हेतु चार दिवसीय कारवां टॉकीज अभियान का शुभारंभ 04 जुलाई 2025 को ललितपुर जिले में किया गया। यह अभिनव पहल भारतीय सेना के रिक्रूटिंग निदेशालय एवं मुख्यालय भर्ती जोन लखनऊ के तत्वावधान में तथा एआरओ आगरा के समन्वय से संचालित की जा रही है। अभियान के पहले दिन, ऋषिराज इंटर कॉलेज बिरारी और रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय खड़ोवरा में कार्यक्रम आयोजित किए गए। यहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और ग्रामीणों ने भाग लिया और सेना की इस अनोखी जागरूकता पहल को सराहा। विशेष रूप से सुसज्जित कारवां टॉकीज वैन, जिसमें एक बड़ा एलईडी स्क्रीन, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रेरणादायक पोस्टर व बैनर लगे थे, ने दर्शकों को भारतीय सेना के जीवन, अनुशासन और अवसरों की एक जीवंत झलक दी। वीडियो प्रस्तुतियों, डॉक्यूमेंट्रीज और सैनिकों की वास्तविक जीवन कहानियों के माध्यम से यह अनुभव और भी प्रभावशाली बन गया। अभियान की खासियत रही सीधा संवाद और मार्गदर्शन। सेना के प्रतिनिधियों ने भर्ती प्रक्रिया, योग्यता मानदंड, प्रशिक्षण और करियर ग्रोथ के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों से व्यक्तिगत बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और सेना में शामिल होने की दिशा में ठोस मार्गदर्शन प्रदान किया। खड़ोवरा महाविद्यालय की एक छात्रा ने कहा कि यह अभियान हमारे लिए एक नई दुनिया के द्वार खोलता है। अब हमें समझ में आया कि सेना में शामिल होने के लिए क्या-क्या करना होता है। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता, इंटरएक्टिव गेम्स, और देशभक्ति से ओत-प्रोत गतिविधियाँ भी आयोजित की गई, जिससे युवाओं में और अधिक उत्साह देखने को मिला। अगले तीन दिनों में कारवां टॉकीज के और भी अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण करेगा, ताकि उन युवाओं तक पहुंचा जा सके जो सामान्य तौर पर ऐसी जानकारी से वंचित रह जाते हैं।

# सीओ ने पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

**अवधनामा संवाददाता**



**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार द्वारा छिबरामऊ में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने चौराहा, तिराहा एवं बाजार का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही आमजन से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया।

बीतीशाम क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ सुरेश कुमार द्वारा आगामी त्यौहारों मोहर्रम, श्रावण मास व कावड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना छिबरामऊ प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी, निरीक्षक बृजमोहन पाल सहित पुलिस बल के साथ नगर भ्रमण के दौरान उन्होनें कहा कि त्योहारों के दौरान क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अराजकता या अव्यवस्था बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होनें आमजन से अपील करते हुये कहा कि अगर कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। भ्रमण के दौरान सीओ ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और भरोसा दिलाया कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। इस दौरान सीओ ने प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी को सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत करने के निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल में प्रसव के बाद महिला की मौत, मचा कोहराम

- परिजनो ने अस्पताल कर्मियो पर लगाया लापरवाही का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**उन्नाव।** पंडित उमाशंकर दीक्षित संयुक्त जिला चिकित्सालय में गुरुवार को एक नवविवाहिता की प्रसव के कुछ घंटों बाद संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गंगाघाट थाना क्षेत्र के सांभर खेड़ा गांव की रहने वाली लक्ष्मी 21 की गुरुवार को शादी की पहली सालगिरह थी। लक्ष्मी की शादी 3 जुलाई 2024 को चम्पापुरवा निवासी संदीप से हुई थी। गुरुवार सुबह उसे प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने सामान्य प्रसव से एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। शुरूआत में मां और बच्चा दोनों स्वस्थ बताए गए थे। परिजनों का आरोप है कि डिलीवरी के कुछ समय बाद लक्ष्मी की तबीयत बिगड़ने लगी। स्टाफ ने उसे एक इंजेक्शन लगाया, जिसके बाद उसकी हालत और बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल स्टाफ ने डिलीवरी और इलाज के दौरान बार-बार पैसों की मांग की। उन्होंने बताया कि पैसे देने के बावजूद लक्ष्मी को सही इलाज और देखभाल नहीं मिली और संभवतः गलत इंजेक्शन दिए जाने से उसकी जान चली गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया और दोषी स्वास्थ्यकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# बाइक नील गाय से टकराने से मौत

- दूसरी बाइक आसंतुलित होकर पल्टी एक बाइक सवार घायल दूसरा बाल बाल बचा

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** चरखारी मार्ग में करहरा कला गौशाला के पास रात में दो बजे अचानक सड़क पर नील गाय के अजाने से दो मोटर साइकिलों में सवार एक किशोर की बाइक नील गाय से टकरा गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके पीछे चल रहे उसके मित्र की बाइक भी का भी संतुलन बिगड़ गया, जिससे वह सड़क पर गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। दूसरे साथियों ने उसे रात में जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शहर के मुहल्ला शक्ति नगर निवासी किशन कुशवाहा 16 पुत्र परशुराम और उसके मित्र अजय कुशवाहा 16 पुत्र प्रभु निवासी गांधीनगर कबरई व अमर सिंह कुशवाहा दूसरी बाइक में सवार होकर गुरुवार की रात को चरखारी में हजरत इमाम हुसैन की सवारी (दुलदुल) जुलुस देखने गए थे। देर रात को करीब दो बजे दुलदुल जुलुस देख कर दो बाइकों से वापस महोबा लौट रहे थे, दोनो मित्रों की गाड़ी एक दूसरे को आगे पीछे करती हुई चल रही थी। किशन कुशवाहा की गाड़ी करहरा गौशाला के पास आगे हो गई, तभी नील गाय अचानक सड़क पनर आ गई और किशन कुशवाहा की गाइक नील गाय से भिड़ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। किशन कुशवाहा के थोड़ा पीछे बाइक से चल रहे अजय कुशवाहा का भी संतुलन बिगड़ गया और वह भी सड़क पर गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। जबकि बाइक में पीछे बैठा उसका साथी अमर सिंह बाल बाल बच गया। पुलिस की मदद से बुरी तरह से घायल अजय कुशवाहा को नाजुक हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया।

## लगातार बारिश से गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हो रही लगातार बारिश का असर अब गंगा के जलस्तर पर साफ नजर आने लगा है। बीते 24 घंटे में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा है, जिससे गंगा किनारे बसे इलाकों में कटान शुरू हो गई है। गंगा किनारे के कई गांवों में जमीन का कटान हो रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। कटान की वजह से कई किसानों की खेती की जमीन को भी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए उन्नाव जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। जिला प्रशासन की टीमें कटान प्रभावित इलाकों का लगातार निरीक्षण कर रही हैं और स्थानीय लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। प्रशासन की ओर से कटान वाले क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत राहत कार्य शुरू किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि अगर जलस्तर इसी तरह बढ़ता रहा तो प्रभावित इलाकों के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की योजना भी तैयार कर ली गई है।

## मार्ग दुर्घटना में मामा-भांजे की मौत, महिला घायल

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** बुधवार रात उन्नाव-हरदोई मार्ग स्थित बांगरमऊ-हरदोई मार्ग पर सुल्तानपुर पुलिया के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी, जिससे साहिल 21 व उसके मामा इरफान 30 की मौत हो गई, जबकि मौसी फक्ररूम 40 गंभीर रूप से घायल हो गई।जानकारी के अनुसार हरदोई जनपद के मल्लावां थाना क्षेत्र अंतर्गत भड़वल गांव निवासी साहिल अपने मामा इरफान पुत्र मोहम्मद हसन और मौसी फक्ररूम पत्नी असलम निवासी नेवादा गांव के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। देररात सुल्तानपुर पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। साहिल की मौके पर ही मौत हो गई। मामा इरफान की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मौसी फक्ररूम को गंजमुरादाबाद सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के बाद घटनास्थल हरदोई सीमा में होने के कारण बांगरमऊ और मल्लावां पुलिस के बीच एक घंटे तक सीमा विवाद चला। अंततः बांगरमऊ पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## ट्रक ने पिकअप और बस को मारी जोरदार टक्कर

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** थाना फतेहपुर चौरासी अन्तर्गत पीटीसी काली मिट्टी अंतर्गत गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मुर्गीदाने से लदी पिकअप और एक प्राइवेट बस को तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भयावह था कि प्राइवेट बस सड़क किनारे पलट गई और उसमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में लगभग दो दर्जन लोग घायल हुए हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर कई एम्बुलेंस और पुलिस बल पहुंचा। घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी सफीपुर और सीएचसी फतेहपुर चौरासी में भर्ती कराया गया है। गंभीर रूप से घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## परिवार नियोजन के प्रति जागरुकता फैलायेगी विशेष मोबाइल वैन

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 268 गांवों मे विशेष मोबाइल वैन चलाई जा रही है। मुख्य विकास अधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने बताया कि यह वैन गांव-गांव जाकर परिवार नियोजन से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाएगी और छोटे परिवार के बड़े फायदे बताएगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए जागरूकता जरूरी है और इस अभियान के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अन्य विभागों के लोग भी मौजूद रहे। मोबाइल वैन में ऑडियो-विजुअल माध्यम से परिवार नियोजन के तरीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

## ग्रामीण नें बांग्लादेशी मौलाना माहौल खराब का आरोप

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर निवासी अनवार खान पुत्र इकबाल खान द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि उसके गांव में 20 वर्ष से बांग्लादेश निवासी एक मौलाना मस्जिद में रहते चले आए हैं। उनके क्रियाकलाप ठीक ना होने की वजह से गांव के लोगों ने उनको मस्जिद से हटा दिया था तब से वह विरोध में हो गए। गांव के चार लोग उनकी गैर कानूनी कार्यो में मदद कर रहे हैं। बताया कि यह मौलाना मस्जिद में घुसकर जबरदस्ती सामान पुरानी मस्जिद से ले जाते हैं। मौलाना झगड़ालू किस्म के व्यक्ति हैं जो आए दिन झगड़ा फसाद करते रहते हैं। बताया कि यह मौलाना बांग्लादेश के रहने वाले हैं तथा तमाम बाहरी अज्ञात लोग इनसे मिलने आते रहते हैं और बात बात पर गोली मारने की धमकी देते हैं। जिससे गांव का माहौल खराब हो गया है। गांव में तनाव व्याप्त है किसी भी समय कोई बड़ी वारदात होने की संभावना बनी हुई है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा बांग्लादेश निवासी मौलाना को कोतवाली में बुलवाकर पूछताछ करते हुए उनके बांग्लादेश के निवासी होने का सत्यापन का कार्य शुरू कर दिया गया है।

# बीमा कंपनी अदा करे 5130000 रूपयेः उपभोक्ता आयोग

**अवधनामा संवाददाता**

**संभल।** बहजोई निवासी ममता देवी के पति ने एक्सिस बैंक से अपने व्यापार करने के लिए ऋण लिया था जिसकी सुरक्षा हेतु बैंक ने मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी से उनकी एक जीवन बीमा पॉलिसी 51 लाख ?30000 की जारी की ममता के पति की मृत्यु 27 अगस्त 2023 को घर परी हो गई थी बैंक अपने ऋण की वसूली के लिए परिवादिनी पर दबाव बनाया जाने लगा तब परिवादिनी का कहना था कि मेरे पति की मृत्यु के उपरांत उनके बीमा पॉलिसी से भुगतान लेकर उनके खाते को बंद कर दिया जाए तथा जो सर धनराशि बचे वो मुझे वापस कर दिया जाए परंतु इंश्योरेंस कंपनी और बैंक ने उसकी कोई बात नहीं सुनी तो उन्होंने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया और अपनी सारी व्यथा बताई तो लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा ममता की ओर से जिला उपभोक्ता आयोग में एक परिवाद प्रस्तुत किया गया जहां आयोग दोनों पक्षों को तलब किया बैंक की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ तो उनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई तथा बीमा की कंपनी की ओर से उपस्थित होकर बीमा कंपनी ने आयोग को बताया की बीमा प्राप्त कर्ता स्वर्गीय कमल सिंह डायबिटीज टीवी आदि बीमारी से ग्रस्त थे जिस कारण उनकी पॉलिसी को शून्य घोषित किया गया है परंतु विपक्षी उनकी पूर्व बीमारियों को सिद्ध करने में असफल रही और उनकी ओर से लगाए गए इलाज के पर्चे भी सिद्ध नहीं कर पायी लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा आयोग को बताया गया कि बीमा कंपनी द्वारा बीमा धनराशि अदा करने से बचने के लिए झूठे व मनगढ़ंत पर्चा को दाखिल किया गया है जैसा कि अवलोकन से ज्ञात किया जा सकता हैं उन पर्चो पर न तो डॉक्टर का नाम अंकित है और न ही पूरे कॉलम रिपोर्ट के भरे हुए हैं। आयोग दे दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए बीमा कंपनी मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को आदेशित किया कि वह परिवादिनी ममता देवी को बीमा धनराशि मुबलिग 5130000,रु इक्यावन लाख तीस हजार रुपए उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करें।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत

**महोबा।** शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने एक किसान की मौत हो गई। आकाशीय गिजली गिरने के समय किसान खेत में फसल की रखवाली कर रहा था। किसान की मौत से उसके घर में गमगीन माहौल बना हुआ है, छोटे छोटे बच्चों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाली चरखारी के बमहौरी कला गांव निवासी मकबूल अहमद 51 पुत्र मैकू अपने खेतों की रखवाली कर रहा था, तभी करीब तजीन बजे बादलों की गड़गड़ाहट के साथ आकाशीस बिजली गिर गई। जिसकी चपेट में आने से किसान खेत में ही गिर कर बेहोश हो गया। आस पास के किसानो ने उसके परिजनों और एम्बुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस से उसे आनन फानन में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टर ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत के बाद सूचना पर पहुंचे लेखपाल और कानूनगों मे उसकी रिपोर्ट बनाकर विभागीय अधिकारियों को सौंप दी है। जिससे मृतक के परिजनो को कुछ मदद मिल सके। मृतक के दो पुत्री और दो पुत्र है।

# नगर पालिका अध्यक्ष ने चलाया पॉलीथीन हटाओ अभियान

- ठेलों पर बांटे गए डस्टबिन और झोले
- नगर को स्वच्छ रखना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी: श्वेता भानू मिश्रा

**अवधनामा संवाददाता**



**उन्नाव।** नगर पालिका अध्यक्षा श्वेता भानू मिश्रा द्वारा कचहरी परिसर के पास से त्रिपाठी बिल्डिंग तक सड़क किनारे लगे फल, सब्जी सहित अन्य ठेलों और दुकानों पर पॉलीथीन के इस्तेमाल को रोकने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान सभी ठेलों वालों और व्यापारियों को पॉलीथीन का उपयोग बंद करने की सख्त हिदायत दी गई।

अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्षा ने स्वयं ठेलों वालों से संवाद कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। पॉलीथीन के बढ़ते उपयोग से हो रहे प्रदूषण और उसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए सभी सब्जी ठेले वालों एवं अन्य व्यापारियों को डस्टबिन और कपड़े के झोले (थैले) वितरित किए गए। इसका उद्देश्य उन्हें पॉलीथीन के बजाय इन विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना था। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि यह अभियान स्वच्छता और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से शहर में पॉलीथीन का चलन कम होगा और लोग जागरूक होकर पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों को अपनाएंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में पॉलीथीन का इस्तेमाल करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका संजय गौतम, सफाई इंस्पेक्टर अशोक पाल, गांधीनगर सभासद दीपक दीक्षित मोनू, कुलदीप चौहान, मोहित शुक्ला, क्रांति सिंह, शरद मिश्रा, मनीष अग्रवाल, आशीष सेंगर, सूरज सिंह भदौरिया, रामजी, गुड्डू तिवारी, रामविलास वर्मा, सुरजन वर्मा, सनी राजपूत, बबलू, सुखबीर सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी/कर्मचारी एवं अन्य स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आज पूर्व राज्यमंत्री का जन्मदिन खरगापुर में मनाया जायेगा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, अवधनामा संवाददाता।** छिबरामऊ विधानसभा की लोकप्रिय विद्यायक/पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पाण्डेय के जन्मदिवस पर क्षेत्र के ग्राम खरगापुर स्थित सीताराम आश्रम में शनिवार को 11 बजे भव्य सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जायेगा। इसके उपरान्त उनके जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं के साथ केक काटकर परसाद वितरित किया जायेगा। यह जानकारी पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजीव ठाकुर ने दी। उन्होनें कार्यकर्ताओं व समर्थकों से कार्यक्रम स्थल पर समय से पहुंचनें की अपील की है।

### महिला की करंट से मौत

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** अचलगंज थाना क्षेत्र मे गुरुवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में महिला की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा अचलगंज निवासी पूनम पत्नी धर्मेंद्र सुबह अपने घर के पास परचून की दुकान में काम कर रही थीं। इसी दौरान अचानक करंट की चपेट में आ गई और मौके पर ही जमीन पर गिर पड़ीं। कुछ देर बाद जब परिजन दुकान पहुंचे तो उन्होंने पूनम को बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा पाया। उसके पैर में करंट लगने के निशान भी दिखाई दिए। घटना की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी हरिओम पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजन दयाशंकर ने बताया कि हादसा करंट लगने से हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 25 हजार का ईनामिया गिरफ्तार

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत सफीपुर पुलिस, एसओजी और सर्विलांस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी रईस बेग को लखनऊ के कमता चौराहा शहीद पथ से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक रईस बेग 60 निवासी ग्राम शेरपुर खुर्द थाना सफीपुर के खिलाफ हत्या के प्रयास मारपीट, धमकी और एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में अब तक कुल 9 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें 29 जून को दर्ज मुकदमा मु0अ0सं0-274/2025 भी शामिल है, जिसमें उस पर 25 हजार का इनाम घोषित था। पुलिस टीम ने उसे गुरुवार रात लखनऊ से दबोचकर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना सफीपुर पुलिस के अलावा एसओजी और सर्विलांस के जवान शामिल रहे। कोतवाल ने बताया कि अभियुक्त पर पहले भी कई संगीन मुकदमे दर्ज हैं। पूछताछ में रईस बेग ने कई मामलों में अपनी संलिप्तता कबूल की है। पुलिस उससे जुड़े पुराने मामलों की भी जांच कर रही है।

### ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी कामयाबी, छह माह में 696 गुमशुदा-अपहृत बरामद

**उन्नाव, अवधनामा संवाददाता।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनपद उन्नाव में जनवरी से जून 2025 के बीच 696 गुमशुदा और अपहृत लोगों को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इन टीमों ने सर्विलांस सेल की मदद से गुमशुदा व अपहृत व्यक्तियों को तलाश कर उन्हें उनके परिजनों को सौंपा। बरामद हुए सभी व्यक्तियों के मामलों में विधिक कार्रवाई भी की गई है। पुलिस के अनुसार, ÷ऑपरेशन मुस्कान÷ के जरिए लापता बच्चों, किशोरियों और महिलाओं की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## विवाहिता ने पति व ससुरालीजनो पर लगाये प्रताड़ना समेत गंभीर आरोप

**उन्नाव।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र की निवासी विवाहिता ने अपने पति और ससुरालियों पर शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना और देवर द्वारा छेड़छाड़ का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर उसे बुरी तरह पीटा गया और उसका मासूम बच्चा छीनकर जबरन घर से निकाल दिया गया।

बांगरमऊ कोतवाली ग्राम चोराहा निवासी पीड़िता रोशन जहां ने बांगरमऊ पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2018 में हरदोई जिले के ग्राम हर्रई निवासी तालिब से हुई थी। कुछ माह पूर्व उसका देवर मुतालिब उसके साथ जबरदस्ती करने का प्रयास करने लगा। जब उसने विरोध किया तो मुतालिब ने उसे जूते से मारने की धमकी दी। इसके बाद पति तालिब, सास खैरुन्निशां और ननंद साबिया ने भी मिलकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता का आरोप है कि ससुरालवालों ने उसका एक अबोध बच्चा जबरन छीन लिया और उसे घर से भगा दिया। घटना के बाद परेशान विवाहिता ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी।

# हज़रत इमाम हुसैन की सवारी दुलदुल जुलूस में उमड़ा अकीदमन्दों का हुजूम

- एडीएम और एएसपी ने संयुक्त रूप् से किया सवारी जुलूस का शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** हजरत इमाम हुसैन की सवारी घोड़ा का ऐतिहासिक तथा धार्मिक 169वां जुलूस मातमी धुनों, ढोल नगाड़ों, और अखाड़ों के साथ सौहाद्र्पूर्ण वातावरण में निकाला गया। हिन्दु मुस्लिम दोनों ही समुदाय के लोगों ने पूरी अकीदत के साथ घाड़े को दूध जलेबी खिलाई और सोने चांदी के नीबू चढ़ाकर अपनी अकीदत की मिशाल कायम की। रात 10 बजे से प्रारम्भ हुए जुलूस का सामापन आज सुबह 9 बजे हुआ। हर साल मोहर्रम की सात तारीख को निकलने वाली हजरत इमाम हुसैन की सवारी ÷घोड़ा÷ का जुलूस अकीदत के साथ निकाला गया जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्यम प्रदेश व अन्य प्रान्तों से आए हुए हजारों लोगों ने शिरकत कर जुलूस की रौनक बढ़ाई। जुलूस का शुभारम्भ अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने फातहा के बाद दुलदुल को गजरा पहनाते हुए किया। वी पार्क पर जुलूस के शुभारम्भ के मौके पर सीओ रविकान्त गोंड, एसडीएम चरखारी डा0 प्रदीप कुमारष् तहसीलदार आरएन मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, कोआपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष पुष्पेन्द्र यादव सहित हजारों लोग मौजूद रहे और फातहा के बाद जैसे ही इमाम चौक से घोड़ा बाहर निकला वैसे ही अकीदतमन्दों की भीड़ दूध जलेबी खिलाने के लिए उमड़ पड़ी तथा जिन लोगों की मुराद पूरी हुई उन्होंने सोने व चांदी के नीबू चढ़ाते हुए अकीदत पेश की। बताते चलें कि ऐतिहासिक जुलूस का शुभारम्भ 1857 मे तत्कालीन महाराजा रतन सिंह जू देव के शासनकाल में प्रारम्भ हुआ था। मान्यता है कि जो भी श्रद्धा के साथ घोड़ा पर लगे नीबू निकलता है और कोई जायज मन्नत मानता है तो एक साल में ही उसकी मुराद पूरी हो जाती है और मुराद पूरी होने पर लोग सोने व चांदी के नीबू चढ़ाकर श्रद्धा व्यक्त करते हैं। सोने चांदी की दुकानें रात भर खुली रहीं तथा नीबू व जलेबी खरीदने के लिए लोगों का तांता लगा रहा। सड़क व सड़क पटरियों अकीदमन्दों से पटी दिखाई दीं ओर बेतहाशा भीड़ के बीच जुलूस कामयाबी के साथ अंतिम सफर की ओर बढ़ता रहा। हजारों की भीड़ के बीच शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था महत्वपूर्ण पहले माना जाता है जिसे प्रशासन ने बखूबी निभाया। शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिले के सभी दस थानों की फोर्स के अलावा भारी संख्या में पीएसी बल मौजूद रहा। जिसकी कमान अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, सीओ रविकान्त गोंड प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार सिंह चौकी प्रभारी चन्द्रशेखर के हांथों रही। जायरीनों के बैठने तथा पीने के पानी कस्बा की सफाई आदि का कार्य नगर पालिका द्वारा कराया गया जहां वरिष्ठ लिपिक अययूब खां, लिपिक संजीत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सौरभ सक्सैना सहित समस्त स्टाफ व्यवस्थों में जुटा दिखाई दिया। मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष न्याज अहमद खां ने सभी आगन्तुको आभार व्यक्त किया। इस दौरान मोहर्रम कमेटी के मुहम्मद सईद सौदागर, शेख नियामत सौदागर, सरफराज, मुहम्मद शफीक एडवोकेट, हसीन बाबू, आशिक मंसूरी, मुस्ताक मंसूरी, हबीब मंसूरी, आमिर खां, मुहम्मद खां, सहित सैकड़ों की संख्या में वालियंटर्स मोजूद रहे। जुलूस में बाहर से आने वाले जायरीनों के लिए खानी पीने की निःशुल्क व्यवस्था विभिन्न समितियों द्वारा की गयी।

### हजारों की भीड़ में नहीं दिखे सांसद

चरखारी महोबा। हजरत इमाम हुसैन की सवारी दुलदुल के जुलूस में प्रदेश व देश के अन्य प्रान्तों के लोग चरखारी पहुंचे लेकिन हमीरपुर महोबा तिन्दवारी लोक सभा सीट के सांसद अजेन्द्र राजपूत इस बड़े कार्यक्रम में भी नहीं पहुंचे जिसका मलाल हर खास और आम लोगों में देखने को मिला। बताते चलें कि इमाम हुसैन की सवारी जुलूस उत्तर भारत का एकमात्र बड़ा जलासा है जिसमें बुन्देलखण्ड ही नहीं बल्कि आस पास के क्षेत्र के हिन्दु मुसलमान शामिल होते हैं तथा साम्प्रदायिक सौहार्द की मिशाल के रूप में इस जुलूस की ख्याति है। हालांकि समाजवादी पार्टी के कद्दावार नेता पुष्पेन्द्र यादव, पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत सहित सपा, भाजपा, बसपा, कांग्रेसी जुलूस के दौरान मौजूद रहे।

### सीमित बेरीकेट से लोगों को मिली राहत

चरखारी महोबा। पिछले वर्ष के सापेक्ष इस वर्ष प्रशासनिक बेरीकेट्स सीमित होने से जायरीनों तथा स्थानीय लोगों को राहत मिली है। बताते चलें कि विगत वर्ष 168वें जुलूस के दौरान सुरक्षा के हवाले से प्रशासन द्वारा जिस तरह से बेरीकेटिंग की गयी थी उससे पूरे कस्बा की किलेबन्दी कर दी गयी थी और कस्बा के बाहरी हिस्से में ही वाहनों का रोके जाने तथा कस्बे के अन्दर ही हर गली में बेरीकेटिंग लगाए जाने से स्थानीय लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। पिछले वर्ष कस्बा की किलेबन्दी किए जाने पर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे समिति के अध्यक्ष द्वारा आपत्ति दर्ज करायी थी जिस पर इस वर्ष प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला।

### सवारी जुलूस से पहले डीआईजी ने की ब्रीफिंग

चरखारी महोबा। दुलदुल के जुलूस में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था मुख्य चुनौती होती है। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश और निरन्तर चल रही मॉनिटरिंग के चलते इस चुनौती को प्रशासन द्वारा बखूबी निभाया और 169वें जुलूस का सफल आयोजन हुआ। रात्रि 10 से शुरू होने वाले जुलूस के पूर्व पुलिस उपमहानिरीक्षक राजेश एस चरखारी पहुंचे जहां उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी ली साथ ही डयूटी में तैनात जनपद के सभी दस थानों के अधिकारियों के साथ ब्रीफिंग करते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबन्द रखने के निर्देश दिए। पुलिस ब्रीफिंग के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के साथ आयोजन स्थल के रूट का निरीक्षण किया।

# एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल है भुवनेश्वर

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है।

भारत के ओडिशा राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, एक अद्भुत मिश्रण है प्राचीन इतिहास, समृद्ध संस्कृति और आधुनिकता का। यह शहर भारतीय वास्तुकला, धर्म और सांस्कृतिक धरोहर का एक प्रमुख केंद्र है। भुवनेश्वर को मंदिरों का शहर भी कहा जाता है क्योंकि यहां 1000 से अधिक मंदिरों का इतिहास है। यही कारण है कि यह स्थल धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ सांस्कृतिक पर्यटन के लिए भी आदर्श स्थान बन चुका है।

भुवनेश्वर का इतिहास बहुत पुराना है और यह प्राचीन काल में कटक नामक स्थान के रूप में जाना जाता था। यह शहर मौर्य और गुर्जर-प्रतिहार साम्राज्य के तहत एक प्रमुख राजनीतिक और धार्मिक केंद्र था। यहां की ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्विक स्थल पर्यटकों को भुवनेश्वर के समृद्ध अतीत से परिचित कराते हैं।

**प्रमुख आकर्षण**

**1. लिंगराज मंदिर**

लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर का सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। यह मंदिर 11वीं शताब्दी का है और इसकी वास्तुकला भारतीय मंदिर निर्माण का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। लिंगराज मंदिर को भुवनेश्वर का गौरव माना जाता है और यह स्थान धार्मिक पर्यटकों के लिए एक प्रमुख स्थल है।

**2. राजारानी मंदिर**

राजारानी मंदिर का नाम राजारानी (राजा + रानी) से लिया गया है, क्योंकि यह मंदिर एक खास प्रकार की लाल-संगमरमर की पत्थर से बना है। यह मंदिर भारतीय वास्तुकला का बेहतरीन उदाहरण है और इसमें उत्कृष्ट शिल्पकला की छाप दिखाई देती है।

**3. उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं**

उदयगिरी और खंडगिरी गुफाएं



भुवनेश्वर के बाहरी इलाके में स्थित हैं। ये गुफाएं प्राचीन जैन धर्म के साधुओं द्वारा बनाई गई थीं। यहां आप विभिन्न प्रकार की मूर्तियों और चित्रकला का अवलोकन कर सकते हैं। यह स्थल इतिहास प्रेमियों और शांति की तलाश करने वालों के लिए आदर्श स्थल है।

**4. धवलगिरी और बौद्ध धरोहर स्थल**

भुवनेश्वर के आस-पास कई बौद्ध स्थलों का भी महत्व है। धवलगिरी और अन्य बौद्ध स्थल यहां के इतिहास और संस्कृति के महत्वपूर्ण हिस्से हैं। बौद्ध धर्म के अनुयायी इन स्थलों को तीर्थ स्थल के रूप में मानते हैं।

**5. नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क**

भुवनेश्वर के बाहर स्थित नन्दनकानन जूलॉजिकल पार्क एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह पार्क वन्यजीव प्रेमियों और परिवारों के लिए एक बेहतरीन जगह है। यहां आपको विभिन्न प्रकार के वन्यजीव, पक्षी, और जंगल की हरियाली देखने को मिलती है। नन्दनकानन में एक प्रसिद्ध सफारी भी है, जो पर्यटकों को जंगल के करीब ले जाती है।

**सांस्कृतिक धरोहर और कला**

भुवनेश्वर में ओडिया संस्कृति और कला का गहरा प्रभाव है। यहाँ के शिल्पकला, संगीत, नृत्य, और लोक कला का प्राचीन इतिहास है। ओडिया नृत्य और संगीत के प्रमुख रूपों में ओडिसी नृत्य और संगीत को विशेष स्थान प्राप्त है। भुवनेश्वर के स्थानीय कलाकारों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आप ओडिया संस्कृति की गहरी समझ प्राप्त कर सकते हैं।

**भुवनेश्वर में शॉपिंग**

भुवनेश्वर में शॉपिंग भी एक शानदार अनुभव है। यहां के बाजारों में ओडिशा के प्रसिद्ध हस्तशिल्प, जैसे पटोला साड़ियाँ, कांसा बर्तन, और लकड़ी की मूर्तियाँ आसानी से मिल जाती हैं। इन बाजारों में आपको ओडिया शिल्पकला का अद्भुत संगम देखने को मिलता है।

**यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय**

भुवनेश्वर जाने का सबसे अच्छा समय अक्टूबर से मार्च तक है, जब मौसम ठंडा और सुखद रहता है। गर्मियों में यहां का तापमान काफी बढ़ सकता है, जिससे यात्रा में कुछ कठिनाइयां हो सकती हैं।

भुवनेश्वर एक ऐसा पर्यटन स्थल है जो इतिहास, संस्कृति, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक साथ प्रस्तुत करता है। यहां की धार्मिक स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों, और सांस्कृतिक गतिविधियों के कारण यह स्थान पर्यटकों के बीच एक अद्भुत आकर्षण बन चुका है। चाहे आप धार्मिक यात्रा पर हों या एक सांस्कृतिक अनुभव की तलाश में, भुवनेश्वर हर तरह के पर्यटकों के लिए उपयुक्त है।

# नॉर्थ ईस्ट इंडिया की इन शानदार जगहों को करें एक्सप्लोर



## एडवेंचर एक्टिविटी का उठा सकेंगे लुत्फ

नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना है, जब देश के कई राज्यों में तेज गर्मी होने लगती है। ऐसे में लोग गर्मी से बचने के लिए हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर जैसी जगहों पर घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन नॉर्थ ईस्ट इंडिया को भूल जाते हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया भी कई खूबसूरत और ठंडी-ठंडी जगहें हैं, जहां पर आप घूमने का प्लान बना सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नॉर्थ ईस्ट इंडिया की कुछ शानदार और खूबसूरत जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने दोस्तों, पार्टनर या फिर परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी में नॉर्थ ईस्ट इंडिया की किसी खूबसूरत और ठंडी जगह घूमने जाना चाहते हैं, तो आप नॉर्थ सिक्किम पहुंच सकते हैं। नॉर्थ सिक्किम पूर्व भारत के टॉप डेस्टिनेशन्स में से एक है। हालांकि यह जगह पड़ोसी देश चीन की सीमा के पास स्थित है। इसलिए यहां पर घूमने के लिए एक विशेष परमिट की आवश्यकता होती है। नॉर्थ सिक्किम में आप लाचुंग, युमथांग घाटी, नाथुला दर्रा, लाचेन, त्सोमो झील और गुरुडोंगमार झील जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## शिलांग

शिलांग मेघालय की राजधानी है और यह समुद्र तल से करीब 5 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। यह एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। पूर्व भारत में शिलांग को बहुत सारे लोग %पूर्व का स्कॉटलैंड% भी बोलते हैं।

शिलांग में ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए अप्रैल में हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। यहां पर आप शिलांग पीक, शिलांग गोल्फ कोर्स, एलीफेंट फॉल्स और वार्ड्स लेक जैसी शानदार और खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## गंगटोक

इसके साथ ही सिक्किम की राजधानी गंगटोक भी एक बेहद खूबसूरत जगह है। यहां पर हर साल हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक आते हैं। वहीं अप्रैल के महीने में यहां का तापमान करीब 15 एष्ट से 20 एष्ट के बीच रहता है।

गंगटोक में आप प्राकृतिक सुंदरता के साथ आकर्षक दृश्यों का भी लुत्फ ले सकते हैं। गंगटोक से आप दुनिया की तीसरी सबसे ऊंची चोटी कंचनजंगा की खूबसूरती को देख सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं।

## चेरापूंजी

नॉर्थ ईस्ट इंडिया के मेघालय राज्य में अगर आप ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के साथ सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको चेरापूंजी जाना चाहिए। यह जगह दुनियाभर में सबसे ज्यादा बारिश के लिए फेमस है। इसलिए यहां पर सालों साल मौसम ठंडा रहता है।

वहीं प्रकृति प्रेमियों के लिए चेरापूंजी स्वर्ग से कम नहीं है। चेरापूंजी में आप मावस्माई गुफा, नोहकलिकाई झरना और डबल डेकर लिविंग रूट ब्रिज जैसी जगहों को एक्सप्लोर करना चाहिए। आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

## आसपास घूमने की जगहें

बता दें कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया में और भी कई शानदार और बेहतरीन जगहें हैं। जहां पर आप घूम सकते हैं। आप अरुणाचल प्रदेश में तवांग, जीरो वैली असम में माजुली द्वीप और मानस राष्ट्रीय उद्यान और मेघालय में मावलिननॉन्ग आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

## मसिनागुडी के हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है



मसिनागुडी, जो तमिलनाडु राज्य के ओट्टी जिले में स्थित है, एक बेहद खूबसूरत और शांति प्रदान करने वाला स्थल है। यह स्थान मुख्य रूप से अपनी प्राकृतिक सुंदरता, वन्यजीवों और पर्वतीय दृश्यावलियों के लिए प्रसिद्ध है। मसिनागुडी का स्थान नीलगिरि पहाड़ियों के बीच है, जो इसे एक आदर्श स्थल बनाता है प्रकृति प्रेमियों, साहसिक पर्यटकों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए। यहां का शांत वातावरण, हरे-भरे जंगल और वन्यजीवों की विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। आइए, जानते हैं मसिनागुडी के प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य**

मसिनागुडी का सबसे प्रमुख आकर्षण बंदिपुर वन्यजीव अभयारण्य है, जो भारत के सबसे प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों में से एक है। यह अभयारण्य मसिनागुडी के पास स्थित है और यहां विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को देखा जा सकता है। यहां बाघ, हाथी, तेंदुआ, तिहुंनी, जंगली सुअर, विभिन्न प्रकार के पक्षी और कीट प्रजातियां पाई जाती हैं। वन्यजीव प्रेमियों के लिए यह एक आदर्श स्थल है। यहां स्फुडडुब्डहा भी आयोजित की जाती है, जो पर्यटकों को जंगल के बीच रोमांचक अनुभव प्रदान करती है।

**2. मसिनागुडी जंगल सफारी**

मसिनागुडी में जंगल सफारी का अनुभव बहुत खास होता है। यहां पर आपको जंगल के बीच घूमते हुए वन्यजीवों के दर्शन हो सकते है। इन सफारियों के दौरान आप बंदिपुर राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और अन्य आस-पास के वन क्षेत्र का दौरा करते हैं। सफारी के दौरान आपको बाघ, हाथी, गेंडे, चिंकारा, तेंदुआ आदि जानवरों को प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलता है। यह अनुभव एक साहसिक और रोमांचक यात्रा होती है।

**3. मुदुमलाई नेशनल पार्क**

मसिनागुडी के पास स्थित मुदुमलाई नेशनल पार्क, एक और प्रमुख वन्यजीव अभयारण्य है, जो पर्यटकों को वन्यजीवों के करीब लाता है। यह पार्क विभिन्न प्रकार की वन्यजीवों और पक्षियों का घर है। यहां की हरे-भरे जंगल, जलप्रपात, और पर्वतीय दृश्य इसे एक शानदार पर्यटन स्थल बनाते हैं। पर्यटक यहां ट्रैकिंग और बोटिंग का भी आनंद ले सकते हैं। यह स्थान उन लोगों के लिए आदर्श है जो प्रकृति और वन्यजीवों से जुड़ा अनुभव चाहते हैं।

**4. सिंहपुरा जलप्रपात**

सिंहपुरा जलप्रपात मसिनागुडी का एक प्रमुख आकर्षण है। यह जलप्रपात नीलगिरि की पहाड़ियों से गिरता हुआ बहुत ही आकर्षक दृश्य प्रस्तुत करता है। यहां की ठंडी हवा, बहते पानी की आवाज और आसपास का दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देता है। यह स्थान ट्रैकिंग और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए आदर्श है। जलप्रपात के पास पहुंचने के लिए थोड़ी कठिन चढ़ाई करनी पड़ती है, जो इसे और रोमांचक बनाती है।

**5. कोझीमाला हिल्स**

कोझीमाला हिल्स, मसिनागुडी के आसपास एक और खूबसूरत स्थल है। यहां की पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करने से आपको पूरे क्षेत्र का शानदार दृश्य दिखाई देता है। इस स्थल पर आपको शांति और एकांत का अनुभव मिलेगा, जो शहर की हलचल से दूर एक सुकून भरा समय बिताने के लिए आदर्श है।

# पांडव फॉल बारहमासी झरना है, रहस्यपूर्ण वातावरण

## प्राचीन गुफाएं महाभारत से रखती हैं ताल्लुक

देश में बाघों की संख्या अब दिन प दिन कम होती जा रही है। बाघों को देने के लिए आज जनता जो एडवेंचर और वाइल्ड लाइफ की शौकीन है वह जंगलों की सफारी के लिए जाते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आप पन्ना टाइगर रिजर्व जा सकते हैं। यह जगह सर्दियों में किसी स्वर्ग से कम नहीं लगती। घने जंगल और बेहतरीन आलीशान रिजॉर्ट पर्यटकों को अपनी ओर खींच लाते हैं। पन्ना आकर आप सफारी राइड तो कर ही सकते हैं साथ ही यहां एक रहस्यमय जगह है जिसका नाम है पांडव की गुफाएं एवम् जलप्रपात यह जगह जंगल के अंदर बीचोबीच में है। यह स्थान पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र में स्थित एक खूबसूरत जगह है। यह स्थान प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों से युक्त है। यहां एक खूबसूरत झरना है। पांडव जलप्रपात की ऊंचाई 30 मीटर है। बारिश के मौसम में यहां का नजारा बेहद मनोरम होता है। जैव विविधता की



दृष्टि से यह क्षेत्र बेहद महत्वपूर्ण है। यहां कई औषधीय पौधे पाए जाते हैं। जो मानव जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

**पांडव जलप्रपात की खूबसूरती**

पांडव जलप्रपात झरने का पानी मध्य प्रदेश में स्थित केन नदी की एक सहायक नदी से आता है। यह एक बारहमासी झरना है, बारिश के मौसम में झरने का वेग बढ़ जाता है। पांडव जलप्रपात का पानी नीचे स्थित एक विशाल जलकुंड में गिरता है, जलकुंड का आकार दिल जैसा दिखता है। जलकुंड का पानी साफ होने के कारण मछलियां साफ दिखाई देती हैं। पांडव जलप्रपात हरे-भरे जंगलों से घिरा हुआ है। पांडव गुफा और पांडव जलप्रपात की शांति, पवित्रता और यहां का मनोरम वातावरण लोगों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

**पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा समय क्या है?**

पांडव जलप्रपात मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में स्थित सबसे लोकप्रिय दर्शनीय स्थलों में से एक है, जहां दुनिया भर से पर्यटक आते है। सर्दियों और मानसून के मौसम को पांडव जलप्रपात की यात्रा के लिए सबसे अच्छा माना जाता है क्योंकि इस दौरान यह क्षेत्र स्वस्थ जल प्रवाह के साथ घनी हरियाली से भरा रहता है। नीचे मौसमी विवरण दिया गया है जो पर्यटकों को पांडव जलप्रपात की यात्रा की योजना बनाने में मदद करेगा।

**प्रचलित कथा**- पांडव गुफा के बारे में जब जुए में पराजित होने के बाद पांडवों को हस्तिनापुर से निकाल दिया गया था। तब वे अज्ञातवास के समय यहां गुप्त रूप से निवास करते थे। उन्होंने इस झरने के पास एक गुफा में शरण ली थी और अपने हथियार रखे थे। इस घटना के बाद से इसका नाम पांडव फॉल और पांडव गुफा पड़ा।

## खूबसूरत और शानदार हिल स्टेशन पर जाएं घूमने, बिता सकेंगे यादगार पल

अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

अप्रैल साल का एक ऐसा महीना होता है, जब देश के कई राज्यों में तापमान आसमान छूने लगता है। अप्रैल के महीने में हर कोई घूमने का प्लान बनाता है। तो वहीं कई लोग ठंडी-ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में घूमने के लिए जाते हैं, तो कुछ उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर और लेह लद्दाख जैसी जगहों पर पहुंचते हैं। ऐसे में अगर आप भी अप्रैल की चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए किसी हिल स्टेशन जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ हसीन और बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ हसीन पल बिता सकते हैं।

रिकांग पिओ समुद्र तल से करीब 7 हजार से भी अधिक फीट ऊंचाई



पर मौजूद है। यहां पर भीषण गर्मी में भी तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच रहता है। रिकांग पिओ में आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**मुनस्यारी**

अगर आप उत्तराखंड की हसीन वादियों में सुकून के पल बिताना चाहते हैं, तो आपको अपने पार्टनर के साथ मुनस्यारी पहुंच जाना चाहिए। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी एक हसीन और शानदार हिल स्टेशन है।

यहां पर आपको घने जंगल, बादलों से ढके पहाड़, झील-झरने और ठंडी हवाओं का आप सुकून और शांति के पल बिता सकते हैं। यहां पर कई कपल्स हनीमून के लिए पहुंचते हैं। मुनस्यारी में आप खलिया टॉप, नंदा देवी मंदिर, बिर्थी जलप्रपात और थमरी कुंड जैसी शानदार जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं।

**सोनमर्ग**

वैसे तो जम्मू-कश्मीर को हर जगहें पर्यटकों को खूब आकर्षित करती हैं। इसलिए ही जम्मू-कश्मीर को धरती का स्वर्ग माना जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर सालों साल ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाया जा सकता है।

अप्रैल की गर्मी में आप सोनमर्ग घूमने के लिए जा सकते हैं। अप्रैल के महीने में सोनमर्ग का तापमान 10एष्ट से 20एष्ट के बीच में रहता है। यह जगह देश का सबसे रोमांटिक डेस्टिनेशन माना जाता है। यहां पर आप अप्रैल के महीने में भी स्नो एक्टिविटी का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

**लेह लद्दाख**

अगर आप अप्रैल की गर्मी में किसी ठंडी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, तो आप लेह-लद्दाख घूमने के लिए जा सकते हैं। लेह लद्दाख देश के टॉप पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है।

अप्रैल के अलावा जून और जुलाई की भीषण गर्मी में भी हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक लेह लद्दाख घूमने के लिए पहुंचते हैं। वहीं कई कपल्स अप्रैल-मई-जून और जुलाई में यहां पर सिर्फ हनीमून मनाने के लिए भी पहुंचते हैं।

# हिमाचल में मौजूद पराशर झील घूमने के लिए दिल्ली से बनाएं शानदार ट्रिप

## खूबसूरती देख झूम उठेंगे आप

हिमाचल प्रदेश कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल



की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत ही शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा।

हिमाचल प्रदेश की हसीन वादियों में हर रोज हजारों की संख्या में लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। इन जगहों की खूबसूरती देखकर लोग अभिभूत हो जाते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली, स्पीति वैली, शिमला और डलहौजी के बारे में तो हर कोई जानता है। लेकिन वहीं इस राज्य में कुछ ऐसी झील भी हैं, जो उसकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करते हैं। हिमाचल की हसीन वादियों में स्थिति पराशर झील भी बहुत शानदार है। इसकी खूबसूरती देखकर आपका वापस आने का मन नहीं करेगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको दिल्ली से पराशर झील के शानदार ट्रिप के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पराशर झील**

बता दें कि पराशर झील ऋषि पराशर के नाम पर है। यह झील समुद्र तल से करीब 2 हजार से अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद है। इस झील के किनारे पर ऋषि पराशर का प्राचीन मंदिर भी मौजूद है। पराशर झील के चारों ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ मौजूद हैं और सर्दियों के मौसम में इस झील की ऊंचाई चरम पर होती है। वहीं गर्मियों में भी यहां पर लोग ठंडी हवाओं का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं।

**दिल्ली से मंडी ऐसे पहुंचें**

दिल्ली से पराशर झील जाने के लिए आप सबसे पहले हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पहुंचे। आप दिल्ली के कश्मीरी गेट बस स्टैंड से हिमाचल रोडवेज बस से मंडी पहुंच सकते हैं।

अगर आप दिल्ली से शाम या रात में हिमाचल के लिए बस पकड़ते हैं, तो आप सुबह-सुबह मंडी पहुंच सकते हैं। मंडी पहुंचने के बाद वहां पर रेस्ट करें और कुछ बेहतरीन जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं। फिर अगले दिन मंडी से पराशर झील के लिए निकल जाएं।

**मंडी में घूमने की जगहें**

अगर आप मंडी में रुकते हैं, तो आप शानदार और हसीन जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। मंडी को कई लोग छोटा काशी के नाम से भी जानते हैं। क्योंकि यहां पर कई फेमस और प्राचीन मंदिर हैं।

मंडी में आप भूतनाथ मंदिर, रिवालसर झील, त्रिलोकी नाथ मंदिर और सुंदरनगर झील जैसी खूबसूरत जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं। यहां पर आप कैंपिंग, हाइकिंग और ट्रैकिंग जैसी शानदार एक्टिविटी कर सकते हैं।

**ऐसे पहुंचे पराशर झील**

बता दें कि मंडी से पराशर झील पहुंचना बहुत आसान है। मंडी से पराशर झील पहुंचने के लिए आप हिमाचल रोडवेज बस, कैब बुक करके और तीसरा बाइक रेंट पर लेकर जा सकते हैं।

अगर आप बस से जाना चाहते हैं कि मंडी बस स्टैंड से बस पराशर झील के लिए सुबह 8 बजे से चलती हैं, जोकि शाम को 4 बजे वापस आती है। बस का किराया 120-150 रुपए के आसपास है। वहीं कैब से जाने पर आपको 2000-3000 रुपए के बीच किराया लगेगा। वहीं अगर आप बाइक रेंट पर लेकर जाते हैं, तो 500-700 रुपए के बीच किराया आ सकता है।

**पराशर झील के बीच में स्थित शानदार जगहें**

मंडी से पराशर झील की दूरी करीब 50 किमी है। इस बीच में तमाम शानदार और बेहतरीन जगहें मौजूद हैं। जिनको आप एक्सप्लोर कर सकते हैं। इस सफर में आप कई हसीन और लुभावने दृश्यों को अपने कैमरे में कैद कर सकते हैं।

मंडी और पराशर झील के बीच में आप आईआईटी मंडी, संदोया गांव, सघली गांव, खलियार गांव से लेकर बिजनी और बाघी गांव को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहीं आप रास्ते में इन जगहों पर रुककर चाय का स्वाद लेते हुए हिमाचल पर्वत की खूबसूरती को पास से देख सकते हैं।

मंडी से पराशर झील घूमने जाने के लिए गर्मी या ठंडी में प्लान करें बनाएं।



**इन बातों का रखें खास ख्याल**

सफर के लिए आप फास्ट फूड पैक कर सकते हैं। क्योंकि आपको झील के पास बहुत कम दुकानें मिलेंगी।

आप पराशर झील के लिए सुबह-सुबह निकल सकते हैं। जिससे कि अंधेरा होने से पहले वापस आ सकें।

वहीं अपने साथ जरूरी दवाएं रखना न भूलें।

# अहमदाबाद प्लेन हादसा, आरोप-एयरलाइन मुआवजा देने से बच रही
## वकील बोले- एअर इंडिया पीड़ित परिजनों से वित्तीय जानकारी मांग रही

एजेंसी

**नई दिल्ली/लंदन।** अहमदाबाद प्लेन क्रैश में जान गंवाने वाले यात्रियों के परिजन को एअर इंडिया मुआवजा देने से बचना चाहती है। यह आरोप 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ने वाली ब्रिटेन की कानूनी फर्म स्टीवर्ट्स ने लगाए हैं।

स्टीवर्ट्स 40 से ज्यादा पीड़ित परिवारों का केस लड़ रही है। फर्म के एडवोकेट पीटर नीनन ने कहा है कि एअर इंडिया ने मुआवजा देने से पहले परिवारों से कानूनी रूप से संवेदनशील वित्तीय जानकारी मांगी, जिससे उनका हक कम हो सकता है। उधर, एअर इंडिया ने आरोपों को नकार दिया है।

नीनन ने कहा कि एअर इंडिया पीड़ित परिवारों के साथ अनैतिक और अपमानजनक व्यवहार कर रही है। एअर इंडिया इस तरह से व्यवहार कर



लगभग 1,050 करोड़ रुपए बचाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने मामले की जांच की मांग भी की है। वहीं, उन्होंने अपने क्लाइंट्स को सलाह दी है कि वे फॉर्म न भरें और मुआवजा पाने के लिए कानूनी रास्ता अपनाएं।

अहमदाबाद में एअर इंडिया का प्लेन क्रैश 12 जून को हुआ था। उस वक्त विमान में 242 लोग सवार थे। इनमें एक यात्री की जान बच गई थी। इसके अलावा, जिस मेडिकल हॉस्टल पर विमान गिरा था, वहां 29 लोगों की जान गई थी। इस तरह इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी।

नीनन ने आरोप लगाया, %न तो किसी परिजन को पहले से कोई सूचना दी गई, न ही उन्हें कानूनी सलाह मिली और न ही इन दस्तावेजों की कोई कॉपी दी गई। एअर इंडिया के अधिकारियों ने कुछ परिजन पर फॉर्म भरने का दबाब डाला और उनके घर जाकर पूछने लगे कि फॉर्म क्यों नहीं भरे गए।

परिजन से कहा गया कि जब तक वे फॉर्म नहीं भरते, उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। जबकि अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक, एयरलाइन को पहचान और रसीद पर हस्ताक्षर के बाद तत्काल अंतरिम मुआवजा देना होता है, किसी फॉर्म की जरूरत नहीं होती।

एअर इंडिया ने इन सभी आरोपों को नकारते हुए कहा है कि ये दावे गलत और आधारहीन हैं। एयरलाइन ने इंडिया टुडे को दिए बयान में कहा कि फॉर्म का उद्देश्य केवल पारिवारिक संबंधों की पुष्टि करना है। हमने फॉर्म को जितना हो सके सरल बनाने की कोशिश की है, ताकि मुआवजा सही व्यक्ति तक जल्दी और सही तरीके से पहुंचे।

एयरलाइन ने दावा किया कि पहले ही कुछ परिजन को अंतरिम मुआवजा देना शुरू कर दिया है और वे सभी परिवारों की पूरी मदद कर रहे हैं। कुछ औपचारिक प्रक्रियाएं जरूरी हैं, लेकिन हम परिवारों को पूरा समय और सहूलियत दे रहे हैं।

एअर इंडिया की उड़ान संख्या ढ्ढ 171 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग पर केंद्र सरकार सख्त, 1298 ब्लॉक ऑर्डर किए जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग से पैदा होने वाले जोखिमों और लत से होने वाले नुकसान पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2022-24 के बीच ऑनलाइन सट्टेबाजी/जुआ/गेमिंग वेबसाइटों (मोबाइल एप्लिकेशन सहित) से जुड़े 1,298 ब्लॉकिंग निर्देश जारी किए हैं। रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, सरकार की नीतियों का उद्देश्य इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए एक ओपन, सेफ, विश्वसनीय और जवाबदेह इंटरनेट सुनिश्चित करना है।

इस लक्ष्य को पाने के लिए सरकार ने संबंधित हितधारकों के साथ परामर्श के बाद ऑनलाइन गेम से उत्पन्न होने वाली विभिन्न सामाजिक-आर्थिक चिंताओं को दूर करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में संशोधनों को अधिसूचित किया।

आईटी नियम, 2021 ऑनलाइन गेम को लेकर दूसरे मध्यस्थों, सोशल मीडिया मध्यस्थों या प्लेटफार्मों सहित ऑनलाइन गेमिंग मध्यस्थों पर विशिष्ट दायित्व डालता है। केंद्रीय मंत्री ने लोकसभा को बताया कि ऐसे मध्यस्थों को किसी भी कानून का उल्लंघन करने वाली किसी भी सूचना को होस्ट, स्टोर या प्रकाशित नहीं करना चाहिए।

केंद्रीय मंत्री के अनुसार, वे अपनी जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए भी बाध्य हैं, जिसमें आईटी नियम, 2021 के तहत वर्गीकृत गैरकानूनी सूचनाओं को हटाने की दिशा में उनकी तुरंत कार्रवाई शामिल है। इसके अलावा, बच्चों के लिए हानिकारक, मनी लॉन्ड्रिंग या जुए से जुड़ी किसी भी सूचना के खिलाफ शिकायत पर भी तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

## क्विक न्यूज

### पानी के विवाद में केंद्रीय मंत्री के भांजे आपस में भिड़े, बरसाईं गोलियां, एक की मौत, दूसरे की हालत गंभीर

**भागलपुर।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय के दो भांजे, जयजीत यादव और विकल यादव के बीच गुरुवार की सुबह एक मामूली पानी के विवाद के दौरान गोलीबारी हो गई। इस घटना में विकल की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि जयजीत की हालत अत्यंत नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 6.30 बजे पानी देने वाले नौकर ने पानी वाले बर्तन में हथेली डुबोकर पानी दिया था। इस कार्य से विकल में नाराजगी बढ़ गई। पहले से ही दोनों भाइयों के बीच मतभेद था, जिसके चलते विवाद बढ़ गया। विकल ने घर के अंदर से पिस्तौल निकालकर जयजीत के मुंह पर निशाना साधा। गोली जबड़े को क्षतिग्रस्त करते हुए निकल गई। प्रारंभ में जयजीत जमीन पर गिर गया, लेकिन कुछ मिनटों में ताकत बटोरकर उठा और विकल से गुत्थम-गुत्थी करते हुए उसका हाथ से पिस्तौल छीन ली।

### औरंगजेब आज प्रासंगिक नहीं : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ

**नई दिल्ली।** नागपुर में मुगल बादशाह औरंगजेब की कब्र को लेकर छिड़े विवाद के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर का बयान सामने आया है। उन से पूछा गया कि क्या अभी भी औरंगजेब प्रासंगिक है? उन्होंने कहा, किसी भी तरह की हिंसा समाज के लिए अच्छी नहीं है। पुलिस ने इस पर एक्शन लिया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है, साथ ही मुगल बादशाह को लेकर उन्होंने कहा, औरंगजेब प्रासंगिक नहीं है। ऋस्स् की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की 3 दिवसीय बैठक 21 से 23 मार्च तक कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शुरू होने जा रही है। कल ही औरंगजेब कब्र विवाद को लेकर महाराष्ट्र के नागपुर से बवाल की खबर सामने आई थी। यहां दो गुटों में पथराव के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई थी।

# नागपुर हिंसा में भीड़ ने महिला पुलिसकर्मियों से की छेड़छाड़, किए अश्लील इशारे और कमेंट, मामला दर्ज

**नागपुर।** सोमवार देर रात को महाराष्ट्र के नागपुर के चिटनिस पार्क से सीए रोड पर प्रदर्शनकारियों ने महिला पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया। एक महिला पुलिस कर्मचारी ड्यूटी पर थी। भीड़ ने महिला पुलिस कर्मचारी से छेड़छाड़ करने की कोशिश की। इस दौरान कुछ बदमाशों ने पीड़ित महिला पुलिस कर्मचारी की वर्दी खींचने की कोशिश की और उसके शरीर को भी छूने की कोशिश की। महिला पुलिस कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न की इस हरकत की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की है और इसके बाद भीड़ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में यह बात सामने आई है कि इसी भीड़ ने मौके पर मौजूद अन्य महिला पुलिस कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार किया और उन्हें देखकर अश्लील इशारे और अश्लील टिप्पणियां की गईं।

# जादू-टोना के शक में ग्रामीणों ने बाप-बेटे पर किया हमला, 3 की मौत

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।जहां टोना-टोटका के संदेह में 3 लोगों की हत्या कर दी गई है। गंजाम जिले के धराकोट ब्लॉक के बड़गड़ थाना अंतर्गत खालीपल्ली गांव में टोना-टोटका के संदेह में ग्रामीणों के हमले में पिता-पुत्र की मौत हो गई है। वहीं, हमला होने पर पिता-पुत्र ने भी पलटवार किया था, इसमें 1 ग्रामीण की मौत हो गई है और 3 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 3 लोगों को गंभीर हालत में धराकोट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। 12 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक तीन साल पहले टोना-टोटका के संदेह में ग्रामीणों ने गांव के 4 परिवारों पर प्रतिबंध लगाते हुए उनका बहिष्कार करते हुए उनकी पिटाई की थी।

घटना के संबंध में एक प्राथमिकी भी दर्ज की गई थी। हालांकि, दो परिवार डर के मारे गांव छोड़कर बाहर चले गए थे। घटना के छह माह बाद दोनों परिवार पुलिस की मदद से ग्रामीणों को समझाने-बुझाने के बाद गांव लौटे। इसके बाद से ही ग्रामीणों और उक्त परिवार के बीच झगड़ा लगा रहता था, जिसका नतीजा मंगलवार रात को देखने को मिला। रविवार रात को खदाल बेहरा द्वारा गांव में गाली-गलौज को लेकर बहस शुरू हुई। बहस के दौरान, उनके बेटे रत्नाकर बेहरा ने अचानक ग्रामीणों पर तलवार से हमला कर दिया, जिसमें चार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, ग्रामीणों के हमले में पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त हो गया है।

# अमरनाथ यात्रा- पहले दिन 12,348 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए, 6400 यात्रियों का तीसरा जत्था रवाना

एजेंसी

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा गुरुवार से शुरू हो गई। पहले दिन शाम 7.15 बजे तक 12,348 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। इनमें 9,181 पुरुष और 2,223 महिलाएं शामिल थीं। वहीं 99 बच्चे, 122 साधु, 7 साध्वी, 708 सुरक्षाबलों के जवान और 8 ट्रांसजेंडर श्रद्धालु भी दर्शन के लिए पहुंचे।

कड़ी सुरक्षा के बीच 5,200 से ज्यादा तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था गुरुवार को जम्मू के भगवतीनगर बेस कैंप से रवाना हुआ, जो दोपहर 2 बजे पहलगाम बेस कैंप पहुंच गया। 6400 यात्रियों को लेकर तीसरा जत्था शुक्रवार सुबह 4 बजे अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ।

पहले दिन बालटाल रूट पर 16 किमी तक लाइन लगी। हालांकि यात्रा



के पहले ही दिन तक हिम शिवलिंग का आकार 1.5 से 2 फीट ही रह गया था। ऐसे में संभावना है कि इस बार भी शिवलिंग जल्दी पिघल जाएगा।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूटों से होगी। यात्रा का समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे।

इस साल अब तक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। तुरंत रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। ये सेंटर रोज दो हजार श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन कर रहे हैं।

प्राकृतिक सौंदर्य के लिए पहलगाम रूट बेहतर यदि आप अमरनाथ सिर्फ धार्मिक यात्रा के रूप में आ रहे हैं तो बालटाल रूट बेहतर है। यदि कश्मीर के प्राकृतिक सौंदर्य को करीब से जीना चाहते हैं तो पहलगाम रूट बेहतर है। हालांकि इसकी हालत बालटाल रूट के विपरीत है।

गुफा से चंदनबाड़ी तक सफर थकान, धूलभरा है। रास्ता पत्थरों वाला और कहीं-कहीं बहुत संकरा है। 48 किमी लंबे जर्जर रूट पर कई जगह रेलिंग गायब है तो कहीं घोड़ों के लिए अलग रास्ता है। भास्कर टीम ने दूसरे दिन का सफर पहलगाम रूट से किया। जैसे ही आप गुफा से इस रूट पर बढ़ते हैं, जवान डॉग स्क्वॉड के साथ मिल जाएंगे। पंचतरणी से आगे बुग्यालों (पहाड़ों पर हरी घास के मैदान) में बैठे जवान दिखेंगे। ये नजारा 14,800 फीट ऊपर गणेश टॉप, पिस्सू टॉप पर भी दिखा। पिछली बार इतनी सुरक्षा नहीं थी।

# 86 साल की महिला को 2 महीने रखा डिजिटल अरेस्ट, 20 करोड़ ठगे

एजेंसी

**मुंबई।** साइबर फ्रॉड का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आयाहै। एक बुजुर्ग महिला को करीब 2 महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा और 20 करोड़ रुपये ठग लिए। इस दौरान महिला को डराया, धमकाया और बच्चों को गिरफ्तार करने की तक की धमकी दे दी। पुलिस ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला को कॉल करने वाले ने खुद का नाम संदीप राव बताया और कहा कि वह एक सीबीआई ऑफिसर है। इसके बाद उसने आरोप लगाए कि विक्टिम महिला के नाम और डॉक्यूमेंट का इस्तेमाल करके एक बैंक अकाउंट है, जिसका इस्तेमाल गैर कानूनी एक्टिविटी में किया है। उस बैंक खाते के जरिए मनी लाउड्रिंग और जेट एयरवेज के फाउंडर नरेश गोयल को रुपये भेजे हैं।

फेक सीबीआई ऑफिसर ने महिला को बताया कि इस केस को CBI को सौंप दिया गया है और कंप्लेंट दर्ज हो चुकी है। इसके बाद आरोपी ने महिला को धमकाया कि उसके पास अरेस्ट वॉरंट है। आरोपी ने विक्टिम महिला को बताया कि वह अगर जांच में सहयोग नहीं करेंगी तो पुलिस उनके घर पर पहुंच जाएगी। इसके बाद विक्टिम महिला से जांच के नाम पर बैंक डिटेल्स और अन्य जरूरी डिटेल्स मांगी गई। इसके बाद महिला को डिजिटल अरेस्ट किया गया। यह केस करीब 2 महीने तक चलता रहा।

फेक सीबीआई अफसर और राजीव रंजन फेक नाम के शख्स महिला को 2-3 घंटे के दौरान कॉल करते और उनकी लोकेशन पूछते। इसके बाद विक्टिम महिला को बताया कि अगर आपको अपना नाम इस केस से हटवाना है, तो उसका एक प्रोसेस है।

### लैंडस्लाइड के चलते केदारनाथ मार्ग बंद
# हिमाचल-मानसून सीजन में 69 की मौत, 500 करोड़ का नुकसान

एजेंसी

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून को एंट्री ली थी। बारिश से जुड़ी घटनाओं में राज्य में अब तक 69 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें 26 मौतें एक्सीडेंट के कारण हुईं। एक दिन पहले 6 लोगों की जान गई थी। बीते 15 दिन में राज्य को लगभग ?500 करोड़ का नुकसान हो चुका है।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में लगातार बारिश के कारण अलकनंदा उफान पर है। इसके किनारे बने घर डूब गए हैं। वहीं, केदारनाथ यात्रा के पड़ाव गौरीकुंड में लैंडस्लाइड के बाद रूट ब्लॉक हो गया है। बद्रीनाथ हाईवे पर नंदप्रयाग और भनेरपानी के पास लैंडस्लाइड से रास्ता बंद हो गया था, उसे अब खोल दिया गया है।




उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से बाढ़ का खतरा बढ़ने लगा है। इसको लेकर प्रशासन की ओर से अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, मध्य प्रदेश में बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। इस वजह से कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं।

ओडिशा में भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव है। बालासोर जिले में बाढ़ से हालात गंभीर बने हुए हैं। यहां सुबर्णरिखा नदी में आई बाढ़ के कारण 35 गांव अभी भी पानी में डूबे हुए हैं और बाकी इलाकों से कटे हुए हैं।

मौसम विभाग का कहना है कि मानसून इस वक्त पूरी तरह एक्टिव मोड में है। इसलिए महाराष्ट्र-राजस्थान समेत 13 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

# छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन कर आवास प्लस 2.0 सूची में किया जाएगा शामिल

एजेंसी

**सुकमा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत भारत सरकार पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण प्रारंभ किया गया है जिसका प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में निवासरत गरीब व बेघर पात्र परिवारों हेतु सभी के लिए पक्का आवास के लक्ष्य को प्राप्त करना है। राज्य शासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार योजना के क्रियान्वयन में 2024-25 से 2028-29 तक वृद्धि किये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके अंतर्गत आवासों के निर्माण हेतु नया मापदंड तैयार किया गया है। जिसके अंतर्गत मोटरयुक्त तिपाहिया व चौपहिया वाहन, मशीनीकृत तिपाहिया व चौपहिया कृषि उपकरण, 50 हजार रुपए अथवा इससे अधिक ऋण सीमा वाले किसान क्रेडिट कार्ड, ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के पंजीकृत गैर कृषि उद्यम परिवार, ऐसे परिवार जिनका कोई सदस्य 15 हजार से अधिक कमा रहा है, आयकर देने वाले परिवार, व्यवसाय कर देने वाले परिवार, ऐसे परिवार जिनके पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक की सिंचित भूमि हो, ऐसे परिवार जिसके पास 05 एकड़ या इससे अधिक असिंचित भूमि हो अपात्र होंगे इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत वर्ष 2018 में तैयार की गई आवास प्लस के सूची के अनुसार छुटे हुए पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जावेगा तथा नये मापदण्ड के आधार पर सभी पात्र परिवारों को आवास प्लस सूची में शामिल किया जावेगा। आवास प्लस में सर्वे कार्य तेजी से पूर्ण करने के लिए तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक और आवास सहायक को सर्वेयर बनाया गया है। सर्वे करने वाले सर्वेयर का पंजीयन आवास सॉफ्ट पोर्टल पर अनिवार्य किया गया है।

# प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की पेंटिंग ने बनाया रिकॉर्ड, न्यूयॉर्क में 118 करोड़ में हुई बिक्री

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** प्रसिद्ध चित्रकार एमएफ हुसैन की एक पेंटिंग 13.8 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 118 करोड़ रुपये) में बिकी है। एमएफ हुसैन की पेंटिंग ग्राम यात्रा ने आधुनिक भारतीय कला की सबसे महंगी पेंटिंग का रिकॉर्ड बनाया है। इस पेंटिंग को प्रसिद्ध चित्रकार के 1950 के दशक की सबसे अहम और विशाल पेंटिंग माना जाता है।

19 मार्च को न्यूयॉर्क के क्रिस्टी में इस पेंटिंग की नीलामी हुई। इससे पहले 2023 में अमृता शेरगिल की 1937 की द स्टोरी टेलर पेंटिंग की मुंबई में लगभग 7.4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (61.8 करोड़ रुपये) में नीलामी हुई थी। एमएफ हुसैन की एक ही कैनवास पर करीब 14 फीट लंबी पेंटिंग में 13 पैनल लगे हैं। इस ग्राम यात्रा का अर्थ है गांव की तीर्थयात्रा। यह हुसैन की कृतियों की आधारशिला मानी जाती है।



क्रिस्टी के साउथ एशियन मॉडर्न एंड कंटेम्परेरी आर्ट के प्रमुख निशाद अवारी ने कहा कि हम मकबूल फिदा हुसैन के काम और पूरी श्रेणी के लिए एक नया बेंचमार्क मूल्य निर्धारित करने का हिस्सा बनकर रोमांचित हैं। यह एक ऐतिहासिक क्षण है और आधुनिक और समकालीन दक्षिण एशियाई कला बाजार की असाधारण ऊपर की ओर प्रगति को जारी रखता है। एमएफ हुसैन की जिस पेंटिंग की सबसे महंगी बिक्री हुई है, वह 1954 में ही भारत से चली गई थी। यूक्रेन में जन्मे नॉर्वे के डॉक्टर लियोन एलियास वोलोडार्स्की ने इस पेंटिंग को खरीद लिया था। वे नई दिल्ली में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के लिए एक थोरैसिक सर्जरी प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए आए थे।

वोलोडार्स्की ने 1964 में पेंटिंग को ओस्लो यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल को दे दिया था। अब इस पेंटिंग की बिक्री से प्राप्त आय संस्थान में डॉक्टरों की भावी पीढ़ियों के प्रशिक्षण में मदद करेगी। इससे पहले हुसैन की सबसे महंगी पेंटिंग शीर्षकहीन पुनर्जन्म पिछले साल लंदन में 3.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 25.7 करोड़ रुपये) में बिकी थी।

## मदद का इंतजार कर रहे 20 अन्य लोगों की भी गई जान
# इस्राइल हवाई हमलों 15 फलस्तीनियों की मौत

एजेंसी

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इस्राइली हमलों में 15 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इसके अलावा, मदद का इंतजार कर रहे 20 फलस्तीनी भी गोलीबारी में मारे गए हैं। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब युद्धविराम प्रस्ताव पर हमास और अन्य फलस्तीनी गुटों के बीच बातचीत जारी है।

इस्राइली हवाई हमलों में शुक्रवार तड़के गाजा में 15 फलस्तीनी मारे गए, जबकि मदद का इंतजार कर रहे लोगों पर हुई गोलीबारी में 20 अन्य लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी उस अस्पताल की शवगृह से मिली जिसने उनके शवों को प्राप्त किया। एसोसिएटेड प्रेस ने यह जानकारी दी।

नासिर अस्पताल के मुताबिक, इस्राइली हवाई हमलों में 15 लोग



मारे गए, जिनमें आठ महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं, जबकि मदद का इंतजार कर रहे 20 अन्य लोग गोलीबारी में मारे गए। इनमें से दो की मौत रफा में मदद वितरण केंद्रों के पास हुई और 18 लोग दक्षिणी गाजा में अन्य स्थानों पर ट्रकों से राहत सामग्री का इंतजार करते हुए मारे गए। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं, जब 21 महीने से जारी संघर्ष को रोकने की कोशिशें की जा रही हैं।

हमास ने शुक्रवार को कहा कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थों की ओर से पेश किए एक युद्धविराम प्रस्ताव पर अन्य फलस्तीनी गुटों के नेताओं के साथ बातचीत कर रहा है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा था कि इस्राइल गाजा में 60 दिनों के युद्धविराम की शर्तों पर सहमत हो गया है। उन्होंने हमास से आग्रह किया था कि वह हालात और बिगड़ने से पहले समझौते को स्वीकार करे। हमास ने अपने बयान में कहा कि बातचीत समाप्त होने के बाद वह मध्यस्थों को अंतिम जवाब देगा।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा में अब तक मारे गए फलस्तीनियों की संख्या 57,000 से अधिक हो चुकी है। मंत्रालय अपने आंकड़ों में आम नागरिक और लड़ाकों में फर्क नहीं करता। उसका कहना है कि मरने वालों में से आधे से अधिक महिलाएं और बच्चे हैं। यह युद्ध तब शुरू हुआ, जब हमास ने अक्तूबर 2023 में दक्षिण इस्राइल पर हमला किया, जिसमें 1,200 लोगों की मौत हुई और लगभग 250 लोगों को बंधक बना लिया गया।

फलस्तीनी चश्मदीदों और गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मई में राहत केंद्र खुलने के बाद से इस्राइली सेना की गोलीबारी में सैकड़ों लोग मारे गए हैं या घायल हुए हैं। ये मौतें उस समय हुईं, जब वे मदद लेने पहुंचे थे। इस्राइली सेना ने कई बार कहा है कि उसने गोलीबारी केवल चेतावनी देने के लिए की है। जानबूझकर आम नागरिकों पर गोली नहीं चलाई गई है।

# एसपी ने खेतासराय पुलिस बूथ का किया उद्घाटन

**जनता को दिया भरोसा, 24 घंटे मिलेगी सुरक्षा**



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खेतासराय)** पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुम्भ ने शुक्रवार को खेतासराय कस्बा में बने नए पुलिस बूथ का उद्घाटन फीता काट कर धार्मिक रीति रिवाज के साथ सम्मानजनक तरीके से किया गया। हल्की बारिश के बाद भी नगर वासियों की भारी भीड़ देख वह काफी प्रसन्न रहे। उन्होंने कहा कि जिले में 132 पुलिस बूथ बनाए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य जनता को त्वरित न्याय मिले। सरकार की जीरो टालेन्स नीति पूरी तरह से कारगर साबित हो सके।एसपी डॉ कौस्तुभ ने कहा कि यह कस्बा बेहद संवेदनशील माना जाता है। लेकिन यहां के लोग आपसी प्रेम सौहार्द को बनाए रखने में हमेशा आगे रहते हैं। आगामी दिनों में सावन मास और मोहर्रम का त्यौहार शुरू हो गया है। इसलिए इस सौहार्द को बनाए रखना हमारी आपकी नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नगर वासियों से इस पुलिस बूथ को बनाने के लिए दिए गए सहयोग पर उनका आभार जताया।इस लोकार्पण कार्यक्रम में सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान, थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक को बुंके भेंट कर उनका स्वागत किया।

आईपीएस एएसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव, डिप्टी एसपी अजीत सिंह चौहान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह नया पुलिस बूथ आम जनता को पुलिस से जोड़ने का काम करेगा। यहां 24 घंटे पुलिस की मौजूदगी रहेगी। इससे असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने में आसानी होगी और नगर अति संवेदनशील इलाकों में कोई भी घटना होने पर तुरंत कार्रवाई की जा सकेगी। उन्होंने खेतासराय के थानाध्यक्ष रामाश्रय राय की खुले दिल से तारीफ की और कहा कि उनके आने के बाद क्षेत्र में अपराधों पर काफी हद तक कंट्रोल हुआ है। आम जनता से उनका जुड़ाव और मदद करने का तरीका सराहनीय है, और यही कारण है कि उद्घाटन कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। डिप्टी एसपी ने यह भी बताया कि कम समय में खेतासराय क्षेत्र में यह दूसरा पुलिस बूथ है जो आज से जनता की सेवा में पूरी तरह समर्पित रहेगा। कार्यक्रम के अंत में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने सभी लोगों का धन्यवाद किया और कहा कि पुलिस हमेशा आम लोगों की मदद के लिए तैयार है।

### समारोह में ये भी रहे मौजूद

खेतासराय। उद्घाटन समारोह में एसडीम शाहगंज कुणाल गौरव, ईओ प्रदीप गिरी, उप निरीक्षक अनिल पाठक,कस्बा इंचार्ज तारिक अंसारी, हेड कांस्टेबल संजय पांडेय, शुभम त्यागी, राजकुमार यादव, नफीस अहमद, भाजपा नेता रूपेश गुप्ता मोनू, डॉ चन्द्रजीत मौर्य, अध्यक्ष वसीम अहमद, मोहम्मद असलम, जगदम्बा प्रसाद पांडेय, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा, डॉ शौकत खान, सभासद सतीश यादव पिंकू, मनीष गुप्ता धर्मरक्षक, मोहम्मद कौसर, राजेश यादव, समाजसेवी कपूरचंद जायसवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## रिक्रूट ट्रेनिंग सेंन्टर का आईजी ने किया निरीक्षण

**आजमगढ़।** धर्मेन्द्र सिंह पुलिस महानिरीक्षक सशस्त्र पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, चुनार मिर्जापुर द्वारा हेमराज मीना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती-2023 में चयनित अभ्यर्थियों के प्रशिक्षण हेतु पुलिस लाइन आजमगढ़ में रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा नवचयनित रिक्रूटों से वार्ता कर उन्हें प्रशिक्षण के संबन्ध में ब्रीफ किया गया एवं प्रशिक्षण को अच्छी तरह से लगन के साथ पूर्ण करने हेतु बताया गया। महोदय द्वारा नवचयनित प्रशिक्षुओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का मूल्यांकन किया, ताकि उन्हें बेहतर प्रशिक्षण वातावरण मिल सके और उनकी शारीरिक एवं मानसिक तैयारियों को उत्तम तरीके से आकार दिया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रधानाध्यापक स्व राधे मोहन मिश्र की मनाई गई चतुर्थ पुण्यतिथि



**जौनपुर ( कजगावं)** स्थानीय नगर पंचायत के गद्दीपुर में पूर्व प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित स्व राधे मोहन मिश्रा की चतुर्थ पुण्यतिथि शुक्रवार को स्मृति दिवस के रुप में मनाई गई। आयोजित कार्यक्रम में उनकी पत्नी एवं परिवार के सदस्य व अतिथियों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की।कार्यक्रम में आएं वक्ताओं ने उनके जीवन के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर उन्होंने क्षेत्र व जनपद की पहचान राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाई।यह बात आज भी गौरवान्वित करतीं उनके छात्र देश विदेश में सेवा दें रहें।इस दौरान राधेश्याम मिश्रा,राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा, महेंद्र, नरेंद्र, सत्य प्रकाश, संतोष मिश्रा गुड्डू, संतोष मिश्रा सुग्गू, विपिन, शैलेश, विकास,मनोज, शार्श्वत, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सत्येन्द्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का पत्रकार राजेश मिश्रा ने आभार जताया।

### अन्तर्जनपदीय गो-तस्कर मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार अवैध असलहा व बाइक बरामद

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** थाना पवारा पुलिस ने बुधवार की रात बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक अन्तर्जनपदीय गो-तस्कर और शातिर अपराधी को मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और बिना नंबर की एक काली स्प्लेंडर बाइक बरामद हुई है। गुरुवार की रात थानाध्यक्ष पवारा रमेश कुमार अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना मिली कि एक बदमाश किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से कुंवरपुर होते हुए बंधवा बाजार, मीरगंज की ओर जा रहा है। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए कुंवरपुर-बंधवा मार्ग पर बरेठी नहर पुलिया के पास घेराबंदी की। कुछ ही देर बाद एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से आता दिखाई दिया। टॉर्च की रोशनी दिखाकर उसे रुकने का इशारा किया गया तो उसने अचानक पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी फायर किया, जिसमें एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में जा लगी।

**गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान**

घायल बदमाश ने पूछताछ में अपना नाम मनोज यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी गौरामाफी, थाना आसपुर देवसरा, जनपद प्रतापगढ़ बताया। उसे तत्काल हिरासत में लेकर उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया।

### डीएम ने सीडा औद्योगिक क्षेत्र का किया भ्रमण



**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** मुख्य कार्यपालक अधिकारी, सीडा /जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्र द्वारा सीडा औद्योगिक क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान सीडा में कराये गये विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। सीडा में क्रियाशील हो रही नई इकाई हॉकिन्स कूकर्स लि0 का निरीक्षण किया गया साथ ही आवासीय कालोनी के अन्तर्गत निर्मित पार्क का निरीक्षण के दौरान पार्क को हरा-भरा रखने हेतु पर्याप्त मात्रा में पौध रोपण कराये जाने तथा इसके साथ ही सीडा कार्यालय परिसर में किये जा रहे निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त सीडा में बद पड़ी इकाइयों को नोटिस जारी करने तथा जिन औद्योगिक भूखण्डों पर आवंटन के उपरान्त अब तक कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया ऐसे भूखण्डों को नोटिस जारी कर आवंटन निरस्त करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जॉइंट मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार, उपायुक्त उद्योग संदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

### रेलगाँव कॉलोनी में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**प्रयागराज, अवधनामा संवाददाता।** आज रेलगाँव कॉलोनी सूबेदारगंज उत्तर मध्य रेलवे में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बरसात के मौसम का लाभ उठाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नये वृक्षों को लगाने का उद्देश्य प्रकृति को हरा भरा करना एवं वातावरण को शुद्ध बनाना है। इस वृक्षारोपण में विभिन्न किस्म के लगभग 50 फलदार पौधो को लगाया गया जिनमे प्रमुखतः नींबू, करोंदा, आवला, अनार इत्यादि सम्मालित थे।इस दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक शिव कुमार नें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की सलाह दी। यह कार्यक्रम शिव कुमार, मुख्य पर्यावरण प्रबन्धक के मार्गदर्शन में विभिन्न पर्यवेक्षकों एवं हॉर्टिकल्चर कर्मियों द्वारा सम्पन्न किया गया।

# हज़रत अब्बास की शहादत पर निकला अलम जुलजनाह



अवधनामा संवाददाता

**आठवीं माहे मोहर्रम**

**ज़न्जीरों का मातम भी हुआ**

**प्रयागराज।** माहे मोहर्रम की आठवीं को लश्करे हुसैनी के अलमदार हज़रत अब्बास की शुजात व बहादुरी और जंगे करबला का दर्द अंगेज़ मंज़र का वाक़ेया मजलिस में बयान किया गया।चक ज़ीरो रोड स्थित इमामबाड़ा डिप्यूटी ज़ाहिद हुसैन में अशरे की आठवीं मजलिस को मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर रिज़वी साहब क़िब्ला ने परचम ए अब्बास और और बच्चों की प्यास का तज़करा किया। मजलिस की शुरुआत मंज़र अल हिन्दी की सोज़ख्वानी से हुई। दर्जनों अलम के साथ जुलजनाह भी निकाला गया।

अन्जुमन हैदरिया के नौहाख्वान हसन रिज़वी व साथियों ने पुरदर्द नौहा पढ़ा तो हर ओर से सदा ए या हुसैन या अब्बास की गूंज सुनाई देने लगी। वहीं दरियाबाद से आठवीं मोहर्रम का साठ वर्ष पुराना जुलूस निकाला गया मौलाना आमिरुर रिज़वी ने शहादत का ग़मगीन तज़केरा किया। अन्जुमन नक़विया के नौहाख्वान शाहरुक़ शबी हसन ने रौनक़ सफीपुरी का कलाम पढ़ा ।जुलूस मस्जिद इमाम रज़ा अलैहिस्सलाम जब पहुंचा तो अन्जुमन नक़विया के सदस्यों ने तेज़ धार की छूरियों से लैस ज़ंजीरों से पुश्तज़नी की। जुलूस देर रात दरगाह हज़रत अब्बास पहुंच कर सम्पन्न हुआ। आयोजक शबीह आब्दी ने मातमदारों व जुलूस में शामिल लोगों का शुक्रिया अदा किया।

### दस्तरख्वान सजा कर हुई मौला अब्बास की नज़्र

माहे मोहर्रम की आठवीं हज़रत अब्बास से मंसूब होने पर आज दरियाबाद, रानीमंडी, करैली करैलाबाग़, बख़्शी बाज़ार, दायरा शाह अजमल, शाहगंज, चक ज़ीरो रोड सहित अन्य मोहल्लों में दिन भर नज़रो नियाज़ का दौर चला। खिचड़ा, बिरयानी, कोरमा नान्द, कबाब पराठा, खीर, हलवा, मिठाई तो तरह तरह के शर्बत पर हज़रत अब्बास व कर्बला के शोहदा की नज़्र दिलाई गई। लोगों ने अक़ीदत का इज़हार करते हुए जहां नज़्र चखी तो वहीं रोज़ी बरकत अमन चैन बिमारी से निजात और रिज़्क़े हलाल की दूआ मांगी।

### मीरगंज से नवीं मोहर्रम को निकलेगा दुलदुल व अलम का जुलूस

अन्जुमन गुन्चा ए क़ासिमया के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार माहे मोहर्रम की नवीं को रात्रि 8:30 बजे मीरगंज स्थित इमामबाड़ा स्व रज़ी अस्करी से दुलदुल व अलम का जुलूस निकाला जाएगा। अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा क़दीम दरियाबाद व अन्जुमन अब्बासिया रानीमंडी नौहों और मातम की सदा बुलन्द करते हुए मीरगंज से लोकनाथ चौराहा ,कोतवाली चह्वा रोड होते हुए रानीमंडी के इमामबाड़ा आग़ा महमूद पर देर रात जुलूस को समाप्त करेगी।

## ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**आजमगढ़।** बूढ़नपुर तहसील क्षेत्र के मंगीतपुर गांव के ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन किया ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले दो सप्ताह से विद्युत सप्लाई नहीं हो पा रही ।विद्युत विभाग के लापरवाही के ट्रांसफार्मर का आए दिन फ्यूज उड़ा रहता है । ओवर लोड के चलते कल देर शाम ट्रांसफार्मर ही जल गया। इतना ही नहीं विद्युत बनाने के नाम पर प्राइवेट लाइन मैन द्वारा मनमानी तरीके से पैसा वसूला जा रहा है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान है लोकल फाल्ट के चलते विद्युत सुचारू से नहीं चल पा रही ।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्राइवेट लाइनमैन पैसा कमाने के चक्कर में लाइट की ठीक से मरम्मत नहीं करते हैं एक तरफ लाइट ठीक करते हैं तो दूसरी तरफ तार काट देते हैं ।जिससे उपभोक्ता काफी परेशान रहते हैं। लाइट बनाने के नाम पर मनमाना पैसा वसूल रहे हैं ।जिसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने स्थानीय पावर स्टेशन पर इसकी शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# स्कूली वाहनों के खिलाफ चला सघन चेकिंग अभियान



अवधनामा संवाददाता

**08 का चालान, 02 वाहन सीज**

**जौनपुर।** परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद में 1 जुलाई से 15 जुलाई 2025 तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 4 जुलाई को परिवहन विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया।

इस अभियान के तहत कुल 46 स्कूली वाहनों की जांच की गई, जिसमें 08 वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। इन वाहनों का मौके पर चालान किया गया, जबकि गंभीर अनियमितताओं के चलते 02 स्कूली वाहनों को थाने में निरुद्ध कर दिया गया।

अभियान का नेतृत्व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह एवं यातायात निरीक्षक सुशील मिश्रा ने किया।

इस मौके पर जनपद के सभी स्कूल प्रबंधकों और वाहन स्वामियों से अपील की गई कि वे स्कूली वाहनों को नियमों और सुरक्षा मानकों के अनुरूप संचालित करें, अन्यथा उनके विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लगातार जारी रहेगा।

# चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चे हुए पुरस्कृत

**मानव को रोटी, कपड़ा, मकान कला की प्रमुख देंनः रवीन्द्र कुशवाहा**



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** द पाम एकेडमी स्कूल करेलाबाग प्रयागराज शाखा में आज चित्रकला एवं रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सैकड़ों बच्चों ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों के चित्रकला के विविध आयामों, रंग के विभिन्न मॉडलों व नवाचारों से अतिथियों एवं दर्शकों का मन मोह लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुशवाहा माननीय सदस्य राज्य ललित कला अकादमी संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश को सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं गिफ्ट हैम्पर से मंच पर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने बच्चों के उत्साह-वर्धन संबोधन में बताया कि जब विज्ञान की खोज नहीं हुई थी तो मानव जीवन को रोटी, कपड़ा और मकान कला की प्रमुख देन रही है जो जीवन का मुख्य आधार है। कला तो पाषाण काल से आधुनिक काल तक मनुष्य को कलात्मक ढंग से जीवन जीना सिखाती आई है।अंत में मुख्य अतिथि एवं इस चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक (जज ) रवीन्द्र कुशवाहा तथा विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मोहम्मद सगीर ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया व उनके चित्रों की सराहना कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सालेहा मदनी तथा निदेशक आलममुल्लाह सिद्दीकी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने अपना बहुमूल्य समय बच्चों के कार्यक्रम को देकर इस आयोजन को गौरवान्वित किया।

## पूरी शानों शौकत से आज उठाया जायेगा हजरत मासूम अली असगर का झूला

**प्रयागराज।** मासूम अली असगर का झूला चॉदी का झूला सोने का पंजा फूलो से सजाकर चक रौजे से बहादुरगंज, जी.टी. रोड बतासा मण्डी, गुड मण्डी, लोकनाथ, कोतवाली, बजाजा पट्टी, घंटाघर, से सब्जी मण्डी व गढी सरायं से अपने कदीमी हजरत मासूम अली असगर के इमामबाडे पर रखा जायेगा। जिसमें लाखो अकीदतमंद ज़ियारत करने आयेंगे। जिसमे शिया, सुन्नी हिन्दू मुस्लिम सभी वर्ग समुदाय के लोग शामिल होगे।

इलाहाबाद मोहर्रम झूला कमेटी के संयोजक गुलाम मोहम्मद ने लोगो से यह अपील की जूलूस में ऊट, घोड़ा लाठी डन्डे आदि नही रहेगे। इस दौरान मोहर्रम झूला कमेटी के संयोजक गुलाम नबी, अब्दुल अज़ीम (चॉद मियां), मोहन जी टण्डन, इमरान खान (सिकेट्री बड़ा ताजिया), नेम यादव, अकरम शगुन, अज़ीम पहलवान, गुफरान (गुल्लू), नजमी (नम्मू), बबलू मोबाइल, गुलाम रब्बानी, आजम पहलवान, इलियास नियाजी मोहम्मद आमिर, रिजवान चूडी, इनाम उल्लाह, अरशद चूडी, रियाज अहमद (राजू), फरीद अहमद (मुन्ना भाई), अनीस मास्टर, चॉद हाजी जी, फारूख नियाजी, अफरोज नियाजी, जहीर अब्बास (भईया),फहद, अलहम, अर्श, अरहान, गजा़ली गुलाम दस्तगीर बिलाल, रहमान अली आदि मौजूद थे।

# चाचा और भतीजे की पहाड़ी पर मिली लाश

अवधनामा संवाददाता

**जहरीला पदार्थ खाकर मौत होने की आशंका**

**प्रयागराज।** खीरी थाना क्षेत्र के नींबी गांव में इंटरमीडिएट का छात्र और उसकी चाची गुरुवार शाम को महुली पहाड़ी पर मृत मिले। जानकारी होने पर गांव में सनसनी फैल गई। जांच के लिए पहुंची पुलिस को घटनास्थल पर जहरीला पदार्थ मिला। इससे आशंका जताई जा रही है कि दोनों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की होगी। पुलिस ने दोनों को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि उनके परिजनों ने पुलिस से कोई भी शिकायत नहीं की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय अंकित इंटरमीडिएट का छात्र था। गुरुवार की सुबह वह अपनी 30 वर्षीय चाची मुन्नी देवी के साथ साइकिल से निकला था। इसके बाद से दोनों का पता नहीं चला। मुन्नी देवी के एक बेटा और एक बेटी है। गुरुवार की शाम करीब पांच बजे गांव का ही एक चरवाहा भैंस लेकर पहाड़ी की तरफ गया था। उसने दोनों के शव को देखा तो प्रधान को सूचना दी। थोड़ी देर में खीरी थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की।

महिला पुलिस ने तलाशी ली तो मुन्नी के पास से मोबाइल मिला तो परिवार को सूचना दी गई। गांव के लोग परिवार के साथ पहुंचे और उनकी पहचान की। जगदीश चौहान ने पुलिस को बताया कि मृतक में एक उनका बेटा अंकित और दूसरी भयाहू मुन्नी देवी हैं। प्रथम दृष्टया सुसाइड मानकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस मामले को आत्महत्या बता रही है लेकिन अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि दोनों ने यदि आत्महत्या की तो क्यों की? परिवार ने अभी तक पुलिस से कोई शिकायत नहीं की है। उधर, दोनों की मौत से हर कोई दुखी है। लोग मुन्नी देवी के बच्चों की चिंता कर रहे हैं कि मां के जाने के बाद आखिर अब दोनों का पहले जैसा ख्याल कौन रखेगा। पुलिस का कहना है कि चाची-भतीजा की मौत की जांच की जा रही है।

## सुहैब व शुभम के खेल से नेताजी सुभाष चन्द्र बोस सेमीफाइनल में

**प्रयागराज।** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट क्लब ने गोपाल जी भारतीय स्मारक अंडर -16 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में श्री साहयक क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। इस जीत में सुहैब खान के हरफामौला प्रदर्शन ( 52 रन, 40 गेंद, आठ चौके व दो छक्के एवं 5 - 1 - 21 - 3 ) व शुभम सोनकर के सटीक गेंदबाजी ( 8 - 1 - 17 - 4 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं।

शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्री सहायक क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 36.4 ओवर में 132 रन ( पार्थ वर्धन साहयक 55, जयेश केशरवानी 28, बिपिन पाल 12 रन, शुभम सोनकर 4/17, सुहैब खान 3/21, शंकर सहाय 1/9, अबू हुजैफा 1/28 ) पर सिमट गई। जवाब में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस क्रिकेट क्लब की टीम ने 30.2 ओवर में पांच विकेट पर 136 रन ( सुहैब खान 52, वीर प्रताप 40, सतेन्द्र यादव 19 नाबाद, ईशान 2/30, पार्थ वर्धन साहयक 1/17, लक्ष्य यादव 1/28 ) पर बना लिए।

# भाकपा ने सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रांतीय आहवान पर आजमगढ़ में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कुंवर सिंह उद्यान से जिलाधिकारी कार्यालय तक जुलूस निकाला।जिसमें सरकार की नीतियों के विरोध में खूब नारे लगे।राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन में सांप्रदायिकता,जातिवाद एवं समाज में बढ़ रही नफरत को रोकने की मांग की गई है।देश और प्रदेश में जब से भाजपा की डबल इंजन की सरकारें चल रही हैं।तब से देश का आपसी ताना बाना ध्वस्त किया जा रहा है।राजनैतिक दबाव के चलते प्रशासन को कमजोर किया जा रहा है। ज्ञापन देते के बाद भाकपा जिला सचिव जितेंद्र हरि पाण्डेय ने कहा कि संविधान में धर्म, मूल, जाति,लिंग,जन्म के स्थान पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता।इसके विपरीत पूरे देश में इसका खुला उल्लंघन सरकार में बैठे लोग कर रहे हैं।इटावा के थाना बकेवर में दादरपुर गांव में कथा वाचकों के साथ घटी घटना इसी का सबूत है।देश और प्रदेश में घट रही ऐसी घटनाओं का भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पुरजोर विरोध करती है।सांप्रदायिकता, जातियता और धार्मिक उन्माद का असर गांव गांव और शहर शहर फैल रहा है जो भारत की आपसी एकता के लिए ठीक नहीं है। उप्र किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष इम्तेयाज बेग ने कहा कि भाजपा सरकार अपने हर वादे से मुकर कर देश में विषाक्त माहौल बना रही है। वेग ने कहा कि नौ जुलाई को मजदूर,किसान और ट्रेड यूनियन के लोग राष्ट्रीय आम हड़ताल कर रहे हैं।जिसका भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूर्ण समर्थन करेगी। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आए अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को दिया गया। इस अवसर पर खरपत्तू राजभर, जियालाल, दिनेश पाण्डे हरिगेन, रमनेत, रामवध यादव, राजनरायन, मो शेख ओबेदुल्ला, गंगादीन, चंद्रमोहन, अशोक कुमार, रिजवान, दुर्बली राम, अजय कुमार तिवारी, दयाराम, दुइज यादवआदि उपस्थित रहे।

# खाद्य जागरूकता का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**खाद्य पदार्थो के रख-रखाव के बारे में विस्तार से बताया गया**



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विकास खण्ड पवई, तरवां, अतरौलिया व कोयलसा, आजमगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 व विनियम 2011 के अन्तर्गत खाद्य जागरूकता का प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग कुल 500 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री शीत कुमार सिंह, श्री संजय कुमार तिवारी तथा श्री सुचित प्रसाद व श्रीमती बेबी सोनम एवं सम्बन्धित विकास खण्ड के सी0डी0पी0ओ0 के सहयोग से खाद्य सुरक्षा विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में खाद्य सुरक्षा आधिकारी संजय कुमार तिवारी व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रशिक्षण में मुख्य रूप से व्यक्तिगत व परिसर की साफ-सफाई पर प्रशिक्षित किया गया। उन्होने इस बात पर विशेष प्रकाश डाला कि कि खाद्य जनित बिमारियां ज्यादातर गंदगी एवं संदूषित खाद्य पदार्थो के कारण होती हैं जिसे हम कुछ बातें ध्यान में रखकर इसे बचा सकते हैं, जैसे कि सभी कार्यकत्री अपने नाखून को छोटाएवं बालों को बांधकर रखें एवं यथा सम्भव अपने छोटे आभूषणों को न पहनें। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पैक्ड खाद्य पदार्थो जैसे- रिफाइण्ड तेल, दाल व दलिया पर दो बातों का विशेष ध्यान दें- बेस्ट बिफोर/यूज बाई डेट/एक्पायरी देखें तथा बैच नम्बर/लॉट नम्बर का अवलोकन करें, इन सभी बातों से आप खाद्य पदार्थ के निर्माण की तिथि तथा बैच नम्बर से उसके उद्गम का पता लगाया जा सकता है, जिससे सम्भावित खाद्य जनित समस्याओं का निराकरण करने में मदद मिलेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने खाद्य पदार्थो के रख-रखाव के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें प्रमुखता में उन्होने खाद्य पदार्थो के प्रथम आवक प्रथम निर्गत सिद्धांत को अनुपालन करना, खाद्य पदार्थो को जमीन से समुचित उंचाई पर लकडी/लोहे के पैलेट पर दिवाल से उचित दूरी बनाये रखते हुए जिससे नमी एवं कीट-पतंगों से खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता प्रभावित न हो। अन्त में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र का निःशुल्क खाद्य पंजीकरण खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत पंजीकरण कराना विधिक रूप से अनिवार्य है। पंजीकरण के लिए प्रत्येक केन्द्र प्रभारी का आधार कार्ड, फोटो व मोबाइल नम्बर खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (द्बद्यद्बड्डद्ब) की अधिकृत वेब साइड https://foscos.fssai .gov.in/ पर निःशुल्क आवेदन किया जा सकता है, उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कि किसी प्रकार की तकनीकी सहायता के लिए क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी अथवा कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग जिलाधिकारी कार्यालय आजमगढ़ में सम्पर्क कर सकतें हैं।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी ग्राम पंचायत

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** कोयलसा विकासखंड के बहेलियापार ग्रामसभा में भ्रष्टाचार चरम पर है। ग्राम पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी तरीके से लाखों का पेमेंट कर लिया जा रहा है और जमीन पर एक भी काम नजर नहीं आ रहा है। मीडिया की टीम बहेलियापार ग्राम सभा में पड़ताल करने पहुंची तो ग्राम पंचायत के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश हो गया। वर्ष 2024-25 में स्ट्रीट लाइट व एलईडी लाइट लगवाने के नाम पर लाखों का भुगतान करा लिया गया। स्थानीय ग्रामीण खजांति वर्मा ने बताया कि वर्ष 2024 से लेकर आज तक गांव में एक भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है और न ही कोई एलइडी लाइट लगी है। जो पहले की लगी थी वही मौके पर लगी हुई हैं। यही नहीं हैंडपंप मरम्मत के नाम पर भी लाखों का भुगतान कर लिया गया है लेकिन गांव के अधिकतर हैंडपंप खराब स्थिति में पड़े हुए हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक स्थानीय ग्रामीण ने बताया कि मेरे घर पर हैंड पंप लगा हुआ है। काफी दिन से वह खराब पड़ा हुआ है। लगभग 1 वर्ष पूर्व मैंने मिस्त्री बुलाकर पांच सौ रुपये देकर नल की मरम्मत कराई थी लेकिन वह फिर से खराब हो और अभी खराब स्थिति में है। वर्ष 2024-25 में एक भी हैंडपंप का रिबोर नहीं कराया गया लेकिन पेमेंट लाखों का करा लिया गया। ऐसे में अब ग्राम पंचायत पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लग रहे हैं। इस संबंध में बातचीत करने के लिये ग्राम पंचायत सचिव को फोन लगाया गया तो उनका फोन नहीं उठा। एक तरफ सरकार भ्रष्टाचार पूरी तरह से खत्म करने की बात कर रही है वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत स्तर पर इतना बड़ा भ्रष्टाचार कहीं न कहीं सरकार के गाल पर एक तमाचा है।

## टेक्नो पोवा 7 सीरीज़ ने शानदार डिज़ाइन और दमदार फीचर्स के साथ नया रिकॉर्ड बनाया




**नई दिल्ली।** टेक्नो ने एक अहम कदम उठाते हुए फ्लिपकार्ट पर अपनी नई पोवा 7 सीरीज़ लॉन्च की है। टेक्नो ने हमेशा अपने यूज़र्स की ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए बढ़िया फीचर्स दिए हैं। अब पोवा 7 और पोवा 7प्रो को मिड-प्रीमियम सेगमेंट में पेश किया गया है, जो जबरदस्त परफॉर्मेंस, स्मार्ट एआई और कनेक्टिविटी के साथ आते हैं। इनका डिज़ाइन खासतौर पर भारत के नए जमाने के स्टूडेंट्स, डिजिटल वर्कर्स और क्रिएटर्स के लिए बनाया गया है। लॉन्च के मौके पर टेक्नो इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने बताया कि, टेक्नो में हमारा मानना है कि बेहतरीन टेक्नोलॉजी सिर्फ कुछ लोगों के पहुंच में नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह हर किसी के लिए होनी चाहिए। खासकर भारत के युवाओं के लिए जो सपने देखते हैं, मेहनत करते हैं और कुछ नया करना चाहते हैं। इसलिए पोवा 7 सिर्फ एक स्मार्टफोन नहीं है, ये एक दमदार डिज़ाइन, लगातार चलने वाली कनेक्टिविटी और आपकी भाषा तक को समझने वाली एआई के साथ आता है। ये डिवाइस सिर्फ दिखने के लिए नहीं, बल्कि आपकी हर ज़रूरत को पूरा करने के लिए बना है। यह तीन शानदार रंगों में आता है मैजिक सिल्वर, ओएसिस ग्रीन और गीक ब्लैक। यह दो वेरिएंट्स में उपलब्ध है, और लिमिटेड टाइम ऑफर (सभी बैंक ऑफर्स सहित) के तहत इसकी कीमतें हैंः 8जीबी + 128जीबी 12,999 और 8जीबी + 256जीबी - 13,999 जो लोग और भी ज्यादा फीचर्स चाहते हैं, उनके लिए पोवा 7 प्रो तीन उम्दा रंगों में उपलब्ध हैः डायनेमिक ग्रे, नियॉन सियान और गीक ब्लैक। स्पेशल लॉन्च ऑफर के तहत इसकी कीमतें हैंः 8जीबी + 128जीबी 16,999 और 8जीबी + 256जीबी 17,999 इसकी सेल 10 जुलाई से फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी।

## अल्ट्राटेक की बढ़ीं मुश्किलें, प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन का आरोप




**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने आदित्य बिड़ला की कंपनी अल्ट्राटेक और उसके अधिकारियों को वित्तीय दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया है। यह मामला ओएनजीसी द्वारा दायर की गई शिकायत से जुड़ा है। महानिदेशक ने 18 फरवरी, 2025 को अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, जिसमें प्रतिस्पर्धा नियमों का उल्लंघन पाया गया था। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने आदित्य बिड़ला की कंपनी और उसके अधिकारियों को वित्तीय दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया है। अल्ट्राटेक अब दक्षिण की सीमेंट कंपनी इंडिया सीमेंट्स के साथ दो अन्य निर्माताओं की भी मालिक है। यह निर्देश आयोग की जांच द्वा प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन की पुष्टी के बाद दिया गया है। आयोग ने डालमिया भारत सीमेंट्स और श्री दिग्विजय सीमेंट्स को आदेश के आठ सप्ताह के भीतर बैलेंस शीट और लाभ-हानि खातों सहित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने भी निर्देश दिया है। सीसीआई ने अल्ट्राटेक को निर्देश दिया है कि वह वित्त वर्ष 2015 से वित्त वर्ष 2019 तक की अवधि के लिए अपनी सहायक कंपनी इंडिया सीमेंट्स के वित्तीय विवरण प्रस्तुत करे। वहीं डेलमिया भारत और श्री दिग्विजय सीमेंट्स को वित्त वर्ष 2011 से वित्त वर्ष 2019 तक के वित्तीय दस्तावेज देने होंगे।

## लखनऊ स्वच्छता अभियान ने प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर रैली और नुक्कड़ नाटक के साथ जगाई जनभागीदारी की चेतना

**लखनऊ।** नागरिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सहभागिता का एक सशक्त उदाहरण पेश करते हुए, रे सस्टेनेबिलिटी के लखनऊ स्वच्छता अभियान ने अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस के अवसर पर इमामबाड़ा चौक पर एक जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय, लाजपत नगर के छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस पहल का उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खतरों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और दीर्घकालिक व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करना था। सैकड़ों नागरिकों, दुकानदारों और बच्चों ने इस रैली में भाग लिया और पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों के उपयोग व कचरा पृथक्करण को बढ़ावा दिया। इस दौरान 350 से अधिक कपड़े और कागज़ के बैग वितरित किए गए ताकि लोगों को स्थायी आदतों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। घड़ीघर के पास आयोजित एक भावनात्मक नुक्कड़ नाटक में छात्रों ने रचनात्मक तरीक़े से प्लास्टिक प्रदूषण के विरुद्ध अपने संदेश प्रस्तुत किए, जिससे बड़ी संख्या में लोग आकर्षित हुए और अपने रोज़मर्रा के पर्यावरणीय निर्णयों पर विचार करने लगे। लखनऊ स्वच्छता अभियान के म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट प्रमुख श्री मनोज सोनी ने कहा, ÷यह आंदोलन केवल प्लास्टिक को ना कहने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक पर्यावरणीय उत्तरदायित्व की संस्कृति को स्थापित करने का प्रयास है। लखनऊ के नागरिकों, विशेषकर युवाओं का उत्साह दर्शाता है कि हमारा शहर अब सिर्फ़ जागरूक नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य को गढ़ने में भी सक्रिय रूप से जुट चुका है। यह आयोजन लखनऊ में चल रहे उस व्यापक परिवर्तन का हिस्सा है, जिसे लखनऊ स्वच्छता अभियान, लखनऊ नगर निगम के सहयोग से आगे बढ़ा रहा है। आधुनिक कचरा संग्रहण और परिवहन प्रणाली से लेकर नागरिकों की सक्रिय भागीदारी तक, ॠ शहर को साफ़ और हरित बनाने के लिए एक सुनियोजित बदलाव की दिशा में कार्य कर रहा है। लखनऊ स्वच्छता अभियान एक शहरव्यापी स्वच्छता एवं व्यवहार परिवर्तन परियोजना है जो स्रोत पर कचरा पृथक्करण, सामुदायिक भागीदारी, और सतत शहरी जीवन को बढ़ावा देता है। लखनऊ नगर निगम के सहयोग से एलएसए शहर की स्वच्छता व्यवस्था को एक नई दिशा दे रहा है। आधुनिक कचरा संग्रहण एवं परिवहन वाहनों, उन्नत ट्रांसफर स्टेशनों और भारत की पहली ढ्डश्ड्ड-सक्षम इलेक्ट्रिक सफाई मशीनों की तैनाती के माध्यम से स्वच्छता ढांचे का आधुनिककरण किया जा रहा है। यह अत्याधुनिक तकनीकी हस्तक्षेप, निरंतर ढ्डश्ष्ट अभियान और जनसंपर्क प्रयासों के साथ मिलकर, लखनऊ को स्मार्ट, सतत और नागरिक-केन्द्रित कचरा प्रबंधन का राष्ट्रीय आदर्श बनाने की दिशा में ले जा रहे हैं।

## निसान ने 6 राज्यों में नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनजी रेट्रोफिटमेंट के दूसरे चरण की शुरुआत की




**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी नई निसान मैग्नाइट के लिए सीएनटी रेटोफिटमेंट किट उपलब्ध कराने के दूसरे चरण की शुरुआत का एलान किया। इको फ्रेंडली सीएनजी का विकल्प अब राजस्थान, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु में निसान की अधिकृत डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। पहले चरण में सीएनजी रेट्रोफिटमेंट विकल्प को 7 राज्यों दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल और कर्नाटक में उपलब्ध कराया गया था। दूसरे चरण की लॉन्चिंग के साथ अब सीएनजी रेट्रोफिट वैरिएंट देश के 13 राज्यों में उपलब्ध है। कंपनी इसके तीसरे चरण की तैयारी भी कर रही है। इस किफायती और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी सॉल्यूशन को लेकर ग्राहकों की मजबूत मांग को देखते हुए दूसरा चरण शुरू किया गया है। रेट्रो फिटमेंट किट को सरकार द्वारा प्रमाणित थर्ड पार्टी वेंडर मोटोजेन ने डेवलप, मैन्यूफैक्चर और क्वालिटी एश्योर किया है। इसका इंस्टॉलेशन स्थानीय नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन वाली होमोलोगेटेड किट का प्रयोग करते हुए सरकार द्वारा अधिकृत फिटमेंट सेंटर पर किया जाएगा। मोटोजेन इस किट कंपोनेंट पर 3 साल या 1 लाख किलोमीटर की वारंटी दे रही है। 74,999 रुपये की आकर्षक कीमत में उपलब्ध कराई जा रही रेट्रोफिटमेंट किट नई मैग्नाइट के 1.0 लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन (मैनुअल ट्रांसमिशन) वैरिएंट के लिए होगी। अपने सेगमेंट में सबसे ज्यादा 336 लीटर बूट स्पेस के साथ मैग्नाइट लगातार बेहतरीन लगेज कैपेसिटी प्रदान कर रही है। पहले चरण की शुरुआत के बाद ग्राहकों के फीडबैक और थर्ड पार्टी टेस्ट ने स्टैंडर्ड पेट्रोल वैरिएंट की तुलना में इसकी बेहतर फ्यूल इकोनॉमी को प्रमाणित किया है। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'नई निसान मैग्नाइट भारत में हमारे विकास को गति देने में लगातार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और हम ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप इसकी प्रासंगिकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीएनजी रेट्रोफिटमेंट किट के दूसरे चरण की शुरुआत स्वच्छ परिवहन की बढ़ती मांग और मैग्नाइट की खूबी से समझौता किए बिना ग्राहकों को भरोसेमंद एवं उच्च गुणवत्ता वाले विकल्प प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाती है। सरकार द्वारा प्रमाणित किट, अधिकृत फिटमेंट और व्यापक डीलर नेटवर्क के साथ इस पहल से मैग्नाइट का वैल्यू प्रपोजिशन बेहतर होगा, साथ ही सुगम एवं पर्यावरण के अनुकूल समाधान को लेकर हमारे फोकस को भी मजबूती मिलेगी।' नई निसान मैग्नाइट एसयूवी का बोल्ड एवं स्टाइलिश डिजाइन, 20 से ज्यादा फर्स्ट एवं बेस्ट-इन-सेगमेंट फीचर्स और 55 से ज्यादा सेफ्टी फीचर्स इसे कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में पसंदीदा विकल्प बनाते हैं। बोल्ड रोड प्रजेंस, प्रीमियम फीचर्स और बढ़ती वैश्विक पहुंच के साथ नई निसान मैग्नाइट इस समय 65 से ज्यादा देशों में उपलब्ध है। इनमें राइट हैंड ड्राइव और लेफ्ट हैंड ड्राइव, दोनों बाजार शामिल हैं।

## एचएंडएच एल्युमीनियम लिमिटेड का राजकोट में भारत के सबसे बडे सोलर पैनल फ्रेम प्लांट शुरू




**अहमदाबाद।** गुजरात स्थित एचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड ने राजकोट में भारत का सबसे बडा और सबसे उन्नत एल्युमीनियम सोलर फ्रेम मैन्युफेक्चरिंग प्लांट शुरू किया है। राजकोट के चिभडा गांव में 24,000 मेट्रिक टन (एमटी) प्रति वर्ष क्षमता वाला यह प्लांट भारत में 6 गीगावाट तक के सौर संयंत्रों को सपोर्टकर सकता है। इस प्लांट का उद्घाटन 4 जुलाई, 2025 को भारत सरकार के केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल द्वारा वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, एचएंडएच एल्युमीनियम की लीडरशिप टीम और सभी आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया।

कंपनी ने 28,000 वर्ग मीटर के अत्याधुनिक और सोलर पैनल एल्युमीनियम फ्रेम के लिए आधुनिक और सबसे उन्नत प्लांट में लगभग रु. 150 करोड का निवेश किया है। प्लांट में ट्रायल प्रॉडक्शन जून 2025 के महीने में शुरू हो गया था और एक महीने के भीतर वाणिज्यिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। पूरी क्षमता पर प्लांट प्रति वर्ष 700-750 करोड रूपये की बिक्री दर्ज करने में सक्षम होगा। यह प्लांट 300 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

इस विषय पर अधिक जानकारी बताते हुएएचएंडएच एल्युमीनियम प्राइवेट लिमिटेड के निदेशकश्री उत्तम पटेल ने बताया कि÷यह एक ही स्थान पर भारत का सबसे बडा और सबसे उन्नत सोलर पैनल एल्युमीनियम फ्रेम प्लांट होगा और हमने इसे लगभग एक वर्ष के रिकॉर्ड समय में स्थापित किया था। हम राज्य सरकार और सभी संबंधित विभागों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हैं। वर्तमान मेंभारत 90-95 प्रतिशत एल्युमीनियम सोलर पैनल फ्रेम की आयात करता है। इस प्लांट के साथ, हम मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने और सौर ऊर्जा क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बढावा देने की दिशा में एक सार्थक कदम उठा रहे हैं। हमें अगले एक महीने के भीतर व्यावसायिक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।÷

29सितंबर 2024 को भारत सरकार ने घरेलू उद्योग की सुरक्षा के लिए चीन में उत्पादित या वहां से निर्यात किए जाने वाले ÷सोलर पैनल/मॉड्यूल के लिए एनोडाइज्ड एल्युमीनियम फ्रेम÷ की आयात पर पांच साल की अवधि के लिए एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई थी। इसके परिणाम स्वरुप, निर्दिष्ट चीनी उत्पादकों/निर्यातकारों और किसी भी अन्य गैर-निर्दिष्ट संस्थाओं से आयात पर 403 डॉलरसे 577 डॉलर प्रति मेट्रिक टन (14 प्रतिशत के बराबर) तक एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई गई है।

## एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा ने शुरू किया अपना भारत दौरा

**गुरूग्राम।** भारत के पहले और एकमात्र स्वदेश में विकसित सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम एसएसआई मंत्रा के निर्माता एसएस इनोवेशन्स ने आज गुरूग्राम स्थित अपने मुख्यालय से एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोडशो का उद्घाटन हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नारबीर सिंह ने किया। एसएसआई मंत्रा एम सर्जिकल रोबोट यात्रा के साथ भारत ने हेल्थकेयर में एक बदलावकारी यात्रा की शुरूआत की है, जिसके तहत पहली मोबाइल रोबोटिक सर्जरी ट्रेनिंग एवं डेमोन्स्ट्रेशन युनिट का अनावरण भी किया गया। यह आधुनिक 'टेलीसर्जरी-ऑन-व्हील्स' पहल आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी एवं कौशल निर्माण के अवसरों को सीधे देश के अस्पतालों और हेल्थकेयर पेशेवरों तक लेकर आई है।

स्वदेश में विकसित यह युनिट रियल-टाईम कोलाबोरेशन को सक्षम बनाती है तथा एसएसआई मंत्रा सर्जिकल रोबोटिक सिस्टम के आधुनिक फीचर्स एवं क्षमताओं का प्रदर्शन करती है। लाईव सिमुलेशन्स, इंटरैक्टिव ट्रेनिंग मोड्यूल्स एवं गाइडेड डेमो के ज़रिए यह सर्जन, मेडिकल के छात्रों एवं हेल्थकेयर पेशेवरों को प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करती है। यह पहल भारत में रोबोटिक सर्जरी के बारे में जागरुकता और स्वीकार्यता बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है- खासतौर पर आधुनिक सर्जिकल टेक्नोलॉजी को टियर 2 एवं टियर 3 शहरों में अधिक सुलभ बनाएगा।

राजस्थान में अपने पहले चरण के तहत एसएसआई मंत्रा एम की यात्रा 3 एवं 4 जुलाई को एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से शुरू होगी, जहां चिकित्सा समुदाय के लिए लाईव डेमो एवं इंटरैक्टिव ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। 4 जुलाई दोपहर को मंत्रा एम एम्स जोधपुर पहुंचेगा। 6 जुलाई तक यात्रा रफकोन में हिस्सा लेगी। 6 जुलाई की शाम यह मथुरा दास माथुर मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना होगा, जहां 7 जुलाई को सत्र आयोजित किए जाएंगे। 8 जुलाई को राजस्थान लैग का समापन का अजमेर के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में होगा, इसके बाद यह यात्रा वापस गुरूग्राम आएगी।

मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा की शुरूआत पर बात करते हुए डॉ सुधीर श्रीवास्तव, संस्थापक चेयरमैन एवं सीईओ, एसएस इनोवेशन्स ने कहा, ''एसएसआई मंत्रा एम एक मोबाइल रोबोटिक ट्रेनिंग एवं डेमोन्स्ट्रेशन युनिट से कहीं बढ़कर है, यह विश्वस्तरीय सर्जिकल शिक्षा एवं इनोवेशन को सुलभ बनाने का एक राष्ट्रीय आंदोलन है। मल्टी-सिटी रोडशो की शुरूआत के साथ यह हेल्थकेयर की भोगोलक बाधाओं को दूर करते हुए सर्जिकल रोबोटिक्स में भारत की स्वदेशी क्षमता का प्रदर्शन करता है। वंचित एवं दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचने के लिए डिज़ाइन की गई यह युनिट आधुनिक टेलीकम्युनिकेशन क्षमता से युक्त है तथा भावी सैटेलाईट कनेक्टिविटी के लिए अनुसंधान एवं विकास का काम जारी है। जिसके द्वारा इसे देश के सबसे सुदूर इलाकों में भी रियल-टाईम टेली सर्जरी के लिए फ्यूचर-रैडी बनाया जा सकता है। वर्तमान में यह रोडशो डॉक्टरों एवं हेल्थकयर पेशेवरों को लाईव डेमो, व्यवहारिक प्रशिक्षण एवं इंटरैक्टिव सत्रों के ज़रिए सीधे एसएसआई मंत्रा सिस्टम के साथ जोड़ेगा। एसएसआई मंत्रा एम तकनीकी क्षमता के प्रदर्शन से बढ़कर भविष्य के लिए ऐसा दृष्टिकोण पेश करता है जहां आधुनिक रोबोटिक सर्जरी सुलभ एवं समावेशी हो जाएगी। ये प्रयास हेल्थकेयर में बदलाव लाने के एसएस इनोवेशन्स के मिशन की पुष्टि करते हैं।'

श्री राव नारबीर सिंह, माननीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, हरियाणा सरकार ने कहा, ''हमारे लिए गर्व की बात है कि एसएस इनोवेशन्स हरियाणा की कंपनी है। एसएसआई मंत्रा एम 'मेड इन इंडिया' सर्जिकल रोबोट यात्रा हमारे देश के तकनीकी एवं मेडिकल इनोवेशन का बेहतरीन उदाहरण है। इस पहल से न सिर्फ देश में हेल्थकेयर डिलीवरी के मानक बेहतर होंगे बल्कि टियर 2 एवं टियर 3 शहरों के डॉक्टर एवं मेडिकल संस्थान आधुनिक टूल्स एवं प्रशिक्षण के साथ सशक्त बनेंगे।

## लखनऊ के प्रमुख कालेजों ने इमार्टिकस लर्निंग के साथ एमओयू साइन किए




**लखनऊ।** देश की अग्रणी प्रोफेशनल एजुकेशन कंपनियों में से एक इमार्टिकस लर्निंग लखनऊ के नेशनल पीजी कालेज और अवध गर्ल्स पीजी कालेज में इंडस्ट्री-प्रेरित सेंटर अफ एक्सीलेंस स्थापित करेगी। इस उद्देश्य से कंपनी ने दोनों संस्थानों के साथ एमओयू साइन किए हैं। इन इमार्टिकस सेंटर अफ एक्सीलेंस (सीओई) के ज़रिए कलेज कैंपस को भविष्य की ज़रूरतों के अनुसार तैयार किया जाएगा, जिससे शिक्षा और उद्योग के बीच की दूरी को कम करने में मदद मिलेगी। इमार्टिकस लर्निंग के फाउंडर और सीईओ निखिल बारशीकर ने कहा हमें लखनऊ के दो प्रमुख शिक्षण संस्थानों नेशनल पीजी कालेज और अवध गर्ल्स डिग्री कालेज के साथ मिलकर इमार्टिकस लर्निंग सेंटर अफ एक्सीलेंस की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है दोनों ही कालेजों को एनएएसी ग्रेड ए मिला है जो उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है ये इंडस्ट्री-प्रेरित सीओई शिक्षा जगत, उद्योग और छात्रों के बीच गहरा संवाद बनाएंगे और युवाओं को इंडस्ट्री-रेडी स्किल्स से लैस करेंगे। हम इस पहल को जल्द ही अन्य टियर-2 और टियर-3 शहरों तक भी ले जाने की योजना बना रहे हैं।

इमार्टिकस सीओई पहल का मकसद संस्थानों को ऐसे करियर एक्सीलरेशन हब में बदलना है, जहां छात्र ही नहीं, बल्कि फैकल्टी भी लाभान्वित हों। यह साझेदारी नवाचार को बढ़ावा देगी, युवाओं की रोज़गार की संभावनाएं मज़बूत करेगी और शिक्षा-उद्योग के बीच मौजूद स्किल गैप को कम करेगी। इसके साथ ही, छात्रों के समग्र विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। छात्रों को इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और डेटा साइंस जैसे लोकप्रिय क्षेत्रों में इंटर्नशिप, इंटरव्यू की तैयारी और प्लेसमेंट ड्राइव जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी।

इस पहल के तहत सभी छात्रों के लिए आईएलनेट करियर रेडीनेस असेसमेंट अनिवार्य होगा, जो एक एआई-आधारित साइकोमेट्रिक टूल है। इसके ज़रिए छात्रों की स्किल मैपिंग की जाएगी और उन्हें व्यक्तिगत करियर मार्गदर्शन दिया जाएगा। साथ ही, छात्रों को स्किलहब प्लेटफर्म की भी पूरी पहुंच दी जाएगी, जिसमें सेल्फ-पेस्ड लर्निंग मड्यूल्स की लाइब्रेरी मौजूद है जिससे वे अपनी स्किल्स को लगातार बेहतर बना सकेंगे।

## केंद्रीय मंत्री ने कॉपर पर विजन दस्तावेज जारी किया



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने कॉपर विजन दस्तावेज जारी किया। इसमें धातु की बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति बताई गई है। दस्तावेज में 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने तांबे की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए शुक्रवार को कॉपर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि दस्तावेज में 2047 तक तांबे की मांग में छह गुना वृद्धि का अनुमान लगाया है। साथ ही, 2030 तक 50 लाख टन प्रतिवर्ष प्रगलन और शोधन क्षमता जोड़ने की योजना प्रस्तुत की गई है। इसका उद्देश्य सेकेंडरी रिफाइनिंग को बढ़ावा देने, घरेलू रीसाइक्लिंग को सशक्त बनाने और वैश्विक भागीदारियों के माध्यम से विदेशी खनिज संपत्तियों को सुरक्षित कर आयात पर निर्भरता घटाने की बात कही गई है। मंत्री ने कहा कि यह दस्तावेज कच्चे माल की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए दीर्घकालिक रणनीति प्रदान करता है। मंत्री रेड्डी ने हैदराबाद में आयोजित सस्टेनेबल एंड रिस्पॉन्सिबल माइनिंग थ्रू बेस्ट माइन क्लोजर प्रैक्टिसेज सम्मेलन में इस दस्तावेज का लोकार्पण किया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 विजन के अनुरूप यह दस्तावेज देश के लिए एक टिकाऊ, लचीला और भविष्य के लिए तैयार तांबा इकोसिस्टम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## VFS एजुकेशन सर्विसेज ने ऑस्ट्रिया के अग्रणी तकनीकी विश्वविद्यालयों के साथ हाथ मिलाए

भारत-ऑस्ट्रिया के बिच के शैक्षिक सहयोग और स्थानांतरण को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देते हुए, VFS एजुकेशन सर्विसेज ने आज ऑस्ट्रिया के तीन सार्वजनिक तकनीकी विश्वविद्यालयों (TU) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत, ANABIN सूची के तहत आने वाली मान्यता प्राप्त कॉलेजों से भारतीय इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के स्नातक इन संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इस ऐतिहासिक सार्वजनिक-निजी भागीदारी का उद्देश्य इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी के प्रतिभाशाली छात्रों के लिए भारत-ऑस्ट्रियाई स्थानांतरण का समर्थन करना है। यह विशेष रूप से समग्र भारत के मान्यता प्राप्त कॉलेजों के छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे उन्हें T लियोबेन, T विएन और T ग्राज़ में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा तक मिल सकें। T लियोबेन के रेक्टर प्रो. पीटर मोजर ने कहा, हमें भारत से ऑस्ट्रिया में उत्कृष्ट इंजीनियरिंग स्नातकों का स्वागत करने वाली इस दूरदर्शी पहल का हिस्सा बनने पर गर्व है। यह प्रोग्राम अकादमिक उत्कृष्टता, अंतर्राष्ट्रीय आदान-प्रदान और वैश्विक जिम्मेदारी के प्रति हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह ऐसे विषय जो अधिक मज़बूत और पर्यावरण अनुकूल भविष्य को आकार देने के लिए आवश्यक हैं, जैसे की सर्कुलर इंजीनियरिंग, रिसोर्स एफिशिएंसी और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी जैसे विशेष क्षेत्रों में अत्याधुनिक मास्टर प्रोग्राम्स के लिए दरवाजे खोलता है। हमारे विश्वविद्यालय में, हम मानते हैं कि विविधता नवाचार का एक चालक है। विभिन्न संस्कृतियों और शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्रों को एक साथ लाकर, हम एक ऐसा माहौल बनाते हैं जहाँ साहसिक विचार पनप सकें और वास्तविक दुनिया के समाधान सामने आ सकें। मैं आपको हमारे जीवंत अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक समुदाय का हिस्सा बनने और कल की चुनौतियों और अवसरों के लिए अपने ज्ञान, जिज्ञासा और अंतर्दृष्टि का योगदान देने के लिए हृदयपूर्वक आमंत्रित करता हूँ। VFS ग्लोबल ग्रुप के संस्थापक और सीईओ जुबिन करकारिया ने कहा, हमें भारतीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर खोलने के लिए ऑस्ट्रियाई यूनिवर्सिटीज़ ऑफ़ टेक्नोलॉजी के साथ काम करने में खुशी हो रही है। इस सीमा-पार सार्वजनिक-निजी पहल को बढ़ावा देकर, VFS एजुकेशन सर्विस वैश्विक गतिशीलता को बढ़ावा देने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह पहल न केवल छात्रों को सीखने के सर्वश्रेष्ठ और किफायती अवसर प्रदान करती है, बल्कि बेहतर भविष्य बनाने और शिक्षा में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने के हमारे व्यापक लक्ष्य को भी दर्शाती है। इस प्रोग्राम में दो वर्षीय मास्टर डिग्री शामिल है, जिसमें पाठ्यक्रम के रूप में थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ उद्योग में काम करने का अनुभव भी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विश्वविद्यालय उद्योग के विशेषज्ञों के साथ ऑन-कैंपस प्लेसमेंट और कैरियर ओपन डे एंगेजमेंट का भी समर्थन करेगी। शैक्षणिक कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, छात्र स्नातक होने पर एक साल के पोस्ट स्टडी वर्क परमिट के लिए पात्र होंगे, जिससे उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नौकरी मिल पाएगी। ऑस्ट्रिया की तीन मुख्य इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों में भारतीय छात्रों से प्राप्त आवेदनों को संभालने के लिए कार्यप्रवाह को कुशलतापूर्वक प्रबंधित और सुव्यवस्थित करने के लिए, VFS एजुकेशन सर्विसिस ने एक डिजिटल एडमिशन पोर्टल भी लॉन्च किया है। मोबाइल और टैबलेट में उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया यह अनुकूल और यूज़र फ्रेंडली टूल मौजूदा सिस्टम के साथ आसानी से एकीकृत होता है, प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करता है और बड़े पैमाने पर रीयल-टाइम डेटा कैप्चर करने में सक्षम बनाता है।

ऑस्ट्रिया में एक तकनीकी विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री हासिल करना सच में एक बेहतरीन शैक्षणिक और सांस्कृतिक अनुभव है। कला, संगीत, विज्ञान और इंजीनियरिंग में अपने ऐतिहासिक योगदान के लिए जाना जाने वाला, ऑस्ट्रिया छात्रों को परंपरा और नवाचार का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने घटाई गृह ऋण की ब्याज दरें, 7.45% की किफ़ायती दर के साथ शून्य प्रोसेसिंग शुल्क

**लखनऊ।** भारत के बड़े सरकारी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने गृह ऋण की ब्याज दरें एक बार फिर कम कर दी हैं। तत्काल प्रभाव से लागू इस दर के बाद अब गृह ऋण सिर्फ 7.45% वार्षिक ब्याज दर पर मिलेगा और कोई प्रोसेसिंग शुल्क भी नहीं लगाया जाएगा । यह कदम बैंक की अपने गृह ऋण उधारकर्ताओं के लिए गृह ऋण को अधिक किफायती बनाने तथा ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह नवीनतम दर कटौती, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पॉलिसी दरों में कमी किए जाने के पश्चात् जून में बैंक द्वारा अपने गृह ऋण ब्याज दरों में की गई कटौती के बाद 8.00% प्रति वर्ष से घटाकर 7.50% प्रति वर्ष किए जाने के बाद की गई है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री संजय मुदालियर ने इस अवसर पर कहा, ÷हम हमेशा से घर के स्वामित्व को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करते रहे हैं। गृह ऋण की ब्याज दरों में यह नई कटौती ग्राहकों के सपनों को पूरा करने और ऋण की मांग बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा लगातार बदलती मौद्रिक नीति के हिसाब से अपनी कार्यनीति बना रहा है ताकि ग्राहकों को ब्याज दरों में कमी का तुरंत लाभ मिले और साथ ही अर्थव्यवस्था में भी तेजी आए।''

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गृह ऋण के लिए अब डिजिटल तरीके से भी आसानी से आवेदन किया जा सकता है। आप बैंक की वेबसाइट या अपनी नज़दीकी बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा में जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# जिले में चयनित 28 मॉडल ग्रामों में विकास कार्यों का होगा निरीक्षण : डीएम

**179 ग्राम पंचायतों में डिजिटल पुस्तकालय की होगी स्थापनाएं**

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की उपस्थिति में शुक्रवार को जिला स्वच्छता समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक दौरान चयनित 28 मॉडल ग्राम पंचायतों में हुए कार्यों की जानकारी लेने उपरांत जिलाधिकारी द्वारा स्वयं निरीक्षण किए जाने की बात कही गई, उन्होंने कहा कि यदि कोई कमी पाई जाएगी तो उसे सही करा कर फिर सभी ग्राम पंचायतों में उसी तर्ज पर बनाई जाएगी। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि इस कार्य में मेहनत कर शीघ्र अवशेष कार्यों को पूर्ण कराएं।

बैठक में कूड़ा निस्तारण निस्तारण, ई रिक्शा चालकों की नियुक्ति आदि के संबंध में भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। इसी प्रकार व्यक्तिगत शौचालय निर्माण में 12783 प्राप्त लक्ष्य के संबंध में जानकारी ली गई एवं जिओ टैगिंग में आ रही दिक्कत के संबंध में अवगत कराया गया। सामुदायिक शौचालयों के निर्माण कार्य, केयर टेकर का भुगतान के क्रम में निर्देशित किया गया कि 3 माह से अधिक लंबित भुगतान पर संबंधित को नोटिस दिया जाय तथा तीन बार नोटिस देने के बाद निलंबित करने की कार्यवाही की जाय। समीक्षा दौरान तालाबों के सुंदरीकरण कार्य सहित सभी ग्रामों में सरकारी योजनाओं (समस्त योजनाओं) से आच्छादित लाभार्थियों की सूची बनाए जाने का निर्देश डीपीआरओ को दिए गए।

इसी प्रकार पंचायत सहायकों के मानदेय भुगतान में देरी करने पर संबंधित को तीन बार नोटिस देकर निलंबित किए जाने का निर्देश दिए गए। समीक्षा बैठक में बहुउद्देशीय पंचायत भवन निर्माण, अंत्येष्ठि स्थल निर्माण, ग्राम प्रधानों के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों एवं उसका निस्तारण आदि की विधिवत समीक्षा कर संबंधित को आवश्यक निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यों हेतु टेंडर की प्रक्रिया में सतर्कता बरतने, नियमानुसार ही करें, उन्होंने कहा कि यदि किसी कार्य में कोई बाधा/अड़चन आ रही हो तो बताएं पूर्ण रूप से सहयोग किया जाएगा। बैठक में सीडीओ गुंजन द्विवेदी, डीसी मनरेगा राकेश, डीपीआरओ आलोक प्रियदर्शी, जिला दिव्यागंजन सशक्तिकरण अधिकारी, डीएसओ समेत समस्त बीडीओ, एडीओ पंचायत एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वज्रपात की पूर्व जानकारी हेतु डाउनलोड करें दामिनी एप

**अवधनामा ब्यूरो**

**बादलों की गड़गड़ाहट का तेज व बार-बार होना बड़े खतरे की सूचना**

**कुशीनगर।** अपर जिलाधिकारी वैभव कुमार मिश्रा ने जनपदवासियों को अवगत कराया है कि आकाशीय बिजली गिरने से बचाव की जानकारी न होने से बच्चों, महिलाओं समेत कई लोग जान गवां चुके हैं। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि हम सब मिलकर सबको जागरूक करें, और अपनें लोगों का जीवन आकाशीय बिजली से सुरक्षित करें। एक जानकारी हमारे अपनों की जान बचा सकती है, इसलिए अपनें घर, परिवार व रिश्तेदारों को जागरूक करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, इसी में समझदारी है।

**आकाशीय बिजली से बचने के लिए करें ये उपाय :** उन्होंने बताया कि बादलों की गड़गड़ाहट का तेज व बार-बार होना बड़े खतरे की सूचना है। शरीर के बालों का खड़ा होना तथा त्वचा में झुरझुरी महसूस होना बताता है कि आपके आस-पास बिजली गिरने वाली है। कंक्रीट के फर्श पर न लेटे और कंक्रीट की दीवारों का सहारा न लें, बिजली गिरने के दौरान इनमें करंट प्रवाह हो सकता है। बिजली कड़कने पर पेड़, बिजली के खंभे व मोबाईल टावर, के नीचे न जाएं, क्योंकि इन सब पर बिजली गिरने की संभावना ज्यादे होती है।

वज्रपात के दौरान बिजली से चलने वाले मुख्य उपकरण जैसे फ्रिज, कम्प्यूटर, टेलीविजन आदि को विद्युत आपूर्ति लाईन से निकाल दें व मोबाईल का उपयोग न करें। साईकिल, मोटर साईकिल, ट्रक, खुले वाहन, जल में तैराकी, नदियों तालाब व पोखरों में स्नान या नांव में सवारी व मछली मारने जैसे कार्य पर हो तो तत्काल दूर हो जाए, इन जगहों पर बिजली अधिक गिरती है।

# बस अड्डे पर टिन शेड के निर्माण के लिए सांसद ने किया भूमि पूजन



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** सदर सांसद शशांक मणि ने देवरिया बस अड्डे पर प्रस्तावित टिन शेड के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर निर्माण की आधारशिला रखी । बता दें कि पिछले काफी दिनों से बस अड्डे के भवन के ध्वस्तीकरण के कारण यात्रियों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता था ।

प्रस्तावित बस स्टेशन के निर्माण में विलंब होने तथा अत्यधिक गर्मी और धूप से यात्रियों के बचाव के लिए सदर सांसद ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से वार्ता कर तब तक के लिए अस्थाई व्यवस्था करने का आग्रह किया था जिसके लिए परिवहन विभाग से 34 लाख रुपया उपलब्ध कराया गया है । शुक्रवार को परिवहन विभाग के अधिकारियों और पार्टी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सदर सांसद ने अस्थाई टिन शेड के निर्माण की आधारशिला रखी । इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबी प्रतिक्षा के बाद टिन शेड के निर्माण से यात्रियों को काफी राहत मिलेगी । इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, प्रमोद शाही, अंकुर राय, दिवाकर मिश्रा, सचिंद्र शाही दीपू, सुभाष तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

# स्कूलों को मर्जर करने के फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरी आजाद समाज पार्टी

**कौशाम्बी और प्रयागराज की घटनाओं की सी बी आई जांच की मांग**

**अवधनामा संवाददाता**




**अमेठी।** आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से परिषदीय विद्यालयों को मर्जर कर27965प्राथमिक विद्यालयों को बंद करने के फैसले का विरोध करते हुए कौशाम्बी और प्रयागराज में हुई घटनाओं की सी बी आई जांच की मांग के साथ राज्यपाल को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन दिया। ज्ञापन में स्कूलों को मर्जर करने के फैसले को वापस लेने की मांग की गई है।

आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी ने कहा कि विद्यालयों को विलय करके बंद करना संविधान के अनुच्छेद -21ए,आर टी ई -2009और अनुच्छेद -46का उल्लंघन है।

कौशाम्बी में एक आठ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना में पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला है।

भीम आर्मी के मंडल सचिव अरुण अम्बेडकर ने कहा कि करछना ?मे पुलिस के लाठीचार्ज के कारण एक युवक की मृत्यु हो गई है।इस घटना की भी सी बी आई जांच होनी चाहिए।

इस अवसर पर विजय कुमार महासचिव,अशुतोष राणा मन्डल अध्यक्ष आसापा,अरुण अम्बेडकर, भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार शास्त्री,शरद ,विनोद वकील, शुभम,वीरेन्द्र बिक्रम,रवि,कुवर बहादुर अल्ताफ फौजी, इश्तियाक अहमद आदि मौजूद रहे।

# दरवाजे पर खड़ी महिला को पिकअप ने रौंदा, मौत

**कुशीनगर।** तरया सुजान थाना क्षेत्र में दरवाजे पर खड़ी एक महिला को पिकअप ने रौंद डाला। परिजन अस्पताल लेकर भागे, जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सलेमगढ़ बाजार बाईपास मार्ग पर गुरुवार देर रात हुई इस दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस सीसी कैमरों के आधार पर पिकअप व चालक को पकड़ने में जुटी है।

मूल रूप से बसडीला गुनाकर निवासी दुर्गावती का पूरा परिवार सलेमगढ़ में मकान बनाकर रहता है। पति बनारसी यादव गुजरात में दिहाड़ी मजदूर का कार्य करते हैं। बताया जा रहा है कि दुर्गावती अपने घर के सामने दरवाजे पर खड़ी थीं कि इस बीच तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप ने रौंद दिया। स्वजन घटना के बाद उनको लेकर सीएचसी तरया सुजान गए। गंभीर हालत में चिकित्सक ने जिला अस्पताल रविंद्र नगर धूस रेफर कर दिया। उपचार के दौरान शुक्रवार की तड़के तीन बजे उनकी मृत्यु हो गई।

# विद्यालय विलय के फैसले पर उबाल, सौंपा मांग पत्र

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 50 से कम नामांकित छात्रों वाले परिषदीय विद्यालयों के एकीकरण (विलय) के निर्णय के विरोध में शुक्रवार को प्राथमिक शिक्षकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह, जिला कोषाध्यक्ष जयप्रकाश मणि त्रिपाठी एवं जिला संयुक्त मंत्री ऋषिकेश जायसवाल के नेतृत्व में शिक्षक सांसद शशांक मणि त्रिपाठी के पैतृक गांव बरपार पहुंचे और उन्हें एक मांगपत्र सौंपा।

शिक्षकों ने चेतावनी दी कि यदि यह निर्णय वापस नहीं लिया गया तो जिला से लेकर प्रदेश स्तर तक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि यह निर्णय निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम, 2009 के विरुद्ध है, जिसमें 6 से 14 वर्ष तक के बच्चों को निकटवर्ती विद्यालय में शिक्षा पाने का मौलिक अधिकार प्राप्त है।

संघ के नेताओं ने कहा कि विद्यालय दूर होने से छात्रों की पढ़ाई बाधित होगी और ग्रामीण क्षेत्रों में बालिका शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इससे स्कूल छोड़ने की दर में वृद्धि हो सकती है, जिससे %बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ% एवं %सर्व शिक्षा अभियान% जैसे सरकारी प्रयासों को झटका लगेगा।

पदाधिकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि यह निर्णय निजी, गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को अप्रत्यक्ष रूप से बढ़ावा देगा। उदाहरणस्वरूप देवरिया जनपद में 2 से 2.5 किमी की दूरी पर स्थित विद्यालयों को विलय किया जा रहा है, जबकि निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए यह नियम है कि सरकारी विद्यालय की 1 किमी की परिधि में नया निजी विद्यालय मान्यता नहीं पा सकता।

शिक्षकों ने यह भी कहा कि पहले से ही कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी, बुनियादी सुविधाओं का अभाव और प्री-प्राइमरी शिक्षा की खराब स्थिति जैसी समस्याएं हैं। ऐसे में बिना समाधान के किया गया एकीकरण बच्चों के भविष्य के साथ गंभीर खिलवाड़ है। 6 जुलाई को प्रदेशव्यापी ट्विटर अभियान चलाया जाएगा और 8 जुलाई को बीएसए कार्यालयों पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

मांगपत्र सौंपने वालों में बैतालपुर अध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा, सूर्यकांत पांडेय, नीरज कुमार श्रीवास्तव, केडी पांडेय, दिलीप गोंड, विनय कुमार मिश्रा, रामेंद्र कुमार गौतम, राकेश कुमार चतुर्वेदी, अभिमन्यु यादव, संजय सिंह (गौरी बाजार), आलोक सिंह, सफीक खान (पथरदेवा), निर्भय राय (रामपुर कारखाना), सदीप दुबे, बैजनाथ त्रिपाठी, फखरे आलम, संतोष सिंह, पुरुषोत्तम जायसवाल, अमित श्रीवास्तव, गोपाल राय, आलोक सिंह, सुधांशु कुमार राय, विश्वमोहन मणि, अशोक चौरसिया, नितेश श्रीवास्तव, अरुण यादव, हरेंद्र पाल सहित कई शिक्षक नेता उपस्थित रहे। शिक्षक संघ ने सरकार से अपील की है कि इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और छात्रों के शिक्षा अधिकार की रक्षा की जाए।

# दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु अभियान चलाकर की गयी चेकिंग




**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रान्त वीर के निर्देशन में यातायात प्रभारी देवरिया गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस देवरिया द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर सड़क पर स्टंटबाजी करते हुए नए उम्र के लड़के, मोडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, स्कूली वाहनों, बिना सीट बेल्ट लगाकर चलाने वाले चार पहिया वाहनों एवं तीन सवारी चलने वालों वाहनों के विरुद्ध एम0वी0 एक्ट में कार्यवाही की गयी तथा गोरखपुर ओवर ब्रिज, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड पर गाड़ी खड़ा करके सवारी भरने वाले वाहनों का एम वी एक्ट में कार्यवाही किया गया, जिसमें 116 वाहनों का ई-चालान किया गया, 02 वाहनों को सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

इस प्रकार की कार्रवाई के माध्यम से यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाता है । दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलती है। वाहन चालकों को यह संदेश दिया जाता है कि यातायात के नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।

# 138 खाद्य व्यवसायियों ने खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण में किया प्रतिभाग

**अवधनामा संवाददाता**




**बोदरवार, कुशीनगर।** भारत सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के संबंध में खाद्य संचालकों को विस्तृत जानकारी दी गई। पी टैक एजुकेशनल ट्रस्ट के तत्वाधान में व्यापारियों एवं खाद्य संचालकों का खाद्य सुरक्षा के संबंध में बोदरवार बाजार के पटवा मैरेज हाल में खाद्य सुरक्षा शिविर एवं प्रशिक्षण का आयोजन जिला कॉर्डिनेटर संतोष कुमार चौधरी के अगुवाई में किया गया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी किया गया।

शुक्रवार को आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉक्टर राकेश सिंह ने व्यापारियों एव खाद्य संचालकों को प्रशिक्षण देते हुए बताया की खाद्य सुरक्षा के संबंध में व्यापारियों को आधी अधूरी जानकारी होने के कारण असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसी के चलते भारत सरकार ने पी टैक एजुकेशनल ट्रस्ट के माध्यम से प्रत्येक नगर एवं कस्बे में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। पटवा मैरेज हाल में आयोजित प्रशिक्षण में 138 व्यापारियों एव संचालको ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिला कोआर्डिनेटर संतोष कुमार चौधरी ने व्यापारियों से आह्वान किया कि खाद्य संचालक एवं व्यापारी प्रशिक्षण से मिलने वाले लाभ की जानकारी अन्य व्यापारियों को दें। चौधरी ने बताया अगला शिविर अति शीघ्र आयोजित होगा। उसके लिए व्यापारी पहले से तैयार रहे। डॉ राकेश कुमार सिंह ने प्रशिक्षण के दौरान व्यापारियों को कई टिप्स दिए। प्रशिक्षण के बाद प्रतिभागियों का मूल्यांकन परीक्षा के माध्यम से किया गया, परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न हुई।

इस दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर संतोष कुमार चौधरी,शैलेश साहनी, राजेश कुमार गुप्त, जगदंबा सिंह, शिव परसन, महाराजा मद्धेशिया, सुरेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश बरनवाल, वीरेंद्र मद्धेशिया, दिलीप कुमार, संदीप कुमार गुप्त, उमाशंकर पांडेय, बेगलाल मोदनवाल, हरदेव गुप्ता, आदित्य, राहुल सहित दर्जनों खाद्य संचालकों एवं व्यापारियों ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# जिले में उर्वरक भरपूर मात्रा में उपलब्ध : जिला कृषि अधिकारी

**कुशीनगर।** वर्तमान समय में खरीफ की फसलों में धान की बुआई और गन्ने की टॉप ड्रेसिंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। जनपद में पर्याप्त मात्रा में विभिन्न उर्वरकों की उपलब्धता बनी हुई है। जनपद में अभी यूरिया 14674 मीट्रिक टन, डीएपी 2479.00 मीट्रिक टन, एनपीके 4282.00 मीट्रिक टन विभिन्न उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध है। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी डॉ. मेनका ने दी।

उन्होंने बताया कि सहकारिता क्षेत्र में प्रिपोजिसनिंग से 880.00 मीट्रिक टन यूरिया जनपद की 88 समितियों को आवंटित कर दिया गया है, जिसे एक से दो दिन में समितियों को प्रेषित कर दिया जाएगा। साथ ही इफको की 1200.00 मीट्रिक टन डीएपी एवं 1300.00 मीट्रिक टन यूरिया इसी सप्ताह देवरिया रैक प्राप्त हो रही है, जिसे समितियों को उपलब्ध करा दिया जाएगा। किसान संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। विभागीय पोर्टल पर उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण की सतत निगरानी एवं अनुश्रवण किया जा रहा है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की छापेमारी में 60 किग्रा पनीर नष्ट



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) विनय कुमार सहाय के नेतृत्व में जनपद देवरिया के रुद्रपुर तहसील अंतर्गत ग्राम खोरमा, रामलक्षन रोड स्थित गणेश डेयरी फार्म पर विशेष सचल दल द्वारा अभिसूचना के आधार पर छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान प्रतिष्ठान में मानव उपभोग हेतु निर्मित व विक्रय के लिए प्रदर्शित पनीर के दो नमूने, स्किम्ड मिल्क पाउडर तथा रिफाइंड पामोलीन ऑयल के एक-एक नमूने संग्रहित किए गए। ये नमूने विश्लेषण हेतु राजकीय खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी। मानव उपभोग हेतु असुरक्षित एवं अधोमानक पनीर होने के संदेह में मौके पर ही लगभग 60 किलोग्राम पनीर नष्ट कराया गया। साथ ही, प्रतिष्ठान में संग्रहित स्किम्ड मिल्क पाउडर (लगभग 371 किलोग्राम, अनुमानित मूल्य ?1,48,400) एवं रिफाइंड पामोलीन ऑयल (लगभग 28 किलोग्राम, को अपमिश्रण के संदेह के चलते नियमानुसार अभिग्रहित कर खाद्य कारोबारी की सुरक्षित अभिरक्षा में सौंपा गया।

# हर घर में दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा

**स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के बच्चों ने निकाली रैली**

**अवधनामा संवाददाता**




**अमेठी।** स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत शुक्रवार को कम्पोजिट विद्यालय भादर प्रथम के शिक्षकों और बच्चों ने रैली निकाल कर अभिभावकों को शत प्रतिशत नामांकन और नियमित उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। रैली के दौरान आदित्य विक्रम सिंह उर्फ अम्बुज सिंह ने लड्डू खिलाकर बच्चों का हौंसला बढ़ाया और अच्छी पढ़ाई करने के संदेश दिए।

रैली विद्यालय से प्रारम्भ हुई। नेता नगर चौराहा, केशवपुर और घोरहा का भ्रमण करते हुए वापस ब्लाक संसाधन केंद्र पर संगोष्ठी के साथ सम्पन्न हुई।हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है,--हर घर में एक दीप जलेगा,हर बच्चा स्कूल चलेगा --शिक्षा है अनमोल रत्न, पढ़ने का सब करो जतन, सर्वशिक्षा अभियान,सबको शिक्षा,सबको ज्ञान-आदि नारे लगाते हुए बच्चों ने अभिभावकों को शत प्रतिशत नामांकन के संदेश दिए।

प्रधानाध्यापक शिव सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में अब बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए हर प्रकार के संसाधन उपलब्ध हैं। योग्य और प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को सभी विषयों की अच्छी शिक्षा दे रहे हैं। निशुल्क ड्रेस, निशुल्क पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। सभी अभिभावक बच्चों को नियमित स्कूल भेंजे और स्कूल से दिए जाने गृह कार्य की निगरानी जरूर करें। सहायक अध्यापक संजीव कुमार ने स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत आयोजित की जाने गतिविधियों की जा दी और छः साल से कम आयु के बच्चों को बाल वाटिका में आंगनबाड़ी केंद्र पर भेजने के संदेश दिए।

रैली का नेतृत्व संकुल शिक्षक श्री देवांशु सिंह ने किया। अवनीश वर्मा, विजय प्रताप यादव, संध्या गुप्ता, गणेश प्रसाद शर्मा, लालती देवी, शिवकरन गुप्ता, कौशलेंद्र सिंह,रिपु मौर्य आदि मौजूद रहे।

भादर संवाद के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय कस्तूरीपुर, नरहरपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय भादर -द्वितीय आदि विद्यालयों के बच्चों ने भी रैली निकाली।

# अम्बेडकर प्रतिमा के पास कार्यकर्ताओं ने किया जिला अध्यक्ष का स्वागत



**अमेठी।** अमेठी में बाबा साहब डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में बसपा कार्यकर्ताओं ने बसपा जिलाध्यक्ष सुरेश कमल के साथ माल्यार्पण किया।

पूर्व विधानसभा प्रभारी दिनेश गौतम, जिला प्रभारी नन्हे सिंह चौहान,मोहन लाल गौतम,राम फल फौजी, सेक्टर अध्यक्ष श्याम कुमार, प्रदीप कुमार,किसुन पाल, मंजीत कुमार, सुरेश नारायण , भैयाराम यादव,शमशेर बौद्ध ,राम पाल बौद्ध, भीमराव बौद्ध , रामकुमार, विक्रम बौद्ध ,नरेंद्र कुमार ,शिवबालक, कमलेश कुमार ,सचिन गौतम सेक्टर अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग लड़कों को बेरहमी से पीटने वाले दो सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक ने निलम्बित किया, दो को माफ किया

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा चोरी के आरोप में दो नाबालिग लड़कों के विरुद्ध कार्रवाई का प्रकरण मीडिया में सुर्खियों में है। लड़कों की बर्बरतापूर्वक पिटाई करने वाले दो सिपाहियों को पुलिस अधीक्षक ने निलम्बित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक की ओर से की गई कार्रवाई जिले में चारों तरफ चर्चा में है।

बीते रविवार की रात 12 बजे मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पिंडारा करनाई गांव निवासी दो नाबालिग लड़कों व एक युवक को पुलिस चोरी की आशंका में उनके घर से उठा ले गई थी।

आरोप है कि तीनों की रात भर लाकअप में पट्टा, डंडा व लात घूंसों से जमकर पिटाई की गई। पिटाई के बाद भी पुलिस को जब चोरी के संबंध में कोई जानकारी हासिल नहीं हुई, तो सोमवार को पुलिस ने दोनों नाबालिक लड़कों का शांति भंग में चालान कर दिया और

> प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए गए दो पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।पूरे प्रकरण की जांच अपर पुलिस अधीक्षक कर रहे हैं।जो भी अन्य पुलिस कर्मी दोषी पाए जायेंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अर्पणा रजत कौशिक**
> **पुलिस अधीक्षक, अमेठी**

युवक को छोड़ दिया। पीड़ितों ने सांसद किशोरीलाल शर्मा से शिकायत कर थाने के चार सिपाहियों संतोष कनौजिया, अर्धेन्दु चौहान, चंदन और अविनाश यादव पर बर्बरता पूर्वक पिटाई के आरोप लगाए। जिसके बाद एसपी ने दो सिपाही संतोष कनौजिया और अर्धेन्दु चौहान को निलंबित कर दिया। जबकि शेष दोनों सिपाहियों और बड़े साहबों को लेकर अभी चुप्पी है। 17 साल के हैं। पीड़ित लड़के हाईस्कूल परीक्षा के अंकपत्र के अनुसार पीड़ित दोनों किशोर 17 साल दो माह के हैं। एक की जन्मतिथि 6 मई 2008 है और दूसरे की जन्मतिथि एक मई 2008 है। ऐसे में बिना किसी जांच और पुष्टि ने पुलिस ने दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया। इस सवाल का जवाब पुलिस के पास नहीं है। जब नहीं की चोरी तो क्यों पीटा पुलिस दोनों किशोरों व एक युवक को चोरी की आशंका में उठाया था। लेकिन कोई साक्ष्य न मिलने पर शांतिभंग की कार्रवाई कर दी। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि जब लड़कों ने चोरी नहीं की तो उनको पुलिस ने टार्चर क्यों किया। सीसीटीवी से खुलेगा राज शासन के निर्देशानुसार सभी थानो में सीसीटीवी लगाये गये हैं।

### हमेशा चर्चा में रहता है चंदन सिपाही

**अमेठी।** चंदन नाम का सिपाही जिले में अब तक जिस भी थाने में रहा है, हमेशा चर्चा में रहा है।इस प्रकरण में भी चंदन का नाम सामने आया है, परंतु उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। सूत्रों का कहना है कि चंदन जिस भी थाने में रहता है, थानाध्यक्ष का खास रहता है।वह पहले कई बार लाइन हाजिर हो चुका है। लाइन हाजिर को पुलिस में कोई खास सजा नहीं माना जाता है।

### एसएचओ की कार्यप्रणाली को लेकर सीएम से शिकायत

**अमेठी।** आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र कोरी ने पीपरपुर के एस ओ रामराज कुशवाहा की कार्यप्रणाली को लेकर मुख्यमंत्री और अनुसूचित जाति जनजाति आयोग से शिकायत की है। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष का कहना है एक पीड़ित दलित महिला की रिपोर्ट एस ओ ने दो सप्ताह तक नहीं दर्ज की। जनसुनवाई पोर्टल पर हुई शिकायत के जबाब में भेजी एक रिपोर्ट में एस ओ ने दो बार हरिजन शब्द का उल्लेख किया है,जो असंवैधानिक है और अपमान जनक है। उन्होंने अनुसूचित जाति जनजाति आयोग से इसे संज्ञान में लेने का अनुरोध किया है।

# प्रबंधक द्वारा पत्रावली गायब होने की सूचना मुझे नहीं दी गई

- नियुक्ति पत्रावली गायब नहीं हुई है प्रबंधक द्वारा छुपाई गई: प्रधानाचार्य
- नौ साल पहले गायब हुई नियुक्ति पत्रावली अब कैसे होगी जांच
- भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए पत्रावली खोने का नाटक किया जा रहा है पत्रावली अगर खो गई थी तो खोने की सूचना मुझे भी दी जाती

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** मनोज कुमार, प्रबंधक, शंकर सुवन लघु माध्यमिक विद्यालय, बहलोलपुर के पास से नौ साल पहले गायब हो गई नियुक्ति पत्रावली। अब जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच समिति अनियमित नियुक्ति के आरोपों की कैसे करेगी जांच। बताते चलें ममता सिंह की शिकायत पर जिलाधिकारी, सुल्तानपुर ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में तीन सदस्यी जांच समिति गठित की जिसके सदस्य उपजिलाधिकारी सदर, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सुल्तानपुर हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा शंकर सुवन लघु माध्यमिक विद्यालय, बहलोलपुर के प्रबंधक मनोज कुमार से नंदिता सिंह की नियुक्ति पत्रावली मांगने पर प्रबंधक ने पत्र के द्वारा बताया कि नंदिता सिंह की पत्रावली 2016 में खो गई है जिसे अब दे पाना संभव नहीं है। वैसे देखा जाय तो किसी की नियुक्ति पत्रावली खो जाना प्रथम दृष्टया नियुक्ति की प्रक्रिया पर संदेह पैदा करता है। जिसमें प्रबंधक की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होती है। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार द्वारा नियुक्ति पत्रावली खो देने पर कुछ प्रश्न उभर कर आते हैं। जिसका उत्तर खोजना होगा। पहला विद्यालय में नियुक्त कितने शिक्षक की नियुक्ति पत्रावली खोई है?

दूसरा प्रबंधक द्वारा नियुक्ति की पत्रावली खोने की प्राथमिकी स्थानीय थाने में किस तिथि को दर्ज हुई और प्राथमिकी की प्रति कहां है?

तीसरा विद्यालय की नियुक्ति आदि पत्रावली खोने की सूचना प्रबंधक द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग को कब दिया गया?



चौथा प्रबंधक द्वारा नौ साल पहले शिक्षकों के नियुक्ति की पत्रावली खो देने के बाद नियुक्ति पत्रावली की द्वितीय प्रति बनाने की क्या प्रक्रिया की गई?

विद्यालय के प्रधानाध्यापक यादवेन्द्र यादव ने खोई हुई नियुक्ति पत्रावली के बारे में बताया कि नियुक्ति पत्रावली गायब नहीं है वह प्रबंधक के पास है। क्योंकि अभी जल्द ही सभी शिक्षकों आदि के शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराने का आदेश जारी हुआ था। सभी के शैक्षिक प्रमाणपत्र का सत्यापन प्रबंधन के द्वारा कराया गया। अगर पत्रावली उनके पास नहीं थी तो सत्यापन कैसे हुआ? पत्रावली खो गई है तो पत्रावली की द्वितीय प्रति क्यों नहीं बनाई गई? विद्यालय का प्रधानाध्यापक होने के बाद भी आज तक मुझे भी नियुक्ति पत्रावली खोने की सूचना नहीं दी गई।

बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता से गायब नियुक्ति पत्रावली के संदर्भ में बात करने पर बताया गया की विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार से नंदिता सिंह की नियुक्ति नियुक्ति की पत्रावली मांगने पर प्रबंधक ने बताया कि नियुक्ति की पत्रावली खो गई है। प्रबंधक का व्यवहार संदेहास्पद है। पुनः पत्रावली हेतु प्रबंधक को पत्र प्रेषित किया गया। प्रबंधक द्वारा पत्र का जवाब मिलने पर उचित कार्यवाही की जायेगी।

अपने विद्यालय के शिक्षकों की नियुक्ति पत्रावली खोने वाले प्रबंधक मनोज कुमार तिवारी वही हैं जिन पर शिक्षकों से अवैध वसूली और मध्याह्न भोजन में घोटाला करने का आरोप सभी शिक्षक और कर्मचारियों ने एक साथ लगाया है। जिसकी जांच चल रही है।

# कांग्रेस का शपथ ग्रहण कार्यक्रम कल, तैयारी पूर्ण

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जिला व शहर कार्यकारिणी घोषित होने के बाद संगठन सृजन का पहला चरण पूर्ण हो चुका है। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय के प्रांगण में भव्य शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नामित पूर्व विधायक धीरेंद्र प्रसाद शामिल होंगे वहीं उनके साथ जिले के सभी कोऑर्डिनेटर कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस बार जिला और शहर कांग्रेस कमेटी के सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शनिवार को एक मंच से शपथ ग्रहण करेंगे। इस शपथ ग्रहण समारोह में हम जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं को आमंत्रित किये है और उनके मार्गदर्शन में जिला शहर कमेटी के सभी पदाधिकारी काम करेंगे और उनके अनुभवों का लाभ लेते हुए जमीन पर एक सशक्त संगठन का निर्माण करेंगे, जिला कांग्रेस के सभी फ्रंटल विभाग और प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष व चेयरमैनो को आमंत्रित किया गया है एवं उन्हे उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को उनके कार्य और जिम्मेदारियों की शपथ दिलाकर यह संकल्प दिलाया जाएगा कि आज वर्तमान समय में भाजपा शासन काल में जिस तरह से समाज में नफरत फैलाई जा रही है। संविधान की खुलेआम खर्चा उड़कर उन्हें खत्म करने का प्रयास किया जा रहा है ऐसे दौर में कांग्रेस पार्टी के विचारधारा और गांधीवादी सिद्धांतों को अपना कर हम कांग्रेस के लोग संघर्ष एवं संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ते रहेंगे।

# 1478 आवासों को पूर्ण करने का किया लक्ष्य

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** मुख्यमंत्री की यह सद्इच्छा है कि प्रत्येक शोषित, वंचित व्यक्ति को आवास मिलें क्योंकि आवास की उपलब्धता से उनके परिवार की सुरक्षा और शिक्षा जुडी हुई है, मुख्यमंत्री की इसी सद्इच्छा को पूर्ण करने हेतु जिला प्रशासन भी कृत संकल्पित नजर आ रहा है, जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व में मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में जिले को पूरे प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ है, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिलें को कुल 1553 आवासों का लक्ष्य मिला था जिसमें से 1478 आवासों को पूर्ण कर लिया गया है, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में कुछ खण्ड विकास अधिकारियों ने उल्लेखनीय कार्य किया है, जबकि कुछ खण्ड विकास अधिकारियों की प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं रहीं, ब्लॉक एका, हाथवंत एवं मदनपुर के खण्ड विकास अधिकारी इस महत्वपूर्ण योजना में जिलाधिकारी के बार-बार निर्देशों के बावजूद उदासीनता बरत रहें है, एका ब्लॉक को कुल 312 आवासों का लक्ष्य मिला था, जिसमें से 289 ही पूर्ण किए गए है, 23 आवास अभी भी अवशेष है, वहीं हाथवंत ब्लॉक को 264 आवास कुल आवंटित हुए थे, जिसमें से 241 आवास ही पूर्ण हुए है, जबकि मदनपुर ब्लॉक को 161 आवास आवंटित हुए थे, जिसमें से 149 आवास ही पूर्ण हुए है, जिलाधिकारी ने इन समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को सख्त शब्दों में निर्देशित किया है कि शेष आवासों को शीघ्र ही पूरा करें, अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें, वहीं प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी जितेन्द्र कुमार द्वारा 301 आवंटित आवासों के सापेक्ष 297 आवासों को पूर्ण किया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उनके इस कार्य की सराहना करते हुए उन्हे सम्मानित करने की बात कहीं, इसी तरह जसराना और अरांव ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारियों ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है, जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की यह जनहितकारी योजना है, इसमें लापरवाही किसी प्रकार से बर्दाश्त नहीं की जाएगी, इसलिए जहां भी प्रगति कम है, वहां के खण्ड विकास अधिकारी शीघ्र इस पर गम्भीरता से कार्य करें और शेष बचे आवासों को शीघ्र पूर्ण करें।

## मत्स्य पालन पट्टा शिविर 25 को

**फिरोजाबाद,अवधनामा संवाददाता।** उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील फिरोजाबाद में मत्स्य पालन पट्टा शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह शिविर 25 जुलाई 2027 को समय 12 बजे तहसील फिरोजाबाद में आयोजित होगा। इस शिविर में मत्स्य पालन पट्टा के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी और आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। शिविर में मत्स्य विभाग के अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। मत्स्य पालन पट्टा शिविर के आयोजन का उद्देश्य मत्स्य पालन को बढ़ावा देना और स्थानीय मत्स्य पालकों को सुविधा प्रदान करना है।

## ऐडिशनल सेक्रेटरी भारत सरकार का आगमन 09 जुलाई को

**बहराइच,अवधनामा संवाददाता।** ऐडिशनल सेक्रेटरी एण्ड फाईनेन्शियल एडवाइजर, भारत सरकार श्री संजीव शंकर का 09 जुलाई 2025 को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री शंकर 09 जुलाई 2025 को लो.नि.वि. निरीक्षण भवन बहराइच पहुॅचकर प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक जिलाधिकारी के साथ बैठक करेंगे तदोपरान्त अपरान्ह 01:30 से 03:00 बजे तक सीडब्ल्यूसी डिपो बहराइच का निरीक्षण, अपरान्ह 03:00 बजे से 04:30 बजे तक बहराइच मण्डी स्थित क्रय केन्द्रों का निरीक्षण तथा अपरान्ह 04:30 बजे से विकास खण्ड चित्तौरा अन्तर्गत ग्राम अहिरौरा में उचित दर विक्रेता की दुकान का निरीक्षण करेंगे। श्री शंकर 10 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी वी.आई.पी./नगर मजिस्ट्रेट ने दी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह जुलाई के प्रथम शनिवार 05 जुलाई 2025 को तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी तथा तहसील कैसरगंज में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए नामित किये स्टैटिक मजिस्ट्रेट

**बहराइच, अवधनामा संवाददाता।** अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि 19 जुलाई 2025 को राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में दो पालियों में सम्पन्न होने वाली वर्ष 2025 की हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा हेतु नायब तहसीलदार सदर पी.पी. गिरी को स्टैटिक मजिस्ट्रेट नामित किया गया है। श्री रंजन ने बताया कि हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट की लिखित परीक्षा 19 जुलाई 2025 प्रथम पाली में प्रातः 08:30 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे तक तथा इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट लिखित परीक्षा 19 जुलाई 2025 को द्वितीय पाली में अपरान्ह 02:00 बजे से अपरान्ह 05:15 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज बहराइच में सम्पन्न होगी। श्री रंजन ने बताया कि परीक्षा में हाईस्कूल के 170 तथा इण्टरमीडिएट के 187 कुल 357 परीक्षार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# 30 सितम्बर तक संचालित होगा त्रैमासिक संभव अभियान

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से 01 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक संचालित होने वाले 'संभव अभियान' को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के अभियान की औपचारिक शुरूआत की गई। उल्लेखनीय है कि संभव अभियान के अन्तर्गत गम्भीर कुपोषण से ग्रसित (सैम) बच्चों के चिन्हांकन, उपचार, सन्दर्भन एवं सामुदायिक स्तर पर उनके प्रबन्धन के साथ-साथ कुपोषण की रोकथाम हेतु समुदाय में व्यवहार परिवर्तन लाने के प्रयास किये जायेंगे।

अभियान की सफलता के लिए जिलाधिकारी द्वारा मासिक थीम पर चर्चा करते हुए जुलाई माह में पोषण, अगस्त माह में छः माह से छोटे शिशुओं की विशेष देखभाल तथा सितम्बर माह में ऊपरी आहार प्रोत्साहन एवं पोषण अन्तर्गत सम्बन्धित विभागों को समन्वय प्रयास लक्ष्य प्राप्ति के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि कुपोषण जैसी समस्या के खात्मे के लिए, जनजागरूकता बहुत ज़रूरी है। विशेष गर्भवती एवं धात्री माताओं को जागरूक करने के साथ-साथ यह भी बताना होगा कि हमारे पास उपलब्ध घरेलू संसाधनों तथा औषधीय गुणों वाले पेड़ पौधों का सेवन कर कुपोषण को समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सभी सैम बच्चों के घरों में सहजन का एक पौधा अवश्य लगवायें ताकि कुपोषण से बचाव के लिए सहजन जैसे गुणकारी पौष्टिक आहार उनके आंगन में ही उपलब्ध हो जाय।

डीएम ने निर्देश दिया कि अभियान अन्तर्गत सभी गम्भीर कुपोषित सैम बच्चों की पहचान कर ई-कवच पर शत प्रतिशत फीडिंग कराकर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करें। वीएचएसएनडी सत्रों पर सभी प्रकार के लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए, गुणवत्ता में सुधार लाया जाय। डीएम ने अभियान के दौरान छः माह से कम आयु के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का पोषण प्रबन्धन के साथ-साथ वजन की भी प्रभावी ढंग से निगरानी करने का निर्देश दिया। सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया गया कि संभव अभियान के दौरान सतत विकास लक्ष्य 2.0 की प्राप्ति के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्धता के साथ प्रयास करते हुए 05 वर्ष से कम आयु के बच्चों से नाटेपन की दर 40 प्रतिशत तक घटाने तथा वेस्टिंग की दर को 05 प्रतिशत से कम करने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में ठोस पहल की जाय। डीएम ने अभिनव पहल के रूप में संभव अभियान की सफलता हेतु जागरूकता मंचों के रूप सुपोषण दिवस को पोषण उत्सव, पोषण पंचायत, नारी अदालत प्लेटफार्म इत्यादि को उत्सव के रूप में आयोजित कर जनसामान्य के बीच कुपोषण उन्मूलन के लिए जनजागरूकता का संचार करें।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, डीएफओ बहराइच राम सिंह यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, डीपीआरओ सर्वेश कुमार पाण्डेय, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल कुमार सहित सीडीपीओ व मुख्य सेविकाएं व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहें।

# पुलिस मुठभेड़ में शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना खैरगढ़ पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा लूट की घटना का सफल अनावरण करते हुए शातिर लुटेरे अभियुक्त अवधेश उर्फ धांसू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। शातिर लुटेरा अवधेश उर्फ धांसू पैर में गोली लगने से घायल हो गया। जिसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस, 01 जिंदा कारतूस, लूटे गये 12,500 रुपये व 01 लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गयी। घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया।

वादी द्वारा थाना खैरगढ़ पर तहरीर दी गयी कि वादी ग्राम स्यावरी में किस्तों का कलेक्शन करने गया था तथा कलेक्शन करने के बाद ग्राम स्यावरी के बाहर मोटरसाइकिल सवार 03 लड़कों ने तमंचे के बल पर वादी का फोन व बैग छीनकर मौके से भाग गये। जिसमें वादी द्वारा मोटरसाइकिल चालक की पहचान अवधेश उर्फ धांसू पुत्र बबलू निवासी ग्राम स्यावरी के रुप में की गयी थी। वादी की तहरीर के आधार थाना खैरगढ़ पर मु0अ0सं0 97/2025 धारा 309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। मौके से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, लूट के 12,500 रुपये, लूट की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद किया है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, प्रभारी एसओजी /सर्विलांस अमित तोमर मय टीम, उ0नि0 सोमिल राठी, उ0नि0 अंकुर चौहान, का0 1480 अजय कुमार, का0 519 नाहर सिंह, का0 875 आकाश कुमार, का0 743 सत्यवीर सिंह, चालक का0 378 गोपाल थाना खैरगढ़ जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## न्याय न मिलने पर पीड़िता ने शुरू किया धरना

**सुल्तानपुर,गोसाईगंज।** थाना क्षेत्र की एक महिला, जिसने स्कूल संचालक पर 25 जून को दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है, आज तिकोनिया पार्क में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गई। पीड़िता का कहना है कि शिकायत के बावजूद न तो एफआईआर दर्ज हुई, न ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया। उल्टा प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज राम आशीष उपाध्याय ने उसे थाने से डांटकर भगा दिया। आरोप है कि आरोपी खुलेआम धमकी दे रहा है और पुलिस उस पर कार्रवाई करने से बच रही है।महिला ने बताया कि उसने थाना गोसाईगंज और पुलिस अधीक्षक से कई बार गुहार लगाई, लेकिन उसे केवल टालमटोल और उपेक्षा ही मिली। थक-हारकर अब वह धरने पर बैठ गई है और साफ कह दिया है कि जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वह नहीं उठेगी। इस धरने की पूरी जिम्मेदारी उसने थाना गोसाईगंज के एसएचओ पर डालते हुए कहा कि बार-बार बुलाकर उसे गुमराह किया गया और न्याय से वंचित किया जा रहा है।उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज राम आशीष उपाध्याय से जानकारी का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन काट दिया।

# फीलनगर गांव में निकलता है 27 फिट का ताजिया

- पुलिस प्रशासन दुर्घटनाओं को लेकर सतर्क 10 फिट तक का ही ताजिया निकालने की परमीशन



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** मोहर्रम के दौरान निकलने वाले ताजिएदारों के साथ पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार बैठकें कर मोहर्रम के जुलूस और शकुशल ताजिया निकलवाने की रणनीति तैयार कर रहे हैं। लेकिन इसी बीच फीलनगर गांव के ताजिएदारो ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को लेकर पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था के साथ अपनी रणनीति चाक चौबंद करने में जुटा हुआ है। देश के कोने-कोने में निकलने वाले मोहर्रम के जुलूस और खासकर उत्तर प्रदेश में निकलने वाले ताज़िए के जुलूसों के दौरान इससे पहले कई हादसे हो चुके हैं। शाहजहांपुर जनपद के थाना क्षेत्र में भी बीते वर्ष ताजिया के जुलूस में बड़ा हादसा हो गया था, जहां ताजिया हाइट टेंशन लाइन से टच होने पर जान चली गई थी। लेकिन मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव फीलनगर के रहने वाले ताजियेदार कहते हैं कि उनके साथ पुलिस के अधिकारी जोर जबरदस्ती कर रहे हैं। सिर्फ यही नहीं संबंधित को अपनी रिश्तेदारी होने की वजह से इस बार ताजियेदारो को बेवजह परेशान कर रही हैं। फीलनगर गांव में सबसे बड़ा 27 फिट का ताजिया बनाने वाले गुड्डू बाबू कहते हैं कि हम बरसों से इतना ही बड़ा ताजिया निकल रहे हैं लेकिन इस बार पुलिस प्रशासन का कहना है कि 10 फिट से ज्यादा का ताजिया नहीं निकलने दिया जाएगा। वहीं गांव के ही रहने वाले रईस खान का कहना है कि गांव के ताज़ियादर 1 किलोमीटर दूर कर्बला में उन्हें सुपुर्द ए खाक करने को प्रत्येक वर्ष ले जाते हैं। रईस खान का कहना है कि वर्तमान में तिलहर की सीओ अपना रिलेशन उनके गांव में होने की वजह से उन लोगों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। उनका आरोप है कि पुलिस द्वारा उन्हें और उनके गांव के लोगों को जबरन बैठक थाने में उनके साइन और अंगूठे लगवाए जा रहे हैं। साथ ही पुलिस प्रशासन का कहना है कि आप लोग 10 फीट से ज्यादा का ताजिया नहीं निकाल सकते। लेकिन गांव वाले अब भी अपनी वही पुरानी मांग पर अड़े हुए है कि उनका ताजिया बिजली की लाइन खोलकर ही निकलवाया जाए जबकि देखा जाए तो 27 फीट की जगह जब 23 फीट का ताजिया हो सकता है तो फिर 10 फीट का क्यों नहीं हो सकता,विवाद भी खत्म हो जाएगा और कोई समस्या भी नहीं होगी।आपको बताते चलें कि पिछले वर्ष इसी गांव में ताजिया निकालने के दौरान बिजली की लाइन के तार भी खोलने पड़े थे तब कहीं जाकर के ताजिया निकाला जा सका था और इस बात को लेकर बवाल भी हुआ था क्योंकि बिजली की लाइन खोले जाने के दौरान बिजली काटनी पड़ी और लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। अब चूंकि गर्मियों का दौर चल रहा है और पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार की अपनी प्रशासन या वाद विवाद की स्थिति पैदा ना हो इसके लिए, सुरक्षा व्यवस्था के साथ सारी तैयारी समय से पूर्ण करने और कोई भी नई प्रथा नहीं डाली जाए इसके लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। इस बार मोहर्रम के जुलूस और फीलनगर के ताज़िए सकुशल सुपुर्द ए खाक करवाना पुलिस प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगा।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मद की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

निविदा नोटिस सं. ईपीएस/56/2025 ईमेल पता: dycmmcb15@gmail.com

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, चारबाग, लखनऊ–226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 56255298 | Supply & Commissioning of Microprocessor based control & fault diagnostic system (MPCFDS Ver.-3) with remote monitoring and analysis feature for 25 KV AC electric locomotives including control, backup data logging & processing system for Electric Locomotives as per RDSO's Specn. No. ELRS/SPEC/MPC/FDS/0001(Rev.3) of April 2013 or latest of Any. | 28 Set | 02.08.25 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

2011/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 28.07.2025 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 08002025 दिनांक 03.07.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 16-DEN-V-LKO-2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | मण्डल अभियंता पंचम लखनऊ के अंतर्गत 48 मानवयुक्त समपार पर पूर्वनिर्मित शौचालयों का प्रावधान। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 90,10,526.81 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 1,80,200.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 14.07.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.07.2025 at 15:00 hrs. |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2017/25


# विद्यालय मर्जर व सरप्लस नीति पर ग्रामवासियों में जनाक्रोश

- शिक्षकों के साथ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** परिषदीय विद्यालयों के मर्जर और शिक्षकों को सरप्लस दिखाकर जबरन स्थानांतरण करने की नीति के विरोध में जनपद में जनाक्रोश तेजी से उभर रहा है। अब केवल शिक्षक संगठन ही नहीं, ग्रामीण जनमानस भी खुलकर सामने आ गया है। शुक्रवार को जनपद के विभिन्न विकास खंडों में शिक्षकों व ग्रामवासियों ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री से मर्जर आदेश निरस्त करने की संस्तुति की मांग की। सिंधौली में विधायक चेतराम को ज्ञापन सौंपा। विकास खंड सिंधौली में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष नवेंदु मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षों व ग्रामवासियों का प्रतिनिधिमंडल विधायक चेतराम के आवास पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि विद्यालयों को जबरन मर्ज करना और शिक्षकों को सरप्लस दिखाकर दूरस्थ स्थानों पर भेजना बच्चों की पढ़ाई के साथ अन्याय है। इस पर विधायक चेतराम ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री से बात करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अरविंद गौतम, राजकुमार, सीमा सिंह, रितु समेत अनेक शिक्षक शामिल रहे। इसी क्रम में विकास खंड पुवायां में ब्लॉक अध्यक्ष अश्विनी अवस्थी के नेतृत्व में शिक्षकों और ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल विधान परिषद सदस्य डॉ. सुधीर गुप्ता से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संस्तुति भेजकर विद्यालय मर्जर आदेश रद्द कराने, शिक्षकों की नियुक्ति बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत सुनिश्चित कराने और मूलभूत सुविधाओं की बहाली की मांग की। ज्ञापन देने वालों में विनोद कुमार सिंह, कमलेश कुमारी, शारदा अग्रवाल, अम्बुज गुप्ता, वैभव सक्सेना, राजीव गुप्ता, राकेश रोशन, कंचन तिवारी, रमा गुप्ता, सुखपाल सिंह, शुभम मित्तल समेत कई शिक्षक व ग्रामीण शामिल रहे।



## ग्राम पंचायत पंचौली में ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

ददरौल विकास खंड के ग्राम पंचायत पंचौली में शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने विद्यालय को बंद कर दूसरे गांव में मर्ज करने के प्रस्ताव के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। नारों के साथ ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि छोटे बच्चों को दूर गांव भेजना न तो सुरक्षित है और न ही व्यावहारिक। विरोध प्रदर्शन में गोपीनाथ शुक्ला, रामपाल, प्रभुदयाल शुक्ला, विश्व दयाल शुक्ला, राजकमल शुक्ला, पंकज तिवारी, हरिपाल मिश्र, राहुल मिश्र, वासुदेव मिश्रा, सुशील गुप्ता, सतीश कश्यप, विनोद कश्यप, राजेश, रमेश, नेकराम, हेमराज, अजय मिश्रा, अवधेश शुक्ला, सोनेलाल शुक्ला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की कि ग्राम पंचायत पंचौली के विद्यालय को किसी भी स्थिति में अन्यत्र न भेजा जाए, अन्यथा आंदोलन को तेज किया जाएगा।

## प्रदेश में मिशन वात्सल्य के अन्तर्गत बच्चों का किया जा रहा है संरक्षण

**बहराइच।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने प्रदेश के हर वर्ग के नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा एवं आत्मनिर्भर बनाने की योजना लागू कर उनके उज्जवल भविष्य को सवांरा है।


## सूचना

मैं अलाउद्दीन पुत्र नन्हे खां नि.787.गाली सीडियम स्कूल, जनक नगर ,खान आलमपुरा थाना जनकपुरी,सहारनपुर ने अपने पुत्र मुस्तकीम पुत्र वधु गुलफ्शा पति मुस्तकीम नि. 787 सीडियम स्कूल, जनक नगर, थाना जनकपुरी स.पुर को गलत आचरण एवं संगत के कारण अपनी कुल चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दोनों से संबंध भी विच्छेद कर लिये है उनके किसी भी कृत्य हेतु हम ज़िम्मेदार ना होंगे।

## आवश्यकता है
### स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत संचालित
# आशा भगवान बक्श सिंह महाविद्यालय पूरा बाजार, अयोध्या
### (सम्बद्ध : डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) में निम्न विषयों में प्रवक्ता पद हेतु- आवश्यकता है

प्रवक्ता- प्रवक्ता- बी.एस.सी. विषय- भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित। प्रत्येक में 02-02 पद। एम.एस.सी. विषय - जन्तु विज्ञान में 02 पद। एम.एस.सी. कृषि विषय- एग्रोनॉमी, हॉर्टिकल्चर। प्रत्येक में 02-02 पद। प्रवक्ता-बी.ए. कला संकाय- हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, सैन्य विज्ञान, संस्कृत, शिक्षा शास्त्र, अर्थशास्त्र, उर्दू, मनोविज्ञान, शारीरिक शिक्षा, समाजकार्य एवं चित्रकला। प्रत्येक मे 02-02 पद। प्रवक्ता-एम.ए. कला संकाय- अंग्रेजी, संस्कृत, चित्रकला, शिक्षाशास्त्र, प्राचीन इतिहास, गृह विज्ञान, भूगोल, समाजशास्त्र। प्रत्येक में 02-02 पद। **शैक्षिक अर्हता/वेतन-** विश्वविद्यालय/राज्य सरकार/यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मानकानुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 15 दिन के अंदर आवेदन पद पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पाकर शैक्षिक अंकपत्रों, प्रमाण-पत्रों एवं अनुभव की स्व-प्रमाणित संलग्न कर आवेदन करें।

**भगवान बक्श सिंह, प्रबंधक**
9628001515, 8858685549

# एनटीपीसी विंध्याचल में कार्यकारी विकास ईडीपी का समापन



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी की उत्तरी क्षेत्र की परियोजनाओं से आए अधिकारियों के लिए आयोजित दो-सप्ताहीय कार्यकारी विकास कार्यक्रम का समापन 3 जुलाई 2025 को आर एल आई विंध्याचल में हुआ। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों के नेतृत्व कौशल को निखारने और उन्हें भावी भूमिकाओं के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।समापन समारोह के मुख्य अतिथि संजीब कुमार साहा, परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम की सफलतापूर्वक पूर्णता के लिए बधाई दी और अपने संबोधन में कहा कि पदोन्नति के साथ ज़िम्मेदारियों में भी वृद्धि होती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी नई भूमिका को अपनाने और संगठन के मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण न केवल व्यावसायिक दृष्टिकोण से बल्कि व्यक्तिगत विकास के लिए भी अत्यंत लाभकारी रहा। कक्षाओं में हुए गहन चर्चा सत्रों के साथ-साथ बांधवगढ़ की दो दिवसीय अनुभवात्मक यात्रा ने उन्हें व्यवहारिक दृष्टिकोण और टीम भावना से अवगत कराया।

# डीआईजी ने मौदहा कर्बला स्थल का किया निरीक्षण

**शांतिपूर्ण त्योहार के लिए दिए निर्देश**

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** आगामी मोहर्रम त्योहार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बांदा, राजेश एस ने शुक्रवार को थाना मौदहा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा मौदहा में शाम को पैदल गश्त कर कर्बला स्थल का निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धर्मगुरुओं और संभ्रांत नागरिकों से संवाद करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने, किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने और त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की।डीआईजी ने पुलिस अधिकारियों को मोहर्रम के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस बल को संवेदनशील स्थानों पर सतर्कता बरतने और अल्पसंख्यक समुदाय के साथ संवाद स्थापित कर शांति का माहौल बनाए रखने का आह्वान किया। साथ ही, कर्बला क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और यातायात व्यवस्था की समीक्षा की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके अतिरिक्त, डीआईजी ने मौदहा अन्य स्थानों पर भी नगर भ्रमण कर अलाव स्थलों, इमामबाड़ों और जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस को चुस्त-दुरुस्त रहकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने और किसी भी अफवाह या गैर-परंपरागत गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक डॉ. दीक्षा शर्मा ने भी संभ्रांत नागरिकों से मुलाकात कर पुलिस का सहयोग करने की अपील की।निरीक्षण इस मौके पर उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल, कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह, इंस्पेक्टर क्राइम चंद्रशेखर गौतम, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रशासन ने मोहर्रम को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और ड्रोन निगरानी जैसे कदम उठाने की प्रतिबद्धता जताई है।



# वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता शिविर व निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**वृद्धजनों की समस्याओं के निस्तारण के निर्देश**

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ और जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय के निर्देशानुसार आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर द्वारा वृद्धाश्रम, हमीरपुर में मासिक निरीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने किया।शिविर में सहायक प्रबन्धक पूनम तिवारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर कीर्ति सागर, और पीएलवी नीरज विश्वकर्मा उपस्थित रहे। करीब 85 महिला और पुरुष वृद्धजनों ने शिविर में हिस्सा लिया। महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने वृद्धजनों को उनके अधिकारों की जानकारी दी और उनकी समस्याएँ सुनीं। वृद्धजनों ने पेंशन न मिलने, चिकित्सा सुविधाओं और पारिवारिक विवादों से संबंधित समस्याएँ बताईं। इनके निस्तारण के लिए नीरज विश्वकर्मा को प्रार्थना पत्र एकत्र कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में कई कमियाँ पाई गईं, जिनमें टूटी फर्श, गंदे वॉश बेसिन, खराब कूलर, अग्निशामक यंत्र में गैस की कमी, रसोईघर में लाइट की अनुपस्थिति, और प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स में एक्सपायर्ड दवाइयाँ शामिल थीं। इसके अलावा, बेसमेंट में पानी का रिसाव और सीढ़ियों की खराब स्थिति भी देखी गई। सहायक प्रबन्धक को सभी समस्याओं को शीघ्र ठीक करने और दरवाजों पर जाली लगवाने के निर्देश दिए गए ताकि मच्छरों से बचाव हो सके।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धजनों के कल्याण और उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में की समीक्षा बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी.एन. सिंह ने 03 जुलाई,2025 को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद सोनभद्र के अन्तर्गत 02 नग परियोजनाओं रेनुकूट नगर पंचायत पुनर्गठन पेयजल योजना के विभिन्न कार्यों व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, रेनुकूट एवं अनपरा पुनर्गठन पेयजल योजना के विभिन्न कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। इस दौरान जिलाधिकारी ने नगर पंचायत रेनुकूट एवं अनपरा के नगरवासियो को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु परियोजना के निर्माण हेतु डब्ल्यू.टी.पी. एवं शिरोपरि जलाशय हेतु सुगम मार्ग पर विवाद रहित निःशुल्क भूमि तत्काल उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश नगर पंचायत रेनुकूट सहायक अभियन्ता को दियें, जल निगम द्वारा बताया गया कि रेनुकूट नगर पंचायत के अंतर्गत अथवा उसके आस-पास कोई निःशुल्क सरकारी भूमि उपलब्ध न होने के कारण निहाई पाथर में एक निजी भूमि चिन्हित करते हुए क्रय किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है।

# मोहर्रम की तैयारियां जोरों पर



अवधनामा संवाददाता

**ताजियादार दे रहे ताजियों को अंतिम रूप**

**मौदहा, हमीरपुर।** मोहर्रम की नवीं तारीख को शनिवार के दिन अलाव के बाद ताजिया जुलूस की तैयारियां कस्बे में जोर-शोर से चल रही हैं। ताजियादार दिन-रात मेहनत कर ताजियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। परंपरागत रूप से नवीं और दसवीं मोहर्रम को कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में ताजिया निकाले जाते हैं, जबकि आठवीं मोहर्रम को बुर्राक का जुलूस निकाला जाता है। यह जुलूस शुक्रवार देर रात छोटा कसौड़ा स्थित इमाम चौक से शुरू होकर परंपरागत मार्गों से होता हुआ शनिवार तड़के तक चलेगा।शनिवार रात को होने वाले अलाव (आग का मातम) के बाद ताजिया जुलूस निकाला जाएगा, जो परंपरागत मार्गों से गुजरते हुए संपन्न होगा। ताजिया जुलूस से पहले ताजियादार अपने ताजियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। बड़ा कसौड़ा हैदरिया में अख्तर हुसैन लकी, समीर, फरहान, सलमान, अक्बर हुसैन बिक्की, सैफ उर्फ मुन्ना, सरताज उर्फ भोपा, चमन, अरमान कुरेशी, अरमान, अयाज, अयान, हैदर निजामी, अली हसनैन सहित मोहल्ले के किशोर ताजिया निर्माण में जुटे हैं। अनवर हुसैन इन सभी को दिशा-निर्देश दे रहे हैं।बच्चों ने बताया कि उन्होंने ताजिया निर्माण के लिए बिजली, कागज, लकड़ी जैसे कार्यों को आपस में बांट लिया है और सभी अपने-अपने काम को पूरी मेहनत से अंजाम दे रहे हैं। उनका कहना है कि शनिवार सुबह तक उनका ताजिया जुलूस के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

# जनपद के चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 05 जुलाई को

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने अवगत कराया है कि शासन की मंशा के अनुरूप जुलाई महीने के प्रथम शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 05 जुलाई,2025 को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने के प्रथम शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील ओबरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी को प्रतिभाग करना था, किन्तु राजकीय कार्यहित में जिलाधिकारी तहसील घोरावल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रतिभाग किया जायेगा। समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण भी सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में प्रतिभाग करेंगें। जिलाधिकारी की अध्यक्षत में तहसील घोरावल में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र, आयुष्मान कार्ड, जिला प्रोबेशन विभाग, जिला समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन शक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बन्धित कैम्प/शिविर भी लगाया जायेगा, जिसमें नया पेंशन आनलाईन कराने के कराने के साथ ही पेंशन हेतु के0वाई0सी0 का भी कार्य कराया जायेगा। आयोजित कैम्प के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से सम्बन्धित विभाग से जुड़े पात्र लाभार्थी आधार कार्ड, राशन कार्ड, मोबाइल नम्बर (ओ0टी0पी0 हेतु) के साथ स्वयं उपस्थित होकर योजनाओं के लाभ हेतु नया आवेदन, के0वाई0सी0 आदि कार्य करा सकते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि कैम्प में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी जारी किया जायेगा, जिसके लिए आधार कार्ड, ओ0टी0पी0 के लिए मोबाईल का होना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार से दिव्यांगत बोर्ड द्वारा दिव्यांगजनों का नवीन दिव्यांग प्रमाण-पत्र जारी किया जायेगा, जिस हेतु प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए आनलाइन आवेदन किये गये फार्म की प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति व दिव्यांगता दर्शाते हुए चार फोटो की आवश्यकता होगी। दिव्यांगजन जिनका दिव्यांग प्रमाण-पत्र अभी तक नहीं बन पाया है विभाग के वेबसाइट ेंसंउइंदण्हवअण्पद पर आनलाइन कराकर तहसील रावटसगंज में उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वंचित दिव्यांगजनों को विभाग की योजनाओं का लाभ मिल सकें। जिला प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित योजना पति की मृत्यु उपरान्त निराश्रित महिला पेंशन का लाभ उठा सकते हैं, इस योजना के लाभ हेतु ऐसी महिलाएं जिनके पति की मृत्यु हो चुकी हो तथा उन्हें आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है, को मासिक पेंशन के रूप में 1 हजार रूपये प्रदान की जाती है।



**सम्पूर्ण समाधान दिवस घोरावल में सभी प्रकार के पेंशन, दिव्यांग प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड के लाभ हेतु लगेगा कैम्प, योजना के लाभ हेतु प्रपत्र के माध्यम से लाभार्थी उठाये लाभ : जिलधिकारी**

## संक्षिप्त समाचार

### आकाशीय बिजली गिरने से युवक की दर्दनाक मौत, खेत में तिल बोने गया था

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** जिले के सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम भौरा में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान शिवकुमार प्रजापति (36 वर्ष), पुत्र भवानी दीन के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, शिवकुमार अपने खेत में तिल की बुवाई कर रहा था। अचानक बारिश शुरू होने पर वह महुआ के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। तभी आकाशीय बिजली गिरने से वह उसकी चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मृतक अपनी पत्नी सुनेना और दो छोटे बेटों (9 वर्ष और 5 वर्ष) को पीछे छोड़ गया है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असमय मृत्यु से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### डीएम, एस एस पी ने मोहर्रम पर शहर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायज़ा



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार को मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शहर क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं ड्यूटी में लगे पुलिस बल को सतर्क रहकर पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए दिशा निर्देश दिये। उन्होंने बताया गया कि इटावा पुलिस द्वारा साम्प्रदायिक माहौल बिगाडने वाले अराजक तत्वों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी, कोई भी व्यक्ति बिना पुष्टि किये अफवाहों/भ्रामक एवं असत्य खबरों को सोशल मीडिया पर प्रसारित/अग्रसारित न करें। इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### छानी खुर्द में सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलनः 11 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ

**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** सुमेरपुर विकासखंड के छानी खुर्द गांव में शुक्रवार को लोक भारती मानव सेवा संस्थान के तत्वावधान में आर के पैलेस में सर्वजातीय सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन में 11 हिंदू जोड़ों ने वैदिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह के बंधन में बंधकर अपने दांपत्य जीवन की शुरुआत की।विवाह बंधन में बंधने वाले जोड़ों में संध्या-अर्जुन कुमार, रोशनी-जगमोहन, समुंदरी-सुरेंद्र, काजल-राज, आकांक्षा-अनुराग प्रजापति, शालिनी-जगदीप कुमार, पूजा देवी-महेंद्र बाबू, नेहा-राम राजा, लक्ष्मी-शिवम कुमार, पार्वती-रोहित और शिव देवी-महेश कुमार शामिल रहे। सभी जोड़ों ने सात जन्मों तक साथ निभाने की कसम खाई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य हरगोविंद प्रजापति और ग्राम प्रधान अरुण कुमार वर्मा ने नवविवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान किए। संस्था के अध्यक्ष पवन कुमार ने बताया कि इस तरह के आयोजन कम खर्च में विवाह संपन्न कराने के साथ-साथ दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल गरीब और मजदूर वर्ग के परिवारों को अपनी बेटियों की शादी कम खर्च में करने में मदद करती है।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन 2025-26: कृषकों को 40-50 प्रतिशत अनुदान

अवधनामा संवाददाता

**पपीता, स्ट्राबेरी, बेर सहित संकर शाकभाजी की खेती को बढ़ावा**

**हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर में एकीकृत बागवानी विकास मिशन 2025-26 के तहत उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस योजना के अंतर्गत कृषकों को नवीन उद्यान रोपण और संकर शाकभाजी की खेती के लिए 40 से 50 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाएगा, जिससे सभी वर्ग के किसानों को लाभ मिलेगा।योजना के तहत नवीन उद्यान रोपण के लिए 7.680 लाख रुपये का वित्तीय लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसमें 3 हेक्टेयर पपीता (2 हेक्टेयर सामान्य, 1 हेक्टेयर अनुसूचित जाति), 1 हेक्टेयर लाइम एंड लेमन्स (3×3, अनुसूचित जाति), 4 हेक्टेयर लाइम एंड लेमन्स (6×6, 3 हेक्टेयर सामान्य, 1 हेक्टेयर अनुसूचित जाति), 3 हेक्टेयर स्ट्राबेरी (2 हेक्टेयर सामान्य, 1 हेक्टेयर अनुसूचित जाति), 5 हेक्टेयर बेर (4 हेक्टेयर सामान्य, 1 हेक्टेयर अनुसूचित जाति), 1 हेक्टेयर ड्रैगन फ्रूट (सामान्य), और 3 हेक्टेयर करौंदा (2 हेक्टेयर सामान्य, 1 हेक्टेयर अनुसूचित जाति) शामिल हैं। करौंदा के पौधे खेत की मेड़ पर लगाकर भी किसान योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 100 हेक्टेयर (80 हेक्टेयर सामान्य, 20 हेक्टेयर अनुसूचित जाति) संकर शाकभाजी की खेती के लिए 24 लाख रुपये का वित्तीय लक्ष्य रखा गया है।जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने बताया कि इच्छुक कृषक पोर्टल www.dbt.uphorti culture.in पर आधार कार्ड, पासबुक, खातौनी और एक पासपोर्ट साइज फोटो के साथ ऑनलाइन पंजीकरण कर योजना का लाभ ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।यह योजना कृषकों के लिए आय वृद्धि और आधुनिक बागवानी को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों के कारपोरेट सोशल रिस्पान्सिबिलिटी (सी0एस0आर0) अधिकारियों के साथ बैठक की गयी, इस दौरान जिलाधिकारी ने समस्त औद्योगिक इकाईयों के प्रतिनिधियों के साथ सीधा संवाद किया गया, तथा जनपद में औद्योगिक इकाईयों द्वारा कराये जा रहें सी0एस0आर0 के कार्यो के अनुमोदन, स्वीकृति तथा अनुश्रवण के सम्बन्ध में दिशा निर्देश दिये गयें। उन्होंने कहा कि कम्पनी अधिनियम 2015 की धारा 135 मे सी0एस0आर0 के सम्बन्ध में यह व्यवस्था दी गयी है कि प्रत्येक वह कम्पनी जिसका नेटवर्थ 500 करोड़ या उससे अधिक है अथवा टर्नओवर 1000 करोड़ अथवा अधिक है, अथवा नेट प्रॉफिट 5 करोड़ अथवा अधिक है। प्रत्येक वित्तीय वर्ष में गत तीन वर्षो के औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सी0एस0आर0 के कार्यकलापों में व्यय करना होगा। उपायुक्त उद्योग यह सुनिशिचित कर लें कि उपरोक्त मानको के अन्तर्गत वर्तमान की सी0एस0आर0 इकाईयों के अतिरिक्त यदि अन्य कोई इकाई भी सम्मिलित होती हो, तो उसे भी डाटाबेस में ले लिया जाये, जनपद सोनभद्र में स्थापित प्रत्येक सी0एस0आर0 कम्पनी के द्वारा सी0एस0आर0 धनराशि का व्यय जनपद सोनभद्र में ही कार्यो में किया जायें, प्रत्येक सी0एस0आर0 कम्पनी वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24, तथा 2024-25 में कराये गये कार्यो तथा सम्बन्धित वित्तीय वर्षो में दो प्रतिशत सी0एस0आर0 धनराशि के रूप में कितनी धनराशि उपलब्ध थी, के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, शासनादेश के द्वारा जनपद में सी0एस0आर0 कार्यो के अनुश्रवण व सहायता हेतु जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति का गठन किया गया है, उक्त समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित की जाये, समस्त औद्योगिक इकाईयों के द्वारा प्रस्तावित्त सी0एस0आर0 के कार्यो की स्वीकृति/अनुमोदन जनपद स्तरीय समिति के द्वारा प्राप्त किया जायेंगा।

# एसएसपी ने परेड ग्राउंड पर परेड की सलामी ली

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल करवाया गया एवं रिक्रूट आरक्षियों को विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गए। तत्पश्चात उन्होंने यूपी 112 पीआरवी का निरीक्षण कर पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन के लिए निर्देश दिए। एस एस पी ने पुलिस लाइन में स्थित जे.टी.सी/ आर.टी.सी.बैरिक, भोजनालय आदि का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन में स्थित पुलिस मेस का निरीक्षण किया एवं मेस बने में भोजन को ग्रहण कर भोजन की गुणवत्ता चेक की तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी रिक्रूट आरक्षियों को पुलिस विभाग में आरक्षक पद पर चयनित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गयी साथ ही कहा कि बुनियादी प्रशिक्षण न केवल आपके कर्तव्यों की समझ को विकसित करेगा, बल्कि आपको अनुशासन, नैतिकता तथा कर्तव्यपरायणता के उच्च मानकों के अनुरूप तैयार करेगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान अनुशासित रहकर रहन-सहन, व्यवहार एवं भाषा में मर्यादा और शिष्टाचार बनाए रखें तथा गंभीरता, लगन एवं निष्ठा से प्रशिक्षण पूर्ण करे, समय-समय पर दिए जाने वाले सभी निर्देशों का पूर्णतःपालन करें। परेड के उपरान्त उन्होंने पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक किया गया तथा पुलिस कर्मचारीगणों का अर्दली रूम किया गया एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** दिनांक 04 जुलाई 2025 को जनपद हमीरपुर के पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान में लिया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। जनसुनवाई में फरियादियों ने अपनी समस्याओं को खुलकर रखा, जिनका निस्तारण करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने तत्परता दिखाई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे जनता के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# हिदायत चाहिए तो कुरान व एहलैबैत का दामन थामना होगा : मौलाना जौन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** शहीदे आजम इमाम हुसैन एवं शहीदाने कर्बला की याद में शहर में मजलिसों का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए साथ ही हज़रत कासिम की मेंहदी और मौला अब्बास अलमदारे कर्बला के अलम की जियारत बरामद हुई। इमाम बारगाह अज़मत अली और दरगाह मौला अब्बास महेरे पर स्व. अजादार हुसैन की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना मो.जौन दिल्ली ने कहा अल्लाह कह रहा है कुरान वो किताब है जिसमे शक की कोई गुंजाइश नही है। कुरान कयामत तक लिए हिदायत है। रसूल अल्लाह ने फरमाया कि मैं दो चीजें छोड़ कर जा रहा हूं कुरान और एहलैबैत, जिसे हिदायत चाहिए उसे दोनों का दामन थामना होगा। इमाम हुसैन का सच्चा चाहने वाला वही है जो मजलिस मातम के साथ नमाज़ भी पढ़ता हो। आलमपुरा इमाम बारगाह में शारिक सगीर शानू व तनवीरुल हसन रिज़वी की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना सज्जाद हैदर रब्बानी दिल्ली ने तक़रीर करते हुए कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन के साथियों को तीन दिन का भूखा प्यासा शहीद कर दिया गया। जिसमें 6 माह के मासूम अली असग़र, 13 साल के जनाबे कासिम और 18 साल के अली अकबर शामिल हैं। मजलिस के बाद टीएच रिज़वी, शाद अली हसन व शम्स अली हसन ने मौला अब्बास के अलम की जियारत बरामद की। अंजुमने हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज़ नक़वी ने बताया कि कबीर गंज में तहसीन रजा, स्वामी टोला में आले रज़ा नक़वी, बड़े इमामबाड़े में गुलामुस सैयदेन, शरीफ मंजिल सैदबाड़ा में राहत अक़ील की ओर से आयोजित मजलिस में मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने तक़रीर की। साबितगंज में अश्शू रिज़वी के मकान पर आयोजित मजलिस में मौला अब्बास के अलम की जियारत बरामद हुई।

## प्रेस क्लब जसवंतनगर के संरक्षक बने अनुराग गुप्ता

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** प्रेस क्लब जसवंतनगर के संरक्षक अनुराग गुप्ता बनाए गए हैं।

प्रेस क्लब जसवंतनगर के अध्यक्ष प्रेम कुमार शाक्य ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वरिष्ठ पत्रकार 67 वर्षीय अनुराग गुप्ता को प्रेस क्लब जसवंतनगर का संरक्षक बनाया गया है। वे चार दशक से अधिक समय से विभिन्न समाचार पत्रों जुड़े है। श्री गुप्ता को संरक्षक बनाए जाने पर सभी पत्रकारों व क्षेत्र के तमाम प्रबुद्धजनों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।



# ग्रासिम द्वारा किया गया डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/ रेनुकूट।** ग्रासिम इण्डस्ट्रीज लिमिटेड रेनुकूट के ईकाई प्रमुख मनीष गर्ग, मानव ससाधन प्रमुख राजीव दुबे, राकेश कुमार-प्रमुख (कर्मचारी संबंध), ज्योत्सना सिंह-सेक्शन हेड (कर्मचारी संबंध) के मार्ग दर्शन में संचालित सी0एस0आर कार्यकस के अंतर्गत आज संस्थान के सी0एस0आर विभाग द्वारा संस्थान के नजदीक में स्थित गाँधी नगर वार्ड सं0 एक (1) रेनुकूट के कोयला मोहल्ला में÷ डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यकम÷ का शुभारम्भ संस्थान के राकेश कुमार प्रमख (कर्मचारी संबंध) द्वारा माँ सरस्वती जी के पूजन कार्यकम्र व माल्यार्पण के पश्चात किया गया। उक्त÷ डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यका÷ कश्यप दिव्य जयोति सेवा सोसाईटी रेनुकूट के प्रशिक्षक विकाश शर्मा द्वारा पूरे एक माह तक संचालित किया जायेगा जिसमें कुल करीब 25 महिलाओं को प्रशिक्षित किया जायेगा।

साक्षरता कार्यकम्र के दौरान राकेश कुमार प्रमुख (कर्मचारी संबंध) द्वारा अपने विचारों में बताया गया कि वर्तमान समय में डिजिटल साक्षरता सबके लिये एक अनिवार्य विषय बन गया जिससे ग्रामीणजनों को प्रशिक्षत करने हेतु सस्थान के सी0एस0आर विभाग द्वारा आज एक नया पहल का शुभारम्भ किया जा रहा है जिससे कि संस्थान द्वारा अंगीकृत ग्रामसभाओं के अनेकों ग्रामीणजनों द्वारा अपने जीवन में इसका उपयोग सुचारु रुप से कर सके तथा आये दिन धोखेबाजों द्वारा होने वाले साईबर अटैक से स्वयं एवं अपने परिवार को सुरक्षित रख सकें तथा स्थानीय प्रशासन की मदद से निर्भिकतापूर्ण तरीकों से स्वायं को साइबर अटैक से बचा सकें।

## मुख्यमंत्री ने पी.सी.एस.-2022 और 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों से किया संवाद

# त्वरित न्याय दिलाना आपकी कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए: योगी

अवधनामा ब्यूरो

- भूमि विवादों, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे विषयों के प्रति विशेष संवेदनशीलता जरूरी
- प्रशासनिक सेवा में जनता का विश्वास अर्जित करना सबसे बड़ी पूंजी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर पी.सी.एस.-2022 बैच के 07 और 2023 बैच के 38 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद किया। उन्होंने राज्य प्रशासनिक सेवा (पी.सी.एस.) के प्रशिक्षु अधिकारियों को सफल और प्रभावी अधिकारी बनने के लिए 'संवाद, संवेदनशीलता और सकारात्मकता' का मंत्र देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य के प्रशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनना बहुत चुनौतियों से भरा है। यह चुनौतियां ही उनके व्यक्तित्व को निखारेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसा विशाल और विविधताओं से भरा राज्य प्रशासनिक रूप से भी अनेक चुनौतियों से जुड़ा है। ऐसे राज्य की सेवा का अवसर प्राप्त होना न केवल गौरव की बात है, बल्कि यह आपके व्यक्तित्व और दृष्टिकोण को गहराई से परखने और निखारने का माध्यम भी है। प्रशिक्षण के उपरान्त प्रारम्भिक 05-06 वर्षों का व्यवहार, दृष्टिकोण और कार्यशैली आपके आने वाले तीन-चार दशकों की दिशा तय कर देता है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को संवाद, सकारात्मकता और संवेदनशीलता को अपनी कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता से जुड़ाव और फैसलों में मेरिट को प्राथमिकता दीजिए। एक अधिकारी के रूप में आप सभी गरीब और कमजोर वर्ग के प्रति संवेदनशील व्यवहार रखें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों का ध्यान भूमि विवादों, पैमाइश और मेड़बंदी जैसे विषयों की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि इनमें देरी से जनता में निराशा आती है। इन विषयों के प्रति विशेष संवेदनशीलता होनी चाहिए। लोगों को त्वरित न्याय दिलाना आपकी कार्यशैली का हिस्सा होना चाहिए। राजस्व के लाखों मामले लम्बित हैं। आपके निर्णयों और सक्रियता से लोगों को राहत मिल सकती है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से जनहित को सर्वोपरि रखने और निर्णय प्रक्रिया में ईमानदारी व निष्पक्षता को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में जनता का विश्वास अर्जित करना सबसे बड़ी पूंजी है। इससे न केवल आपकी कार्यक्षमता बढ़ती है, बल्कि सिस्टम में भी सुधार आता है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रशिक्षु अधिकारियों की ऊर्जा, नवाचार और समर्पण से प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को एक नई गति और दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका योगदान आने वाले समय में राज्य की नीति और जनता की नियति दोनों को प्रभावित करेगा। पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबन्धन अकादमी (उपाम) के महानिदेशक एल. वेंकटेश्वरलू, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री, गृह एवं सूचना संजय प्रसाद, उपाम के अपर निदेशक सुनील कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# कर्बला की सदाओं से गूंजा नगराम

- सांसद आर.के. चौधरी करेंगे शहीदाने करबला को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश,
- आज इमामबाड़ा सैयद वजाहत हुसैन में आकर करेंगे वृक्षारोपण



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ (नगराम)** मोहर्रम का महीना जैसे ही दस्तक देता है, लखनऊ के ग्रामीण इलाकों में एक रूहानी सन्नाटा और सोज़ से भरी फ़िज़ा तारी हो जाती है। नगराम की सरज़मीन, जो तहज़ीब, इंसाफ़ और अज़ादारी की मिसाल है, आज भी कर्बला की याद को उसी जोश और सलीक़े से ज़िंदा रखे हुए है। 9 मोहर्रम उल हराम, शनिवार, 5 जुलाई को दोपहर 1 बजे, नगराम स्थित इमामबाड़ा सैयद वजाहत हुसैन रिजवी (सैयद वाड़ा) में जनाब आर.के. चौधरी साहब (सांसद, मोहनलालगंज लोकसभा) तशरीफ़ लाकर शहीदाने कर्बला को ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश करेंगे और वृक्षा रोपण करेंगे।

### चांद रात से शुरू है अज़ादारी का सिलसिला



नगराम और उसके आसपास के तमाम इमामबाड़ों में चांद रात से ही मजलिसों और मातम का सिलसिला जारी है। यह वो मंजर है जहां हर साल इमाम हुसैन (अ.स) और उनके वफ़ादार साथियों की याद में लोग सरापा ग़म बन जाते हैं। इन अज़ाख़ानों और इमामबाड़ों में रोज़ाना मजलिसें, मर्सिया, नौहा और मातम का रूहानी सिलसिला जारी है: इमामबाड़ा बाकिर हुसैन, कोठी, इमामबाड़ा इंतज़ार मेहदी (जावेद भाई), इमामबाड़ा परवेज़ भाई, इमामबाड़ा सईद अब्बास, इमामबाड़ा जावेद अब्बास, इमामबाड़ा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. इसरार हुसैन रिजवी, इमामबाड़ा अच्छु मियां, इमामबाड़ा मसूद अख़्तर, इमामबारगाह रज़ा अब्बास, इमामबाड़ा तकी अब्बास, इमामबाड़ा नईम अब्बास, इमामबाड़ा मसरूर हसन समेत तमाम अज़ाख़ानों में जिस रूहानी अंदाज़ से अज़ादारी हो रही है, वह कर्बला की यादों को न सिर्फ़ ताज़ा करता है, बल्कि आने वाली नस्लों को हुसैनी पैग़ाम से जोड़ता है।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईज़ 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान प्राप्त



**लखनऊ, अवधनामा संवाददाता।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईज़ 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा, बैंक ईज़ 7.0 वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव, एम. नागराजू द्वारा 03.07.2025 को मुंबई में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित प्रशस्ति समारोह में बैंक को सम्मानित किया गया।बेहतर पहुँच और सेवा उत्कृष्टता (ईज़) पीएसबी सुधार एजेंडा के भाग के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग की एक पहल है। ईज़ 7.0 की प्रमुख प्राथमिकताएँ विकसित भारत की ओर बैंकिंग, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता, नए युग की तकनीक और अन्य उन्नत क्षमताओं को अपनाना, प्रभावी जोखिम/धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली तथा उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास करना थी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को सुधार उपायों और पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में ईज़ सुधार सूचकांक में लगातार शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में पुरस्कृत किया गया है।

# मन्नत अशरफ शेख ने फेडरेशन कप रोलर स्केटिंग डर्बी 2025 में जीता स्वर्ण पदक, बनी पूरे उत्तर प्रदेश का गर्व

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ/बीकानेर।** लखनऊ की होनहार बेटी मन्नत अशरफ शेख ने फेडरेशन कप रोलर स्केटिंग डर्बी 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ स्वर्ण पदक जीता, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया। बीकानेर (राजस्थान) के गंगाशहर स्थित बसंत कुंज स्केटिंग रिंग में 28 जून से 30 जून तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मन्नत ने अकेले लखनऊ का प्रतिनिधित्व किया।

मॉडर्न एकेडमी, गोमती नगर की छात्रा मन्नत ने लड़कियों के वर्ग में जबरदस्त खेल दिखाते हुए निर्णायकों और दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके संतुलन, गति और टीम भावना ने खेल प्रेमियों को बेहद प्रभावित किया और अंततः उन्होंने गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता में देश के छह राज्यों - उत्तर प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और चंडीगढ़ की टीमों ने भाग लिया, लेकिन मन्नत का प्रदर्शन सबसे अलग और दमदार रहा। मन्नत अशरफ उत्तर प्रदेश की उस विजेता टीम की मुख्य खिलाड़ी रहीं, जिसने लड़कियों के वर्ग में पहला स्थान प्राप्त किया। स्वर्ण पदक विजेता मन्नत अशरफ की यह जीत केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि अनुशासन, कठोर मेहनत और आत्मविश्वास की गाथा है। आयोजन में मुख्य अतिथि सांसद बाबूलाल द्वारा मन्नत को सम्मानित किया गया। इस सफलता के पीछे कोच संदीप भटनागर और राजीव शर्मा का मार्गदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। मन्नत की यह उपलब्धि लखनऊ की युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने वाली है, जो खेलों में अपना भविष्य तलाश रहे हैं। मन्नत की जीत पर उनके स्कूल, परिजनों और शहरवासियों ने उन्हें ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।अब मन्नत अशरफ न केवल लखनऊ की पहचान बन चुकी हैं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर रोलर स्केटिंग डर्बी का एक चमकता हुआ नाम भी हैं।

# जगह-जगह अलम की कराई गयी जियारत



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** आठवीं मोहर्रम दिन हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई व लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास (अ.स.) से मंसूब है। शुक्रवार को उलमा ने मजलिसों में उनकी दर्दनाक शहादत को बयान किया, वही उनकी याद में जगह-जगह अलम की जियारत कराई गयी। आज विक्टोरिया स्ट्रीट अजादारी स्ट्रीट लग रहा था जहां देर रात तक मातमदारों की भीड़ रही। मजलिसों के बाद जहां जबरदस्त सीनाजनी की गयी।

**वफाओं का समंदर हैं अब्बास:** हजरत अब्बास (अ.स.) वह शख्सियत हैं जिन्होंने इमाम हुसैन (अ.स.) की गोद में आंखे खोली। वह तमन्ना-ए-अली और वफाओं का समंदर हैं। कर्बला के मैदान में इमाम हुसैन (अ.स.) ने हजरत अब्बास (अ.स.) से कहा अब्बास तुमने हमेशा मुझे आका कहा है एक बार भय्या कहकर पुकारों, यह सुनकर अजादारों में कोहराम मच गया।

**निजात अगर मिलेगी, तो अहलेबैत के ज़रिए मिलेगी: मौलाना सैफ**

इमामबाड़ा जन्नतमाब तकी साहब चौक में मौलाना सैफ अब्बास ने कहा कि निजात अगर मिलेगी, तो अहलेबैत के ज़रिए मिलेगी, क्योंकि सारे आमाल की जिम्मेदारी इन्हीं अहलेबैत की मोहब्बत पर है। क़यामत के दिन हर शख़्स को उसके इमाम के साथ बुलाया जायेगा। इमाम की मारिफ़त हासिल करना बहुत ज़रूरी है।

**विलायत के सामने न प्यास मायने रखती है: मौलाना मियां आब्दी**

छोटा इमामबाड़ा हुसैनाबाद में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने हजरत अब्बास के लिए फरमाया कि अब्बास तुमने वफादारी का वह मेयार कायम किया जो रहती दुनिया तक दोहराया नहीं जायेगा। हजरत अब्बास की कुर्बानी हमें यह सिखाती है कि विलायत के सामने न प्यास मायने रखती है, न जान और न ख्वाहिश सिर्फ कुर्बानी।

**हर कोई अपने अजीज की मौत पर रोता है: मौलाना कल्बे जवाद**

इमामबाड़ा गुफरामाआब चौक में मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि शहादते इमाम हुसैन (अ.स) पर रोने और मातम करने के पर कई दलीलें देत हुए कहा कि रोना एने फितरत है। हर कोई अपने अजीज की मौत पर रोता है। जो लोग एतेराज करते हैं वो फितरी तकाजों को नहीं समझते।

**जो हक पर होते हैं वह हर कुर्बानी पेश करने को तैयार रहते हैं: मौलाना हमीदुल हसन**

मदरसा नाजमियां में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना हमीदुल हसन ने कहा कि इमाम हुसैन ने तमाम दुनिया के लिए सबक दिया कि हमें कैसे रहना है। जुल्म के सामने क्या करना है। इमाम के सामने यजीद की शक्ल में बड़ी ताकत थी उसे शिकस्त देने के लिए वही फैसला लिया जो इसलाम और तमाम मजहबों की तालीम में है। आपने कुर्बानी का सहारा लिया ताकि दुनिया में यह बात साबित हो कि जो हक पर होते हैं वह हर कुर्बानी पेश करने को तैयार रहते हैं।

**हजरत अब्बाब ने आंख खोली तो हुसैन को देखा...**

इमामबाड़ा आगा बाकर चौक में मौलाना मीसम जैदी ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हजरत अब्बाब ने आंख खोली तो हुसैन को देखा। हुसैन ने अब्बास को ऐसे पाला जैसे मोहम्मद ने अली को पाला। अब्बास की जिंदगी ही हुसैन थे। अब्बास की जिंदगी की इब्तेदा और इंतिहा भी हुसैन।

**पूरी तारीख में किसी भी इंसान ने वहदते इस्लाम के लिए इतनी कुर्बानी नहीं दी**

इमामबाड़ा डा. सैयद आगा विक्टोरिया में मजलिस को खिताब करते हुए मौलादा अखतर अब्बास जौन ने कहा कि पूरी तारीख में किसी भी इंसान ने वहदते इस्लाम के लिए इतनी कुर्बानी नहीं दी है जितनी मौला अली ने दी है। उन्होंने जनाबे जहरा (स.) और जनाबे मोहसिन की शहादत दे दी।

इमामबाड़ा अफजल महल में मौलाना आगारूही ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हुसैनी खेमों से जब अल अतश.. अल अतश की आवाजे आने लगी तो हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने हजरत अब्बास (अ.स.) से कहा कि जाओं बच्चों के लिए पानी का इंतजाम करो। हजरत अब्बास (अ.स.) पानी लेने नहरे फुरात गये तो वहा उन्हें शहीद कर दिया गया। आखरी दम तक हजरत अब्बास (अ.स.) की निगाहे खेमों की तरफ लगी रही। ताकि पानी बच्चों तक पहुंच जाये मगर यह हो न सका।

रौजाए जैनबिया टिकैत राय तालाब में मौलाना तकी रजा ने कहा कि जो भी अहलेबैत के दामन से वाबस्ता हो गया वह इल्म की दुनिया में अफजल तरीन हो गया, क्यों की इल्म का खजाना हैं अहलेबैत।

**जीनत दो अपनी मजलिसों को जिक्र अली से**

हुसैनी इमाम बारगाह अलीगंज में मौलाना साजिद हुसैन ने कहा कि हजरत रसूले खुदा (स.) का इरशाद है कि जीनत दो अपनी मजलिसों को जिक्र अली से, इनका जिक्र मेरा जिक्र और मेरा जिक्र अल्लाह का जिक्र है। मौलाना ने कहा कि अली की तमन्ना अब्बास,जैनब का आसरा अब्बास, सकीना की आस अब्बास और हमारे दिल की कूवत अब्बास। मकबरा सआदत अली खां मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना मुराद रजा रिजवी ने कहा कि शुजाअत कर्बला की एक अजीम खुसूसियत है और इस में सबसे आगे हजरत अबुल फजलिल अब्बास दिखते हैं। हजरत अब्बास कर्बला में शुजाअत की तस्वीर हैं। कर्बला का सबसे बड़ा दर्स है इंसानियत का दर्स, जो इंसान को दुनियाए इंसानियत की हिफाजत के लिए पैगाम दिया जा रहा है।

**इमामबाड़ा नाजिम साहब में हुई मर्सिये की मजलिस**

इमामबाड़ा नाजिम साहब में मर्सिये की मजलिस में सुब्ही ज़ैदी ने आली सबा अकबराबादी का लिखामर्सिया अपने मख़सूस अंदाज में पेश किया। महफ़िल-ए-तौहीद में रौशन न था कोई चिराग़,बाद-ए-तख़लीक़ लहरें ले रहा था बे-अयाग़,रौशनी की चादरें थीं और न तारीकी के दाग़,थी अभी लैला-ए-फ़ितरत बे-नियाज़-ए-दश्त ओ बाग़, गुम अदम में था अभी तक आइना-ए-इसबात का, ज़ौक़-ए-आराइश ना उभरा था जमाले ज़ात का।

**घरों में हुई नज़्रें विक्टोरिया स्ट्रीट पर सजे विशाल दस्तरखांन**

हजरत अब्बास (अ.स.) की याद में दरगाह हजरत अब्बास सहित घरों में उनकी की नज़्र दी गयी। तो विक्टोरिया स्ट्रीट पर विशाल दस्तरखान सजाए गए जहां लोगों ने नज़्र चखी। महिलाओं ने मौला अब्बास की नज़्र के लिए घरों में कवाब-पराठा बनाये वहीं बाजार से शीरमाले खरीदाकर नज़्र दी गयी।

**नंगे पैर मजलिसों में हुए शामिल**

कर्बला के गम में डूबे अजादार कल से नंगे पैर मजलिसों में शिरकत कर रहे हैं यह सिलसिला दसवीं मोहर्रम तक जारी रहेगा। आठवीं मोहर्रम पर आज विक्टोरिया स्ट्रीट अजादारी स्ट्रीट लग रहा था जहां देर रात तक मातमदारों की भीड़ रही। अजादार जमीन पर बैठकर मजलिसें सुन रहे हैं।



### जुलूस अलम-ए-फातेह फुरात निकाला गया

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई व लश्करे हुसैनी के अलमदार हजरत अब्बास (अ.स.) की दर्दनाक शहादत की याद में शुकवार को गोमती नदी किनारे स्थित दरियावाली मस्जिद से जुलूस अलम-ए-फातेह फुरात÷ निकाला गया। जुलूस इमामबाड़ा गुफरांमाब चौक पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये थे। जुलूस की मजलिस को मौलाना कल्बे जव्वाद ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत अब्बास (अ.स.) प्यासे बच्चों के लिए मश्क लेकर पानी लाने नहरे फुरात गये। जहां उन पर यजीदी फौज ने तीरों की बारिश कर दी और उनको शहीद कर दिया। यह सुनकर मजलिस में कोहराम मच गया। मजलिस के बाद मस्जिद से जैसे अलम बाहर आया तो पूरा माहौल या सकीना... या अब्बास... की सदाओं से गूंज उठा। जुलूस बड़ा इमामबाड़ा, नीबू पार्क होता हुआ चौक स्थित इमामबाड़ा गुफरांमआब पहुंचा। हजरत अब्बास (अ.स.) के अलम की जियारत करने वालों की जुलूस मार्ग पर जबरदस्त भीड़ थी। हजारों पर्दानशीन महिलाएं अलम की जियारत करने के लिए अपने बच्चों के साथ जुलूस का इंतजार कर रहीं थी। जुलूस के दौरान रास्ते में जगह-जगह लोग अलम पर फूलों के सेहरे व हार चढ़ाकर अपनी नजराने अकीदत पेशकर रहे थे। जुलूस के आगे अलम-ए-फातेह फुरात का बैनर था। बैनर के पीछे लोग जलती मशाले लिए थे। अजादार या सकीना, या अब्बास के नारों के बीच जोरदार सीनाजनी करते हुए चल रहे थे। मस्जिद में सुबह अलम सजने के बाद लोग अपनी मन्नते बढ़ाने वहां पहुंचे और नज़्र दी।

### जुलूस-ए-शबे आशूर आज

कर्बला के शहीदों की याद में शनिवार को इमामबाड़ा नाजिम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट से नौवीं मोहर्रम पर जुलूस-ए-शबे आशूर अलम का जुलूस निकाला जाएगा। यहां मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी रात 9 बजे मजलिस को खिताब करेंगे। जुलूस यहां से निकल कर विभिन्न रास्तों होता हुआ दरगाह हजरत अब्बास (अ.स.) जायेगा।

### कर्बला के शहीदों की याद में लगी सबीलें

हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों को तीन दिन की भूखा-प्यास को याद कर दिया था। इसी याद में अजादारों ने जगह-जगह शर्बत,चाय, कश्मीरी चाय, काफी, दूध, पानी, फलों और विभिन्न प्रकार व्यंजनों का वितरण किया। ताकि कोई भूखा-प्यासा न रहे सके। इसी कड़ी में आज निकले जुलसू में एसआई एडवरटाइजर्स ने रूमी गेट के पास लगी सवील आयोजन किया। जिसमें चाय-पानी सहित अन्य तबर्रूक बांटा गया। सबील पर मौलाना कल्बे जव्वाद सहित अन्य उलमा शरीक हुए। इसके अलावा तमाम इदारों की तरफ से सबील व लंगर का आयोजन किया गया था।

# लखनऊ के आलम-ए-शबे अशूर का इतिहास और महत्व

उज़ैर हसन रिज़वी

उर्दू अज़ादारी में लखनऊ का लंबे समय से योगदान रहा है। दक्षिण एशियाई लोगों में, वह जहाँ भी बस्ते हो, उनकी अज़ादारी का स्रोत लखनऊ से है।अज़ादारी अवध (लखनऊ) के नवाबों, के शासनकाल के दौरान खूब फला-फूली।

नवाबों के शासनकाल से अब तक लखनऊ के शियाओं ने मुहर्रम के महीने में पैगंबर ए इस्लाम के नवासे हज़रत इमाम हुसैन की शहादत की याद में कई महत्वपूर्ण धार्मिक सभाओं (मजलिस) और जुलूसों की स्थापना की है।

उनमें से एक मुहर्रम के नौवें दिन निकाला जाने वाला आलम-ए-शबे-ए-अशूर है। जुलूस पहली बार 1920 के दशक में निकाला गया था और फिर इसे यादगर-ए-हुसैनी समिति के तत्वावधान में ÷यादगर-ए-हुसैनी आलम के नाम से जाना जाता है। जिसमें प्रसिद्ध मौलवी और उल्लेखनीय व्यक्ति शामिल थे।1939 में समिति के विघटन के बाद, इसका नाम बदलकर ÷आलम-ए-शबे-ए-अशूर÷ कर दिया गया और स्वर्गीय सैयद क़ैसर हुसैन रिज़वी के मार्गदर्शन में इसे निकाला जाने लगा।

यह जुलूस 1977 तक विक्टोरिया स्ट्रीट पर इमामबाड़ा नाज़िम साहब से शुरू होता था और अकबरी गेट और गुलाम हुसैन पुल से होता हुआ और दरगाह हज़रत अब्बास पहुँच कर समाप्त होता था। लेकिन सांप्रदायिक संघर्षो के कारण 70 के दशक के आख़िर से शियाओं धार्मिक जुलूसों को रोक दिया गया।

उन दिनों, स्वर्गीय मौलाना सैयद कल्बे हुसैन,जिन्हें कब्बन साहब के नाम से जाना जाता था, रात में जुलूस से पहले इस मजलिस का पढ़ा करते थे। कब्बन साहब की मृत्यु के बाद, उनके बेटे स्वर्गीय कल्बे आबिद साहब ने इमामबाड़ा नाज़िम साहब में उसी मजलि को पढ़ा।

आलम को रज़ाकार (वालंटियर) के एक घेरे में ऐहराम के साथ लेकर चलते थे। हर अक़ीदमंद को घेरे में प्रवेश करने से पहले अपने जूते उतारने होते थे। अलम के साथ अगरदान और गुलाबपाश को भी कश्ती में बड़े करीने से ले जाया जाता था।अज़ादार पूरे रास्ते में ÷हाय हुसैन- या हुसैन÷ करते करते हुए हाथों से मातम करते थे। यह लखनऊ सबसे लोकप्रिय जुलूसों में से एक है जिसमें कई लाख लोग भाग लेते हैं।



स्वर्गीय क़ैसर हुसैन रिज़वी पेशे से वकील थे, लेकिन लखनऊ की अज़ादारी में उनका बहुत बड़ा योगदान था। उन्होंने दरगाह हजरत अब्बास में क़ैदक़ाना या हज़रत सकीना के रोज़े के निर्माण का भी प्रस्ताव रखा।

वह शायर-ए-अहलेबैत भी थे और उन्होंने कई मर्सिया और नौहा लिखे थे। जिनमें मशहूर नौहे भी शामिल हैं, जो अभी भी लखनऊ और उर्दू अज़ादारी के विभिन्न हिस्सों में पढ़े जाते हैं- ऐ जाने-दिल-हैदर ए कर्रार आलमदार– खून में जब डूबा हुआ आलम अब्बास का–नादान सकीना आ जाओ–भूके प्यासों की ये हजारी है–आशूरा पर सुनाई और शाह क़ैदखाने में तशरीफ़ लाईये

क़ैसर साहब की कोई संतान नहीं थी, 1971 में उनकी मृत्यु के बाद, नक्ख़ास स्थित शहंशाह बिल्डिंग में रहने वाले उनके भतीजों ने इस जुलूस की जिम्मेदारी उठाई।जिसमें सैयद इम्तेनान हुसैन रिज़वी उर्फ अली सरदार, सैयद अख़लाक़ हुसैन रिज़वी (वकील ) उर्फ हसन सरदार और सैयद साबिर हुसैन रिज़वी उर्फ नकी सरदार शामिल थे। क़ैसर साहब के एक और भतीजे शायर-ए-अहलेबैत मरहूम आरिफ रज़ा अंजुमन-ए-शहीद-ए-फुरात के संस्थापक हैं।

क़रीब 20 साल के लंबे अंतराल के बाद, 1998 में अज़ादारी फिर से शुरू हुई और मौलाना कल्बे जवाद ने जूलूस से पहले मजलिस पढ़ना शुरू कर दिया।अब जुलूस इमामबाड़ा नाज़िम साहब विक्टोरिया स्ट्रीट से शुरू होकर अशरफाबाद, मंसूर नगर तक एक नये मार्ग से जाता है,और दरगाह हज़रत अब्बास पहुँच कर समाप्त होता है।

2007 में इम्तेनान साहब की मृत्यु के बाद उनके दो भाइयों अख़लाक़ साहब और साबिर साहब ने आलम की ज़िम्मेदारी सम्भाली। अख़लाक़ साहब का भी 2020 में निधन हो गया और अब जूलूस का नेतृत्व साबिर साहब और उनके भतीजों के संरक्षण में होता है।